अकन कुमारो, अकन कुंवारो वि० [स० अखण्ड+कौमार्य] (स्त्री० अकन कुमारी, अकन कुवारी) १ अविवाहित, कुवारा। २ अखड कौमार्य व्रत धारण करने वाला।
अकपट–वि० [स०] १ कपट रहित, निश्छल। २ सरल, सीधा।
अकबक–वि० अवाक, निस्तब्ध।–स्त्री० व्यर्थ बकझक, असबद्ध प्रलाप।
अकबकणौ (बौ), अकबक्कणौ (बौ)–क्रि १ व्यर्थ प्रलाप करना। २ व्याकुल होना, चिंता करना। ३ अवाक् या निस्तब्ध रह जाना।

अकवरी—स्त्री० प्राचीन सोने का सिक्का। २ एक प्रकार की मिठाई। ३ लकडी पर की जाने वाली खुदाई।
—वि० अकवर का, अकवर सवधी।

अकवार—देखो, 'अखवार'।

अकवाल—देखो 'इकवाल'।

अकयत्य, अकयथ, अकयथ्य—वि० [प्रा] अकार्य, व्यर्थ।

अकर—वि० [स०] १ कर रहित, विना हाथो का। २ जो कुछ करने योग्य न हो, अकर्मण्य। ३ न करने योग्य। ४ कठिन, दुष्कर। ५ जिस पर कोई कर या महशूल न हो, कर मुक्त। ६ जवरदस्त, भयकर। ७ पराक्रमी। ८ निष्पाप।

अकरण—पु० [स०] १ इन्द्रियो से रहित, परमात्मा। २ फल रहित कर्म। ३ न करने योग्य कार्य। ४ पाप।
[स० अ+कर्ण] ५ सर्प, साप। ६ वहरा व्यक्ति।
-वि० [स० अ+कर्ण] १ कर्ण रहित, विना कानो का। २ वहरा स० [अ+कारण] ३ विना कारण का। ४ असभाव्य।—**करण**-पु० ईश्वर परमात्मा।

अकरता—वि० [स० अ+कर्ता] १ कर्म न करने वाला, अकर्मण्य। २ जो कर्मो से निर्लिप्त हो। कर्म मुक्त।

करव—पु०—वृश्चिक राशि। २ मुख पर श्वेत वालो वाला अशुभ घोडा। ३ विच्छु।

अकरम—पु० [स० अ+कर्म] १ न करने योग्य कार्य, अनुचित कार्य। २ वुरा काम, पाप अधर्म। ३ अपराध, भूल। ४ वुरा आचरण या व्यवहार। ५ सन्यास। ६ काम न की दशा।
—वि० [स० अक्रम] १ वेकार, काम रहित, अकर्मण्य। २ विना क्रम का, अस्त-व्यस्त। २ निष्क्रिय, आलसी, निकम्मा ४ क्रमहीन।

अकरमक—स्त्री० [स० अकर्मक] एक प्रकार की क्रिया जिसमे कर्म की आवश्यकता नही होती।—पु० कर्म से परे तत्त्व, ईश्वर।

अकरमण्य, अकरमण्य—वि० [स० अकर्मण्य] १ निकम्मा, आलसी। २ कर्म रहित, वेकार, निठल्ला। ३ किसी कार्य के प्रति अयोग्य। ४ पापी, दुष्कर्मी। ५ अपराधी।

अकरमी—वि० [स० अ+कर्मिन्] १ वुरा काम करने वाला। २ पापी, दुष्कर्मी। ३ अपराधी। ४ सुस्त, आलसी। ५ पतित, नीच। ६ अयोग्य। ७ जो कर्म न करता हो, सन्यासी।

अकरम्म—देखो 'अकरम'।

अकराइजणो, (बो)—क्रि० ककरयुक्त ठोस जमीन पर नगे पाव अधिक चलने से पैरो के तलो मे विकार होना, तनाव होना।

अकरार—वि० कमजोर, अशक्त, निर्वल।

अकराळ—देखो 'विकराळ'।

अकरास—देखो 'उकरास'।

अकरितौ—देखो 'अकरतौ'।

अकरुण—वि० [स०] १ जिसमे करुणा न हो, दयाहीन। २ जिसमे कोमलता न हो, सख्त, ठोस। ३ निर्दयी, हृदय हीन, क्रूर। ४ करुण रस से हीन।

अकरूर, अकरूरि-देखो 'अक्रूर'।

अकराळणो (बो) अकरेळणो (बो)—देखो 'उकराळणो, (बो)।

अकळक—वि० [स० अ-कलङ्क] १ कलक रहित, निष्कलक। २ दोष रहित, निर्दोष। ३ वेदाग, स्वच्छ।
—**ता**—स्त्री० निष्कलकता। निर्दोषता। स्वच्छता।

अकळ—पु० [स० अकल] १ ईश्वर, परब्रह्म। २ शिव। ३ परब्रह्म की उपाधि विशेष।
—वि० १ जो विभक्त न हो सके, अविभाज्य, पूर्ण,। २ अपार, असीम विशाल। ३ अगम्य। ४ अगोचर। ५ निराकार, निर्गुण। ६ अखिल, सम्पूर्ण। ७ समर्थ, शक्तिशाली। जवरदस्त। ८ वीर, वहादुर। ९ व्याकुलता रहित। १० दोष रहित निर्दोष। ११ व्याकुल, आतुर। १२ अविचल। १३ पूर्ण, पूरा। १४ चतुर, निपुण। १५ भव्य। १६ चचल। १७ दृढ, अटल। १८ भयकर, भयावह। १९ निष्कलक—**गति**—स्त्री० वह अवस्था या गति जिसका ज्ञान मनुष्य न लगा सके।

अकल—स्त्री० [अ० अक्ल] १ वुद्धि, ज्ञान, समझ। २ युक्ति। ३ चतुराई।
—**दाड, दाढ**—स्त्री० वयस्क होने पर निकलने वाली दाढ विशेष।—**दार**—वि० वुद्धिमान,समझदार।—**नधान, निधान**—वि० वुद्धिमान। चतुर। पडित।—**वायरौ**—वि० मूर्ख, अज्ञानी। —**मद**—वि० वुद्धिमान, समझदार। चतुर।
—**मदी**—स्त्री० वुद्धिमानी, चतुराई—**वान, वाळौ**—वि० वुद्धिमान।

अकलकरो—पु० [स० आकर-करभ] एक प्रकार की औषधि विशेष।

अकळकुमारी—स्त्री० यौ० [स० अखण्ड-कुमारी] पृथ्वी, धरती।
—वि० अखण्ड कौमार्य व्रत धारण करने वाली।

अकलपनीक—वि० साधु की मर्यादा के विरुद्ध या विपरीत (जैन)

अकल्मस—वि० [स० अ+कल्मष] निष्पाप, निष्कलक।

अकळा—स्त्री० विजली।

अकळाणो, (वणो)—वि० घवराहट पैदा करने वाला, अकुला देने वाला। (स्त्री० अकळावणी)

अकळाणो, (बो)—क्रि० १ व्याकुल होना, आतुर होना। २ घवराना, भयभीत होना।

अकळावणौ, (बौ)–घबराहट पैदा करना, अकुला देना ।

अकलाळौ–देखो 'अकलवाळौ' ।

अकलि–देखो 'अक़ल' ।

अकळीम–पु [अ० अकलीम] १ देश, राष्ट्र, राज्य । २ बादशाहत, शासन । ३ ऊपर का सातवा लोक ।

अकलीस, अकलेस–पु० [स० अ–क्लेश] दुख का विपर्याय, सुख । —वि० क्लेश रहित, सुखी । देखो 'अखिलेस' ।

अकलेसर, अकलेसुर, अकलेस्वर–देखो 'अखिलेस' ।

अकळौ–पु० १ गर्मी, उष्णता । २ उमस, तपन ।

अकल्पत, अकल्पित–वि० [स० अकल्पित] १ जो कल्पित न हो, सच्चा, वास्तविक । २ जो कल्पना से बाहर हो या परे हो ।

अकल्पनीक–देखो 'अकलपनीक' ।

अकल्यवत–वि० बुद्धिमान ।

अकल्याण–पु० [स० अकल्याण]१ अमगल, अशुभ । २ अहित ।

अकवानन्द–पु० भीम ।

अकवीस–देखो 'इक्कीस' ।

अकस–पु० [अ०] १ ईर्ष्या, द्वेष, डाह । २ विरोध, वैर, शत्रुता । ३ कोप, क्रोध । ४ अमर्ष । ५ ममता, बराबरी । ६ गर्व, घमड । ७ जोश । ८ शौर्य, पराक्रम [फा०अक्स] । ९ छाया । १० प्रतिबिंब । ११ चित्र, तस्वीर । १२ प्रभाव । –[स०आकाश] १३ व्योम, आकाश ।–क्रि०वि० १ गर्व से । २ ऐंठन के साथ ।३ ईर्ष्या से, द्वेष से ।

अकसणौ, (बौ)–देखो 'अकस्सणौ' (बौ) ।

अकसमात–देखो 'अकस्मात' ।

अकसर–क्रि०वि० [अ०] प्राय , बहधा, अधिकतर ।

अकसीर–स्त्री० [अ० अक्सीर] १ रसायन, कीमिया । ३ सब रोगो को नष्ट करने वाली दवा—वि० १ अचूक, अमोघ, अव्यर्थ । २ निश्चित प्रभाववाली ।

अकसौ–देखो 'अकस' ।

अकस्मात–क्रि०वि० [स०] १ सहसा, यकायक, अनायास । २ सयोगवश ।

अकस्स–देखो 'अकस' ।

अकस्सण–वि० [अ० अकस] १ कोप करने वाला । २ ईर्ष्या करने वाला ।

अकस्सणौ, (बौ)–क्रि० १ कोप करना । २ ईर्ष्या करना । ३ जोश मे आना ।

अकह–देखो 'अकथ' ।

अकह्यौ–वि० बिना कहा हुआ, बिना आज्ञा का ।

अकापा–वि० [स अ+कम्पित] १ न कापने वाला, कपन रहित । २ जितेन्द्रिय ।

अकाम–पु० [स० अकाम] १ बुरा कार्य, दुष्कर्म । २ विघ्न । ३ नाश, सहार ।—वि० १ कामना रहित, निष्काम, इच्छा रहित । २ उदासीन । ३ अकारण, व्यर्थ । ४ देखो 'अकाज' ।

अकामी–वि० [स० अ–कामिन्] १ कामना रहित, निष्काम, निस्पृह । २ जितेन्द्रिय । ३ बेकाम, निकम्मा ।

अकाई–वि० पूर्ण, सम्पूर्ण ।

अकाज–पु० [स अ+कार्य] १ कार्य की हानि, हर्जा, नुकसान । २ अनिष्ट, अहित, अमगल । ३ विघ्न, बाधा, अडचन । ४ बुरा कार्य, कुकर्म । ५ नाश, ध्वस । ६ मृत्यु, अवसान । ७ दुख, कष्ट, पीडा । ८ अधर्म । ९ देखो 'अकाम' । –वि० १ बुरा, खराब । २ कायर, डरपोक ।–क्रि०वि०बिना मतलब से, व्यर्थ मे ।

अकाजि, अकाजी–वि० १ 'अकाज' करने वाला । २ देखो 'अकाज' ।

अकाथ–क्रि०वि० १ अकारण, वृथा । २ देखो 'अकथ' । –वि० [स० अकथ] अकथनीय ।

अकाय–वि० [स०] १ काया या देह, रहित, अदेह, निर्गुण, निराकार । २ जन्म न लेने वाला, अजन्मा । —पु० १ ईश्वर, परमात्मा, ब्रह्म । २ कामदेव । ३ पवन । ४ शक्ति, बल ।

अकार–पु० [स०] १ 'अ' वर्ण । २ देखो 'आकार' । —वि० [स०अ+कार=सीमा] १ मर्यादा रहित, सीमा रहित, बेहद । २ बेकार, बेकाम ।

अकारज–देखो 'अकाज' ।

अकारण, अकारणीक, अकारनीक–वि० १ बिना कारण का, हेतु रहित । २ स्वयभू । —क्रि० वि० बिना कारण के, व्यर्थ मे, बेसबबसे ।

अकारथ–वि० [स० अकार्य्यार्थ] बेकार, व्यर्थ, फिजूल ।

अकारिम–वि० [स०अ+कार्मिक] अकृत्रिम, स्वाभाविक ।

अकारी–स्त्री० कूएे पर बैलो को बारी-बारी से जोतने का निरधारित समय ।–वि० १ बुरी, खराब । २ दर्द करने वाली, दर्दनाक । ३ तेज, तीव्र ।

अकारौ–वि० (स्त्री० अकारी) १ तीव्र, तेज । २ कठोर, कडा सख्त । ३ महातेजस्वी, ओजस्वी । ४ बलवान, शक्तिशाली । ५ समर्थ, सक्षम । ६ भयकर, भीषण । ७ तीक्ष्ण, तेज ८ अत्यधिक, ज्यादा । ९ विकट, सकट पूर्ण, ।

अकारय–देखो 'अकाज' ।

अकाळ–पु० [स० अकाल] १ दुर्भिक्ष, दुष्काल । २ कुसमय, असमय । ३ अनुपयुक्त समय, अशुभ समय । ४ अनुपयुक्त अवसर । ५ घाटा, टोटा, कमी । ६ मौत, मृत्यु । ७ काल मे परे, परमात्मा । ८ अमर ।

–क्रि०वि० असामयिक, वेसमय । —कुसम, कुसुम–पु० विना मौसम या ऋतु का फूल ।—जळद–पु० असमय के बादल । —पुरस, पुरुस–पु० सिक्ख धर्म का ईश्वर । —पुसप, पुस्प= 'अकाल कुसुम' —मूरत–पु० अविनाशी पुरुष, ईश्वर ।— मौत,म्रतु,म्रित्यु–स्त्री० असामयिक निधन, अल्पायु की मृत्यु ।—वरसटो, वरसठी, व्रस्टी, व्रस्ठी —स्त्री० असमय की वर्षा ।

अकाळकी–स्त्री० विजली, विद्युत ।

अकाळणी–स्त्री० काली सर्पिणी ।

अकालि, अकाळी–पु० [सं० अकाल+ई] १ सिक्खों का एक सम्प्रदाय । २ इस सम्प्रदाय का अनुयायी ।—वि० १ भयंकर, भीषण, कराल । २ जो श्याम वर्ण का न हो, श्वेत ।

अकाळी–वि० १ बलवान, शक्तिशाली । २ जो श्याम न हो ।

अकास–देखो 'आकास' ।

अकासवाणी, अकासवानी–देखो 'आकासवाणी' ।

अकासवेल, अकासवेल–देखो 'आकासवेल' ।

अकासविरत–देखो 'आकासव्रत्ति' ।

अकासि, अकासी–देखो 'आकासी' ।

अकिंचन, अकिंचनक–वि० [सं० अकिंचन] १ निर्धन, कंगाल, दीन । २ असमर्थ । ३ तुच्छ, न्यून । ४ कर्मशून्य, अपरिग्रही । ५ महत्वहीन ।

अकियारथ–देखो 'अकारथ' ।

अकिल–१ देखो 'अखिल' । २ देखो 'अकल' ।

अकिलज्योति–देखो 'अखिल ज्योति' ।

अकिलदाड, अकिलदाढ–देखो 'अकलदाढ' ।

अकीक, अकीकी–पु० [फा० अकीक] एक प्रकार का लाल पत्थर । जो गंडा-तावीज में काम आता है ।

अकीन–पु० [अ० यकीन] विश्वास, भरोसा ।

अकीनी–वि० [अ० यकीनी] १ विश्वास करने योग्य, विश्वासी । २ निश्चित ।

अकीरत, अकीरति, अकीरती–देखो 'अपकीरति' ।

अकीरतिकर अकीरतीकर–वि० [सं० अ–कीर्तिकर] अपयशकारी, बदनामी करने वाला ।

अकीरत्त–देखो 'अपकीरति' ।

अकुंठ, अकुंठत, अकुंठित–वि० [सं० अकुंठ] १ तीक्ष्ण, पैना । २ तीव्र, वेगवान । ३ खरा, उत्तम । ४ खुला हुआ । ५ स्वतन्त्र । ६ निर्दिष्ट । ७ अत्यधिक । ८ जो कुंठित न हो ।

अकुटिल–वि० [सं०] १ जो टेढा न हो, वक्र न हो । २ सीधा । ३ सरल, सहज ।

अकुपार–पु० [सं० अकूपार] १ सागर, समुद्र । २ सूर्य भानु । ३ बडा, कच्छप । ४ वह विशाल कछुआ जिसकी पीठ पर भूमि टिकी हुई है ।

अकुरूड–वि० १ अक्रूर, अकठोर । २ अक्रोधी । ३ सरलचित्त । —पु० १ नीच कुल । २ शिव का एक नाम ।

अकुळ–वि० [सं० अकुल] १ परिवार हीन । २ नीच कुल का, अकुलीन ।—पु० १ नीच कुल । २ परमात्मा, परमेश्वर ।

अकुळणी–वि० १ व्यभिचारिणी । २ नीच कुल की ।

अकुळणौ, (बौ)–देखो 'आकुळणौ, (बौ) ।

अकुळाणौ–वि० १ उत्तेजित । २ आतुर, व्यग्र । ३ भयभीत । ४ शीघ्र आवेश वाला ।

अकुळाणौ, (बौ), अकुळावणौ (बौ)–क्रि० १ व्याकुल होना, आतुर होना, व्यग्र होना । २ घबराना । ३ विह्वल होना । ४ उत्तेजित होना । ५ क्रुद्ध होना । ६ सज्ञाहीन या चेतना हीन होना । ७ ऊबना, उकताना । ८ दुःखी होना ।

अकुळी, अकुळीण, अकुळीन, अकुलीन–वि० [सं० अकुलीन] १ नीच कुल का, कुजाति । २ वर्ण संकर । ३ शूद्र । ४ कमीना, नीच, अधम ।

अकुसळ–वि० [सं अकुशल] १ अमंगलकारी, अशुभ, बुरा । २ अनाडी, अदक्ष । ३ भाग्यहीन, हतभाग्य । ४ गुणहीन । ५ अयोग्य ।

अकुसळता स्त्री०–[सं० अकुशलता] १ अमंगलता, अशुभता । २ अदक्षता, अनाडीपन । ३ अयोग्यता । ४ गुणहीनता ।

अकुसळी–वि० १ कौशलहीन । २ अप्रसन्न, नाखुश । ३ अयोग्य, गुणहीन ।

अकूणौ–वि० १ पूर्ण, पूरा । २ अधिक । ३ निपुण, दक्ष ।

अकूंत, अकूंतण–वि० अपार, अपरिमित ।

अकूठ, अकूत, अकूतण–वि० अपरिमित, अत्यधिक ।

अकूपार–देखो, 'अकुपार' ।

अकूरडी–देखो 'उकरडी' ।

अकेल, अकेलौ–देखो 'एकलौ' (स्त्री० अकेली)

अकेवडियौ, अकेवडौ अकेवळौ–देखो 'इकेवडौ' ।

अकोट–वि० [सं० अ+कोटि] १ करोड तक । २ करोड से कम । ३ विना कोट का । ४ जहां परकोटा न हो ।

अकोतर–देखो 'इकोतर' ।

अकोतरसौ–देखो 'इकोतरसौ' ।

अकोतरौ–देखो 'इकोतरौ' ।

अकोर–पु० १ भेंट उपहार । २ उत्सर्ग, बलि ।

अकोविद–वि० [सं०] १ मूर्ख, नासमझ, अज्ञानी । २ अपठित । ३ अनाडी ।

अक्क–१ देखो 'आक' । २ देखो 'अरक' ।

अक्कल–देखो 'अकल' ।

अक्कळा–स्त्री० भयंकर रूप धारण करने वाली देवी । दुर्गा, कालिका । —वि० अंगहीन, खण्डित ।

अक्खड़–वि० उद्धत, शरारती, उद्दंड। २ बात-बात पर अकड़ने वाला। ३ झगडालू। ४ असभ्य, बदतमीज। ५ निर्भय, निडर। ६ स्पष्ट वक्ता, खरा। ७ मस्त, मौजी। ८ पका-, हुआ।

अक्खणौ (बौ)– देखो 'आखणौ' (बौ)

अक्खत–देखो 'अक्षत'।

अक्खर–देखो 'अक्षर'।

अक्खरावळी—देखो 'अक्षरावळी'।

अक्खरू–देखो 'अक्षर'।

अक्खाया–पु० १ अनाज के कण। २ तीर्थंकर (जैन)

अक्खेवड–देखो 'अक्षयवट'।

अक्यारथ, अक्यारथौ–देखो 'अकारथ'।

अक्रम–देखो 'अकरम'।

अक्र–स्त्री० १ नृत्य की एक पद मुद्रा। २ नृत्य का एक भाव।

अक्रत–पु० [स० अ+कृत्य] पाप, अपराध, कुकृत्य, दुष्कर्म। अकर्म। —वि० [स० अ+कृत] १ विना किया हुआ। २ बिगडा हुआ। २ स्वयभू।

अक्रतघण–वि० [स० अकृतघ्न] कृतज्ञ।

अक्रति–स्त्री० [स० अ+कृति] बुरी करनी, अकार्य, कुकृत्य।

अक्रतिम, अक्रत्रिम–वि० [स० अकृत्रिम] १ जो बनावटी न हो, प्राकृतिक। २ स्वाभाविक। ३ वास्तविक।

अक्रम—पु० १ समय वेला। २ क्रम का अभाव।–वि० १ क्रम हीन बिना क्रम का। २देखो 'अकरम'।

अक्रमण्य—देखो 'अकरमण्य'।

अक्रमावालू त–वि० पाप नष्ट करने वाला। (ईश्वर)

अक्रम्म–१ देखो 'अकरम'। २ देखो 'अक्रम'।

अक्रात–पु० आक्रमण, हमला।–वि० अपराजित।

अक्रित–देखो 'अक्रत'।

अक्रिति, अक्रिती–देखो 'अक्रति'।

अक्रित्रिम–देखो 'अक्रत्रिम'।

अक्रिय–वि० निरूप निराकार।–पु० परमात्मा। ईश्वर।

अक्रीत–वि० [स०] १ जो खरीदा हुआ न हो। २ देखो 'अकीरति'

अक्रूर, अक्रूरियौ, अक्रूरौ–पु० एक यादव जो कृष्ण के चाचा थे। —वि० क्रूर न हो, दयालु, सहृदय।

अक्रोध–पु० क्रोध का अभाव।

अक्रोधा–वि० [स०] क्रोध रहित, शान्त।

अक्ष–पु० [स०] १ चौसर का खेल। २ चौसर का पासा। ३ चक्र। ४ धुरी। ५ पृथ्वी की धुरी। ६ पृथ्वी की अक्षाश रेखा ७ गाडी। ८ रुद्राक्ष। ९ तराजू की डाडी। १० सोलह माशे का एक तोला, कर्ष। ११ एक पैमाना। १२ कानून। १३ मुकद्दमा। १४ आख, नेत्र। १५ ज्ञान। १६ ज्ञानेंद्रिय। १७ आत्मा। १८ प्रतिबिंब, छाया। १९ तस्वीर। २० गरुड। २१ तूंतिया। २२ सुहागा। २३ बेहडा। २४ सर्प। २५ अक्षयकुमार।
—क–पु० बेहडा।—**कुमार**–पु० रावण का एक पुत्र।
—**माळा**–स्त्री० रुद्राक्ष की माला।

अक्षत–वि० [स०] १ बिना टूटा हुआ, अखडित। २ जिसकी क्षति न हो। २ समूचा। ३ जो विभाजित न हो, अविभाजित।—पु० १ शिव। २ चावल। ३ अनाज, अन्न। ४ यव, जौ। ५ कल्याण, मगल। ६ हिंजडा नपुंसक।
—**जोनि, योनि**–स्त्री० वह युवती या स्त्री, जिसका पुरुष से समागम न हुआ हो।

अक्षम–वि० [स०] १ क्षमता रहित, असमर्थ। २ अशक्त, कमजोर। ३ विवश, लाचार। ४ अधीर, आतुर। ५ क्षमा रहित, असहिष्णु। ६ ईर्ष्यालु।—**ता**–स्त्री० असामर्थ्य, असमर्थता। अशक्तता, कमजोरी। विवशता, लाचारी। अधीरता,। असहिष्णुता। ईर्ष्या।

अक्षय–वि० [स०] १ अनश्वर, अविनाशी। २ सदा बना रहने वाला, स्थाई। ३ जिसकी क्षति न हो। ४ जो कभी समाप्त न हो। ५ अमर।—पु० परमात्मा, ईश्वर।
—**अमावस**–स्त्री० वैशाख की अमावस्या।—**कुमार**–पु० रावण के एक पुत्र का नाम।—**त्रितिया, तीज**–स्त्री० वैशाख शुक्ला तृतीया।—**धाम**–पु० मोक्ष, वैकुण्ठ।—**नम, नमी, नवमी**–स्त्री० श्राद्धपक्ष की नवमी तिथि। कार्तिक शुक्ला नवमी तिथि।—**पाद**–पु० गौतम ऋषि।—**वड, वट**–पु० प्रयाग (गया) में स्थित वट वृक्ष जो अक्षय माना गया है।

अक्षर–पु० [स०] १ अक्षर, वर्ण, हर्फ। २ ध्वनि सकेत, स्वर। ३ शब्द। ४ आकाशादि तत्त्व। ५ परमानन्द, मोक्ष। ६ शिव। ७ विष्णु। ८ ब्रह्म। ९ आत्मा। १० आकाश। ११ खड्ग। १२ जल। १३ तपस्या। १४ सत्य। १५ इद्रा सन। १६ प्रारब्ध, भाग्य।—क्रि०वि० १ प्राय अक्सर। २ अचानक, सहसा।–वि० १ अविनाशी, अनश्वर, अक्षय। २ अपरिवर्तनशील, स्थिर। ३ नित्य। ४ अच्युत। ५ सत्य। निर्विकार।
—**अवली**–स्त्री० अक्षरो की पंक्ति, अक्षर समूह।
—**कळा**–स्त्री० ६४ कलाओ मे से एक।—**गणित**–स्त्री० बीजगणित।—**च, चण, चु**—पु०–लेखक। प्रतिलिपि कार। लिपिक।—**च्युतक**–पु० किसी अक्षर के जोड देने से किसी शब्द का भिन्न अर्थ करना। एक खेल विशेष।
—**भवन**–पु० भाल, ललाट। भाग्य।
—**मुस्टिका कथन**–पु० चौसठ कलाओ मे से एक। अगुलियो के सकेत द्वारा बोलना।

अक्षरस्रुत—पु० श्रुतज्ञान के चौदह भेदों मे से प्रथम। (जैन)

अक्षास—पु० [सं० अक्षांश] १ भूमध्य रेखा से उत्तर-दक्षिण का अन्तर। २ किसी मानचित्र में उत्तर से दक्षिण की ओर खिंची हुई रेखा या उस रेखा का अंश। ३ भूमंडल पर पूर्व से पश्चिम की ओर जाने वाली कल्पित रेखा।

अक्षि—स्त्री० [सं०] १ आंख, नेत्र। २ दो की संख्या।

अक्षिर—देखो 'अक्षर'।

अक्षी—देखो 'अक्षि'।

अक्षीण—वि० [सं०] १ क्षीण का विपर्याय, मोटा ताजा, पुष्ट। २ सबल। ३ सक्षम। ४ अविनाशी, अनश्वर। —**महाणसी, महाणसी, माणसी**—स्त्री० अन्नपूर्णा शक्ति, दान के लिये खाद्यान्न अक्षय रहने की सिद्धि।

अक्षुण—वि० [सं० अक्षुण्ण] १ कभी न खुटने वाला, कभी समाप्त न होने वाला। २ अनन्त, असीम। ३ अखण्डित, अभग्न। ४ समस्त, समूचा। ५ अपराजित। ६ अनाड़ी, अकुशल। ७ असाधारण, विशिष्ट। ८ सदैव व निरन्तर रहने वाला।

अक्षोभ—पु० [सं०] १ दुख, शोक या कष्ट के अभाव की अवस्था। २ शान्ति। ३ स्थिरता, दृढ़ता। ४ धीरता। ५ लोभ रहित अवस्था। —वि० १ स्थिर। २ धीर, गंभीर शान्त।

अक्षौहिणी—स्त्री० [सं०] १ पूरी चतुरंगिनी सेना। २ सेना का एक परिमाण या संख्या जिसमें १०९३५० पैदल, ६५६१० घोड़े २१८७० रथ व २१८७० हाथी होते थे।

अखग—पु० १ वेदांग पशु। २ देखो 'अखड'।

अखड—वि० [सं०] १ जो खण्डित न हो, अभग्न। २ कभी न टूटने वाला, अटूट। ३ जो निरन्तर हो, अविच्छिन्न, अबाध। ४ अविभक्त। ५ सम्पूर्ण, समूचा। ६ अजर, अमर, अनश्वर। —पु० १ ईश्वर, परमात्मा। —स्त्री० २ गिरिजा, पार्वती। —**कुमारी**—स्त्री० गिरिजा, पार्वती, कुमारी कन्या।

अखडत—देखो 'अखडित'।

अखडन—वि० [सं० अखण्डन] १ जिसका खण्डन न हो, अखण्डित। २ पूर्ण, पूरा। ३ स्वीकृत, मंजूर। —पु० १ जहां खण्डन का अभाव हो। २ परमात्मा, ईश्वर। ३ काल, समय।

अखंडळ, अखउळीस—देखो 'आखडळ'।

अखडित—वि० [सं०] १ जो खण्डित न हो, अभग्न। २ पूरा, समूचा। ३ जो निरन्तर हो, जिसका क्रम न टूटता हो, अटूट, निर्बाध। ४ विभाग रहित, अविच्छिन्न।

अखडियाळि—स्त्री० अक्षतयोनि स्त्री, कौमारिका।

अखडी, अखडो—देखो 'अखट'।

अखड—पु० बाग, बगीचा।

अखगरियो—पु० [फा० अखगरिया] एक प्रकार का अशुभ घोड़ा।

अखड—स्त्री० बिना जोती हुई भूमि, परती। —पु० १ एक अशुभ घोड़ा जो ठोकर खाकर चलता है। २ देखो 'अक्खड़'।

अखडणो (बो)—देखो 'अकडणो (बो)'।

अखडभूत—पु० घोड़ों का एक रोग।

अखडैत, अखडैत—वि० १ अकड़ने वाला। २ अड़ियल, झगड़ालू। ३ बलवान, शक्तिशाली। ४ योद्धा, वीर। —पु० पहलवान मल्ल।

अखज, अखज्ज—वि० [सं० अखाद्य] जो खाने योग्य न हो, अखाद्य, कुपथ्य।

अखट—पु० अकड़ता हुआ चलने वाला घोड़ा (शा. हो.)

अखडी—पु० अक्षर।

अखण—पु० मुख, मुंह।

अखणी—स्त्री० १ मांस का शोरवा। २ यक्षिणी। ३ जिह्वा, जीभ। ४ कहती, कथनी।

अखणो, (बो)—देखो 'आखणो' (बो)।

अखणियो—वि० कहने वाला।

अखत—वि० १ अटल, स्थिर, निश्चल। २ देखो 'अक्षत'।

अखतपीळा—देखो 'पीळाआखा'

अखतियार, अखत्यार, अख्तियार—देखो 'इखत्यार'।

अखत्यारपण, (पणो)—पु० १ स्वत्वाधिकार की भावना। २ अधिकार की भावना।

अखत्र—वि० १ भयंकर, भयावह। २ अगणित, अपार। ३ देखो 'अक्षत्र'।

अखन—देखो 'अखड'।

अखनकंवारी—देखो 'अकनकुंवारी'। (स्त्री०अखन कवारी,कुमारी)।

अखनी—पु० [फा० यख्नी] १ पका हुआ मांस या मांस का शोरवा। २ संचित अन्न या धन राशि।

अखबार—पु० [अ०] दैनिक समाचारपत्र, सामायिक समाचारपत्र। —**नवीस**—पु० पत्रकार।

अखम—वि० १ दृष्टिहीन, अंधा। २ देखो 'अक्षम'।

अखमता—देखो 'अक्षमता'।

अखमाळा—स्त्री० १ वशिष्ठ की पत्नी अरुंधती। २ देखो 'अक्षमाळा'।

अखय—देखो 'अक्षय'।

अखयकुमार—देखो 'अक्षयकुमार'।

अखयकुमारी—देखो 'अकन कवारी'।

अखयवड़ (वड, वट)—देखो 'अक्षयवट'।

अखया—स्त्री० [सं० अक्षया] १ देवी, दुर्गा, महामाया। २ देखो 'अक्षय'।

अखर—देखो 'अक्षर'।

अखरणो, (बो)—क्रि० १ बुरा महसूस होना, खलना। २ खटकना। चुभना। ३ कष्ट प्रद लगना। ४ पसद न आना।

अखरब—वि० अत्यधिक, अपार।

अखरावळि, (वळी)—देखो 'अक्षरावळि'।

अखरे, अखरै—वि० [स० अक्षर] १ अपरिवर्तनीय, निश्चित। २ दृढ पक्का। ३ अविनाशी। ४ अको की बजाय अक्षरो मे लिखित।

अखरोट—पु० [स० अक्षोट] १ एक प्रकार का सूखा मेवा। २ इस मेवे का वृक्ष। ३ जायफल। ४ जायफल का वृक्ष। ५ वयण सगाई का एक भेद।

अखरौ—वि० १ जो खरा न हो, खोटा। २ झूठा। ३ कृत्रिम।

अखल—वि० [स० अ+खल] १ जो दुष्ट या खल न हो। २ देखो 'अखिल'।

अखलीस, अखलेस, अखलेसवर, अखलेसुर, अखलेस्वर—देखो 'अखिलेस'।

अखव—देखो 'अखिल'।

अखसत्र—देखो 'अक्षत'।

अखा—देखो 'अक्षत'।

अखाड—१ देखो 'अखाडौ' २ देखो 'आसाढ'।

अखाडमल, (मल्ल), अखाडसिद्ध, अखाडसिध (ध्ध)—पु० १पहलवान मल्ल। २ योद्धा, वीर। ३ वलवान, शक्तिशाली व्यक्ति ४ महापुरुप, महात्मा।

अखाडामड—पु० योद्धा, वीर।

अखाड़ौ—पु० [स अक्षवाट] १ कुश्ती या मल्ल-युद्ध करने का स्थान, व्यायामशाला। २ साधु-मडली। ३ साधु-सम्प्रदाय का मठ। ४ गाने वजाने या तमाशा दिखाने वालो की जमात। ५ दल-समूह। ६ सभा, दरवार। ७ रग भूमि, नाट्यशाला। ८ अड्डा। ९ युद्धस्थल। १० युद्ध। ११ चमत्कारपूर्ण कार्य। १२ दगल।

अखाडियौ—वि० 'अखाडे' मे खेलने वाला, दगली।

अखाज, अखाध—देखो 'अखज'।

अखाड (ढ़) देखो 'आसाढ'।

अखाडउ—देखो 'अखाडौ'।

अखि—१ देखो 'अक्षि'। २ देखो 'अक्षय'। ३ देखो 'अखिल'।

अखिआत, अखिआति—देखो 'अखियात'।

अखित—देखो 'अक्षत'।

अखियात—स्त्री [स० अख्याति] १ कीर्ति, ख्याति, प्रसिद्धि। २ अद्भुत या आश्चर्यजनक वात। ३ अपकीर्ति, वदनामी। ४ स्मरणीय वात या कार्य।—वि० १ प्रसिद्ध, मशहूर। २ अद्भुत, अनोखा। ३ चिरस्थायी अविनाशी। ४ देखो 'अख्याति'।

अखिर—१ देखो 'आखिर'। २ देखो 'अक्षर'।

अखिल, अखिलि—वि० [स०] १ पूर्ण, सम्पूर्ण। २ अखण्ड।

अखिलज्योति—पु० परब्रह्म, परमात्मा, ईश्वर।

अखिलेसर, अखिलेस्वर—पु० [स० अखिलेश, अखिलेश्वर] १ ईश्वर, परमात्मा। २ परब्रह्म ३ श्रीकृष्ण। ४ श्रीरामचद्र।

अखी—वि० विख्यात, प्रसिद्ध।—स्त्री० १ विजय, जीत। २ देखो 'अक्षि'। ३ देखो 'अक्षय'।

अखीअमावस—देखो 'अक्षयअमावस'।

अखीवड—देखो 'अक्षयवट'।

अखीण—देखो 'अक्षीण'।

अखीर—देखो 'आखिर'।

अखूतौ—वि० (स्त्री० अखूती) १ उतावला। २ आतुर।—पु० योद्धा।

अखूनी—स्त्री० १ यवनो की एक जाति। २ इस जाति का व्यक्ति, मुसलमान।

अखूट, अखूठ—वि० [स० अ+क्षुत] (स्त्री० अखूटी) १ कभी न खुटने वाला, अक्षुण्ण। २ अत्यधिक, अपार। ३ अखण्डित, अभग्न। ४ समस्त, समूचा। ५ निरन्तर, अटूट।

अखेग, अखेगौ—देखो 'अखग'।

अखे—देखो 'अक्षय'।

अखेद—पु० [स० अखेद] प्रसन्नता, शाति। शोक या खेद का अभाव।

अखेनम—देखो 'अक्षयनम'।

अखेपाद—देखो 'अक्षयपाद'।

अखेवड, अखेयवड, अखेयवट, (वड)—देखो 'अक्षयवड'।

अखेट—देखो 'आखेट'।

अखेटक—देखो 'आखेटक'।

अखेल—वि० १ न खेलने वाला ईश्वर। २ देखो 'अखिल'।

अखेली, अखेलौ—वि० [स० अ+कल्प] १ रुग्णावस्था से वेचैन व्याकुल। २ जो खेलता न हो। ३ विचित्र अद्भुत। ४ जो खेला न जा सके।

अखेस—वि० [स० अ+क्षम] १ युद्ध से निर्लिप्त। [स० अ+शेष] २ शाश्वत, नित्य। ३ परब्रह्म, ईश्वर।

अखेह, अखेहय—वि० १ जिस पर रज न हो, निर्मल, साफ। २ देखो 'अक्षय'।

अखैग, अखैगौ—देखो 'अखग'।

अखै—१ देखो 'अक्षय'। २ देखो 'अक्ष'।

अखैकुमार—देखो 'अक्षयकुमार'।

अखैपाद—देखो 'अक्षयपाद'।

अखैवड़, अखैवड, अखैवट—देखो 'अक्षयवट'।

अखैमाळ—देखो 'अक्षमाळा'।

अखोड, अखोड—१ देखो 'अखरोट'। २ देखो 'अखोट'।

अखोण, अखोणी, अखोहरिण, अखोहणी, अखोहिण, अखोहिरिण, अखोहीणी—देखो 'अक्षौहिणी'।

अखौ—१ देखो 'आखौ' (स्त्री० अखी)। २ देखो 'अक्षयकुमार'।

अखोड—वि० [स०अ+ग खोड] १ सज्जन, साधु, भद्र। २ निर्दोष निष्कलक। ३ सुन्दर। ४ अवगुण रहित। ५ देखो 'अखरोट'।

अखौण, अखौणी, अखौहण, अखौहरिण, अखौहिण, अखौहिरिण, अखौहिणी, अखौहीरिण, अखौहीणी—देखो 'अक्षौहिणी'।

अख्खणौ, (बौ)—देखो 'आखणौ' (बौ)।

अख्खर—देखो 'अक्षर'।

अख्तावर, अख्त्तावर—पु० [फा० आख्त] वह घोडा जिसके जन्म से ही अण्डकोश की कौडी न हो। बधिया घोडा।

अख्यर—देखो 'अक्षर'।

अख्यात—वि० [स० अख्याति] १ जो प्रसिद्ध या मशहूर न हो। २ अविदित, अनजाना। ३ बदनाम, निंद्य ४ देखो 'अखियात'।

अख्याति, अख्याती—स्त्री० [स० अख्याति] १ अपकीर्ति, बदनामी, निंदा। २ अप्रसिद्धि। ३ देखो 'अखियात'।

अख्यारत—देखो 'अख्यारथ'।

अगज, अगजण, अगजणौ—वि० [स० अगजन] १ जिसके पास कोई पहुच न सके, अगम्य। २ जिसे कोई जीत न सके, अजेय। ३ वीर योद्धा। —पु० १ काम देव। २ देखो 'अगजो'।

अगजणौ, (बौ)—क्रि० स० [स० अगञ्जनम्] विजय करना, जीतना।

अगजो—पु० [स० अगञ्जन] १ गढ। २ देखो 'अगज'। —गज, गजणौ—वि० अजेय को जीतने वाला, अप्रतिहत।

अगजो—देखो 'अगज'।

अगभ—वि० [स० अ+गर्भ]जो गर्भाशय वास न करे, अयनारी। —पु० १ ईश्वर, परमात्मा, ब्रह्म। २ ब्रह्मा। ३ विष्णु। ४ महेश, शिव।

अग—वि० [स०] १ चलने मे असमर्थ। २ जिसके पास कोई पहुच न सके। अगम्य। ३ स्थावर। ४ वक्रगति। —पु० [स० अग] १ पहाड। २ पेड, वृक्ष। ३ घडा, घट। ४ सूर्य, रवि। ५ सर्प, साप। ६ सात की सख्या। ७ देखो अघ। ८ देखो 'अग्य'। ९ देखो 'अग्र'। १० देखो 'अग्नि'। ११ यश कीर्ति। १२ मर्यादा, सीमा। —ज—वि० पहाड मे उत्पन्न। पहाडो मे रहने वाला। वृक्ष पर रहने वाला। —पु० सिंह। हाथी। पक्षी। शिलाजीत। —जा—स्त्री० पार्वती। —नग— 'अग्नि-नग'। —जीत—वि० जो जीता न जा सके, अजेय। विजय मे अग्रणी। देखो 'अघजीत'—भू='अग्निभू'। —हर='अघहर'। —हरणी='अघहरणी'।

अगइ—देखो 'अगाडी'।

अगउवौ—देखो 'अगुवौ'।

अगड़—वि० [स० अघटनम्] १ अघटित। २ अगम्य। ३ भयकर। ४ आगे रहने वाला, अग्रणी।—पु० १ दर्प, ऐठ। —क्रि०वि०—१ अगाडी, आगे। २ देखो 'अगड'।—बगड—वि० व्यर्थ, निरर्थक। असम्बद्ध, क्रमहीन। —पु० व्यर्थ प्रलाप।

अगड, अगड्ड, अगड़्ढ—पु० [देश] १ रोक, आड, ओट। २ बाध, बध, अवरोध। ३ प्रतिबध, रुकावट, मनाही। ४ व्यवधान, बाधा। ५ मर्यादा, सीमा। ६ दो हाथियो के बीच की दीवार। ७ हाथी का बधस्थल। ८ हाथियो का अखाडा। ९ देखो 'अकड'।—झाट—वि० भयकर, डरावना। कुरूप।

अगढाळ, अगढाळियौ—पु० १ मकान के अग्र भाग पर बना ढलुवा छप्पर। २ ढलुवा छप्पर वाला भाग।

अगणत—देखो 'अगणित'।

अगण—पु० [स०] १ काव्य रचना मे अशुभ माने जाने वाले गण। २ देखो 'अग्नि'। ३ देखो 'अग्र'। ४ देखो 'अगण्य'।

अगणत, अगणित—वि० [स० अगणित] १ जिसकी गणना न की जा सके। २ असख्य, अपार।

अगणी—देखो 'अगनी'।

अगणौ—वि० [स० अग्र+रा णौ] पूर्व का, पहले का, प्राचीन, अगला।

अगण्य—वि० १ जिसकी गणना न हो। २ देखो 'अगण'।

अगत, अगति, अगती—स्त्री० [स० अगति] १ दुर्गति, दुर्दशा। २ प्रेत योनि। ३ नरक वास। ४ दाहादि क्रिया। ५ जीव की अधोगति मे होने की अवस्था। ६ जडता, स्थिरता। —वि० १ जिसमे गति न हो, गतिहीन। २ उपाय रहित। ३ मोक्ष से वचित। ४ प्रेत योनि प्राप्त। ५ बुरी गति का। ६ स्थिर। ७ दीर्घ सूत्री, आलसी।

अगतियार—देखो 'इखत्यार'।

अगतियौ, अगतीयौ—वि० [स० अगति+रा यौ] १ जिसकी गति या मोक्ष न हुआ हो, मोक्ष से वचित। २ प्रेत योनि मे गया हुआ।

अगतौ—पु० [देश] १ अहिंसा या देव पूजा की दृष्टि से किया जाने वाला कार्यावकाश। २ मजदूरो का अवकाश दिवस।

अगत्य, अगत्यि, अगथ, अगथि, अगथी, अगथ्य, अगथ्यौ, अगथ्थी— देखो 'अगस्त'।

अगद—पु० [स०]। १ स्वास्थ्य २ विष नाश करने का विज्ञान। ३ वैद्य। ४ दवा, औषधि। —वि० १ स्वस्थ, निरोग। २ न बोलने वाला, मौनी।—राज—पु० अमृत, सुधा।

अगन–स्त्री० १ दक्षिण-पूर्व के मध्य की दिशा, आग्नेय। २ इस दिशा का दिक्‌पाल। ३ देखो 'अगनी'।–**कण**='अगनी-कण'। –**कीट** = 'अगनीकीट'। –**कुंड** = 'अगनीकुंड'। –**कुळ**='अगनीकुल'। –**कूंण, कोण**='अगनीकोण'।

अगनग–पु० [सं० अग्नि–नग] ज्वाला मुखी पर्वत।

अगनियौ–पु० १ एक कांटेदार वृक्ष विशेष। २ एक रोग विशेष। ३ देखो 'आगियौ'।

अगनि, अगनी–वि० १ काला, श्याम। २ रक्त मिश्रित रंग का –स्त्री० [सं० अग्नि] १ आग, अग्नि। २ गार्हपत्य, आह्वनीय तथा दाक्षिण तीन प्रकार की हवन की अग्नि। ३ उदरस्थ पाचन शक्ति, जठराग्नि, वैश्वानर। ४ पंच तत्वों में से एक, तेज, प्रकाश। ५ गरमी, उष्णता। ६ पित्तनामक दोष। ७ अग्नि-देव। ८ माया। ९ सोना, स्वर्ण। १० चित्रक, चीता। ११ भिलावा। १२ नीबू। १३ घोड़े के मध्ये की भौंरी। १४ तीन की सख्या। १५ 'र' का प्रतीक। १६ अग्निकोण का देवता।

–**अगार, आगार**–पु० अग्निदेव का मन्दिर, आग का घर। –**अस्त्र** पु० एक प्राचीनकालीन अस्त्र जिसे मंत्र से चलाने पर आग की वर्षा होती थी। तोप। बन्दूक। –**आधान**–पु० अग्नि की विधिवत स्थापना। अग्निहोत्र। –**उत्पात**–पु० अग्नि का कोई अशुभ संकेत। अग्नि का उपद्रव। उल्कापात।–**कंवर, कवार, कुंमर, कुमार, कुंवर, कुंवार, कुमार**–पु० स्वामिकार्त्तिकेय, षडानन। एक रसौषधि। –**कण**–पु० अंगारा, शोला, चिनगारी। –**करम**–पु० आग का पूजन। अग्निहोत्र, हवन। शवदाह। –**काठ, कास्ठ**–पु० अगर का वृक्ष व लकड़ी। –**किरिया, क्रिया**–स्त्री० दाह सस्कार, अत्येष्टि क्रिया। –**कीट**–पु० आग में निवास करने वाला समदर नामक कीड़ा। –**कुंड**–पु० आग जलाने का कुण्ड। यज्ञ कुण्ड। गर्म जल का सोता। एक तीर्थ का नाम।–**कुळ**–पु० एक क्षत्रिय वंश।–**कूंण, कोण**–पु० दक्षिण-पूर्व का कोण, आग्नेय दिशा।–**केत, केतु**–पु०–शिव का एक नामान्तर। धूम, धूंआ।–**क्रिया**–स्त्री० दाहसस्कार। –**क्रीडा**–स्त्री० आतिशबाजी। प्रकाश, दीपमालिका, रोशनी।–**गरव, गरभ**–वि० जिसके भीतर आग हो।–पु० शमीवृक्ष। पृथ्वी, धरती। सूर्यकांत मणि। –**जतर, जंत्र**,–पु० बंदूक, तोपादि अस्त्र। –**ज, जात**–वि० आग से उत्पन्न।–पु० सोना, स्वर्ण। विष्णु। षडानन।–**जीभ** –स्त्री० आग की लपट या लौ। अग्नि की सात जिह्वा– कराली, धूमिनी, श्वेता, लोहिता, नील लोहिता, सुवर्णा और पद्मरागा। –**जुग, जुग**–पु० ज्योतिष के पांच-पांच वर्ष के १२ युगों में से एक।

–**ज्वाळ, झाळ**–स्त्री० १ आग की लपट ज्वाला। कलिहारी नामक पौधा, धव वृक्ष।–**दाग, दाह** –पु० अग्नि सस्कार। दग्ध करने की क्रिया –**दीपक, दीपण**–पु० पाचन शक्ति बढाने वाली औषधि। –**देवा**–स्त्री० कृत्तिका नक्षत्र। –**नग**–पु० ज्वालामुखी पहाड़।–**पत्थर**–पु० चकमक का पत्थर।–**परीक्षा**–स्त्री०, अग्नि-स्नान। सोना, चांदी आदि को तपाने की क्रिया। –**पुराण**–पु० अठारह पुराणों में से एक। –**प्रतिस्ठा, प्रतीस्ठा**–स्त्री० विवाहादि मांगलिक कार्यों पर अग्नि की विधिवत् स्थापना। –**प्रवेस, प्रवेसण**–पु० सती होने की क्रिया। –**बाण**–पु० वह तीर जो अग्नि की वर्षा करे। तोप। बंदूक। –**बाय, बाव, वायु**–स्त्री० चौपायों, विशेषकर घोड़ों का एक वात रोग। –**वाहु**–पु० धुंआ, धूम्र। –**बीज**–पु० सोना, स्वर्ण।'र' वर्ण। -**बोट**–पु० भाप से चलने वाली नाव, छोटा स्टीमर। –**भ, भु, भू**–पु० कृत्तिका नक्षत्र। सोना, स्वर्ण। जल, स्वामिकार्त्तिकेय का एक नामान्तर।–**मथ**–पु० यज्ञ के लिए आग निकालने का अरणी नामक वृक्ष। –**मण, मणि, मणी, मिण, मिणि, मिणी** –स्त्री० सूर्यकान्त मणि। आतशी, शीशा, आरसी। –**माद** -पु० मदाग्निरोग–**मुख**-पु० देवता। ब्राह्मण। प्रेत। खटमल। –**रोहणी, रोहिणी**–स्त्री० कांख का एक फोड़ा जिससे तीव्र जलन होती है। –**वंस**–पु० अग्निकुल। –**वाह**–पु० धूम्र, धुंआ। –**वीरज**–पु० सोना, स्वर्ण। –वि० शक्तिशाली। –**ससकार, सस्कार**–पु० दाह सस्कार, अत्येष्टि सस्कार। शव दाह। –**सखा–सहाय**– पु० पवन, हवा। वीर अर्जुन। जंगली कबूतर। धुंआ, धूम्र। –**साक्षी, साख**–स्त्री० अग्नि (यज्ञ की) की साक्ष्य में किया जाने वाला शुभाशुभ कार्य। –**साळ, साळा**–स्त्री० वह स्थान जहां पवित्र अग्नि रखी जाय। हवनस्थल। –**सिखा**–स्त्री० आग की लपट, लौ, ज्वाला। –**सुद्धि, सुधी**–स्त्री० अग्नि स्पर्श से शुद्धिकरण। अग्नि-स्नान।–**होतर, होत्र**–पु० नियमपूर्वक किया जाने वाला वैदिक कर्म। यज्ञ। –**होतरी, होत्री** –वि० अग्निहोत्र या यज्ञ करने वाला। –पु० ब्राह्मणों का एक वंश।

अगनीव्रत–पु० [सं० अग्निव्रत] वेद की एक ऋचा का नाम।

अगनीव्रति–स्त्री० जैनों के ८८ ग्रहों में से ७९ वां ग्रह।

अगन्न–देखो 'अगनी'।

अगन्या–देखो 'अगिना'।

अगम–वि० [सं] १ जो चलने में असमर्थ हो। २ जिसके पास कोई जा न सके। ३ पहले का। ४ दूरदर्शी। [सं० अगम्य] ५ जहां कोई पहुंच न सके, पहुंच से परे।

दुर्गम। ६ दुर्बोध, बुद्धि से परे। ७ न जानने योग्य। ८ कठिन। ९ विकट। १० दुर्लभ्य। ११ अप्राप्य। १२ विकट। १३ बहुत गहरा, अथाह। १४ अत्यधिक, अपार।—पु० १ ईश्वर, परमात्मा। २ पर्वत, पहाड़। ३ वृक्ष, पेड़। ४ मार्ग, रास्ता। ५ भविष्यतकाल। ६ दूरदर्शिता। ७ सर्प।—गम-पु० भीम।—द्रस्टी, बुद्धि, बुद्धी बुधी-वि० दूरदर्शी। भविष्यद्दृष्टा। —भाखी-वि० भविष्य वक्ता।

अगमागम-वि० [स०] १ अथाह, अपार। २ अगम्य। -पु० भीम।

अगमू, अगम्न, अगम्य-देखो 'अगम'।

अगम्या-स्त्री० सभोग या मैथुन के लिए अयोग्य या निषिद्ध स्त्री।

अगर-पु० [स० अगरु] १ एक वृक्ष जिसकी लकड़ी सुगधित होती है। २ एक औषधि। ३ चंदन। ४ वेनिरा मारवाड़ का एक भेद। ५ एक छद विशेष। —अव्य० [फा] १ यदि। जो, मगर। २ देखो 'अग्र'। —चे-अव्य० यद्यपि। —दान-पु० सुगधित अगर रखने का स्थान। —बती, वत्ती, वती वत्ती-देखो 'अगरवत्ती'।

अगरगणी, (गामी)-वि० [स० अग्रगण्य] १ प्रधान मुखिया। २ श्रेष्ठ, उत्तम। ३ अगुआ।

अगरणी-देखो 'आगरणी'।

अगरचै-मगरचै-क्रि० वि० आगे पीछे, यथा विधि।

अगरव अगरभ-वि० [स० अ—गर्भ] १ जिसने गर्भाशय मे वास न किया हो, अवतारी। [स० अ-गर्व] २ गर्व रहित। —पु० ब्रह्म, ईश्वर। स्वयभू।

अगरवत्ती-स्त्री० अगर आदि मे बनी सुगधित वर्तिका।

अगरवाळ-पु० एक वैश्य-जाति। इस जाति का व्यक्ति।

अगराजणौ, (बौ)-देखो 'अग्राजणी, (बौ)।

अगरासण-देखो 'अग्रासण'।

अगरेजी-पु० एक प्रकार का घोड़ा विशेष।

अगरेळ-पु० [स० अगरु] ऊद। अगर।

अगळ-स्त्री०[स० अर्गला] १ अर्गला। २ पार्श्व।—ज-वि० मूर्ख। —बध-पु० एक प्रकार का आभूषण।—बगळ-क्रि० वि० इधर -उधर, आस-पास, पार्श्व मे।

अगळ-डगळ-पु० अटसट अनर्गल प्रलाप।

अगळू णो, अगळूणी-वि०[स० अग्र+रा लूणी](स्त्री० अगळू णी अगळूणी)। १ पूर्व का, पहले का। २ प्राचीन, पुराना।

अगळो-देखो 'अगलो' (स्त्री० अगली)।

अगवाण-वि० [स० अग्र+रा वाण] १ अगुवा, आगे वाला। २ प्रधान, नेता, प्रमुख। ३ अगवानी करने वाला।

अगवाणी, अगवाई-स्त्री० [स० अग्र+रा वाणी] १ स्वागत, अगवाणी। २ नेतागिरी, नेतृत्व। —क्रि० अगुवा, अग्रणी नेता।

अगवाडौ, अगवार, अगवारौ-पु० [स० अग्र-पाटक] घर के आगे का भाग। पिछवाडा, पृष्ठ भाग।

अगवारे, अगवारै-क्रि० वि० आगे, अगाडी, सामने, सम्मुख।

अगस, अगसत, अगसत्त, अगसथ, अगसथ्य, अगस्त, अगस्ति, अगस्तिय, अगस्त्यौ, अगस्य, अगस्थियौ-पु० [स अगस्ति, अगस्त्य) १ एक पौराणिक ऋषि, कुम्भज। २ एक तारा। ३ एक पेड विशेष।

अगहट, अगहटौ-देखो 'आगाहट'।

अगहण, अगहन-पु० [स० अग्रहायन] मार्ग-शीर्ष मास।

अगहर-वि० १ प्रथम, पहला। २ देखो 'अघहर'।

अगाणी-पु० [देश] रहट के किनारे पर रखी जाने वाली शिला या बड़ा पत्थर।

अगाळी-स्त्री० [देश] लीपने (लेपन करने) की क्रिया।

अगा- देखो 'आगे'।

अगाउ, अगाऊ-देखो 'आगाऊ'।

अगाडी क्रि० वि० [स० अग्र, प्रा० अग्ग+रा डी] १ आगे। २ सामने, सम्मुख। ३ भविष्य मे। ४ पूर्व, पहले। ५ पास नजदीक। -पु० १ घोड़े के अगले पैर का बंधन। २ आगे का भाग। ३ सेना का प्रथम आक्रमण। —पिछाडी, पीछाडी- क्रि० वि० आगे-पीछे। —स्त्री० घोडे के अगले व पिछले पैरो मे बाधी जाने वाली साकल या रस्सी।

अगाजणौ, (बौ) देखो, अग्राजणौ, (बौ)।

अगाढ, अगाद, अगाध-वि० [स० अगाध] १ बहुत गहरा, अथाह। २ असीम, अपार। ३ अत्यधिक, बहुत। ४ घनिष्ठ, घना, गाढा। गहन। ५ दुर्बोध्य। ६ बलवान शक्तिशाली। ७ गभीर। —जळ-पु० अथाह-जल। तालाब, सरोवर। —वि० अतलस्पर्शी। अगाध जल वाला। —पण-पु० गहराई, गभीरता, गहनता, घनापन। असीमता।

अगात-वि० शरीर रहित, निराकार। —पु० काम देव। परब्रह्म, ब्रह्म।

अगार-देखो 'आगार'।

अगाळ-वि० १ अत्यधिक, बहुत। २ विशेष, खारा। ३ देखो 'अकाळ'।

अगालग-क्रि०वि० निरतर।

अगाळा-स्त्री० [देश] बरछी।

अगास-देखो 'आकास'।

अगासुर-देखो 'अघासुर'।

अगाह–वि० [फा० आगाह] १ प्रगट, विदित। २ अनश्वर, अविनाशी। ३ जो जीता न जा सके, अजेय। [स० गृ] ४ ग्रहण किया जाने वाला। —पु० परब्रह्म, ईश्वर। क्रि० वि०– १ आगे से, आईन्दा। २ पहले से। ३ अगाडी।

अगाहठ, अगाठ–देखो 'आगाहठ'।

अगि–१ देखो 'अग्नि'। २ देखो 'आगै'।

अगिअर–देखो 'अजगर'।

अगिआन–देखो 'अग्यान'।

अगिआनी–देखो 'अग्यानी'।

अगिना–स्त्री० [स० अघ्न्या] १ गाय, गौ। २ देखो 'अगनी'।

अगिनाभू–देखो 'अगनीभू'।

अगियान–देखो 'अग्यान'।

अगियानी- देखो 'अग्यानी'।

अगिया–देखो 'आग्या'।

अगियार, अगियारै–देखो 'इग्यारै'।

अगिलौ, अगिल्ल–देखो 'आगलौ' (स्त्री० आगिली)।

अगिवाण–देखो 'आगीवाण'।

अगिहिळ–पु० एक प्रकार का वस्त्र विशेष।

अगी–देखो 'अग्नि'।

अगीत–वि० १ न गाये जाने योग्य। २ न गाया जाने वाला।

अगुंवौ, अगुऔ–वि० १ आगे चलने वाला, अग्रगण्य, अग्रणी। २ मुखिया, प्रधान। ३ नेता। ४ श्रेष्ठ। ५ मार्ग दर्शक। —क्रि० वि० अगाडी, आगे।

अगुण–वि० [स] १ जिसमे कोई गुण न हो, गुणहीन, निगुंण। २ जिसमे कोई सद्‌गुण न हो, अवगुणी। ३ निकम्मा। ४ मूर्ख। ५ अनाडी। —पु० १ अपराध, दोष। २ खराबी, बुराई। ३ देखो 'उगूण'।

अगुप्त–वि० १ [स] जो आत्मा का गोपन न करें। २ जो गुप्त न हो, प्रगट।

अगुवाणी–देखो 'अगवाणी'।

अगुवौ–देखो 'अगुंवौ'।

अगूझ–वि० मूर्ख, मूढ।

अगूढ़–वि० [स०] १ जो गूढ या रहस्य मय न हो, सीधा, सरल। २ जो छिपा न हो, प्रगट। ३ स्पष्ट।

अगूण–१ देखो 'अगुण'। २ देखो 'उगूण'।

अगेंदर, अगेंद्र–पु० [स० अगेन्द्र] १ हिमालय। २ सुमेरु पर्वत।

अगे–देखो 'आगे'।

अगेती–वि० अग्रगामी, अग्रणी।

अगेम–वि० [स० अ+गेम] निष्कलंक, बेदाग।

अगेरणौ (बौ)–देखो 'उगेरणौ (बौ)'।

अगै–देखो 'आगै'।

अगैह–वि० [स० अ+गृह] जिसका कोई घर न हो, बेघरबार। —पु० परब्रह्म, ईश्वर।

अगोअगा–क्रि०वि० १ आगे, अगाडी। २ पूर्व, पहले।

अगोखड़ौ–पु० [स० अग्र+वाट] घर का अग्रभाग।

अगोचर–वि० [सं०] जिसका अनुभव इन्द्रियो से न हो इन्द्रियातीत। २ अप्रत्यक्ष। ३ अप्रगट, अदृश्य। —पु० विष्णु, ईश्वर, परमात्मा। परब्रह्म।

अगोणी–देखो 'उगुणी'।

अगौलग–देखो 'आगोलग'।

अग्ग–१ देखो 'अग्र'। २ देखो 'अगनी'। ३ देखो 'अघ'। ४ देखो 'अग'।

अग्गणी–देखो 'अगनी'।

अग्गमबुद्धि, अग्गमबुद्धी–देखो 'अगमबुद्धि'।

अग्गर–१ देखो 'अगर'। २ देखो 'आगार'।

अग्गळ, अग्गळी–क्रि०वि० १ सम्मुख, समक्ष। २ देखो 'आगळ'।

अग्गळौ–देखो 'आगल' (स्त्री० अग्गळी,)।

अग्गलौ–देखो 'अग्गलौ' (स्त्री० अग्गळी)।

अग्गस्त–देखो 'अगस्त'।

अग्गालि, अग्गाळी–देखो 'अकाळ'।

अग्गि–देखो 'अगनी'। २ देखो 'अग्र'।

अग्गिआन, अग्गियांण–देखो 'अग्यान'। २ देखो 'आगीवाण'।

अग्गी, अग्नि–देखो 'अगनी'।

अग्य-वि० [स० अज्ञ] १ अनपढ, अपढ। २ जड बुद्धि, मूर्ख। ३ अविवेकी। ४ ज्ञान हीन, अनुभव हीन। —**ता०**–स्त्री० अज्ञानता। जडता। मूर्खता।

अग्यांन–पु० [स० अज्ञान] १ नासमझी, नादानी २ मूर्खता, जडता। ३ अविद्या। ४ मिथ्या ज्ञान। ५ ज्ञानहीन-अवस्था।

अग्यानी–वि० [स० अज्ञानी] १ नासमझ, नादान। २ जड-बुद्धि, मूर्ख। ३ अपठित, अनाडी। ४ मिथ्या ज्ञानी।

अग्या–देखो 'आग्या'।

अग्यात–वि० [स० अज्ञात] १ जो ज्ञात न हो। २ गुप्त, छुपा हुआ। ३ अपरिचित। ४ बेसुध। ५ अज्ञानी। —**जोवण, यौवणा**–स्त्री० उभरते यौवन के प्रति बेसुध, मुग्धानायिका। —**वास**–पु० गुप्त निवास स्थान, गुप्तवास।

अग्यारस (सि, सी)–देखो 'एकादसी'।

अग्येय–वि० [स० अज्ञेय] १ जो जानने योग्य न हो, जिसे जाना न जा सके। २ जो बुद्धि से परे हो, ज्ञानातीत। दुर्बोध।

अग्र–वि० [स०] १ आगे का, अगला । २ सामने का, सम्मुख का । ३ प्रथम, पहला । ४ पूर्व का आगे का । ५ श्रेष्ठ उत्तम। -क्रि०वि० १ आगे, अगाडी।२ सामने, सम्मुख।३ पहले, पूर्व । —पु० १ आगे का भाग, सिरा । २ अवलबन, सहारा । ३ समूह । ४ शिखर । ५ नेता, नायक । ६ आहार की मात्रा । ७ प्रारभ, शुरुआत । ८ मोर के ४८ अडों के बराबर का तौल ।—**कर**–पु० अगुली । पहली किरण । —**कारी**–वि० अग्रणी, अगुवा ।—**ग, गण्य, गन्य**–वि० गणना मे प्रथम । मुख्य । नेता, नायक ।—**गामी**–वि० आगे चलने वाला, अगुवा । प्रधान, नेता ।—**ज, जनमा, जन्मा, जात, ज्ज**–पु० बडाभाई । ब्रह्मा । ब्राह्मण नेता, नायक ।–वि० प्रथम जन्मा । श्रेष्ठ, उत्तम । प्रधान । —**जाति, जाती**–पु० ब्राह्मण ।—**दानी**–वि० प्रथम दान करने वाला ।-पु० मृत-कर्म मे दान लेने वाला पतित ब्राह्मण ।—**दूत**–पु० आगे चलने वाला दूत, हलकारा । —**भाग**–पु० आगे का हिस्सा । सिरा, नोक । शेष भाग । —**भागी**–वि० प्रथम भाग का अधिकारी ।—**महिसी**–स्त्री० पटरानी ।—**लेख**–पु० मुख्य लेख, खास समाचार—**वाण, वाणी**–वि० अग्रगण्य । नेता, प्रधान—**सध्या**–स्त्री० प्रात काल, सवेरा ।–**स**–क्रि० वि० प्रारभ से ।–**सर**–वि० अग्रगण्य । अगुवा । प्रारभ करने वाला । मुख्य प्रधान ।–अव्य० आगे की ओर । आगे-आगे ।—**साळ, साळा**–स्त्री० सायवान, ओसारा ।—**सोचि, सोची**–वि० दूरदर्शी ।—**स्थान**–पु० प्रथम स्थान ।—**हस्त**–पु० अगुली । हाथी की सूड । —**हायण**–पु० अगहन मास ।

अग्रणी–वि० आगे चलने वाला, अगुवा, नेता, श्रेष्ठ, उत्तम ।

अग्रम–देखो 'अग्रिम' ।

अग्रवाळ–देखो 'अगरवाळ' ।

अग्रसरण–देखो 'अग्रासरण' ।

अग्राज–स्त्री० [स० अ+गर्जनम्] जोश पूर्ण आवाज गर्जन, दहाड । हु कार ।

अग्राजणौ, (बौ)–क्रि० स० जोश पूर्ण आवाज करना, गर्जना, दहाडना, हुकार करना ।

अग्रासण–पु० [स० अग्रासन] १ भोजन का अश जो देवता, गौ आदि के लिये सर्व प्रथम निकाला जाय । [स० अग्रासन] २ सम्मान पूर्ण आसन या स्थान ।

अग्राह्य–वि० [स०] १ जो ग्रहण करने योग्य न हो । २ जो धारण करने योग्य न हो, त्याज्य । ३ जो विचार करने मान, स्वीकारने योग्य न हो । ४ अविश्वसनीय ।

अग्रि–देखो 'अग्र' ।

अग्रिम–वि० [स०] १ पेशगी, एडवास । २ पहला, पूर्व का । ३ अगला, बादका । ४ उत्तम श्रेष्ठ । ५ प्रधान मुख्य । ६ सब से बडा । —पु०, बडा भाई ।

अग्रे–क्रि० वि० [स०] १ आगे, अगाडी । २ सामने सम्मुख । ३ आदि मे, पहले । —**ण**–क्रि० वि० अग्र भाग से । —**सर**–वि० अगुवा । मुख्य, प्रधान । प्रारम्भ कर्ता । –क्रि० वि० आगे की ओर, आगे ।—**सुर, स्वर**–पु० गणेश, गजानन ।

अघ–पु० [स० अघ] १ अधर्म, पाप । २ अपराध, जुल्म । ३ कुकर्म, दुष्कर्म । ४ व्यसन । ५ अशौच, सूतक । ६ दुःख, विपत्ति । [सं० अघ] ७ कस का सेनापति, अघासुर । —वि० १ खराब, बुरा, निकृष्ट । २ दुष्ट, पापी, अधम, नीच । —**जीत**–वि० धर्मात्मा । पापियो को जीतने वाला । –पु० श्रीकृष्ण । —**डडी**-पु० ईश्वर । यमराज । न्यायाधीश । —**नासक, मार, मारण, मारन, मोचण, मोचन**—वि० पापो का नाश करने वाला ।—पु० विष्णु । श्रीकृष्ण, दान, जप ।—स्त्री० गगा ।—**वान** वि० पापी । —**वारण**–वि० पापो का निवारण करने वाला । —**हता**–पु० श्रीकृष्ण, विष्णु । ईश्वर, श्रीराम । —**हर, हरण**–वि० पापो का हरण करने वाला । —पु० ईश्वर ।—**हरणी**–स्त्री० महादेवी । दुर्गा । गगा ।—**हाता**–स्त्री० पापो का नाशकर मोक्ष देने वाली गगा देवी । —**हारी**–वि० पापो का हरण करने वाला । —पु० ईश्वर, विष्णु ।

अघड–देखो 'अणघड' ।

अघट–वि० १ घट रहित, जो घटित न हो, न होने योग्य, कठिन दुर्घट, जो ठीक न घटे अनुपयुक्त ।२ अक्षय ।३ देखो 'अघटित ।'

अघटणौ, (बौ)–क्रि० वि० [स० अ+घटनम्] विचित्र ढग से होना, अद्भुत तरीके से घटना ।

अघटित, अघट्ट–वि० [स० अघटित] १ जो घटित न हुआ हो । २ जिसका घटना सभव न हो । ३ असभव । ४ अवश्य होने वाला, अनिवार्य । ५ अनुचित अयोग्य । ६ अनुपयुक्त । ७ अद्भुत, अनोखा, अपूर्व । ८ अपार, असीम, बहुत ।

अघट्टणौ, (बौ)–देखो 'अघटणौ' (बौ) ।

अघण, अघन–१ देखो 'अगनी' । २ देखो 'अगहन' ।

अघरणी–देखो 'आगरणी' ।

अघरायण–वि० [देश] भयकर, भीषण । —स्त्री० अत्यधिक गर्म व तेज वायु, लू ।

अघहट–देखो 'आगाहट' ।

अघहण–पु० मार्ग शीर्ष का मास, अगहन ।

अघाणौ (बौ)–क्रि० [स० आघ्राण] तृप्त होना, अघाना ।

अघात–देखो 'आघात' ।

अघारि, अघारी–पु० [सं अघ+अरि] १ श्रीकृष्ण। २ विष्णु, ईश्वर।–वि० पापो का नाश करने वाला।

अघावणौ (बौ)–देखो 'अघाणौ (बौ)'।

अघासुर–पु० [स०] कस का सेनापति व पूतना का भाई एक राक्षस।

अघि, अघी–वि० १ पापी, दुराचारी। २ देखो 'अघ'।

अघोर–वि० [स०] १ जो घोर न हो। २ सौम्य, सुहावना। ३ प्रिय, प्यारा। ४ मुलायम, नाजुक। ५ देखो 'अघोरी'। –पु० १ शिव का एक रूप। २ एक शैव सम्प्रदाय। ३ तद्रा। —**कुंड**–पु० एक तीर्थ का नाम। —**नाथ**–पु० शिव, महादेव। अघोर पथ का मुखिया। —वि० भयकर, डरावना। —**पथ**–पु० एक शैव सम्प्रदाय। -**पथी**–पु० उक्त सम्प्रदाय का अनुयायी।

अघोरा–स्त्री० [स०] भादव कृष्णा चतुर्दशी।

अघोरियौ–देखो 'अघोरी'।

अघोरी, अघोरौ–पु० [स० अघोरी] १ एक प्रकार का शैव सम्प्रदाय जो गर्हित-तान्त्रिक क्रियाऐं करवाता है। २ उक्त सम्प्रदाय का अनुयायी जो गर्हित पदार्थों का सेवन करता है। औघड। —वि० १ असभ्यता से खाने वाला। २ घृणित, गदा।

अघोस–वि० [स० अघोष] १ जो शब्द, ध्वनि या घोष रहित हो, नीरव। २ अल्प ध्वनियुक्त। —पु० १ एक वर्ण समूह जिसके प्रत्येक वर्ग के प्रथम दो अक्षर तथा 'स' होते हैं। २ प्लुत स्वर।

अघौ–देखो 'आगौ'।

अघ्घ–देखो 'अघ'।

अघ्घोर–देखो 'अघोर'।

अघ्घोरी–देखो 'अघोरी'।

अघ्रमाण–देखो 'आगेवाण'।

अघ्राण–देखो 'आघ्राण'।

अघ्रायण–देखो 'अघरायण'।

अडगावाज–वि० विघ्न कारक।

अडगी–वि० १ असभ्य, मूर्ख, अनाडी। २ रोडा लगाने वाला।

अडगौ–पु० [देश] १ विघ्न, बाधा। २ अवरोध, रुकावट। ३ ढोग, पाखड। ४ हस्तक्षेप। ५ स्वार्थसिद्धि की युक्ति। ६ हथकडा।

अड–स्त्री० [देश] १ वह सीधी लकडी जो कूऐ पर पाट के नीचे लगती है। २ फलसे के द्वार पर लगाया जाने वाला लट्ठा। ३ विघ्न, बाधा। ४ रोक, रुकावट। ५ जिद्द, हठ। ६ टेक, प्रतिज्ञा, प्रण। ७ लडाई, झगडा। –वि० १ उद्दण्ड, अडियल। २ जिद्दी। ३ अशुद्ध। —**कौ, कीलौ**–वि० उद्दण्ड, बदमाश, गवार। हठी, जिद्दी। —**दार**–वि० अडियल। ऐंठदार, मस्त, मतवाला। —**प**–स्त्री० हठ, दुराग्रह। साहस, बल, शक्ति। प्रतिस्पर्द्धा, होड। प्रभाव, रौब। —**पत, पति, पती, पत्त, पत्ति, पत्ती**–वि० हठी, जिद्दी। —अरबपति, अडियल। उद्दण्ड, उपद्रवी। साहसी, वीर। —**बक, बग, बंगी, भग, भगी**–वि० शक्तिशाली, जबरदस्त, दृढ, अटल, अडिग। हठी, जिद्दी। उद्दण्ड, कठिन, विकट। टेढा-मेढा, ऊचा-नीचा, ऊबड-खाबड। विचित्र, अनोखा। चचल, चपल। —**बध**–पु० कब्जियत। —**बी, वी**–स्त्री० विघ्न, बाधा। आपत्ति विपत्ति। हठ, विरोध। झगडा। वैर, शत्रुता। बहस। —**बीलौ**–वि० विघ्नकारक, बाधक। हठी, जिद्दी। (स्त्री० अडबीली)।

अडक–पु० १ बिना बोये स्वत उगने वाला कदन्न। २ कडवी बादाम।

अडकण–देखो 'अडोकण'।

अडकणी–स्त्री० किसान स्त्रियो की बाह का चादी का आभूषण।

अडकणौ, (बौ)–क्रि [देश०] १ छूआ जाना, स्पर्श होना। २ चिढना। ३ अडना।

अडकन–देखो 'अडोकण'।

अडकाड़णौ (बौ), अडकाणौ (बौ), अड़कावणौ, (बौ)–क्रि० १ सहारा देना। २ अड़ाना, रोकना। ३ द्रव पदार्थ को एकाएक उडेलना।

अडकियौ–देखो 'अडक'।

अडखज–देखो 'अडखजौ'।

अडखजावाज–वि० १ आडबर या ढोग करने वाला। २ बहु धधी। ३ उद्यम करने वाला, उद्यमी।

अडखजौ–पु० १ आडम्बर, ढोग। २ प्रपच, बखेडा। ३ उद्योग, धधा। ४ अडगा।

अडड, अडडाट–स्त्री० [अनु०] १ सजाकर रक्खी वस्तुओ या दीवार के गिरने की ध्वनि। २ लगातार अड-अड की ध्वनि। ३ बरसने की क्रिया व ध्वनि।

अड़चण, अड़चन–स्त्री० [देश] १ बाधा, रुकावट। २ विघ्न, व्यवधान। ३ दिक्कत, कठिनाई, परेशानी। ४ रोडा, अटकाव।

अडचल–स्त्री० [देश] १ कष्ट, तकलीफ। २ कठिनाई, दिक्कत। ३ विघ्न। ४ बीमारी, रोग।

अडणौ, (बौ)–क्रि० [देश०] १ अटकना। २ स्पर्श होना। ३ सटजाना, लग जाना। ४ जुड जाना। ५ उलझना। ६ अटल या अडिग होना। ७ अपनी बात पर दृढ होना। ८ रुकना। ९ फस जाना। १० भिडना, टक्कर लेना। ११ हठ करना, जिद्द करना।

अड़ताळीस–वि० [स० अष्टचत्वारिंशत्[१ सैंतालीस से आगे या बाद का। २ चालीस और आठ।—पु० १ चालीस व आठ की सख्या। २ इस सख्या का अक यथा–४८।

अडताळीसौ, अडताळौ–पु० अडतालीसवा वर्ष।

अडतीस–वि० [स० अष्टत्रिंशत्] १ सैंतीस से आगे या बाद का। २ तीस और आठ।—पु० १ तीस व आठ की सख्या। २ उक्त सख्या का अक–३८।

अडतीसौ–पु० अडतीसवा वर्ष।

अड़तौ–वि० (स्त्री० अडती) स्पर्श करता हुआ। क्रि० वि० छूते हुऐ, स्पर्श करते हुऐ।

अडयडणौ (बौ)–देखो 'अडवडणौ' (बौ)।

अडद्द–पु० १ उत्पात, उपद्रव। २ पाखड, ढोग। ३ माहौल।

अडप–स्त्री० १ साहस। २ बलशक्ति। ३ हठ, जिद्द। ४ प्रभाव रौब। ५ होड, स्पर्द्धा।

अडपणौ, (बौ)–देखो 'अडपणौ, (बौ)।

अडपाई–स्त्री० १ हठ, जिद्द। २ प्रतिष्ठा, मान। —वि० १ हठी, जिद्दी। २ आन पर मरने वाला।

अड़पायत, अडपायती, अडपावती, अड़पायल, अडपाल–वि० १ बलवान, शक्तिशाली। २ भयकर। ३ जबरदस्त। ४ वीर, योद्धा। ५ निडर, निर्भीक। ६ साहसी। ७ हठी, जिद्दी। ८ अडियल। ९ स्थायी, टिकाऊ।

अड़प्पणौ (बौ), अड़फ्फणौ (बौ)–देखो 'अडपणौ' (बौ)।

अडव–देखो 'अरव'।

अडवडणौ, (बौ)–देखो 'अडवडणौ' (बौ)।

अडवडाट–देखो 'अडवडाट'।

अडवडियौ–देखो 'अडवडियौ'।

अडवडी–देखो 'अडवडी'।

अडव-पसाव–देखो 'अरवपसाव'।

अडवी–स्त्री० १ विघ्न, बाधा, रुकावट। २ विरोध। ३ प्रतिस्पर्द्धा।

अडव–देखो 'अरव'।

अडवड–स्त्री० ध्वनि, विशेष।—वि० १ आतुर, व्याकुल। २ कठिन, दुर्गम। ३ अटपटा।

अडवडणौ (बौ)–क्रि० १ धक्कम्-पेल करना, एक के ऊपर एक चढना। २ हड़बडाना, घबराना। ३ एक साथ चलना। ४ आतुर होना, व्याकुल होना। ५ शीघ्रता करना।

अडवडाट–पु० १ भीड-भाड। २ सामान या कार्य की उलझन। ३ ध्वनि, विशेष।

अडवडाणौ (बौ)–क्रि० १ तेज चलाना या हाकना। २ शीघ्रता या ताकीद करना। ३ डाट-फटकार लगाना। ४ तग करना, जोश दिलाना।

अडवडियौ–वि० उतावला, आतुर।

अडवड़ी–देखो 'अड़वड'।

अडवाड–स्त्री० बराबर दौड आगे से घेरना क्रिया, भाग आना क्रिया।—क्रि० वि० सामने सम्मुख।

अडवी–देखो 'अडवी'।

अड़वौ–पु० खेत में फसल की सुरक्षार्थ एव पशु-पक्षियों को डराने के लिए खड़ा किया जाने वाला पुतला। —वि० विघ्न कारक, व्यर्थ व्यवधान डालने वाला।

अडस–स्त्री० १ डाह, ईर्ष्या। २ कोप, क्रोध। ३ रोष।

अडस, अडसट्ठ, अडसट्ठ, अडसट्ठि, अड़सठ–वि० [स० अष्टषष्टि] १ 'सडसठ' के आगे या बाद का। २ साठ व आठ। —पु० १ साठ व आठ की सख्या। २ इस सख्या का अक–६८।

अडसटौ, अडसठौ–पु० अडसठवा वर्ष।

अड़मल, अडसाल, अडसालौ–वि० [स० अरि+शल्य] १ जो शत्रुओ के लिए शल्य रूप हो। २ वीर, बहादुर। ३ ईर्ष्यालु। ४ हठी, जिद्दी।

अडसूल–देखो 'अडू'।

अडा–स्त्री० [देश] लडाई, झगडा। २ युद्ध, समर। —ई–स्त्री० बाधा, विघ्न। अटकाव। रुकावट।—क, को, कू, ग–वि० १ अकडने वाला, अकडू। २ जिद्दी। ३ अडियल। ४ शक्तिशाली, बलवान। जबरदस्त, भयकर। —खटौ–स्त्री० लडाई, टटा, फिसाद। ईर्ष्या, द्वेष। व्यर्थ की परेशानी। —भडो, भीड–स्त्री० भीड, समूह। –वि० शस्त्र सुसज्जित। —यत, यतौ, यतौ–वि० शक्तिशाली, बलवान। अडियल। हठी, जिद्दी। ओट करने वाला, आड करने वाला। —ल–वि० अडियल।

अड़ाड–देखो 'अडाट'।

अडाझड (भड)–स्त्री० ध्वनि विशेष।–क्रि० वि० निरन्तर, लगातार।

अड़ाट–पु० १ तेज प्रवाह या गति की ध्वनि। २ तेज वायु की ध्वनि।

अडाणौ (बौ)–क्रि० १ अटकाना। २ स्पर्श कराना, छुआना। ३ सटाना, सलग्न करना। ४ जोडना। ५ उलझाना। ६ अडिग या अटल करना। ७ फसाना, भिडाना। ८ भिडाना, टक्कर लिराना। ९ हठ या जिद्द करने के लिए प्रेरित करना।

अडापडी–वि० साधारण, मामूली।

अडामड़–स्त्री० ध्वनि विशेष।

अडाळ–पु० मयूर नृत्य।

अडाव (बौ)–पु० १ विघ्न, बाधा। २ प्रतिबंध रोक। ३ रोक, मनाही। ४ परहेज। ५ आवश्यकता, जरूरत। ६ गरज। ७ परती छोडा हुआ खेत। ८ देखो 'अडणौ'।

अडावणौ (बौ)–देखो 'अडावौ' (बौ)।

अड़ि, अडी–स्त्री० १ अत्यन्त आवश्यकता, सख्त जरूरत। २ जिद्द, हठ, दुराग्रह। ३ दिक्कत, परेशानी। ४ बाधा, रोक। ५ मौका। ६ लडाई, झगडा। ७ दगा, फिसाद। ८ विरोध, शत्रुता। **—खम**–वि० शक्तिशाली, बलवान। हृष्ट-पुष्ट, तगडा। अडिग, अटल, अचल। **—जत**–वि० मजबूत, दृढ। सावधान, तैयार। **—जोध**–वि०–योद्धा, वीर, महावीर। **—यल, यल्ल, याल**–वि० अभिमानी, घमण्डी। अडियल, अकडू। उद्दण्ड। जिद्दी, हठी, वीर, बहादुर। रुक-रुक कर चलने वाला। **—लौ**–पु० अस्त-व्यस्त या बिखरा हुआ सामान। योद्धा, वीर। देखो, 'अडियल'।

अडीसल, अडीसाल, अडीसालौ–देखो 'अडसल'।

अडूऔ–देखो 'अडूसौ'।

अडूड–पु० खेत मे स्वत उगने वाली कटीली झाडिया। २ उक्त झाडियो को काटने की क्रिया।–वि० १ जोरदार, जबरदस्त। २ श्रेष्ठ, उत्तम। ३ अत्यधिक।

अडूवौ, अडूसौ–पु० [स० आटरूष] १ एक प्रकार का वृक्ष। २ एक पौधा विशेष जिसकी पत्तिया औषधि के काम आती हैं।

अडेगडे, अडेगडे–वि० समान, सदृश।—क्रि० वि० आस-पास, लगभग, करीब।

अडेच, अडेज–१ प्रति बध, परहेज। २ देखो 'अडचण'।

अडेल, अडेल–देखो 'अडियल'।

अडोई–स्त्री० गौ-चारक ग्वाले को दिया जाने वाला भोजन।

अडोस-पडोस–देखो 'आडोस-पाडोस'।

अडोसी-पडोसी–देखो 'आडोसी-पडोसी'।

अचक–देखो 'अचाणक'।

अचचळ–वि० [स० अ+चचल] १ धीर, गभीर। २ शान्त। ३ स्थिर।

अचट–पु० रुपया।—वि० सीधा-सादा, सरल।

अचड–वि० [स०] १ जो उग्र न हो, शान्त। २ सुशील सीधा-सादा।

अचडी–स्त्री० [स०] १ सीधी गौ। २ शान्त स्त्री।

अचब, अचभ–देखो 'अचभौ'।

अचभणौ, (बौ)–क्रि० चकित होना, दग रहना।

अचभम, अचभव–देखो 'अचभौ'।

अचभित–वि० [स० स्तभित] चकित, विस्मित, स्तभित।

अचभौ, अचभ्रम–पु० [प्रा० अच्चब्भूअ] १ आश्चर्य, विस्मय। २ अद्भुत या विचित्र वस्तु, कार्य या घटना।

अच–पु० [सं० अच्] १ स्वर वर्ण। २ देखो 'आच'।

अचकन–पु० [स० कञ्चुक प्रा० अचुक] लबा अगा, चोगा।

अचगळ, अचगळी, अचग्गळ, अचग्गळौ–देखो 'अचागळ'।

अचड, अचड–वि० १ श्रेष्ठ उत्तम। २ महान, बडा। ३ अचल, स्थिर।—स्त्री० १ उत्तम कार्य। कीर्ति, यश।

अचणौ, (बौ)–क्रि० [स०आचमनम्] १ आचमन करना। २ खाना, भोजन करना।

अचपडा–पु० ब. व चेचक से मिलता-जुलता एक रोग।

अचपळाई–स्त्री० १ चचलता, चपलता, २ शैतानी, उद्दण्डता।

अचपळ, अचपळउ, अचपळौ अचप्पळ, अचप्पळउ, अचप्पळौ–वि० [स० चपल] (स्त्री अचपळी) १ नटखट, चचल, चपल। २ उद्दण्ड, बदमाश। ३ उत्पाती, उपद्रवी।

अचमन–देखो 'आचमन'।

अचर–वि० [स०] १ न चलने वाला, स्थिर, ठहरा हुआ। २ जड। ३ स्थावर।–पु० १ ऊट का एक रोग। २ देखो 'अप्सरा'।

अचरज, अचरज्ज, अचरिज, अचरिज्ज–पु० [स० आश्चर्य] आश्चर्य, विस्मय।

अचरजणौ (बौ)–क्रि० आश्चर्य युक्त होना, चकित होना।

अचरियौ-बचरियौ–पु० १ मिश्रण। २ सूर्य पूजा के दिन प्रसूता के लिये बनाया जाने वाला विभिन्न सब्जियो का मिश्रण।

अचळ, अचळल–वि०[स० अचल]१ जो चलायमान न हो, स्थिर। २ गमन शक्ति हीन। ३ अडिग, अटल। ४ दृढ, पक्का। —पु० [स० अचल] १ पर्वत, पहाड। २ सूर्य। ३ इन्द्रासन। ४ ध्रुव। ५ सुमेरू पर्वत। ६ यश, कीर्ति। ७ श्रेष्ठ व उत्तम कार्य। ८ ब्रह्म, ईश्वर। ९ जैनियो के प्रथम तीर्थ कर। १० सात की सख्या।**—कीला**–स्त्री० पृथ्वी, धरती।

अचळा–स्त्री० [स० अचला] पृथ्वी, धरती।

अचळेस, अचळेसर, अचळेसुर, अचळेसुरध-पु० [स० अचलेश्वर] १ शिव, महादेव। २ आबू पर्वत का शिव मन्दिर।

अचल्लणौ–वि० पीछे न हटने वाला।

अचवन–देखो 'आचमन'।

अचाचक, अचाण, अचाणक, अचाणचक, अचाणचूकौ, अचाणजक, अचाणी, अचान, अचानक, अचाक–क्रि० वि० अकस्मात, यकायक, अचानक, सहसा एक दम।

अचागळ, अचागळौ–वि० [स० अतिकर्ण] १ नटखट, चचल चपल। २ उद्दण्ड, बदमाश। ३ तेज, फुर्तीला। ४ प्रचण्ड, भयकर। ५ वीर बहादुर। [स० अच्छ] ६ यशस्वी,

कीर्तिवान। ७ उदार, दातार। ८ विचारवान, बुद्धिमान [स० अचल] ९ अटल, अडिग, दृढ, मजबूत।

अचाचूक–देखो 'अचाणक'।

अचाणौ, (बौ)–देखो 'अचणौ' (बौ)।

अचार–पु० १ मिर्च मसालों के साथ तेल में डाल कर तैयार किया गया आम की केरी, निंबू आदि का चटपटा खाद्य। २ देखो 'आचार'।

अचारज–देखो 'आचारज'।

अचारवती, अचारवान–वि० जिसका आचरण शुद्ध हो।

अचारवेदी–देखो 'आचार वेदी'।

अचाळ–वि० १ अत्यधिक बहुत, । २ भयंकर, प्रचंड। ३ तेज, तीव्र। ४ देखो 'अचळ'।

अचित, अचितणीय, अचितणीय, अचितु–वि० [स० अचिन्त्य, अचितनीय] १ मन और बुद्धि से परे। २ अबोध गम्य, अज्ञेय। ३ कल्पनातीत। ४ अतुल, असीम। ५ आशा से अधिक।—पु० १ ब्रह्म। २ शिव।

अचित्यौ–वि० [स० अचिंतित] १ जिसका विचार न किया गया हो, बिना सोचा हुआ, । २ आकस्मिक।

अचित–वि० [स०] १ जो सोचा न गया हो, अविचारित। २ अनेकत्रित, बिखरा हुआ। ३ गया हुआ। ४ नासमझ, विवेकशून्य। ५ धर्म विचारशून्य। ६ उल्टा, औंधा। ७ निर्जीव। (जैन)।

अचिरज, अचिरज्ज, अचिरिज, अचिरिज्ज–देखो 'अचरज'।

अचींत–देखो 'अचित'।

अचींतौ–देखो 'अणचीतौ' (स्त्री० अचीती)।

अचीत–देखो 'अचित'।

अचीतौ–देखो 'अणचीतौ'। (स्त्री० अचीती)।

अचूक, अचूकौ–देखो 'अचूक'।

अचूड, अचूडौ–देखो 'अचड'।

अचूक–वि०[स० अच्युत्क]१ जिसमें कोई चूक न हो, भूल न हो। २ कभी न चूकने वाला, लक्ष्य सिद्ध। ३ अमोघ। ४ कारगर। ५ भ्रम रहित। ६ अव्यर्थ। ७ निश्चित, सही।

अचूकौ–वि० [स० अच्युत्क] १ अद्भुत, अनोखा, विचित्र। २ निश्चित, निःशंक।

अचूकाळ, अचूगाळ–वि० जो स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे, सफाई पसंद।

अचेत, अचेतण, अचेतन, अचेतौ–वि० [स० अचेतन] १ चेतना रहित, बेहोश, मूर्च्छित। २ संज्ञा शून्य। ३ जड, मूढ। ४ ज्ञानहीन। ५ असावधान, गाफिल। ६ ना समझ। ७ माया रत। ८ विकल, व्याकुल बेचैन। ९ निर्जीव।—पु० १ जड पदार्थ। २ प्रकृति। ३ अज्ञान। ४ माया।

अचेलय–वि० [स० अचेलक] वस्त्रहीन, नंगा।

अचैन, अचैनू–वि [स० अ+शयन] विकल, बेचैन। —स्त्री० १ विकलता, बेचैनी। २ अशान्ति। ३ परेशानी। ४ कष्ट।

अचोट–पु० [स० अ+चुट=काटना] किला गढ।

अचोळ–वि० १ शिथिल, सुस्त, आलसी। २ जो लाल न हो।

अचौ–पु० मवेशी के बालों में रहने वाला कीडा, कीट।

अच्चंकारी, अच्चंकी–वि० सहसा उत्तेजित होने वाली।

अच्चजणौ (बौ)–क्रि० आश्चर्ययुक्त होना।

अच्छ–वि० [स०] १ स्वच्छ, निर्मल। २ विशुद्ध, पवित्र। ३ उत्तम, श्रेष्ठ। ४ सुन्दर।—पु० १ स्फटिक। २ रीछ, भालू। ३ स्वच्छ जल। ४ देखो 'अक्ष'।

अच्छड–देखो 'अछड'।

अच्छकछक–देखो 'अछकछक'।

अच्छड–देखो 'अचड'।

अच्छत–देखो 'अछत'।

अच्छता–स्त्री० [स० अच्छ+प्र. ता] १ स्वच्छता, निर्मलता। २ पवित्रता, विशुद्धता। ३ श्रेष्ठता। ४ सुन्दरता।

अच्छती–देखो 'अछती'।

अच्छर–वि० [स० अच्छ] १ उत्तम, अच्छा। २ देखो 'अक्षर'। ३ देखो 'अप्सरा'।

अच्छरा, अच्छरि, अच्छरी–देखो 'अप्सरा'।

अच्छाई–स्त्री० १ अच्छापन। २ भलाई। ३ विशेषता, खासियत। ४ महत्ता। ५ सुंदरता, सुघराई। ६ श्रेष्ठता।

अच्छारी–देखो 'अच्छ'।

अच्छिज्जदोस–पु० किसी दुर्बल पर दबाव डाल कर आहार दिलाने का दोष।

अच्छूगाळ–देखो 'अचूगाळ'।

अच्छी–१ देखो 'आछी'। २ देखो–आख।

अच्छूतौ–देखो 'अछूतौ'।

अच्छेप–देखो 'अछेप'।

अच्छेर–देखो 'अद्धसेर'।

अच्छेरु, अच्छेरु–देखो 'अछेरु'।

अच्छेहौ–देखो 'अछेहौ'।

अच्छोहीणी–देखो अक्षौहिणी'।

अच्छौ–देखो 'आछौ'।

अच्युत–वि० [स०] १ अटल, दृढ। २ अविनाशी, अनश्वर। —पु० १ विष्णु। २ श्री कृष्ण। ३ परमेश्वर। ४ वैमानिक श्रेणी के कल्पभव देवताओं का एक भेद (जैन)।

—अग्रज–पु० बलराम, बलभद्र ।—आनंद–पु० परब्रह्म, ईश्वर ।–वि० जिसका आनन्द नित्य हो ।

अच्चज, अच्चज्ज–देखो 'अचरज' ।

अछंट–वि० १ अलग, पृथक । २ दूर ।–क्रि० वि० अचानक, अकस्मात ।

अछइ (ई)–वि० [स० अस्] है, वर्तमान, मौजूद ।

अछक–वि० [स० अ+चक=तृप्तौ] १ न छका हुआ, अतृप्त । २ भूखा । ३ उन्मत्त, मस्त । —छक–वि० अपार, असीम ।

अछकणौ, (बौ), अछक्कणौ, (बौ)–क्रि० १ अतृप्त रहना । २ भूखा रहना । ३ उन्मत्त होना ।

अछड़–देखो 'अचड' ।

अछडी–स्त्री० सफेद रग की घटिया किस्म की ज्वार ।

अछत–वि० १ छिपा हुआ, गुप्त । २ अविद्यमान ।—क्रि० वि० १ विद्यमानता मे, उपस्थिति मे । २ सिवाय, अलावा । ३ होते हुए । —स्त्री० अभिलाषा इच्छा कामना । २ सम्मान । ३ विद्यमानता । ४ देखो 'अक्षत' ।

अछतौ–वि०(स्त्री० अछती)१ निर्बल, दुर्बल । २ गायब, अलोप । ३ निर्धन, गरीब । ४ अभूतपूर्व, अनोखा । ५ असभव ।

अछर–१ देखो 'अक्षर' २ देखो 'अच्छर' ३ देखो 'अप्सरा'।

अछर-वर, अछरावर–पु० [स० अप्सरा+वर] वीर, योद्धा ।

अछराणि, अछरा, अछरायण, अछरायन, अछरी–देखो 'अपसरा' ।

अछरीक–वि० बहुत, अधिक ।

अछरोट–देखो 'अखरोट' ।

अछळ–पु० [स० अ+छल] १ छल का विपर्याय । २ कपटहीन अवस्था या भाव ।–वि० छल-कपट से रहित ।

अछानौ–वि० (स्त्री० अछानी) १ जो छुपा या गुप्त न हो । २ प्रगट । ३ प्रसिद्ध । ४ परिचित । ५ अज्ञात ।

अछाड–वि० आहत, घायल ।

अछाय, अछायौ–वि० १ आच्छादित । २ भरा हुआ परिपूर्ण । ३ व्याप्त । ४ जोशीला । ५ प्रसिद्ध, मशहूर । ६ स्वाभिमानी ।

अछिप–देखो 'अछानौ' ।

अछी–देखो 'अपसरा' ।

अछीज–वि० जिसकी क्षति न हो । —पु० ईश्वर ।

अछु, अछूं–क्रि० वि० हू ।

अछूत–वि० [स० अ+छुप्त, प्रा० अछुत्त] १ विना छुआ हुआ । २ कोरा, नया । ३ पवित्र, शुद्ध । ४ अस्पृश्य । —पु० अन्त्यज, शूद्र ।

अछूतौ–वि० (स्त्री० अछूती) १ नया, ताजा, २ जो बरता न गया हो । ३ विना छुआ हुआ । ४ कोरा । ४ पवित्र, शुद्ध । ६ अस्पृश्य । ७ अक्षय, अखण्ड । ८ अभूतपूर्व, अपूर्व । —पु० स्पर्श करने का भाव ।

अछेक–वि० [स० अछिद्र] १ छिद्र रहित । २ अभग । ३ अखण्डित । ४ निर्दोष, त्रुटि रहित । ५ जो चोटिल न हो ।

अछेद–वि० [सं० अछेद्य] १ जिसे छेदा न जा सके, अभेद्य । २ अखण्ड । ३ निष्कपट ।

अछेप–वि० अछूत, अस्पृश्य ।

अछेर–देखो 'अद्धसेर' ।

अछेरु, अछेरू–वि० [सं० अच्छ] १ अपेक्षाकृत बढिया श्रेष्ठ । —पु० आश्चर्य, विस्मय ।

अछेह, अछेहौ–वि० १ अनन्त, अथाह । २ अत्यधिक । ३ मर्यादा या सीमा रहित । ४ अखण्डित । ५ छेह न देने वाला । —क्रि० वि० लगातार, निरन्तर ।–पु० परब्रह्म ।

अछै–देखो 'छै' ।

अछोडी–देखो 'आछी' ।

अछोतौ–देखो 'अछूतौ' ।

अछोभ–देखो 'अक्षोभ' ।

अछोर–वि० [स०] जिसका कोई छोर या सीमा न हो, असीम ।

अछोह–देखो 'अक्षोभ' ।

अछ्यौ–देखो 'आछौ' ।

अजप–वि० अकथनीय, अवर्णनीय ।

अज–वि० [सं०] १ जन्म रहित, स्वयंभू । २ अजर, अमर । ३ अनादि । ४ क्रूर ।–पु० १ ब्रह्म । २ ईश्वर । ३ विष्णु । ४ शिव । ५ श्रीकृष्ण । ६ ब्रह्मा । ७ देवता । ८ कामदेव । ९ श्रीराम के पितामह का नाम । १० बकरा । ११ मेढा, मेष ।–स्त्री० १२ माया, शक्ति । १३ शुक्र की गति से तीन नक्षत्रो की वीथी । १४ छाया । –क्रि० वि० [स० अद्य प्रा अज्ज] १ अत्र । २ अभी तक । ३ आज ।—गलका, गल्लका, गल्लिका–स्त्री० बच्चो का एक रोग ।—देवता–पु० अग्नि । पूर्वा भाद्रपदा नक्षत्र ।—नद, नदन–पु० राजा दशरथ । —पत, पति, पती–पु० मगल । सब से ऊचा बकरा । —पथ–वीथि, वीथी–पु० अजवीथी, छायापथ । —पाळ–पु० राजा दशरथ के पिता । गडरिया । —बधु–वि० मूर्ख, मूढ ।–भक्ष, भख–पु० बबूल का पेड । झड बेरी के सूखे पत्ते । शमी वृक्ष के सूखे पत्ते । –मडल–पु० आर्यावर्त्त, भारत ।—मार–पु० कसाई । अजमेर ।–मीढ–पु० अजमेर का एक नाम । युधिष्ठिर की उपाधि । पुरुवशीय हस्ति का बडा पुत्र ।—मुखी–स्त्री० अशोक वाटिका की एक राक्षसी । —मोद–पु० अजवायन का एक भेद ।

—सुत—पु० शिव, महादेव। राजा दशरथ।
अजइपुर—पु० अजमेर का एक नाम।
अजक—१ बेचैनी, घबराहट। २ देखो 'अजगा'।
अजकरण, अजकरणक, अजकव, अजकाव—पु० [सं० अजकव] १ असन वृक्ष। २ साल वृक्ष। ३ देखो 'अजगाव'।
अजकी—वि० (स्त्री० अजकी) १ व्याकुल, बेचैन। २ चपल, चपल। ३ सतर्क। ४ वीर।—अजगं—स्त्री० १ व्याकुलता, बेचैनी। २ चंचलता, चपलता। ३ सतर्कता।—क्रि० वि० १ चंचलता में। २ सतर्कता में।
—णो—वि० चंचल चपल। उद्यत तैयार।
अजगंधका, (गंधणी, गंधा, गंधिनी)—स्त्री० वन तुलसी, अजमोदा, अजवायन पौधा।
अजगर—पु० [सं०] १ एक जाति विशेष का मोटा सर्प। २ आलसी व्यक्ति।—वरती, व्रत्ति, व्रित्ती—स्त्री० अकर्मण्यता, आलस्य।
अजगरियो—वि० अजगर या अजमेर संबंधी।
अजगरी—स्त्री० अकर्मण्यता आलस्य।
अजगव, अजगाव—पु० [सं० अजगवा, अजगाव] शिव का धनुष, पिनाक।
अजाणेब अजगैब—क्रि० वि० अकस्मात, अचानक। अनजाने।
अजड़, अजड़ो अजड़ अजड़ौ—वि० [सं० अ + जड] १ जो जड न हो। २ सजीव। ३ मूर्ख, ना समझ। ४ उद्दण्ड। ५ असभ्य। ६ स्वर्ण जटित (मेवात)।
—पु० अशिक्षित बैल, ऊंट या भैंसा।
अजड़ —देखो 'अजाणा'।
अजटा—वि० जटा या जटा रहित।
अजत, अजत—वि० [सं०] १ अजन्मा, स्वयंभू। २ सुनसान, निर्जन।—पु० १ निर्जन स्थान। २ सहस्रार्जुन। ३ ब्रह्मा।
अजांबी—वि० [फा०] अपरिचित, अजात।
अजनम अजनमो—वि० [सं० अजन्मा] १ जन्म रहित, स्वयंभू, अजन्मा। २ नित्य, अनादि। ३ अनश्वर, अविनाशी।—पु० १ ब्रह्मा। २ विष्णु। ३ शिव। ४ सूर्य।
अजनी—स्त्री० [सं० अजा] १ बकरी। २ देखो 'अजनी'।
अजन्न—देखो 'अजन'।
अजन्म—देखो 'अजनम'।
अजप, अजपो—पु० [सं० अजप] १ परब्रह्म। २ गायत्री मंत्र जिसका बार श्वास-प्रश्वास होता है। ४ ब्राह्मण। ५ [illegible] ६ एक नास्तिक मत। [illegible]। ८ दरिद्र।
अजप्प [illegible]
अजब, अजब्ब—वि० [अ०] अद्‌भुत, आश्चर्यजनक, विलक्षण।
—घर—पु० प्राचीन व अद्‌भुत वस्तुओं का प्रदर्शनालय।
अजमत, (ति)—स्त्री० [अ०] १ शान, प्रतिष्ठा, गौरव। २ सम्मान, इज्जत आदर। ३ बड़ाई, महत्व। ४ बुजुर्गी। ५ प्रताप, प्रभाव। ६ चमत्कार।
अजमाइस, अजमाईस—देखो आजमाइस'।
अजमाणी, (बौ)—देखो 'आजमाणी' (बौ)।
अजमेरा—पु० १ चौहान राजपूत वंश। २ गौड राजपूत वंश।
अजमेरी—वि० अजमेर का, अजमेर सम्बन्धी।—पु० १ अजमेर का निवासी।—स्त्री० २ अजमेर प्रदेश की बोली।
अजमेरो—पु० १ चौहान वंशीय क्षत्रिय। २ गौड वंशीय क्षत्रिय। ३ अजमेर का निवासी। ४ अजमेर प्रदेश का बैल। ५ देखो 'अजमेरी'।
अजमो—पु० [सं० यवनिका] १ अजवायन। २ अजवायन का पौधा। ३ एक लोक गीत।
अजय—वि० [सं०] १ जो जीता न जा सके, अविजित। २ जो कभी पराजित न हो, जो हार न माने।—स्त्री० १ हार, पराजय। २ एक नदी।—पु० ३ विष्णु। ४ अग्नि। ५ एक छन्द।
अजयगढ—पु० अजमेर का किला।
अजयण, अजयणा—स्त्री० [सं० अयत्नता] १ हिंसा। २ असावधानी, अयत्नता। ३ जैन धर्म के विपरीत आचरण।—वि० विवेक रहित
अजयपाळ—पु० [सं० अजयपाल] १ एक राजा का नाम। २ जमाल घोटा।
अजया—स्त्री० [सं०] १ दुर्गा देवी। २ माया। ३ भाग, विजिया। ४ बकरी।—वि० जो जीति न जा सके, अविजित।
अजर—वि० [सं०] १ जरा रहित, सदैव युवा। अनश्वर, अविनाशी ३ जिसका कभी क्षय न हो, अमर, स्थाई। ४ बलवान, जबरदस्त। ५ अविजित। ६ सुन्दर। ७ जो हजम न हो सके।—पु० १ देवता। २ परब्रह्म, ईश्वर। ३ शिव, महादेव। ४ विष्णु। ५ श्री कृष्ण। ६ हनुमान। ७ आत्मा। ८ एक आभूषण।—अमर—वि० जरावस्था व मृत्यु से रहित।—पु० ईश्वर। आशीर्वचन।
अजरख—स्त्री० नहमद, लुंगी।
अजरट, अजरठ—वि० [सं० अ+जरठ] १ नर्म, नाजुक, मुलायम। २ युवा। ३ बलवान। ४ कच्चा। ५ सहृदय।
अजरामरा—स्त्री० एक महा विद्या।
अजरायक, अजरायळ, अजराळ, अजरायर, अजरावळ, अजरेत, अजरेळ, अजरंत, अजरंळ, अजरो—वि० [सं० अजर+रा प्र आयन] १ सदा नवीन।

२ अपरिवर्तनीय । ३ पक्का, दृढ । ४ अमिट । ५ चिर स्थाई । ६ निर्भय, निडर, निशक । ६ शक्तिशाली । ८ चचल, नटखट । ९ उद्दण्ड, उत्पाती । १० पहलवान । ११ वीर, योद्धा । १२ जोशीला । १३ भयकर, भयावह ।

अजवाण, अजवाणी, अजवाइन, अजवायण, अजवायणि, अजवायन–स्त्री० अजवायन, अजमा ।

अजवाळ–१ देखो 'उजळ' । २ देखो 'उजाळौ' ।

अजवाळणौ (बौ)–देखो 'उजाळणौ (बौ) ।

अजवाळी–देखो 'उजाळी' ।

अजस–पु० [स० अ-यश] १ अपयश, अपकीर्ति, बदनामी । २ निंदा, बुराई ।

अजसी–वि० १ यश या कीर्ति विहीन २ निंदित । ३ जो विख्यात न हो ।

अजस्र–क्रि० वि० [स०] १ सदा, सर्वदा । २ निरन्तर, लगातार ।–वि० चिरस्थाई ।

अजहति, अजहत्स्वारथा–स्त्री [स० अजहत्वार्था] लक्षणा शब्द शक्ति का एक भेद ।

अजहद–वि० [फा०] अत्यधिक, अपार, असीम ।

अजहु, अजा–क्रि० वि० अभी तक । अब तक ।

अजाण–वि० [स० अज्ञान] १ अनभिज्ञ, अनजान, अपरिचित । ३ मूर्ख । अज्ञानी । ४ ना समझ ।–ता–स्त्री० अनभिज्ञता, अपरिचय । मूर्खता, अज्ञानता ना समझी ।

अजाणभुग–देखो 'आजान बाहु' ।

अजाणवक, अजाणजक, अजाणजख–देखो 'अचाणक' ।

अजाणवौ, अजाणु–देखो 'अजाण' ।

अजाणियौ, अजाण्यौ–वि० [स० अज्ञान] (स्त्री० अजाणी) १ अपरिचित । २ अज्ञात । ३ अज्ञानी, मूर्ख । ४ जिसे जानकारी न हो ।–क्रि० वि० १ विना जाने ही । २ अकस्मात, अचानक ।

अजान–स्त्री० [अ० अजान] नमाज के लिये मुल्ला द्वारा लगाई जाने वाली आवाज ।–वि० [स० अ+फा० जान] १ प्राणरहित, निर्जीव । २ देखो 'अजाण' ।

अजानभुग, अजानवाह, अजानबाहु–देखो 'आजानबाहु' ।

अजाबिका–स्त्री० १ भादव कृष्णा एकादशी । २ इस तिथि का व्रत ।

अजा–स्त्री० [स०] १ माया शक्ति । २ दुर्गा, पार्वती । ३ प्रकृति । ४ बकरी । ५ भादव कृष्णा एकादशी । ६ इस तिथि का व्रत । [अ०] ७ शोक, मातम, मातमपुर्सी । –वि० जन्म रहित, जो उत्पन्न न की गई हो ।

अजाच, अजाचक, अजाची–वि० [सं० अ+याचक, अ+याची] जो कभी याचना न करे, जिसे कुछ मागने की आवश्यकता न हो । सम्पन्न ।

अजाजती, अजाजिती–स्त्री [फा०] इजाजत, आज्ञा, हुक्म, आदेश । –क्रि० वि० आज्ञा से, हुक्म से ।

अजात–वि० [स०] १ जो अभी उत्पन्न न हुआ हो, अनुत्पन्न । अजन्मा २ जातिहीन, अजातीय । ३ अविकसित ।
—**अरि, सत्र, सत्रु**–वि० जिसका कोई शत्रु न हो । —पु० युधिष्ठिर की एक उपाधि । शिव का एक नामान्तर । मगध नरेश बिंबसार का पुत्र ।

अजाति, अजाती–वि० १ जातिहीन, अजातीय । २ अन्य जाति का, विजातीय । ३ जातिच्युत या बहिष्कृत । ४ पतित ।

अजाथर–पु० [देश] बोझा, वजन । २ सकट, दुख । ३ कलक ।

अजाप–देखो 'अजप' ।

अजामळ, अजामिळ, अजामीळ, अजामेळ–पु० [स० अजामिल] एक पापी ब्राह्मण जो अपने पुत्र 'नारायण' का नाम लेकर तर गया ।

अजामेघ–पु० [स०] एक यज्ञ जिसमे बकरे की बलि दी जाती है ।

अजायब–देखो 'अजब' ।

अजायबखानौ, अजायबघर–देखो 'अजबघर' ।

अजायबी–स्त्री० विचित्रता ।

अजायौ–वि० [स० अजात] जन्म न लेने वाला, अजन्मा । –पु० ईश्वर ।

अजारी–देखो 'इजारी' ।

अजिउ–देखो 'अजै' ।

अजिठा–स्त्री० मृगछाला ।

अजित–वि० [स०] जो जीता न जासके, अजय ।–पु० १ विष्णु । २ शिव । ३ कृष्ण । ४ बुद्ध । ५ अजितनाथ । दूसरा तीर्थकर (जैन) ।—**वीरज, वीरय**–पु० २०वें विहरमान तीर्थ कर ।

अजितेंद्रिय, अजितेंद्रीय–वि० [स० अ-जितेन्द्रिय] इन्द्रियो का वशी भूत, इन्द्रियासक्त, इन्द्रियलोलुप ।

अजिन–स्त्री० [स० अजिनम्] मृगचर्म, मृग छाला ।

अजिय–देखो 'अजित' ।

अजिया–देखो 'अजा' ।

अजीय, अजीयउ–क्रि० वि० यद्यापि अभी, ठीक अभी इस समय ।

अजिर–पु० [स०] १ आगन, सहन । २ चौक । ३ अखाडा । ४ शरीर । ५ इन्द्रियगम्य कोई पदार्थ । ६ पवन, हवा । ७ मेढक ।–वि० १ तेज, तीव्र । २ फुर्तीला, चुस्त ।

अजिहम–पु० [स० अजिह्म] मेढक, दादुर ।–वि० [स अजिह्म] १ सीधा-सादा, सरल । २ ईमानदार । ३ निष्कलंक, बेदाग ।

अजिहमग–पु० [स० अजिह्मग] तीर वाण ।–वि० [स० अजिह्मग] अपनी सीध मे जाने वाला ।

अजीं–देखो 'अजै' ।

अजी–अव्य [स० अयि] १ सम्बोधन सूचक अव्यय शब्द, अरे, ए । २ देखो 'अजै' ।

अजीउ–देखो 'अजै' ।

अजीज–वि० [अ०] १ प्रिय, प्यारा । २ सम्माननीय, प्रतिष्ठित ।–पु० १ मित्र दोस्त । २ सम्बन्धी, रिश्तेदार । ३ देखो 'आजिजी' ।

अजीठौ–पु० स्वर्णकारो का औजार विशेष ।

अजीत–देखो 'अजित' ।

अजीतनाथ–देखो 'अजितनाथ' ।

अजीब–वि० [अ०] १ विलक्षण, विचित्र, अनूठा । २ वह स्थिति जिसके हम आदि न हो । ३ असमान्य अनुभूति ।

अजीय–१ देखो 'अजित' । २ देखो 'अजै' ।

अजीया–देखो 'अजा' ।

अजीरण, अजीरण्ण अजीरण–पु० [स० अजीर्ण] १ अपच, बदहजमी । २ मंदाग्नि । ३ वीर्य । ४ शक्ति, पराक्रम । ५ ओज, पौरुष । —वि० १ पचा हुआ । २ जो जीर्ण न हो, नया ।

अजीरनग्रह–पु०यौ० पारसियो की तीसरी नमाज का अपराह्नकाल ।

अजीव, अजीवन–वि० [स०] १ जीव या प्राण रहित, निर्जीव । २ मृत, मरा हुआ । ३ चेतना, शून्य, मूर्छित । —पु० मृत्यु, मौत ।

अजु–अव्य० १ और, अन्य । २ जो । ३ देखो 'अजे' ।

अजुआळ–देखो 'अजुआळ' ।

अजुआळणौ (बौ)–क्रि १ प्रकाशित करना, रोशन करना, २ उज्ज्वल करना ।

अजुआळौ, (वाळौ)–देखो 'उजाळौ' ।

अजुक्त, अजुगत–वि० [स० अयुक्त] १ जो युक्तियुक्त न हो, अनुचित । २ अयोग्य । ३ जो मिला हुआ न हो, जुडा हुआ न हो । ४ अलग । ५ असत्य, झूठा ।

अजुगति–स्त्री० [स० अयुक्ति] असगत बात । अनुचित बात ।

अजुध्या–देखो 'अयोध्या' ।

अजुसार–पु० वेग ।

अजू–देखो १ 'अजु' । २ देखो 'अजै' ।

अजूणौ–वि० भयकर, डरावना ।

अजूंस–देखो 'अजेस'

अजू–१ देखो 'अजै' । २ देखो 'अजु' ।

अजूआळ–देखो 'उजाळौ' ।

अजूणी–देखो 'अजोणी' ।

अजूबा (बौ)–वि० [अ०] अनोखा, अद्भूत, विचित्र ।

अजूयाळ–देखो 'उजुआळ' ।

अजूयाळउ–देखो 'उजाळौ' ।

अजूह–पु० १ युद्ध, लडाई । २ समूह, यूथ ।

अजे–देखो १ 'अजै' । २ देखो 'अजय' ।

अजेज–क्रि०वि० शीघ्र, तुरन्त अविलंब ।

अजेजौ–वि० जो शीघ्रता करे, उतावला ।

अजेन–देखो 'अजित' ।

अजेय–वि० [स०] जो जीता न जा सके ।

अजेव–१ देखो 'अजीव' । २ 'अजेय' ।

अजेस, अजै क्रि०वि० [स० अद्य] १ अब तक । २ अभी तक ।

अजैण–देखो 'अजयण' ।

अजैपाळ अजैपाळिपौ अजैपाळ्यौ–देखो 'अजयपाल' ।

अजै-विजै, अजै-विजै–देखो 'इजै-विजै' ।

अजोकती, अजोगती–वि० जो युक्तियुक्त न हो । असगत । अप्रासगिक ।—स्त्री० अप्रत्याशित तीर-तुक्का वाली बात ।

अजोग–१ देखो 'अयोग्य' २ देखो अयोग' ।

अजोगाई–स्त्री० [स० अयोग्यता] १ नाकाबलित, अयोग्यता । २ अभाव कमी ।

अजोगौ–देखो 'अयोग्य' ।

अजोग्य देखो 'अयोग्य' ।

अजोग्य-जोग्य-जथा–पु० डिंगल गीत रचना का एक नियम जिसमे अयोग्य के साथ योग्य का वर्णन हो ।

अजोड, अजोडौ–वि० [स० अ+युग्म] १ अद्वितीय, बेजोड । २ अद्भुत, विशेष । ३ विरुद्ध ।

अजोणानाथ–देखो 'अजोणीनाथ' ।

अजोणिय, अजोणी (नी)–वि० [स० अयोनि] १ जिसकी कोई योनि न हो । २ जो उत्पन्न न हुआ हो ।—पु० १ ईश्वर, परमात्मा । २ शिव । ३ ब्रह्मा । –**नाथ**–पु० शकर, ब्रह्म ।

अजोत–वि० ज्योतिहीन ।

अजोधिया, अजोधीया, अजोध्या–स्त्री० [स० अयोध्या]–सरयू नदी के किनारे बसा एक प्राचीन नगर । —**नाथ**–पु० श्रीरामचन्द्र ।

अजोरी–वि० अद्वितीय ।

अजोरौ–वि० निर्बल, कमजोर, अशक्त ।

अजौं–क्रि० वि० [स० अद्य] अब तक, अब भी ।

अजौ—वि० [स० अज+रा० औ] १ अजन्मा, जन्मरहित। [फा० अजव] २ अजव, अद्‌भुत। —पु० १ ब्रह्मा। २ वकरा।

अज्ज—पु० [स० आर्यावर्त्त] १ भारतवर्ष। २ देखो 'अज'।

अज्जण—देखो 'अजन'।

अज्जमडल—पु० भारतवर्ष।

अज्जव—देखो 'अजव'।

अज्जाणचक, अज्जाणजक, अज्जाणजक—देखो 'अचाणक'।

अज्जाणवौ—देखो 'अजाण'।

अज्जा, अज्या—देखो 'अजा'।

अज्जुण—देखो 'अरजुण'।

अज्यास, अज्यासौ—पु० १ अशाति। २ असतोप। ३ अविश्वास। ४ क्षोभ। ५ अस्थिरता। ६ अनिश्चय।

अझड़, अझर—वि० १ न वरसने वाला। २ न झडने वाला।

अझळकणौ (बौ)—क्रि० उत्तेजित होना, आपे मे न रहना।

अझाळ—वि० १ देदीप्यमान, तेजस्वी। २ ज्वालास्वरूप। ३ पराक्रमी।

अटकौ—वि० १ निशक, निडर। २ जवरदस्त। ३ अधिक।

अटक—स्त्री० १ रुकावट, रोक। २ वाधा, अडचन। ३ उलझन दुविधा, हिचक। ४ सिंधु नदी का नाम। ५ परहेज। ६ कारागृह, जेल।

अटकण, अटकणी—स्त्री० १ रोक या वाधा देने वाली वस्तु। २ सहारा। ३ अर्गला, रोक।

अटकण-वटकण—पु० यौ० एक देशी खेल।

अटकणौ, (बौ)—क्रि० १ रुकना, अटकना। २ उलझना, फसना। ३ रुक-रुक कर वोलना, हकलाना। ४ अडना। ५ डिगना ६ रोकना।

अटकळ, (पच्चू)—स्त्री० १ तरकीव, युक्ति। २ अनुमान, अदाज। ३ कल्पना।

अटकळणौ (बौ)—क्रि० १ तरकीव या युक्ति लगाना, उपाय करना। २ अनुमान या अन्दाज लगाना। ३ कल्पना करना।

अटकाण—देखो 'अटकण'।

अटकाणौ (वौ)—क्रि० १ रोकना, अटकाना। २ उलझाना, फसाना। ३ अडाना। ४ डिगाना।

अटकाव—पु० १ रुकावट। २ वाधा। ३ विघ्न। ४ परहेज़। ५ अडचन।

अटकावणौ, (बौ)—देखो 'अटकाणौ, (वौ)।

अटकौ—पु० देव-मदिरो मे नैवेद्य वनाने का वडा पात्र व नैवेद्य। २ देखो 'अटकाव'।

अटक्कणौ, (बौ)—देखो 'अटकणौ' (वौ)।

अटखेल, (ली)—[स० अष्ट-क्रीडा] १ मनोरजन, दिल वहलाव। २ खेल, क्रीडा। ३ कौतुक। ४ मखौल, मजाक। ५ ढीठाई, चचलता। ६ मस्तचाल।

अटण—पु० [स० अतन] १ पैर, चरण। २ पर्यटक, यात्री।

अटणौ (वौ)—क्रि० [स० अतनम्] १ चलना, फिरना। २ घूमना। ३ यात्रा या भ्रमण करना।

अटपट—१ देखो 'अटपटौ'। २ देखो 'अटपटी'।

अटपटाई—स्त्री० १ अडचन, असुविधा। २ झुंझलाहट। ३ असुहावनी। ४ हिचक।

अटपटाणौ, (बौ), अटपटावणौ, (बौ)—क्रि० १ अटपटा लगना। २ झुझलाहट होना। ३ हिचकना। ४ घवराना। ५ असुविधा होना।

अटपटी—वि० १ तिरछी, टेढी। २ नटखट, चचल। ३ विचित्र, अद्‌भुत। ४ चुभने वाली, असुहावनी। ५ उलझन वाली।

अटपटौ—वि० १ टेढा-मेढा। २ कठिन, विकट, दुस्तर, गूढ गहरा। ३ अनुचित, अनोखा।

अटम-सटम—वि० यौ० १ अंट-सट। २ वेतरतीव।

अटयासी—देखो 'इठियासी'।

अटयासीयौ—देखो 'इठियासियौ'।

अटळ, अटल—वि० [स० अटल] १ न टलने वाला, अडिग। २ दृढ, पक्का। ३ ध्रुव। ४ नित्य, शाश्वत। ५ अवश्यभावी। ६ अचल, स्थिर।

अटळज—स्त्री० पृथ्वी, भूमि।

अटल्ल—देखो 'अटल'।

अटवि, (वी)—स्त्री० [स०] १ वन, जगल। २ हिंस्र जतुओ का आवास स्थान।

अटव्यासण (न)—पु० जगल का निवास, वनवास।

अटसट—देखो 'अडसठ'।

अटान—देखो 'अटा'।

अटामण—देखो 'अटायन'।

अटा—स्त्री० १ अटारी। २ वादलो की घटा।

अटाट्ट—वि० १ विलकुल, नितान्त। २ अत्यधिक।

अटाटोप—वि० १ आच्छादित। २ आवृत्त।

अटायण (न)—स्त्री० खाट की निवार।

अटारी—स्त्री० [स० अट्टाल] १ मकान की दूसरी मजिल। २ प्रासाद, महल।

अटाळ—स्त्री० [स० अट्टाल] १ ऊचा स्थान। २ वुर्ज, मीनार। ३ कोठा। ४ मचान। ५ विवाह के अवसर पर उपयोग मे लिया जाने वाला एक प्रकार का उवटन। ६ देखो 'औटाल'।

अटाळि, अटाळिका—स्त्री० [स० अट्टालि, अट्टालिका] १ महल, भवन। २ राज्य-प्रासाद। ३ अटारी।

अटाळौ–पु० [स० अट्टाल] १ बेकार वस्तुओं का ढेर। २ कचरा, कूड़ा।

अटूटळ (ळौ)–वि० (स्त्री० अटूटळी) १ अपाहिज। २ पगु।

अटूट–वि० [स० अ+त्रुट] १ न टूटने वाला, अखड। २ निरन्तर। ३ दृढ, मजबूत। ४ अपार, अनत। ५ अजेय।

अटे, (टै)–देखो 'अडै'।

अटेर–वि० १ न मुडने वाला। २ विजयी।

अटेरण, अटेरणौ–पु० सूत की लच्छी बनाने का उपकरण।

अटेरणौ, (बौ)–क्रि० १ सूत को लपेटना, लच्छी बनाना। २ अधिक भोजन या नशा करना।

अट्ट–देखो 'अटारी'।

अट्टहास, (स्य)–पु० [स० अट्टहास, अट्टहास्यम्] अत्यधिक जोर से हसने की क्रिया, भाव या शब्द, ठहाका।

अट्टी–स्त्री० १ सूत की लच्छी। २ आधी दमडी। ३ देखो 'आटी'। ४ देखो 'अठी'।

अट्टौ–पु० [स० अट्टम्] १ मचान। २ अदल-बदल। ३ देखो 'अट्टी'।

अट्ठ-देखो 'आठ'।

अट्ठाणमौ–वि० अठाणू के स्थान वाला।

अट्ठाणू–वि० नव्वे और आठ के योग के बराबर। —पु० नव्वे और आठ के योग की सख्या, ९८।

अट्ठाणूक–वि० अट्ठानवे के लगभग।

अट्ठाइस, अट्ठाईस–वि० [स० अष्टविंशति] बीस और आठ के बराबर। बीस और आठ के योग की सख्या, २८।

अट्ठाइसौ–पु० अट्ठाइसवा वर्ष।

अट्ठोत्तर, अट्ठोत्तरसउ अट्ठोत्तरसौ–पु० [स० अष्ट-उत्तर-शत] एक सौ आठ की सख्या।

अठतर–देखो 'इठतर'।

अठतरौ–देखो 'इठतरौ'।

अठ–देखो 'आठ'।

अठप–वि० [देशज] १ चचल। २ न रुकने वाला। ३ दृढ।

अठकळ–देखो 'अटकल'।

अठकेल, (ली), अठखेल, (ली)–देखो 'अटखेल'।

अठडोतर–पु० एक सौ आठ की सख्या।

अठताळौ–पु० १ डिंगल का एक गीत या छन्द। २ देखो 'अडताळौ'।

अठतीस (त्रीस) देखो 'अडतीस'।

अठत्तर–देखो 'इठतर'।

अठत्तरमौ–देखो 'इठतरमौ'।

अठपेटू–वि० [स० अष्ट-पटल] आठ पार्श्व या कोने वाला। —पु० १ अठपहला। २ अष्ट भुजा।

अठमासियौ, अठमासौ–पु० १ आठ मासे का तोल। २ गर्भ के आठवें मास से उत्पन्न शिशु।—वि० आठ महीने का।

अठयासियौ–देखो 'इठियासियौ'।

अठयासी–देखो 'इठियासी'

अठळाणौ (बौ), अठळावणौ, (बौ)–क्रि० १ इठलाना, इतराना। २ नखरे करना, चोचले करना। ३ गर्व करना। ४ मदोन्मत्त होना।

अठवाडौ–पु० १ आठ दिन का समय या अवधि। २ आठवा दिन।

अठवाळी–स्त्री० [स० अष्ट+आलुच] आठ कहारो द्वारा उठाई जाने वाली डोली।

अठसठ, (ठि)–देखो 'अडसठ'।

अठस्रवण–पु० [स० अष्ट-श्रवण] ब्रह्मा। —वि० आठ कानो वाला।

अठाणवौ–देखो 'अट्ठाणमौ'।

अठाणी–वि० [स० अष्ठगु] १ दृढ, मजबूत, अडिग। २ आठ। ३ बलवान, शक्तिशाली। ४ अधिक, बहुत।

अठाणू–देखो 'अट्ठाणू'।

अठाणूक–देखो 'अट्ठाणूक'।

अठास–वि० १ दृढ, मजबूत। २ गभीर। ३ वीर।

अठाइ, अठाई–स्त्री० अष्ट दिवसीय व्रत। (जैन) २ देखो 'अट्ठाइस'।

अठाइसौ–देखो 'अट्ठाइसौ'।

अठाउ, अठाऊ–क्रि० वि० यहा से, इधर से।

अठाणू–देखो 'अट्ठाणू'।

अठार, (रे)–वि० [स० अष्टादश] दस और आठ के बराबर। —पु० १ दस और आठ की सख्या। २ पुराणो की सख्या–सूचक शब्द। ३ चौसर का एक दाव।

अठारटकी देखो 'अढारटकी'।

अठारभार–पु० अष्टादश भार वनस्पति।

अठारह–वि० दस व आठ के बराबर। —पु० दस व आठ के योग की सख्या, १८।

अठारौ–पु० अठारह का वर्ष।

अठालग–क्रि०वि० यहा तक।

अठावन–वि० पचास व आठ। —पु० अट्ठावन की सख्या, ५८।

अठावनौ–पु० अठावन का वर्ष।

अठावीस–देखो 'अट्ठाइस'

अठासी–देखो 'इठियासी'।

अठि (ठी)–क्रि०वि० [स० इतस्] १ यहा। २ इधर। —वि० [स० अष्ट] १ आठ। २ देखो 'आठी'।

अठिकाणी–(नी)–क्रि० वि० इधर, इधर से, इधर की ओर।

अठिनाउ (ऊ)–क्रि०वि० यहा से, इधर से।

अठी–क्रि०वि० इधर, यहाँ।

अठी-उठी–क्रि०वि० [अनु०] यहा-वहा, इधर-उधर।
अठीक–वि० झूठ, मिथ्या।
अठीनलौ, अठीलौ–वि० (स्त्री० अठीनली, अठीली) इधर का।
अठीनै–क्रि०वि० इस तरफ, इस ओर।
अठीफौ–वि० (स्त्री० अठीफी) हृष्ट-पुष्ट, मजबूत।
अठीलौ–वि० (स्त्री० अठीली) इस ओर का, इधर का।
अठे (ठै)–क्रि०वि० यहा, यहा पर।
अठेल, अठेलमौ–वि० १ जिसे हटाया न जा सके, अचल। २ वीर ३ बहुत, अपार।
अठोकौ–वि० १ शक्तिशाली, बलवान। २ दृढ, मजबूत। ३ वीर।
अठोट, अठोठ–वि० १ पढा-लिखा। २ विद्वान्।
अठोतर–देखो 'इठतर'।
अठोतरसौ–पु० [स० अष्ट-शत] १०८ की सख्या।
अठोतरी-स्त्री० १०८ मनिको की माला।
अठोतरौ–देखो 'इठतरौ'।
अठोर, अठोरी–वि० दृढ, मजबूत। २ तीव्र, तेज।
अठ्ठी–१–देखो आठी'। २ देखो 'अठि'।
अठ्ठे, अठ्ठै–देखो 'अठे'।
अठ्ठौ–पु० डिंगल का एक गीत (छद)।
अडगावाज–देखो 'अडगावाज'।
अडगौ–देखो 'अदगौ'।
अडड–देखो १ 'अदड'। २ देखो 'उदड'।
अडंडणीय–वि० [स० अदण्डनीय] जो दड पाने योग्य न हो, अदण्ड्य।
अडडा-डड–वि० जिसको दण्ड देने की सामर्थ्य न हो, उसे भी दण्ड देने वाला।–पु० ईश्वर।
अडबर–देखो 'आडबर'।
अडकारणौ, (बौ)–क्रि० १ मारना, वध करना। २ खाना, हजम कर जाना।
अडग, अडगी–देखो 'अडिग'।
अडगनियौ– देखो 'ओगनियौ' (मेवात)।
अडपणौ (बौ)–क्रि० १ हठ या जिद्द करना। २ साहस करना। ३ अपनी वात पर अडिग रहना।
अडपेंच, अडपेच–पु० पगडी की पडी लपेट।
अडवध–देखो 'आडवध'।
अडर–वि० डररहित, निडर।
अडळ–पु० सोलह मात्रा का छद जिसमे लघु-दीर्घ का नियम न हो।
अडवाणी–स्त्री० १ सिंचाई की क्रिया। २ सिंचाई की भूमि।
अडवाळणौ (बौ) -क्रि० अधिकार या वश मे करना।
अडांण–पु० १ मकान वनाते समय लट्ठे वाध कर वनाया जाने वाला चढने-उतरने का रास्ता। २ ऊची एव खडी दीवार पर पुताई आदि करते समय रस्से वाध कर वनाया जाने वाला आधार। ३ कमजोर छत के नीचे लगाया जाने वाला सहारा।
अडाणी, अडाणू, अडाणौ–वि० गिरवी, रेहन।—स्त्री० १ गिरवी रखने की क्रिया या भाव। २ गिरवी रखी हुई वस्तु।
अडाइ, अडाई–देखो 'अढाई'।
अडागर–पु० एक प्रकार की नागरवेल व उसका पत्ता।
अडायटौ–पु० ओढने का सूती वस्त्र।
अडारगिर–देखो 'अढारगिर'।
अडारटकी–देखो 'अढारटकी'।
अडारौ–पु० अजीर्ण, अपच।
अडिग–वि० १ स्थिर, अचल। २ दृढ, मजबूत। ३ वीर।
अडिला, अडिल्ला–पु० सोलह मात्राओ का छद जिसमे 'जगण' वर्जित है।
अडींग–वि० १ जवरदस्त, भयकर। २ वलवान।
अडीक–देखो 'उडीक'।
अडीकणौ (बौ)–देखो 'उडीकणौ' (वौ)।
अडीठ–वि० [स० अदृश्य] १ अदृश्य, लुप्त। २ छुपा हुआ, गुप्त। ३ दृष्टि से परे। ४ अन्तर्धान। —पु० १ एक प्रकार का विषैला फोडा। २ दुर्भाग्य। ३ प्राकृतिक उत्पात। **–चकर**, चक्र-पु० दैवी प्रकोप। भाग्य का चक्र।
अडीरळ–वि० १ वीर, वहादुर। २ भयकर।
अडील (लौ)–वि० १ विना शरीर का, देहविहीन। २ दृढ।
अडूर–वि० १ अत्यधिक, वहुत। २ निडर, निर्भय।
अडेल–वि० १ अडियल। २ सुस्त।
अडोकण–पु० लुढकने वाली वस्तु को स्थिर रखने के लिए लगायी जाने वाली वस्तु, रोक।
अडोळ (ळौ)–वि० (स्त्री० अडोळी) १ अचल स्थिर। २ स्तब्ध ३ विना गढ़ा हुआ। ४ सूखा हुआ। ५ आभूषण रहित। —पु० १ पहाड। २ वडा पत्थर।
अडोळणौ (बौ)–क्रि० १ मारना, वध करना। २ भक्षण करना खाना। ३ भ्रमण करना। ४ देखो 'डोळणौ' (वौ)।
अड्डौ–पु० ठहरने का स्थान। २ जूआरियो या आवारा व्यक्तियो के बैठने का स्थान। ३ वेश्याओ का स्थान, चकला। ४ केन्द्र स्थान। ५ वास की पट्टी का गोला जिसमे कपडा फसा कर कसीदा किया जाता है। ६ स्वर्णकारो का औजार विशेष।
अढगाण, अढंगी, अढगौ–वि० १ विकट, दुर्गम। २ भयकर। ३ अनोखा, विचित्र। —पु० कामदेव।
अढढढ–अव्य० खेद, क्लेश, शोक या आश्चर्य सूचक ध्वनि।
अढ़तौ–वि० १ समान, वरावर। २ विशिष्ट।

अढर–वि० १ सुदर । २ दृढ, मजबूत ।
अढरह–देखो 'अठारह' ।
अढ़ळक–वि० उदार ।
अढवौ–वि० १ अधिक । २ विशेष । ३ अद्‌भुत ।
अढ़ाई–वि० दो आधे के बराबर, ढाई । —पु० ढाई की सख्या, २॥ या २½ ।
अढाइटौ–देखो 'अडायटौ' ।
अढ़ायौ–पु० ढाई का पहाडा ।
अढ़ार–वि० १ अत्यधिक । २ देखो 'अठारह'—टक, टंकी–धनुष विशेष ।
अढ़ारगर, (गिर, गिरि, गिरी)–पु० १ आबू पर्वत का एक नाम । २ अठारह भार वनस्पति वाला पर्वत ।
अढ़ारदानी–स्त्री० एक प्रकार का दीपक ।
अढ़ारभार–देखो 'अठारभार' ।
अढ़ारियौ–वि० लफगा ।
अढ़ारे (रै)–देखो 'अठारह' ।
अण–देखो 'अणु' ।
अणक–पु० गर्व अभिमान ।—ळ–वि० दोप रहित, निष्कलक । निर्भय, निडर । वीर । स्वाधीन, स्वतत्र । अपार, असीम ।
अणजर–पु० ईश्वर ।
अणत–देखो 'अनत' ।
अणतचोदस (चौदस)–देखो 'अनतचतुरदसी' ।
अणद–देखो 'आनद' ।
अणवर–देखो 'अणवर' ।
अण–वि० विना, वगैर ।—वि० अन्य, दूसरा । देखो 'इण' । —अजन–पु० ईश्वर । —अपराध–पु० निरपराध । —अवसर–पु० कुअवसर, वेमौका । अवकाश का अभाव । —उदम–पु–वेकारी । —कमाऊ–वि० निठल्ला, निकम्मा । —कळळ–पु० विष्णु । शिव । —कूत–वि० विना आका हुआ । —खीलियौ, खीलौ–वि० वधन रहित ।—खूट–वि० अक्षय ।—गणत, गिणत, गिणती–वि० अगणित, विना गिना —गंम, गम, गम्य–वि० अगम्य ।—गेम–वि० निष्पाप, अपार, वहुत । निष्कलक ।—चर–वि० अचर, जड ।—चायौ, —चाहत, चाहौ–वि० अनीच्छित ।—चेत–वि० अचेत । —छेह–वि० अपार ।--जाण–वि० अनजान ।--जाची–वि० अयाची । —जीत–वि० अपराजित ।–जीमियौ–वि० भूखा । —जेज–क्रि०वि० अविलव । —डग–वि० अडिग । —डीठ–वि० अदृश्य । —डोल, डोलक–वि० अचल, स्थिर । —तोल–वि० अपरिमित । शक्तिशाली, वलवान । —थग, थाग, थाह–वि० अथाह, गभीर । —थिर–वि० अस्थिर, चचल । —दगियौ, दव, दाग, दागळ —वि० वेदाग, अदग्ध । —दिट्ठौ–वि० अदृश्य । —देह,देही–वि० निराकार । अशरीर ।-धार–वि०निराधार । —अधिकार–वि० अनधिकृत । —धीर–वि० अधीर । —ध्याय–पु० अवकाश, छुट्टी । —नाथ–वि० लावारिस । —नमियौ, नामी–वि० अनम्र । हठी, जिद्दी । वीर । —नीतौ–वि० अन्यायी —पढ़, पढ़ियौ–वि० अपठित । अनपढ । मूर्ख । —पाण–वि० अत्यधिक शक्तिशाली । —पार–वि० अपार । —पीणग–वि० न पीने वाला । —फेर–वि० न फिरने वाला, वीर । —बध–वि० अपार । —वधव–वि० वधु या मित्र रहित । —बीह–वि० निडर । —वोल, बोलियौ, बोलौ–वि० मौन, मौनी । गू गा, मूक । —भग, भंगी, भंगौ—वि० अखड । अमिट । अटूट । वीर । —पु० सिह, शेर । गरुड । —भग–वि० न भागने वाला । —भजियौ–वि० नास्तिक । —भणियौ–वि० अनपढ । —भाय, भावतौ- भावियौ–वि० अवाछित । —मानेतण, —मानेती–वि० मान्यताहीन । दुहागिन । [—माप, मापौ, मापै–वि० असीम, अपार —मायौ, माव, मावतौ–वि० असीम, अपार । —मिळिया–क्रि० वि० वगैर मिलै । —मीत–वि० अपार, असीम । —मोल, मोलौ–वि० अमूल्य । —रतौ, रागी -वि० वैरागी, विरक्त । मादा । —रुचि–स्त्री० अरुचि । —रूप–वि० निराकार । —लेख, लेखे–वि० अगोचर । अपार । —वंछक, वछी–वि० शत्रु । अवाछनीय । —वारीया–क्रि० वि० इस समय, अभी । विद्या—स्त्री० अविद्या । —विलोयौ–वि० विना मथा हुआ । — सकौ, सख–वि० निशक । —सोम–वि० असौम्य । —हद–वि० वेहद । —हित–पु० अहित । —हितु, हितू–वि० शत्रु । —हुतौ, हूत–वि० अनहोनी । गैर वाजिव । असभव । —हूतौ–अशोभनीय ।—हूंणी, होणी—वि० अनहोनी ।
अणक–वि० [स०] १ कुत्सित, निंदित । २ छोटा तुच्छ । ३ अधम, नीच । ४ अभागा ।
अणकळ–वि० १ वीर । २ निष्कलक । वेदाग । ३ शुभ्र । ४ अपार । ५ वेचैन । ६ स्वतत्र, निर्भय, निर्भीक । —क्रि०वि० विना विचारे ।
अणकानी–क्रि०वि० इस ओर ।
अणकीलौ–वि० १ तुनक मीजाज । २ ईर्ष्यालु ।
अणख–पु० [स० अनक्ष] १ क्रोध, कोप । २ दुख । ३ ग्लानि । ४ ईर्ष्या । ५ भुझलाहट । ६ नजर ।
अणखणाट–स्त्री० नाराजगी, उदासीनता, अट-पटी ।
अणखणौ (बौ)– क्रि० १ ईर्ष्या करना । २ टोकना । ३ चिढाना । ४ तिरस्कार करना ।
अणखरव–वि० १ वहुत, अधिक । २ अपार ।
अणखळी–स्त्री० भूगी, चापड ।

अणखादी, (धी)–क्रि॰वि॰ अकारण, बेकार में।
अणखावणा, (णौ) वि॰ १ अप्रिय। २ खिन्नचित्त।
अणखीं (लौ)–वि॰ १ क्रोधी। २ ईर्ष्यालु। ३ खिन्न।
अणगज–पु॰ १ कामदेव। २ वीर।
अणगम–देखो 'अगम'।
अणगळ–वि॰ १ बिना छना हुआ। २ अपार, असीम।
अणगारौ–पु॰ १ साधु। २ त्यागी।
अणगाळ–वि॰ वीर।
अणगिरा (त)–वि॰ अपार, असीम, बेहद।
अणगेम–वि॰ निष्कलक, बेदाग।
अणगौ–पु॰ श्रावण शुक्ला चतुर्दशी का आयोजित एक नागव्रत।
अणघड–वि॰ बेडौल।
अणचिंत, अणचिंतव्यौ, अणचित्यौ, अणचींतौ, अणचींत्यौ–वि॰ १ अकस्मात, अचानक, सहसा। २ असभव, अनहोनी।
अणचूक–देखो 'अचूक'।
अणचेत–देखो 'अचेत'।
अणछक–क्रि॰वि॰ अकस्मात, सहसा। वि॰ अपार, असीम।
अणछाणियौ (छांण्यौ)–वि॰यौ॰ बिना छाना हुआ।
अणडंड–वि॰ अदंडनीय।
अणत–पु॰ [स॰ अनन्त] १ भुजा पर बाधने का ताम्राभूषण। २ चौदह गाठो वाला सूत का गडा। ३ देखो 'अनत'।
—**मूळ**–पु॰ जगली चमेली। एक औषधि।
—**विजय**–पु॰ युधिष्ठिर के शख का नाम।
अणतियौ–वि॰ अनन्त चतुर्दशी का व्रत रखने वाला।
अणदी–स्त्री॰ [देश] कुए की मोट के रस्से से जुडा लकडी का एक उपकरण।
अणदोह–देखो 'अदोह'।
अणपार–देखो 'अपार'।
अणबूझ–देखो 'अबूझ'।
अणभिग, अणभिग्य–वि॰ [स॰ अनभिज्ञ] १ अज्ञानी। २ अनजान। ३ अनाडी। –**ता**–स्त्री॰ अज्ञानता। अनाडीपन।
अणभेव, (भं, भेव)– वि॰ १ प्रत्युत्पन्नमति। २ विचित्र, अद्‌भुत। ३ निडर, निर्भय। ४ मौलिक उपज वाला।
अणमण, (णौ)–देखो 'उनमनौ'।
अणमा–देखो 'अणिमा'।
अणमौत–क्रि॰ वि॰ बेमौत, अकाल, असमय।
अणराय–देखो 'अणाय'।
अणरेस, अणरेह, अणरेहौ–वि॰ [स॰ अन्-रेखा] १ अपार, असीम। २ निराकार। ३ रेखाहीन। ४ निष्कलक। ५ विजयी। –स्त्री॰ पराजय।
अणवण, (त)–स्त्री॰ १ अनबन, खटपट। २ विरोध। ३ मनमुटाव।
अणवर–पु॰ विवाह के समय साथ रहने वाला दुल्हे का साथी या दुल्हिन की साथिन।
अणसभ, (व)–देखो 'असभव'।
अणसाधु–देखो 'असाधु'।
अणसार–देखो 'असार'।
अणसुणियौ, (णी, णौ)–वि॰ बिना सुना, अनसुना, अश्रुत।
अणसुभ (सुभ)–देखो 'असुभ'।
अणसूया–देखो 'अनसूया'।
अणसैंदाई–स्त्री॰ अपरिचय, वि॰ अपरिचित।
अणसैंदौ (धौ)–वि॰ अपरिचित, अजनबी।
अणहद (नाद)–१ देखो 'अनहद'। २ देखो 'अनाहत'।
अणहार–पु॰ १ अनाहार व्रत। २ जय-विजय।
अणहार (हारी)–देखो 'उणियार'।
अणागम–पु॰ [सं॰ अनागम] १ आगमन का अभाव। २ अज्ञान।
अणाद, (दि)–देखो 'अनादि'।
अणादर–पु॰ अनादर।
अणाय–स्त्री॰ याद, स्मृति।
अणाळ–पु॰ झूठ, असत्य।
अणावडौ, (णौ)–पु॰ [देश॰] याद, स्मृति।
अणावौ–१ देखो 'आणौ'। २ देखो 'अणावडौ'।
अणास–स्त्री॰ कठिनाई।
अणाहार–पु॰ अभक्ष्य पदार्थ (जैन)।
अणि, (णी)–स्त्री॰ [स॰] १ सुई, भाला आदि की नोक। २ शस्त्र की धार। ३ किनारा, कौना। ४ सीमा, हद। ५ सिरा। ६ भाला। ७ धुरी। ८ शिखर। [स॰ अनीक] ९ सेना, फौज। १० सेना का अग्रभाग। ११ देखो 'इण'।
—**आळी**–स्त्री॰ कटार, टिटहरी। —**पति**–पु॰ सेनापति।
—**पाणी**–स्त्री॰ मान प्रतिष्ठा, बल। –**भमर, मल**–वि॰ वीर।
—**मेळ**–पु॰ शस्त्र सघर्ष भिडत, टक्कर। –**यार**–वि॰ नुकीला, पैना। —स्त्री॰ आकृति, शक्ल। —**याळा, याळौ**–वि॰ नोकदार, तीक्ष्ण। –पु॰ ऊट, भाला।
अणिमा–स्त्री॰ [स॰] १ लघुता। २ अष्ट सिद्धियो मे से एक। ३ अति सूक्ष्म परिमाण।
अणिय–पु॰ १ कानो का अग्रभाग। २ देखो 'अणि'।
अणियाभमर, (भवर)–पु॰ १ सेनापति। २ योद्धा। ३ शौकीन व्यक्ति।
अणियारे (रै)–अव्य॰ शक्ल से मिलता-जुलता।
अणिहारौ–पु॰ शक्ल, सूरत, चेहरा।
अणीक–स्त्री॰ [स॰ अनीक] १ सेना, फौज। २ झुण्ड, दल। —वि॰ बुरा, खराब।
अणीखा, (खौ)–वि॰ [स॰ अनक्ष] १ भयानक, भयकर। २ जिसके सामने न देखा जा सके।

अणुंताई–स्त्री० १ हद से बाहर बात । २ अन्याय । ३ उद्दण्डता ।
अणुंतो–वि० स्त्री० अणूती, अति करने वाला, उद्दण्ड ।
अणु (णू)–पु० [सं० अणु] १ परमाणु सबंधी । २ कण, जर्रा । ३ रजकण । ४ लेश मात्र । ५ विष्णु । ६ शिव । ७ नैयायिकों द्वारा स्वीकृत पदार्थ विशेष जो पदार्थों का मूल कारण होता है । —वि० १ अत्यल्प । २ सूक्ष्म । ३ लघुतम । —पातक–पु० ब्रह्म हत्या के बराबर पाप । —बंध–देखो 'अनुबंध' । —भामा–स्त्री० विद्युत । —राव–पु० अनुकरण । —वाद–पु० दर्शन शास्त्र का सिद्धांत । —वीक्षण–पु० सूक्ष्म पदार्थ देखने का यन्त्र । —हाणौ–वि० नंगे पैर ।
अणुकंपा–देखो 'अनुकंपा' ।
अनुबंध–देखो 'अनुबंध' ।
अणुवाद–सं पु० [सं० अणुवाद] १ सिद्धान्त विशेष जिसमें जीव या आत्मा अणु माना गया है २ सिद्धान्त विशेष जिसमें पदार्थों के अणु नित्य माने गये हैं । ३ देखो 'अनुवाद' ।
अणुव्रत–पु० श्रावक के बारह व्रतों में से प्रथम पांच व्रत ।
अणुहार–देखो 'उणियार' ।
अणुहारौ–देखो 'उणियारौ' ।
अणूंत–स्त्री० १ शैतानी, बदमाशी । २ अन्याय । ३ असम्भव कार्य । ४ अभाव ५ बेहद ।
अणूंतौ (अणूंतौ)–वि० (स्त्री० अणूंती) १ बदमाश, उद्दण्ड । २ अन्यायी, आतताई । ३ चंचल, चपल । ४ अत्यधिक ।
अणूहार–देखो 'उणियार' ।
अणूहारौ–देखो 'उणियारौ' ।
अणे, (णै)–पु० रथ ।—अव्य० और ।–तौ–वि० असभव ।
अणेवर–स्त्री० दुल्हिन की सहचरी ।
अणेसौ–पु० १ दुःख, शोक । २ मानसिक कष्ट । ३ विरह । ४ आशंका । ५ ईर्ष्या, डाह ।
अणोआई, अणोई, (हाई)–स्त्री० श्वास रोग, दमा ।
अणोखौ–देखो 'अनोखौ' ।
अणोटपोळ–पु० स्त्रियों के पांव का आभूषण ।
अतक–देखो 'आतंक' ।
अतग–वि० दक्ष, निपुण ।
अतत–देखो 'अत्यत' ।
अतद्र–वि० १ निरालस्य, चंचल । २ विकल, आतुर ।
अत, (त)–वि० [सं० अति] १ अत्यधिक, बहुत । २ उच्चतर, श्रेष्ठतर । ३ बेहद । —स्त्री० १ अधिकता । २ शीघ्रता । —पु० ३ ईश्वर, परब्रह्म । ४ अधिकता सूचक उपसर्ग । —क्रि०वि० यहां, इस जगह ।–एव–क्रि०वि० इसलिये, इस प्रकार । —खम–पु० भाला । —ताई–वि० आततायी । —प्रसंग–पु० अत्यन्त मेल । अति विस्तार । व्यभिचार । —प्राण–वि० बलवान, शक्तिशाली ।–बेध–पु० युद्ध, समर । —सय–वि० अतिशय ।
अतंग, (गौ)–वि० [सं० उत्तुंग] ऊंचा, उच्च ।
अतट, अतड–पु० १ पर्वत-शिखर, चोटी । २ टीला । ३ समुद्र, सागर ।
अतण, (णौ)–पु० [सं० अतन] १ कामदेव । २ ईश्वर, ब्रह्म । —वि०१ तन रहित । २ निर्बल । ३ पुंसत्वहीन ।
अतमभवन, अतमभू–देखो 'आतमभू' ।
अतरंग–वि० १ तरंग रहित । २ शान्त । —पु०शान्त समुद्र ।
अतर (ह)– वि० १ अधिक, बहुत । २ तिरने में कठिन । —पु० १ समुद्री । २ देखो 'अत्तर' । ३ देखो 'इतर' ।
अतरुज–देखो 'अतळूज' ।
अतरे (रैं)–क्रि०वि० १ इतने में । २ इस अवसर पर ।
अतरोक–वि० [स्त्री० अतरी] १ इतना । २ अधिक ।
अतरौ–वि० [स्त्री० अतर] १ इतना । २ अधिक ।
अतळ, (ळौ)–वि० [सं० अतल] १ तल रहित । २ बिना पेंदे का । ३ अधिक । ४ निकृष्ट । —पु० [सं० अतलम्] दूसरा पाताल ।
अतळस, (स्स)– पु० [अ०] एक प्रकार का रेशमी वस्त्र ।
अतळसी–वि० अतलस का, अतलस संबंधी । –पु० खोजाओं का एक भेद ।
अतळा–स्त्री० [सं० अचला] १ भूमि । २ नेत्रों की सुन्दरता ।
अतळाग–स्त्री० [देश०] याद ।
अतळीवळ (वर)– देखो 'अनिवळ' ।
अतळुज–स्त्री० श्वास नली में होने वाली खरखराहट ।
अतळौ–वि० १ आधार शून्य, खराब, बुरा ।
अतवार–वि० १ बेहद, अपार । २ देखो 'आदितवार' । ३ देखो 'एतबार' ।
अतस, अतसय–पु० [सं० अतिशय] बहुत, अधिक, अपार ।
अतसी–स्त्री० अलसी ।
अता–देखो 'इता' ।
अताई–वि० १ अधिक । २ आततायी । ३ देखो 'इत्तई' ४ देखो 'इताई' ।
अताक–वि० गुप्त ।
अताग–वि० [सं० अत्याज्य] १ त्यागने योग्य । २ देखो 'अथाग'
अतागे, (गैं)– क्रि०वि० जल्दी, शीघ्र ।
अतात–वि० निराश्रित, अनाथ । –पु० ईश्वर ।

अतार–पु० (स्त्री० अतारी) १ पसारी । २ आततायी, दुष्ट । ३ मुसलमान । ४ देखो 'अत्तार' ।

अतारा (रा)–क्रि०वि० इतने मे ।

अतारी–वि० १ शीघ्रगामी, तेज । २ चचल ।

अतारु, (रू)–देखो 'अतेरु' ।

अतारौ–वि० अधिक, बहुत ।

अताळ–वि० १ अत्यधिक । २ भयकर । ३ तीव्र । ४ शीघ्र ।

अताळी–वि० (स्त्री० अनाळी) १ बलवान । २ दृढ, मजबूत । ३ भयकर । ४ तीक्ष्ण । ५ देखो 'उतावळी' ।

अति–वि० [स०] अधिक, ज्यादा ।–स्त्री० अधिकता, ज्यादती । **—कम, कमरण, क्रम, क्रमरण**–पु० सीमोल्लघन । अपमान । **—काय**–वि० मोटा, स्थूल । **—कांत**–वि० अत्यन्त कातिवान, बीता हुआ । **—गज**–पु० ज्योतिष का एक योग । **—गत, गति**–स्त्री० १ अत्याचार । २ मोक्ष । **—चार**–पु० दोष । विघात, व्यतिक्रम (जैन) । ग्रहो की शीघ्र चाल । व्रत भग की चार श्रेणियो मे से तीसरी (जैन) । किसी ग्रह का एक राशि से दूसरी मे समय से पूर्व गमन । **—चारी**–वि० अत्याचारी । अन्यायकारी । **—चाह**–स्त्री० उत्कण्ठा । –वि० आतुर । **—दरप**–वि० घमण्डी, गर्विला । **—देव**–पु० शिव । विष्णु । बडा देवता । **—पात**–पु० अव्यवस्था । **—पातक**–वि० महापापी । **—प्रसग**–देखो 'अतप्रसग' । **—प्राण**–देखो 'अतप्राण' । **—बरसण**–स्त्री० अतिवृष्टि । **—बळ**–वि० योद्धा शक्तिशाली, बलवान । **—बळा**–स्त्री० एक प्रचीन युद्ध विद्या । ककई नामक पौधा ।**—मूत्र**–पु० बहुमूत्र रोग । **—रंग**–पु० अत्यन्त आनन्द । घनिष्ठ प्रेम । **—रजन**–स्त्री० अत्युक्ति । अधिक प्रसन्नता । **—रथि, (थी)**–पु० एक प्रकार का महारथी । **—रय**–पु० तीव्र वेग । **—वाद**–पु० डीग, शेखी । कटोक्ति, सच्चीबात । **—वादक (वादी)**–वि० सत्यवक्ता । कटुवादी । डीग मारने वाला । **—सय**–वि० अत्यधिक । **—सार**–पु० पेचिश, दस्त विकार । **—हसित**–पु० अट्टहास ।

अतिकातभावनीय–पु०यौ० वैराग्य सम्पन्न योगी ।

अतियाचार–देखो 'अत्याचार' ।

अतिथि–पु० [स०] १ मेहमान । २ एक स्थान पर एक रात से अधिक न ठहरने वाला सन्यासी ।**–पूजा**–स्त्री० ऐसे सन्यासी का सत्कार । अतिथि का सत्कार ।

अतरिक्त, अतिरिगत–क्रि०वि० [स० अतिरिक्त] सिवाय, अलावा ।

अतरेक–पु० [स] आधिक्य, अतिशयता ।

अतींद्रियग्यान–पु [स० अतीन्द्रियज्ञान] इन्द्रियो के ऊपर का ज्ञान ।

अती–अव्य० १ इतनी । २ देखो 'अति' ।

अतीत–पु० [स०]१ भूत काल । २ ईश्वर ।–वि० १ बीता हुआ, विगत, भूत । २ पुराना । ३ विरक्त, निर्लेप । ४ पृथक्, अलग ।–क्रि०वि० बाहर, परे । देखो 'अतिथि' ।

अतीत्य, अतीथ–देखो 'अतिथि' ।

अतीर–पु० समुद्र, सागर ।

अतीसीळ–पु० हस्ती, गज ।

अतु–देखो १ 'अति' । २ देखो 'अतू' ।

अतुर–देखो 'आतुर' ।

अतुराई–देखो 'आतुराई' ।

अतुळ–वि० [स० अतुल] १ जिसकी तुलना न की जा सके, अनुपम । २ जिसे तौला या मापा न जा सके, असीम, अपार । ३ जबरदस्त ।**–बळ**–वि० अत्यधिक शक्तिशाली, वीर, योद्धा ।

अतुळित–वि० [स० अतुलित] १ अपरिमित, अपार । २ असख्य, अगणित । ३ अनुपम, अद्वितीय ।

अतुळीबळ–देखो 'अतिबळ' ।

अतू–१ देखो 'अति' । २ देखो 'अत्तू' ।

अतूट, अतूठ, (ठौ)–वि० [स० अ+तुष्ट] १ अप्रसन्न, नाराज । अतुष्ट । २ जो तुष्टमान न हो । [स० अ+त्रुटित] ३ अखण्ड, अपार । न टूटने वाला ।

अतेरु, (रू)–वि० जो तैरना न जानता हो ।–पु० सागर, समुद्र ।

अतै–देखो 'इतै' ।

अतोट–पु० १ वज्र । २ देखो 'अतूट' ।

अतोताइयौ–वि० (स्त्री० अतोताई) १ अधिक प्यार के कारण उन्मत्त । २ उद्दण्ड । ३ उन्मत्त । ४ मस्ताना । ५ पागल ।

अतोर–वि० १ न टूटने वाला, दृढ । २ अभग ।

अतोल, अतोली, अतौल, अतौळी, (ळौ)–१ पहाड, पर्वत । २ देखो 'अतुल' ।

अत्त–देखो 'अत' ।

अत्तर–पु० [फा० इत्र] पुष्पसार, इत्र ।

अत्ता–देखो 'इता' ।

अत्तार–पु० इत्र या तेल बेचने वाला ।

अत्ति (त्ती) देखो अति । देखो 'इती' ।

अत्तीत–देखो 'अतीत' ।

अत्तू–स्त्री० खाते की अवधि से पूर्व कर्ज पेटे जमा की जाने वाली रकम ।

अत्तोता, (यौ)–वि० (स्त्री० अत्तोताई) १ उतावला । २ इतराया हुआ । ३ देखो 'आतताई' ।

अत्थ–क्रि०वि० १ अब । २ देखो 'अथ' ।

अत्यटी–देखो 'अग्थ'।
अत्याकार–पु० [म०] हार, पराजय।
अत्याचार–पु० [म०] १ अन्याय। २ अतिक्रमण। ३ ज्यादती। ४ आडंबर, ढकोसला। ५ विरुद्ध आचरण।
अत्याचारी–वि० [म०] १ अत्याचार करने वाला, आततायी। २ उद्दण्ड।
अत्र–क्रि०वि० [म०] यहा, इस जगह। —सण–वि० निर्लोभी। —स्य–वि० यहाँ का।
अत्रय, अत्रि–पु० [म० अत्रि] १ सप्तऋषियो मे से एक। २ सप्तऋषि मंडल का एक तारा। —ज, जात–पु० अत्रि के पुत्र, चन्द्रमा, दत्तात्रेय, दुर्वासा। —प्रिया–स्त्री० सती अनुसूया।
अत्रिपत–वि० [म० अतृप्त] अतृप्त, असतुष्ट।
अथ–म०पु० [स०] १ शुभारंभ। २ ग्रथ या लेख का मगल सूचक प्रारंभिक शब्द। ३ मगल। ४ संदेह, सशय। ५ पूर्णता। —क्रि०वि० १ अब, इस समय। २ तदनन्तर। ३ प्रारंभ मे। ४ देखो 'अरथ'। ५ देखो 'अस्त'।
अथइणी (बो) देखो 'आथमणी' (बो)।
अथऊ–पु० सूर्यास्त से पूर्व का भोजन। (जैन)
अथक–क्रि०वि० बिना रुके, बिना थके,। —वि० न थकने वाला। अथाह।
अथग–पु० १ हाथी। २ समुद्र। ३ अथाह।
अथगणी, (बो) क्रि० रुकना, (सूर्य)। ठहरना।
अथग्गरी–पु० [म० अर्थग्रह] चोर डाकू।
अथडणी, (बो) देखो आथडणी' (बो)।
अथमणी–पु० पश्चिम।
अथमणी, (बो) देखो 'आथमणी' (बो)।
अथर–वि० अस्थिर
अथरव, (ण) [म० अथर्व] १ अथर्ववेद। २ उस वेद का एक मन्त्र। —सिर–पु० यज्ञ वेदी की ईंट। —सिरा–स्त्री० वेद की ऋचा।
अथरवण, (णि,न)–पु० [म० अथर्वन्] १ शिव, महादेव। २ एक ऋषि। ३ अथर्ववेद मे निष्णात ब्राह्मण।
अथरवणी–पु० [स० अथर्वणि] कर्मकाण्डी पुरोहित।
अथरूज, (ळूज)–देखो 'अतळूज'।
अथळ–स्त्री० लगान पर दी जाने वाली भूमि।
अथळस–स्त्री० १ घोडे की लिंगेंद्रिय सहलाने की क्रिया। २ हस्त-मैथुन।
अथवा–अव्य० [म०] या, वा, किंवा।
अथहा–देखो 'अथाह'।
अथाणु, (णो)–पु० केरी, मिर्च, नीबू आदि का आचार।
अथामणी (बो)–देखो 'आथमणी' (बो)।
अथाई–देखो 'हताई'।
अथाग, (गौ, घ, व)–देखो 'अथाह'।
अथार–पु० योनि, भग।
अथाल, अथाह–वि० [स० अथाह] १ अत्यधिक गहरा, अगाध। २ अपार, अपरिमित। ३ गभीर, गूढ। ४ बढिया। ५ अगम्य। —पु० १ सागर, समुद्र। २ बडा जलाशय। ३ गड्ढा। ४ गहराई।
अथि, (थी)–वि० [स० अर्थिन्] –१ धनी, धनाढ्य। २ देखो 'अरथ'।
अथिर–वि० [स० अस्थिर] १ जो स्थिर न हो, चलायमान। २ नाशवान। ३ जंगम।
अथूळ–वि० [स०अ०+स्थूल] १ जो स्थूल न हो, पतला। २ न्यून।
अथोग–देखो 'अथाह'।
अथ्य–देखो 'अथ'।
अदंक–पु० [स० आतंक] आतंक, डर, भय।
अदंग–वि० [स० अदग्ध] १ बेदाग। २ निर्दोष। ३ शुद्ध, पवित्र। ४ आतंकित। ५ स्तंभित। ६ सुखी।
अदंड–वि० [स० अ+दण्ड] १ जिसे दंड न दिया जा सके, अदंडनीय। २ दंड रहित। ३ निर्भय।
अदंत–वि० [स० अदष्ट्र] १ दन्त रहित। २ दुधमुहा, अबोध। ३ अत्यधिक वृद्ध। –पु० १ युवावस्था के दांत न आया हुआ ऊंट या बछड़ा २ विष दंत रहित सर्प। ३ जोंक।
अदंतिका–स्त्री० एक देवी का नाम।
अदंभ, (भी)–पु० [स० अ + दंभ] १ शिव। २ दंभ का अभाव। –वि० १ सच्चा, निश्छल। २ सीधा, सरल। ३ नम्र। ४ शिष्ट।
अदंस–वि० [स० अ+दंश] १ दंत क्षत रहित। २ विषैले कीडों के दंत क्षत रहित। ३ बिना घाव का।
अद–पु० [स०] १ भोजन, खाना। २ आहार। ३ प्रतिष्ठा। ४ देखो 'अध'।
अदग, (घ)–वि० १ अस्पष्ट। २ बचा हुआ। ३ देखो 'अदग'।
अदति, (ती)–देखो 'अदिति'।
अदतीपूत, (सुत)–देखो 'अदितिसुत'।
अदतेव–पु० [स० आदितेव] अदिति की संतान, देवता, सुर।
अदतौ–वि० कृपण, कंजूस।
अदत्त, (तू) वि० [स०] १ न दिया हुआ। २ न देने योग्य। ३ अनुचित ढंग से दिया हुआ। ४ कृपण, कंजूस। —पु० मुकरा हुआ दान। —दांन–पु० चोरी। अपहरण।
अदन–पु० [स०] १ भक्षण, आहार। २ भोजन, खाना। ३ अरब सागर का बंदरगाह। —वि० १ हतभाग्य। २ देखो 'अदिन'। —बदन–क्रि०वि० इधर-उधर।
अदनासियो–वि० १ खिन्न-चित्त, दुखी। २ दुष्ट। ३ नग्न।

अदनौ, (ह) वि० [अ० अदना] (स्त्री० अदनी) १ तुच्छ, साधारण। २ शूद्र, नीच।

अदन्न-१ देखो 'अदन'। २ देखो 'अदिन'।

अदपत, (पति, पती) देखो 'अधपति'।

अदफर-पु० १ पहाड या टीबे के बीच का हिस्सा। २ मध्य भाग। -क्रि०वि० १ बीच मे। २ आधी दूरी तक। ३ देखो 'अधर'।

अदब-पु० [अ] १ शिष्टाचार, विनय। २ अनुशासन। ३ मान, सम्मान, आदर। ४ लिहाज।

अदबदाकर-क्रि०वि० १ हठ करके। २ अवश्य।

अदबी-वि० अदव सवधी।

अदबे, अदबै-क्रि०वि० १ सभवत। २ अपेक्षाकृत।

अदब्भुत, (भुत, भूत)-वि० [स० अद्‌भुत] १ विलक्षण, विचित्र, अनोखा। २ सुन्दर। ३ आश्चर्यजनक। —पु० काव्य के नौ रसो मे से एक।

अदभुज-देखो 'उदभिज'।

अदभुतालय-पु० अजायवघर।

अदभ्र-वि० [स०] असीम, अपार।

अदम, (मु)-वि० १ दमन रहित। २ इन्द्रिय-निग्रह न करने का भाव। ३ स्वतत्र, स्वाधीन। ४ दम रहित, निरर्थक। ५ देखो 'अदम्य'। -पु० [अ०] अनस्तित्व, अभाव **—पता**-पु० अनिश्चित दशा। **—पैरवी**-स्त्री० विना कार्यवाही का मुकद्दमा। **—सबूत**-पु० प्रमाण का अभाव। **—हाजरी**-स्त्री० अनुपस्थिति।

अदमू, अदमौ-वि० (स्त्री० अदमी) १ तुच्छ, छोटा। २ नीच।

अदम्य-वि० [स०] १ जिसका दमन न किया जा सके। २ प्रचड, प्रवल। ३ उत्कृष्ट।

अदय-वि० निर्दय, निष्ठुर।

अदरग-पु० घोडो का एक रोग।

अदर-पु० १ तीर, वाण। २ देखो 'अधर'।

अदरक-स्त्री० [फा०] कच्ची व गीली सोठ, एक औषधि। **—की**-स्त्री० सोठ व गुड से बनाई जाने वाली एक दवा।

अदरस-वि० [स० अदृश्य] १ जो दिखाई न दे, ओझल। २ लुप्त, गायव, अलोप।

अदरसण, (णि)-पु०[स० अदर्शनम्] १ अविद्यमानता। २ लोप। ३ विनाश।

अदरा-देखो 'आद्रा'।

अदळ (ल)-पु० [अ०] न्याय, इन्साफ। —वि० १ न्यायशील। २ मुख्य। ३ बढिया। ४ दिव्य। **—इनसाफ**-पु० न्याय। **—बदळ**-पु० हेरफेर, विनिमय।

अदळद, (ळिद्र) वि० [स० अ + दारिद्र्य] धनवान। —पु० खुशहाली।

अदळी (ली)-वि० [स० अ + दल] १ विना पत्तो का। २ विना सेना का। [अ०] ३ न्यायी। **—पातसा**-वि० १ मस्त। २ ब्रह्मज्ञानी। ३ न्याय कर्ता।

अदल्ल-देखो 'अदल'।

अदव, (वौ)-वि० कृपण, कजूस।

अदवीटौ-वि० अधूरा, आधा।

अदात-देखो 'अदत'।

अदान, (नौ)-वि० १ कृपण, कजूस। २ नादान, नासमझ। ३ अनजान।

अदाव, (दाव)-पु० [अ०] १ बुरा दाव। २ असमजस, कठिनाई। —वि० कृपण, सूम।

अदा, (ह)-स्त्री० [अ०] १ हाव-भाव, नखरा। २ आकर्षक चेष्टा। ३ ढग। —वि० १ चुकता, भुगताया हुआ। २ पूर्ण, प्रस्तुत। ३ कथित, कहा हुआ। **—वान**-वि० नखरे करने वाला।

अदाग, (गी)-वि० [स० अ०+दग्ध] १ निष्कलक, वेदाग। २ निर्दोष। ३ पवित्र, शुद्ध। ४ स्पष्ट। —पु० पशुओ का सकेत चिन्ह।

अदात, (ता, तार)-वि० कृपण।

अदाप-वि० १ दर्पहीन, निरभिमानी। २ शिष्ट, सज्जन। —पु० १ नम्रता। २ निरभिमान।

अदाब-देखो 'अदब'।

अदावद, (दी)-स्त्री० १ प्रतिस्पर्धा, होड। २ ईर्ष्या।

अदायगी-स्त्री० चुकारा।

अदालत-स्त्री० [अ०] न्यायालय, कचहरी।

अदालति, (ती)-वि० न्यायालय सवधी।

अदावत, (ती)-स्त्री० दुश्मनी।

अदिठ-देखो 'अडीठ'।

अदिति, (ती)-स्त्री० [स० अदिति] १ कश्यप की पत्नी एव देवताओ की माता। २ पृथ्वी। ३ प्रकृति। ४ गौ। ५ वाणी। ६ मृत्यु। ७ निर्धनता। ८ असीमता। ९ स्वतन्त्रता। १० ईश्वर का एक विशेषण। ११ दूध। १२ पुनर्वसु नक्षत्र। १३ अतरिक्ष। १४ माता-पिता। **—नदन, सुत**-पु० देवता, सुर। सूर्य।

अदिन-पु० [स०] १ बुरा दिन। २ आपातकालीन समय। ३ अभाग्य।

अदिपुरख, (पुरस)-देखो 'आदिपुरख'।

अदियण-वि० कृपण।

अदिव्य-वि० [स०] (स्त्री०-अदिव्या) १ लौकिक, साधारण। २ बुरा। —पु० लौकिक नायक।

अदिस–वि० दिशा रहित।
अदिस्ट–वि० [स० अदृष्ट] न दिखने वाला, लुप्त, गुप्त।
अदिस्टी–स्त्री० [स० अ+दृष्टि] १ अन्धापन। २ बुरी दृष्टि। ३ अदूरदर्शिता। —वि० १ दृष्टिहीन, अन्धा। २ अदूरदर्शी। ३ मूर्ख। ४ अभागा।
अदीठ, (ठो)–देखो 'अडीठ'।
अदीठि (ठी) देखो 'अदिस्टी'।
अदीत–देखो 'आदित्य'। —वार–देखो 'आदित्यवार'।
अदीति, (ती)–देखो 'अदिति'।
अदीन–वि० [स०] १ धनवान, सम्पन्न। [अ०] २ अनम्र। ३ नास्तिक।
अदीयण–देखो 'अदियण'।
अदीस्टं,(स्ठे, स्ठं)–वि० अविष्ठित।
अदीह–पु० [स० अ+दिवस] दिवस का अभाव। —[स० अ+दीर्घ] जो लम्बा न हो, छोटा।
अदुंद (दूद)–पु० [स अद्वन्द्व] १ द्वन्द्व का अभाव, निर्द्वन्द्व। २ शांति। ३ सुलह। —वि० १ निश्चित। २ अद्वितीय, बेजोड।
अदुखति, अदुखित–वि० [स० अदूषित] १ दोष रहित, निर्दोष। २ शुद्ध, पवित्र। ३ स्वतन्त्र।
अदुतिय, अदूत–वि० [स० अद्वितीय] बेजोड।
अदूखण (सण) [स० अ+दूषण] दूषण रहित।
अदूर–क्रि० वि० [स०] निकट, पास, समीप। —दरसी–वि० स्थूल बुद्धिवाला, अदूरदर्शी।
अदेख, अदेखी–वि० १ जो न देखा गया। २ जो देखा न जा सके। ३ छिपा हुआ। ४ न देखने योग्य। ५ अदृश्य। ६ ईर्ष्यालु।
अदेली–देखो 'अगेली'।
अदेलो–देखो 'अगेलो'।
अदेव–पु० १ शिव, महादेव। २ वायु। ३ मनुष्य। ४ असुर राक्षस। ५ मुसलमान।—वि० कृपण, कजूस।
अदेवाळ–वि० १ न देने वाला। १ देने मे असमर्थ। ३ कृपण।
अदेस–पु० [स० अ+देश] १ पराया देश, विदेश। २ देखो 'आदेश'।
अदेह–पु० [स० अ+देह] १ परमात्मा। १ कामदेव। २ [illegible] शब्द। —वि० १ देह रहित, विदेह। ३ कृपण, कजूस।
अदोख, (स)–पु० [स० अ+दोष] अग्नि, आग।—वि० निर्दोष। निर्विकार। निष्कलक। निरपराध।
अदोखो (सो)–वि० १ जो शत्रु न हो, मित्र। २ देखो 'अदोख'।
अदोडी–पु० मृत गाय या बैल का साफ किया हुआ आधा चमड़ा।
अदोत–पु० [स० उद्योत] १ प्रकाश। २ शोभा, काति। ३ उन्नति, विकास। ४ वृद्धि। —वि० १ द्युतिमान, प्रकाशित। २ शुभ्र, स्वच्छ। ३ उत्तम, श्रेष्ठ।
अदोरौ–वि० सुखी। आराममय।
अदोळी–स्त्री० १ घी, तेल, दूध आदि लेने का कटोरीनुमा उपकरण। २ फसल मे होने वाला आधा हिस्सा। ३ देखो 'अदोडी'।
अदौफर–देखो 'अदफर'।
अदोह–पु० १ दुख, शोक। २ चिन्ता, सोच। ३ पश्चाताप।
अद्दण–वि० १ खाने वाला। २ देखो 'आदण'।
अद्ध–१ देखो 'आध'। २ देखो 'अध'।
अद्धरयण–देखो 'आधीरात'।
अद्धिकारी–देखो 'अधिकारी'।
अद्धियावणौ–देखो अधियावणौ'। (स्त्री० अद्धियावणी)।
अद्धी–देखो 'आधी'।
अद्धौ–वि० आधा।–रुक, रूक–पु० लहगा।
अद्य–क्रि०वि० [स०] आज, अब, अभी। —पु० प्रारंभ। —अप, अवधि–क्रि०वि० आजतक।
अद्यूत–देखो 'अदूत'।
अद्र, (नि)–पु० [स० अद्रि] १ पर्वत, पहाड। २ वृक्ष। ३ सूर्य। —जा–स्त्री० १ पार्वती, गिरिजा। २ गगा। जमुना। ३ नदी।
अद्रक–देखो 'अदरक'।
अद्रकौ–पु० डर, भय, आतक।
अद्रमणौ–देखो 'अधियावणौ' (स्त्री० अद्रमणी)
अद्रस्ट–देखो 'अडीठ'।
अद्राजणौ, (बौ) क्रि० नगाडा बजना।
अद्रि, (न), अद्री–देखो 'अद्र'।
अद्रियामणौ–देखो 'अधियावणौ' (स्त्री० अद्रियामणी)
अद्वितिय, (तीय, द्वीत)–वि० [स० अद्वितीय] १ बेजोड। २ अपूर्व। ३ अनुपम। ४ अतुल्य। ५ अद्भुत। ६ एकाकी, अकेला। ७ प्रधान, मुख्य।
अद्वैत,(द्वैत)–वि०[स० अद्वैत]१ द्वैत भाव से रहित।२ द्वितीय शून्य। ३ अपरिवर्तनशील। ४ अनुपम। ५ बेजोड़। ६ एकाकी। —पु० १ जीव व ब्रह्म के बीच ऐक्य का भाव। २ जीव-ब्रह्म के ऐक्य संबंधी शकराचार्य का मत। ३ ब्रह्म। ४ सत्य। —वाद–पु० ब्रह्म-जीव मे ऐक्य मानने का दर्शन। —वादी–पु० उक्त दर्शन का अनुयायी।
अधंतर–देखो 'आधंतर'।

अध–वि० [स० अर्ध, अर्द्ध] १ आधा, आधे का सूक्ष्म रूप। २ तुल्य, सम। —क्रि०वि० [स० अधस्, अध;] १ नीचे, नीचे की ओर। २ तल मे, तले।—पु० १ तल, पाताल। २ नीचे की ओर की दिशा।

—आनौ–पु० अधन्नी। **—कचरियौ, कचरौ**–वि० अधूरा। आधा कुचला हुआ। आधा कुटा या पीसा हुआ। आधा जानकार। **—कच्चौ, काचौ**–वि० अपरिपक्व। **—कपाळी**–पु० आधे सिर का दर्द, सूर्यावर्त्त। **—कर** —वि० प्रौढ, अधेड।**—कालौ**–वि० आधा पागल मूर्ख। **—कोस**–पु० एक मील की दूरी। **—खड**='अधकर'। **—खण**-पु० आधा क्षण। **—खरी**– स्त्री० अर्द्धरात्रि। **—खायौ**–वि० आधा खाया, आधा पेट। **—खिलौ**–वि० आधा खिलती, अर्द्ध विकसित।**—खुलौ**–वि० आधा खुला। **—गति, गती**–स्त्री० अधोगति। **—गावळौ**–वि० अगहीन, निकम्मा, नपुंसक। **—गेलौ**–वि० अर्द्धविक्षिप्त, मूर्ख, पागल। **—चरौ**–वि० आधा चराया हुआ। (चौपाया) **—प**–वि० अतृप्त, असतुष्ट।–स्त्री० तृष्णा, आकाक्षा। **—पई, पाई**–स्त्री० एक सेर का आठवा भाग। आधी पाई। **पत, पति, पती, पत्त, पत्ती, प्पत**–पु० अधिपति।**—पतन, पतन्न, पात**–पु० अध पतन। दुर्गति। दुर्दशा। **—फर, फरौ**=अदफर। **—विच बीच**-क्रि०वि० मध्य मे। **—विचलौ, वीचलौ**–वि० बीच का मध्य का मध्यस्थ। **—वीठौ**–वि० अधूरा, अपूर्ण। पृथक्, भिन्न।**—बुद्धि बुध** —वि० अर्द्ध शिक्षित। **—बूढ़, बूढौ**–वि० प्रौढ। अधेड।**—मण, मणिकौ**–पु० आधा मन का तौल। **—मरियौ, मरौ, मुआ, मुवौ**–वि० अधमरा, मृत प्राय, अत्यधिक घायल।**—मोलौ**–वि० आधे मूल्य का। **—राणौ**- वि० आधा पुराना।**—रत, रात, रेनि, रैणी**– —स्त्री० अर्द्धरात्रि।**—रतियौ, रातियौ**–वि० आधी रात को होने वाला। —पु० आधी रात का भोजन। **—राजियौ**–वि० आधे राज का स्वामी **—लोक**–पु० पाताल। **—वसन**–पु० अधोवस्त्र।**—वीटौ, वीठौ, वीधौ**–देखो 'अदवीठो' **—सिर, सिरौ**–पु० त्रिसकु। **—सेर, सेरौ**–वि० आधा सेर।–पु० आधा सेर का वाट।

अधक–देखो 'अधिक'। **—मास**–देखो 'अधिकमास'।

अधकाणी, (नी)–वि० अत्यधिक।

अधकाई–देखो 'अधिकाई'।

अधकार, (री) देखो 'अधिकार'।

अधकाव–वि० अधिक, ज्यादा। —पु० अधिकता, विशेषता।

अधकावणौ, (बौ)–क्रि० अधिक करना।

अधकि, (की)–स्त्री० विशेषता। अधिकता।

अधकौ, (डौ)–देखो 'अधिकौ'। (स्त्री० अधकी)।

अधक्ष–देखो 'अध्यक्ष'।

अधडचौ–पु० शत्रु, दुश्मन।

अधधपत, (पति,पती)–पु० [स० उदधिपति] समुद्र, सागर।

अधनौ–देखो 'अदनौ'। (स्त्री० अधनी)।

अधप–वि० भूखा, अतृप्त।—पु० १ भूखा सिंह। [सं० अधिप] २ पति, स्वामी। ३ राजा। ४ प्रभु। ५ सरदार।

अधफर–देखो 'अदफर'।

अधभुत-देखो 'अदभुत'।

अधम-वि० [स०] (स्त्री० अधमा) १ नीच, निकृष्ट, क्षुद्र। २ पापी, पातकी। ३ दुष्ट। ४ निर्लज्ज, धूर्त। ५ निंदित। **—उधारण**–पु० ईश्वर, विष्णु। **—रति**–स्त्री० स्वार्थजन्य प्रेम।

अधमई, (माई)–स्त्री० नीचता, दुष्टता।

अधमता–स्त्री० अधम होने की अवस्था या भाव। तुच्छता, नीचता।

अधमा-स्त्री० [स०] १ दुष्टा स्वामिनी। २ कलहप्रिय स्त्री। ३ कटुवचनो मे सदेश देने वाली दूती। ४ देखो 'अधम'।

अधर–पु० [स०] १ नीचे का होठ। २ विना आधार का स्थान। ३ अतरिक्ष। ४ अधस्थल। ५ खड, विभाग। ६ पाताल। ७ रतिगृह। ८ योनि। ९ दक्षिण दिशा। १० बीच का स्थान। ११ शरीर का अधोभाग। १२ होठ। १३ अग्नि, आग। —क्रि०वि० १ बीच मे। २ विना आधार से।–वि० ३ नीच, बुरा। ४ घटिया। ५ पराभूत, पराजित। ६ चुप किया हुआ। ७ चचल। ८ रक्ताभ, लाल। **—रज**–स्त्री० होठों की लाली। **—पान**–पु० होठों का चुम्बन एक रति क्रिया। **—बव**-क्रि०वि० त्रिसकु की तरह, बीच मे। **—बिंब**–पु० बिंबफल जैसे होठ। **—मधु अ्रत**–पु० अधरामृत।**—राणौ**–पुराना। **—लोक** पाताल।

अधरम–पु० [स० अधर्म] १ धर्म का विपर्यय, धर्म विरुद्ध कार्य। २ दुष्कर्म, पाप। ३ अन्याय।**—आचार**–पु० अधर्म का कार्य या व्यवहार।**—काय**–पु० पाप। द्रव्य के छ. भेदो मे से एक।

अधरमास्तिकाय–पु० छ द्रव्यो मे से दूसरा द्रव्य (जैन)।

अधरमी–वि० [स० अधर्मिन्] १ पापी, अन्यायी। २ अधर्म करने वाला।

अधराज–देखो 'अधिराज'।

अधल–देखो 'अदल'।

अधव, (वा)–वि० [स० अ + धव] १ विना पति की, विधवा। २ विना स्वामी का।—पु० [स० अध्व] पथ, रास्ता, मार्ग।

अधवर–पु० [स० अध्वर] १ यज्ञ । २ आकाश । ३ वायु । —वि० १ सीधा, सरल । २ अबाध या निरन्तर चलने वाला ।

अधवाचर–पु० भ्रमर, भौंरा ।

अधसाय–पु० श्रीकृष्ण ।

अधाम–वि० [स० अ + धाम] १ जिसका कोई स्थान न हो । स्थान रहित । २ सर्वत्र मिलने वाला । —पु० परब्रह्म ।

अधाप–वि० १ अतृप्त, भूखा । २ देखो 'अधिप' ।

अधायउ, (योडौ, यौ)–वि० (स्त्री० अधायोडी) १ भूखा, अतृप्त । २ असतुष्ट । ३ बिना दौडा हुआ ।

अधार–देखो 'आधार' ।

अधारणौ (बौ)–देखो 'आधारणौ' (बौ)

अधारमिक–वि० [स० अधार्मिक] १ पापी, दुष्ट । २ नास्तिक । ३ धर्म को न मानने वाला ।

अधि–उप० [स०] शब्दो के पूर्व लगने वाला उपसर्ग जो ऊचा, ऊपर प्रमुख आदि अर्थों का बोध कराता है ।—**करण**– पु० व्याकरण का सातवा कारक । —**देव, देवता**–पु० इष्टदेव, कुलदेवता ।—**नाथ, नायक**–पु० स्वामी । सरदार । —**रति**–स्त्री० अर्द्धरात्रि । —**रथ**–पु० रथ का सारथी । कर्ण का पिता । बडा रथ । —वि० रथारूढ ।—**राज, राजा**–पु०सम्राट्, राजा । अधीक्षक । —**रोहण**–पु० चढना, चढाना, फहराना आदि की क्रिया । —वि० चढने वाला । सवार होने वाला । ऊपर उठने वाला । —**रोहणी, रोहिणी**–स्त्री० निसैणी । सीढी । जीना ।—**लोक**–पु० ससार । ब्रह्माण्ड ।—**वर**– देखो 'अधवर' । —**वास**–पु० निवास स्थान । —स्त्री० सुगध ।—**वासी**–वि० निवासी । —**वेसन**–पु० समारोह, सभा ।—**सथान, स्थान**–पु० शहर, नगर ।

अधिक, (उ, त)–वि० [स०] १ बहुत, ज्यादा, विशेष । २ बढकर । ३ उत्कृष्ट । ४ अतिरिक्त । ५ घना, गाढा । ६ विशिष्टतम । —**अंस**–वि० ज्यादातर । —**जथा**– देखो 'इधकजथा' । —**तम**–वि० सर्वाधिक । —**तर**–वि० अत्यधिक । –क्रि०वि० प्राय । —**ता**–स्त्री० बाहुल्य । बढोतरी, वृद्धि । —**दत, दतौ, दतौ**–वि० अधिक दात वाला । —पु० एक प्रकार का अशुभ घोडा । —**मास**–पु० भारतीय ज्योतिष के अनुसार प्रत्येक तीसरे वर्ष पडने वाला पुरुषोत्तम मास, मल-मास ।

अधिकाई–स्त्री० १ विशेषता । २ अधिकता । ३ महिमा । ४ बडप्पन ।

अधिकार–पु०– [स०] १ हक, स्वत्व । २ कब्जा । ३ आधिपत्य, स्वामित्व । ४ शक्ति, सामर्थ्य । ५ योग्यता । ६ ज्ञान । ७ कर्तव्य । ८ प्रभुत्व । ९ पद । १० स्थान । ११ राज्य । १२ नाटक मे पात्र की विकसित स्थिति । १३ मुख्य नियम । १४ मान, प्रतिष्ठा ।

अधिकारी–वि० [स०] १ हकदार, दावेदार । २ स्वामी, मालिक । ३ कब्जा करने वाला । —पु०–१ किसी सस्था या विभाग का अफसर । २ शासक । ३ अधिकार प्राप्त व्यक्ति । ४ किसी कार्य के प्रति विशेष योग्यता वाला व्यक्ति । ५ प्रधान फल प्राप्त करने वाला नाटक का पात्र ।

अधिकौ–देखो 'अधिक' । (स्त्री० अधिकी)

अधिक्षिपत्र–वि० तगडाया हुआ ।

अधिटौ–देखो 'आवेटौ' ।

अधिदेव (ता)–पु० १ इष्टदेव, प्रधानदेव । २ पदार्थों के अधिष्ठाता देवता, रक्षक देव ।

अधिदैव–पु० [स० अधिदैव] १ दैविक । २ आकस्मिक । ३ देखो 'अधिदैवत' ।

अधिदैवत–पु० [स० अधिदैवतम्] १ किसी पदार्थ का अधिष्ठाता देवता । २ अनेक पदार्थो मे रहने वाला मूल तत्व ।

अधिप, (पत, पति, पती)–पु० [स० अधिप, अधिपति] १ राजा । २ नायक, सरदार । ३ स्वामी, मालिक । ४ ईश्वर, प्रभु । ५ हकदार ।

अधिभूत–पु० सब प्राणियो की नाम रूपात्मक नाशवान स्थिति का नाम ।

अधिमाख–देखो 'अधिकमास' ।

अधियग–पु० [स० अधियज्ञ] १ परमेश्वर । २ प्रधान यज्ञ ।

अधियामण, (णौ)–देखो 'अधियावणौ' । (स्त्री-अधियामणी)

अधियाळ–वि० आधा, अर्द्ध ।

अधियावण, (णौ)–वि० (स्त्री० अधियावणी) १ वीर, बहादुर ।

अधियावणी–स्त्री० कटार, कटारी । २ प्रचड, भयकर । ३ चमत्कारी ।

अधियौ–पु० १ अर्द्धभाग, आधा हिस्सा । २ गाव मे आधी पट्टी का जमीदार । ३ फसल का आधा भाग । ४ छोटी रेलगाडी ।–वि० आधा, अर्द्ध ।

अधिस्टाता, (स्ठाता)–वि०[स०अधिष्ठाता](स्त्री० अधिस्टात्री) १ अध्यक्ष । २ मुखिया, प्रधान । ३ रक्षक । ४ स्वामी । —पु०–ईश्वर, परमात्मा ।

अधिस्टात्री, (स्ठात्री)–स्त्री० [स० अधिष्ठात्री] १ देवी, दुर्गा । २ देखो 'अधिस्टाता' (स्त्री०)

अधिस्रपणी, अधिस्रयणी स्त्री० [स० अधिश्रपणी, अधिश्रयणी] चूल्हा, अगीठी ।

अधी–देखो 'अधि' ।

अधीठ–देखो 'अडीठ' ।

अधीत–वि० [स०] पढा हुआ, पठित ।

अधीन–वि० [स०] १ वशीभूत, वशवर्ती । २ आश्रित । ३ मातहत । ४ नीचे । ५ आज्ञाकारी । ६ पराधीन । ७ स्वाधिकार युक्त । ८ दीन । —**ता, त्ता**–स्त्री० 'अधीन' होने की दशा या भाव । विवशता । वशवर्तित्व । नम्रता ।

अधीर, (रौ)–वि० [स०] (स्त्री० अधीरा) १ धैर्यहीन, आतुर, उद्विग्न । २ भयभीत, घबराया हुआ । ३ उतावला । ४ असतोषी । ५ चचल । ६ विह्वल ।

अधीरज–पु० [स० अधैर्य्य] १ धैर्य का अभाव । २ त्वरा । ३ चचलता । ४ घबराहट । –वि० चचल ।

अधीरा–स्त्री० [स०] १ विद्युत । २ मध्या या प्रौढा नायिका का एक भेद । ३ नायक को पर-नारी-रत देखकर प्रत्यक्ष कोप करने वाली नायिका ।

अधीस, (र)–पु० [स० अधीश] १ स्वामी, मालिक । २ अधीश्वर, मडलेश्वर । ३ अध्यक्ष । ४ राजा, नृप ।

अधुना–क्रि०वि० [स०] १ आजकल । २ इस समय ।

अधुर–देखो 'अधर' ।

अधूत–वि० [स०] १ अकपित । २ निर्भय, निडर । ३ सज्जन । ४ उचक्का ।

अधूरौ–वि० (स्त्री० अधूरी) १ अपूर्ण । २ अर्द्धपूर्ण । ३ वाकी रहा हुआ । ४ विचाराधीन । —पु० अपरिपक्व गर्भ ।

अधेड–वि० प्रौढ ।

अधेटौ–देखो 'आधेटौ' ।

अधेली–स्त्री० आधा रुपये का सिक्का, अठन्नी ।

अधेलौ–पु० १ आधा पैसा । २ लगभग एक तौले का एक प्राचीन तौल ।

अधोक–पु० प्रणाम, नमस्कार ।

अधोक्षज, अधोखज–पु० [स० अधोक्षज] १ परब्रह्म । २ विष्णु । ३ कृष्ण । —वि० इन्द्रियातीत ।

अधोगत, (गति, गती)–वि० अवनत, पतित । —स्त्री० १ पतन, अवनति । २ दुर्गति, अध पतन । ३ भूत, प्रेत आदि गति ।

अधोगमण, (न)–पु० [स० अधोगमन] पतन, अध पतन ।

अधोगामी–वि० [स० अधोगामिन्] १ अधोगति को प्राप्त होने वाला । २ पतित ।

अधोडी–देखो 'अदोडी' ।

अधोफर–देखो 'अदफर' ।

अधोभवण, (भवन, भुवन)–पु० [स० अधोभवन] पाताल ।

अधोमारग–पु० [स० अधोमार्ग] १ पतन का मार्ग । २ नीचे का रास्ता । ३ सुरग का रास्ता ४ गुदा ।

अधोमुख–वि० [स०] जिसका मुख नीचे हो, उल्टा, औंधा । —क्रि० वि० नीचे मुह किये हुए, मुह के वल ।

अधोवाय, (वायु)–स्त्री० अपान वायु ।

अधौ, (ध्धौ,–पु० [स० अध] १ नरक । २ आधा भाग । ३ आधे का पहाडा ४ आधानाप । —अव्य०– १ नीचे । २ तले । ३ देखो 'आधौ' ।

अध्धे–वि० [स० ऊर्ध्व] १ ऊपर । २ उल्टा ।

अध्यक्ष–पु० [स०] (स्त्री० अध्यक्षा) १ स्वामी, मालिक । २ सरदार, नायक । ३ मुखिया, प्रधान । ४ अधिष्ठाता ।

अध्यक्षर–क्रि० वि० अक्षरश , अक्षर-अक्षर ।

अध्ययन–पु० [स०] पठन-पाठन, पढना क्रिया ।

अध्यामण, (णौ)–देखो 'अधियावणौ' । (स्त्री० अध्यामणी) ।

अध्यातम, (त्म)–पु० [स० अध्यात्म] १ प्रत्येक शरीर मे रहने वाली परमात्मा या परब्रह्म की सत्ता का नाम । २ आत्मा, मन व देह । —**विद्या**–स्त्री० ब्रह्मविद्या । आत्मतत्व विषयक शास्त्र ।

अध्यातमिक–वि० [स० अध्यात्मिक] अध्यात्म सवधी । आत्मा सवधी ।

अध्यापक–पु० [स०] (स्त्री० अध्यापिका) विद्यागुरु । शिक्षक । मास्टर ।

अध्यापकी, (पिकी)–स्त्री० पढाने का व्यवसाय व कार्य ।

अध्यापण,(न)–पु०[स०अध्यापन]अध्यापक का कार्य । शिक्षण ।

अध्याहार–पु० [स०] १ तर्क-वितर्क, बहस । २ अस्पष्ट को स्पष्ट करने की क्रिया ।

अध्येय-पु० [स०] १ पठन-पाठन । २ निरुद्देश्य ।

अध्रम–देखो 'अधरम' ।

अध्रयामण, (णौ), अध्रियामण, (णौ) अध्रीयांमण, (णौ) अध्रीयावण, (णौ)–देखो 'अधियावणौ' [स्त्री० अध्रियामणी] ।

अध्रुव–वि० [स० अ+ध्रुव] १ अस्थिर । २ चलायमान ।

अध्व–पु० [स०] १ माग, रास्ता । २ देखो 'अध्वर' । —**ग**–पु० पथिक, राही । सूर्य । ऊट । खच्चर ।

अध्वर–पु० [स०] १ यज्ञ । २ वसुभेद । ३ सावधान । ४ अन्तरिक्ष । —**यु**–पु० यज्ञ मे यजुर्वेद पढने वाला ब्राह्मण ।

अध्वासण, (न)–पु० [सं०] चौरासी आसनो मे से एक ।

अनक–पु० १ परब्रह्म । २ नगाडा । —वि० चिह्न रहित ।

अनग–पु० १ [स०] ब्रह्म । २ कामदेव । ३ आकाश । ४ मन । ५ पवन-वि० १ विना देह का । २ आकृतिहीन । ३ अगहीन । —**क्रीडा**–स्त्री० रति, समोग, मैथुन । —पु० मुक्तक नामक विषम वृत्त । —**तेरस**–स्त्री० चैत्र शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी । —**वती**–स्त्री० कामवती । —**सेखर**–पु० दण्डक वर्ण वृत्त का एक भेद । —**सेना**–स्त्री० पिंगला का एक नामान्तर ।

अनगारि, (री)–पु० [स० अनगारि] शिव, महादेव ।

अनगी–देखो 'अनग' ।

अनजळ–देखो 'अन्नजळ' ।

अनंजा–देखो 'अनुजा'।

अनत–पु० [स० अन् + अत] १ विष्णु। २ शेषनाग। ३ लक्ष्मण। ४ बलराम। ५ आकाश। ६ श्रीकृष्ण। ७ शिव, महादेव। ८ रुद्र। ९ शब्द। १० वासुकि। ११ बादल। १२ अभ्रक। १३ श्रवण नक्षत्र। १४ तात्रिक सूत्र, गंडा। १५ एक आभूषण। —वि०-(स्त्री०अनता) १ अन्त रहित। २ अपार, असीम। ३ बेहद। ४ अक्षय, अखण्ड। —चतुरदसी, चवदस–स्त्री० भाद्रपद शुक्ला चतुर्दशी, एक पर्व दिन। —दरसण, दरसन–पु० सम्यक दर्शन (जैन) —नाथ–पु० चौदहवे तीर्थकर (जैन)। —मूळ–पु० एक रक्त शोधक वनस्पति। —वात–पु० शिर का एक रोग। —विजय–पु० युधिष्ठिर के शख का नाम। —व्रत–पु० अनन्त चतुर्दशी का व्रत।

अनतर–क्रि०वि० [स०] १ पीछे, उपरात, बाद मे। २ बावजूद। ३ पास, समीप। ४ निरतर, लगातार।

अनता–स्त्री० [स०] १ पृथ्वी। २ पार्वती। ३ पीपल। ४ दूर्वा, दूब। ५ अनत मूल। ६ अनत-सूत्र। —पति पती,–पु० राजा नृप।

अनद–पु० १ भोजन, खाना। २ हर्ष, खुशी। —वि० १ विना पुत्र का। २ देखो 'आनद'।

अनदी–वि० आनन्द युक्त।

अनद्री–पु० देवता।

अन–पु० [स०] १ श्वास। २ कुछ शब्दो के पूर्व मे लगने वाला निषेध या अभाव सूचक उपसर्ग। —क्रि० वि० १ विना, बगैर। २ और, तथा। ३ देखो 'अन्न'। ४ देखो 'अन्य'। ५ देखो 'आन'। —अवसर —क्रि०वि० बेमौके, असमय। —इच्छा–स्त्री० अरुचि। —कार, कारौ–वि० वीर, योद्धा। —कूट, कोट–पु० दीपावली के दूसरे रोज या कुछ दिन बाद तक मनाया जाने वाला पर्व। इस पर्व मे भगवान के भोग के लिए बनाये जाने वाले विभिन्न व्यजन। —कूळ–देखो 'अनुकूळ'। —गड, गढ–वि० विना गढा हुआ, बेडौल, भद्दा। —चाहत–वि० न चाहने वाला निर्मोही। —चाहे —क्रि० वि० बेमन मे।

अनइ, (ई)–क्रि०वि० और।

अनख–पु० [स० अनक्ष] १ क्रोध, रोष। २ अप्रसन्नता, नाराजगी। ३ खिन्नता दुःख। ४ ग्लानि। ५ ईर्ष्या, द्वेष। ६ झझट। —वि० विना नून या नख का।

अनग–पु० १ आश्चर्य, विस्मय। २ देखो 'अनघ'।

अनघ–वि० [स०] १ अघ रहित, निष्पाप। २ निर्मल, पवित्र। ३ पुण्यवान। —पु० पुण्य।

अनड–वि० [स० अनन्द अनड्] १ वीर, बलवान। २ अनम्र उद्दड। ३ न झुकने वाला। ४ बन्धन रहित, स्वतन्त्र। —पु० १ किला, गढ। २ पहाड, पर्वत। ३ राजा। ४ हाथी। ५ साड, वृषभ। ६ सदैव आकाश मे उडने वाला पक्षी, अनलपक्षी। —नड–वि० वीरातिवीर। उद्दडो को वश मे करने वाला। —पख, पखेरू–पु० एक प्रकार का कल्पित आकाशी पक्षी, अनलपक्षी। —पण, पणौ–पु० शौर्य, वीरता। उद्दण्डता, बदमाशी। स्वतत्रता। —पै, राज–पु० सुमेरु पर्वत।

अनडी–स्त्री० मूर्खता, अनाडीपन। —वि० मूर्ख, अनाड़ी।

अनचार–देखो अनाचार'।

अनजळ–देखो' अन्नजळ'।

अनज्ज–देखो 'अनुज'।

अनज्जवस–पु० अनार्यवश।

अनडवाण, (वान, वाण वान)–वि० [स० अनड्वान] बधन मे रहने का अनभ्यस्त। —पु० साड, वृषभ।

अनडर–वि० १ निडर, निर्भय २ बलवान।

अनडीठ–वि० विना देखा।

अनडुह, (हौ)–पु० [स० अनुडुह] बैल, वृषभ।

अनड्ड–पु० दुर्ग, किला, गढ।

अनत–वि० [स०] [स्त्री० अनता]—१ न झुका हुआ, सीधा। २ अनम्र, नम्रता रहित।–क्रि० वि० १ अन्यत्र, कहीं और। २ देखो 'अनत'।

अनता–देखो 'अनता'।

अनथ, (थू)– वि० १ विना नाथा हुआ, स्वतत्र। २ उद्दड। ३ देखो 'अनरथ'।

अनथानथौ–वि० १ अनाथो का नाथ, स्वामी। २ उद्दण्डो को काबू मे करने वाला।

अनदान–पु० अन्न का दान।

अनदाता (र) देखो 'अन्नदाता'।

अनदास–वि० १ भोजन भट्ट, पेटू। २ खुदगर्ज।

अनधिकार–वि० [स०] १ अधिकार रहित। २ अनुचित। —पु० १ बेबसी। २ अयोग्यता। —चेस्टा–स्त्री० अनुचित हरकत।

अनप्रास–देखो 'अनायास'।

अनन्य–वि० [स०] १ अभिन्न। २ एकनिष्ठ। ३ एकाश्रयी। ४ घनिष्ठ। ५ अविभक्त। ६ अद्वितीय।

अनपच–देखो 'अपच'।

अनपाणी–देखो 'अन्नजळ'।

अनपूरण, (णा)– देखो 'अन्नपूरणा'।

अनमे–देखो 'अगणमे'।

अनमद, (मध, मधौ, मथौ)–वि० १ अपार, असख्य। २ वीर,

बहादुर । ३ स्वतंत्र, आजाद । —पु० १ परमेश्वर, ईश्वर । २ शत्रु, दुश्मन ।

अनम–वि० [स० अनम्र] १ न नमने वाला, अनम्र । २ उद्धत बली । ३ उद्दंड । ४ जिसमे नमी न हो, शुष्क ।–पु० ब्राह्मण ।

अनमख–पु० [स० अनमिप] समय ।

अनमद–वि० मद या अहकार रहित ।

अनमांन–देखो 'अनुमान' ।

अनमांनांम–वि० उद्दण्डो को झुकाने की सामर्थ्य रखने वाला ।

अनमाई–स्त्री० अनम्रता ।

अनमाप, (मापौ)–वि० जो नापा न जा सके । अपार, असीम ।

अनमिख, (मेख)–वि० [स० अनिमेष] निमेष रहित, निर्निमेष । —क्रि०वि० १ एक टक । २ निरंतर । —पु० १ देवता । २ मछली । ३ सर्प ।

अनमित, (मिति)–वि० अपरिमित अपार, असीम ।

अनमत्ति, अनमित्ती–वि० १ अप्रमाण, अनिदर्शन । २ देखो 'अनमित' ।

अनमियौ, अनमी, (मौ)–वि० १ अनम्र, उद्दंड । २ न झुकने वाला । ३ बलवान, शक्तिशाली । —**खंध**–वि० जो अपना कधा न झुकने दे । शक्तिशाली बलवान ।

अनमुखाव–देखो 'अनमिख' ।

अनमुनी–स्त्री०[स० उन्मुनी] हठयोग मे अगविन्यास की मुद्रा ।

अनमेळ–पु० शत्रु, दुश्मन । –वि० बेमेल ।

अनम्म, (म्मी)–देखो 'अनम' । —**खध**–देखो 'अनमीखध' ।

अनम्र–वि० [स०] १ अविनीत । २ धृष्ट । ३ उद्दण्ड ।

अनय–पु० [स० अन्याय] अनीति, अन्याय ।

अनयास–देखो 'अनायास' ।

अनरगळ–वि० [स० अनर्गल] १ बेहूदा । २ व्यर्थ । ३ बेरोक, बेधडक । ४ विचारहीन । ५ मनमाना । ६ लगातार । ७ अनियन्त्रित, निरकुश ।

अनरत–पु० [स० अनृत] झूठ, असत्य । –वि० झूठा ।

अनरत्थ, अनरथ–पु० [स० अनर्थ] १ उपद्रव । २ अन्याय । ३ अत्यधिक हानि । ४ विनाश । ५ सरासर मिथ्या । ६ अत्याचार । ७ अधर्म का कार्य । ८ खराबी । —वि० १ जिसका कोई अर्थ नही, निरर्थक । २ व्यर्थ । —**क**–वि० निरर्थक । व्यर्थ । —**कारी**–वि० अनिष्टकारी, उपद्रवी, उलटा मतलब निकालने वाला ।

अनरध–देखो 'अनिरुद्ध' ।

अनरस (रसा, रसौ)–पु० १ रसहीनता, शुष्कता, रुखाई । २ कोप । ३ मनोमालिन्य, फूट । ४ दुख, खेद, रज । ५ उदासी । ६ अन्य रस ।

अनरूप–वि० १ कुरूप, भद्दा । २ असदृश ।

अनळ–स्त्री० [स० अनल] १ अग्नि, आग । २ पित्त । ३ तीन की सख्या । –**कुंड**–देखो 'अगनी कुड' ।–**चूरण**–बारूद । —**पख**–देखो 'अनडपख' । —**पखचार**–पु० हाथी । —**पुड़**–पु० पहाड । —**मुख**–देवता । ब्राह्मण । —वि० जो अग्नि द्वारा पदार्थों को ले । २ देखो 'अनिल' ।

अनळप–देखो 'अनल्प' ।

अनळस–वि० [स० अनला] आलस्य रहित, परिश्रमी ।

अनळा–स्त्री० १ कश्यप ऋषि की एक पत्नी । २ माल्यवान राक्षस की कन्या । ३ देखो 'अनळ' । ४ देखो 'अनिळ' ।

अनल्प–वि० [स०] अत्यधिक, अपार ।

अनवय–पु० [स० अन्वय] १ वश, कुल । २ वाक्य विन्यास ।

अनवार–वि० अन्य दूसरा ।

अनवी–वि० १ नही नमने वाला । २ वीर ।

अनसन–पु० [स० अनशन] १ निराहार व्रत, उपवास । २ भूख हडताल ।

अनसवर–वि० [स० अनश्वर] १ अनश्वर, अविनाशी । २ अटल । ३ नित्य, सनातन । —पु० ईश्वर, परमात्मा ।

अनसार–पु० भोजन ।

अनसूया, अनसोया–स्त्री० [स० अनसूया] १ अत्रि ऋषि की पत्नी । २ शकुन्तला की एक सखी । ३ अन्-ईर्ष्या । द्वेष भावना का अभाव ।

अनस्व–पु० [स० अनश्व] गधा, गर्दभ ।

अनस्वार–देखो 'अनुस्वार' ।

अनहद, (द्द)–वि० जिसकी कोई हद नही, अपार, बेहद । —पु० अनाहत नाद ।

अनाम, (मी)–वि० [स० अनाम] १ विना नाम का । २ अप्रसिद्ध । २ देखो 'इनाम' ।

अनामति (ती)–वि० [स० अनन्यमति] कुशलबुद्धि, चतुर ।

अनामय- वि० [स० अनामय] निरोग, तन्दुरुस्त ।

अनामा,अनामिका–स्त्री० [स० अनामिका] मध्यमा के बाद की उंगली ।

अनाक–क्रि० वि० नाहक, व्यर्थ । —**कर, कार**–वि० निराकार ।

अनाकानी–देखो 'आनाकानी' ।

अनागत-वि० [स०] १ अनुपस्थित । २ आगे आने वाला । ३ अज्ञात । ४ होनहार । ५ अनादि, अजन्मा । ६ अपूर्व । ७ अद्भुत ।

अनाग्रह–क्रि० वि० विना आग्रह के । —पु० आग्रह का अभाव ।

अनाघात–वि० [स०] १ आघात या चोट रहित । २ अकारण ।

अनाड–देखो 'अनड' ।

अनाड़वी, अनाडी–वि० १ अनाडी । २ मूर्ख नासमझ । ३ नादान । ४ अकुशल । —**पण, पणौ**–पु० मूर्खता, नासमझी, उद्दडता ।

अनाडौ–देखो 'अनड' ।

अनाचार–पु० [स०] १ दुराचार, पापाचार। २ अन्याय, अंधेर। ३ अत्याचार। —ता–स्त्री० दुराचारिता, कुरीति, बुरा आचरण।
अनाज–पु० [स० अन्न] अन्न, धान्य।
अनातप–पु० [स०] धूप या गर्मी का अभाव। —वि० ताप रहित, शीतल।
अनातम–वि० [स० अनात्म] आत्मा रहित, जड।
अनाथ–वि० [स०] १ जिसका कोई स्वामी या मालिक न हो, लावारिस। २ असहाय, अशरण। ३ माता-पिता से हीन। ४ दीन, दुखी। –आलय, आस्रम–पु० लावारिस बच्चों को रखने का स्थान, यतीमखाना। —नाथ–वि० ईश्वर, विष्णु। —वि० अनाथों का सहायक।
अनायी, (यौ)–वि० १ बिना नाथ का। २ उद्दण्ड। ३ स्वतन्त्र। ४ अनाथ।
अनाद–देखो 'अनादि'।
अनादर–पु० [स०] अपमान, अवज्ञा, तिरस्कार, अवहेलना।
अनादि (दी)–वि० [स०] १ उत्पत्ति रहित, स्वयभू। २ नित्य सनातन। ३ परम्परागत। —जोगी योगी–पु० शिव, महादेव।
अनाधार–वि० [स०] १ आधार रहित, निराधार। ३ बेसहारा।
अनानास–पु० एक फल विशेष।
अनाप–पु० [स० अन्न+अप्] अन्नजल। –वि० १ नाप रहित। २ अपार। —सनाप–वि० बेहद, अपार। ऊट-पटाग। निरर्थक। —पु० व्यर्थ प्रलाप।
अनायक–वि० १ नायक रहित। २ रक्षक रहित।
अनायत–देखो 'इनायत'।
अनायास–क्रि० वि० [स०] १ बिना प्रयास के, सहज में। २ अचानक, सहसा।
अनार–पु० [फा०] लाल दानों वाला फल दाडिम। —दाणौ —पु० अनार का दाना।
अनारज, अनारिज–पु० [स० अनार्य] अनार्य, असुर, दस्यु। —वि० नीच, न्यून।
अनारी–देखो 'अनाडी'।
अनाळ–वि० सर्वत्र।
अनाळसी–वि० चुस्त। परिश्रमी।
अनावस्यक–वि० [स० अनावश्यक] व्यर्थ, निरर्थक। —ता–स्त्री० जरूरत का अभाव।
अनाव्रत, (व्रित)–वि० [स० अनावृत्त] आवरण रहित, खुला।
अनाव्रस्टि, (व्रस्टी, व्रिस्टी)–स्त्री० [स० अनावृष्टि] वर्षा का अभाव, अकाल। जलकष्ट।
अनास–पु० १ एक प्रकार का फल। २ देव वृक्ष। —वि० कायर।
अनासती–स्त्री० १ सतीत्वहीनस्त्री। २ कुसमय। —वि० १ बुरा। २ दुखप्रद। ३ कायर।
अनासिक–वि० नाक रहित, नकटा।
अनासुरति (ती)–क्रि० वि० अकस्मात्, अचानक।
अनास्था–स्त्री० [स०] १ आस्था का अभाव, अश्रद्धा। २ अविश्वास। ३ अप्रतिष्ठा। ४ अनादर।
अनास्रम–वि० १ आश्रयहीन। २ पतित। ३ बिना श्रम का।
अनास्रमी–वि० [स० अनाश्रमी] आश्रम भ्रष्ट, पतित।
अनास्रय, अनास्रित–वि० [स० अनाश्रय] १ निराश्रय, निरालब। २ दीन, अनाथ।
अनाह–पु० [स० आनाह] कब्ज का रोग, आफरा। देखो 'अनाथ' —क–क्रि०वि० नाहक, व्यर्थ में।
अनाहत,(हद)–वि० [स०] जो आहत न हो। —पु० १ दोनों कानों को बद करने पर सुनाई देने वाला शब्द। (योग) २ योग के आठ कमल चक्रों में से एक। ३ इन्द्रियों को अतर्मुखी कर सुनी जाने वाली मन्त्र ध्वनि। —नाद–पु० प्रकृति में व्याप्त ध्वनि। —वाणी–स्त्री० आकाशवाणी या देववाणी।
अनाहार–पु० [स०] १ भोजन का अभाव या त्याग। २ निराहार व्रत। —वि० १ निराहार, भूखा। २ विजयी।
अनिंद, (द्य)–वि० [स० अनिंद्य] १ जो निंदा योग्य न हो। २ दोष रहित। ३ उत्तम, श्रेष्ठ। ४ जिसे नींद न आती हो। —क–वि० जो किसी की निंदा न करे।
अनिंदित–वि० [स०] १ जिसकी निंदा न हो। २ उत्तम।
अनिंद्रा–पु० १ देवता। २ अनिद्रा का रोग।
अनिंद्री, अनिंद्रीपित–पु० [स० इन्द्रियपति] मन।
अनि–सर्व० १ अन्य, दूसरा। २ भिन्न।
अनिअनी–क्रि०वि० १ भिन्न-भिन्न। २ तरह-तरह से।
अनिआई, (याई)–देखो 'अन्यायी'।
अनिकार–पु० वीर, योद्धा।
अनिच्छ–स्त्री० [स०] इच्छा का अभाव। —वि० १ इच्छा रहित। २ न चाहने वाला। ३ अनिश्चित।
अनिच्छा–स्त्री० १ इच्छा का अभाव। २ अरुचि।
अनित्य–वि० [स०] १ जो सदा न रहे। २ नश्वर। ३ क्षणिक। ४ अनियमित। ५ असत्य, झूठा। ६ अस्थायी। ७ अस्थिर। —ता–स्त्री० नश्वरता। अस्थिरता।
अनिनज–पु० [स० अनन्यज] कामदेव, मदन।
अनिप, (पति,पती)–पु० [स०] सेनापति, सेना नायक।
अनिपुण–वि० [स०] १ अकुशल, अपटु। २ अनाडी।

अनिबंध, (धी, धौ), अनिमध, धी धौ)—देखो 'अनमध' ।
अनिमिख—देखो 'अनमिख' ।
अनिमित, (त्त)—वि० [सं० अ-निमित्त] १ विना-निमित्त का, हेतु रहित । २ अकारण ।
अनिमिस, (मेख)—देखो 'अनमिख' ।
अनियत—वि० [सं०] १ अनिश्चित । २ अस्थिर । ३ अनित्य ।
अनियाई, (यायी)—देखो 'अन्यायी' ।
अनियाऊ, (याव)—देखो 'अन्याय' ।
अनिरणय—पु० [सं० अनिर्णय] १ निर्णय का अभाव । २ दुविधा । ३ संशय, संदेह ।
अनिरत, (रित)—पु० [सं० अनृतम्] झूठ, असत्य ।
अनिरुद्ध, (रुध, रुध्ध)—पु० [सं० अनिरुद्ध] श्रीकृष्ण का पौत्र व उषा का पति । —वि० जो अवरुद्ध न हो । —**पिता** कामदेव, मदन, प्रद्युम्न ।
अनिळ—स्त्री० [सं० अनिल] वायु, पवन, हवा । —**कुमार**—पु० भीम, हनुमान ।
अनिळासी—पु० [सं० अनिलाशिन्] १ सर्प । २ एक व्रत विशेष । ३ केवल वायु के आधार पर रहने वाला प्राणी ।
अनिवारित—वि० [सं०] जिसका निवारण न हो सके ।
अनिस—क्रि०वि० [सं० अनिश] निरन्तर, लगातार । —वि० निशा रहित ।
अनिसचित—वि० [सं० अनिश्चित] १ जिसका निश्चय न हो । २ अनियत । ३ अनिर्दिष्ट ।
अनिस्ट—वि० [सं० अनिष्ट] जो इष्ट न हो, अवांछित । —पु० १ अमंगल, अहित । २ बुराई । ३ विनाश, हानि । —**कर, कार, कारी**—वि० अहितकर । अमंगलकारी । हानिकारक ।
अनिस्ठुर—वि० [सं० अनिष्ठुर] दयावान, सरलचित्त ।
अनिस्ठा—स्त्री० [सं० अ + निष्ठा] १ अश्रद्धा, अविश्वास । २ विराग । ३ अप्रतिष्ठा । —वि० अवांछित ।
अनिहद—देखो 'अनाहत' ।
अनींद—देखो 'अनिंद' ।
अनींद्र—देखो 'अनिद्रा' ।
अनी—१ देखो 'अणि' । २ देखो 'इण' । देखो 'अनि' ।
अनीक—पु० [सं० अनीक अनीकम्] १ सैन्य-समूह । २ युद्ध । ३ योद्धा, ४ साथी । सुभट । ५ भागीदार । —वि० जो ठीक न हो । बुरा ।
अनीकनी—स्त्री० [सं० अनीकिनी] १ सेना, फौज । २ अक्षौहिणी सेना का दशांश ।
अनीच—वि० [सं०] १ उत्तम, श्रेष्ठ । २ ऊंचा, उच्च । ३ जो तुलना मे कम न हो ।
अनीठ—देखो 'अनिस्ट' ।
अनीत, (नीति)—स्त्री० [सं० अनीति] १ अन्याय, बेइन्साफ । २ अत्याचार । ३ अव्यवस्था, अन्धेर ।
अनीतौ—वि० (स्त्री० अनीती) १ अन्यायी । २ आततायी । ३ दुराचारी । ४ दुष्ट । ५ चचल ।
अनीप—देखो 'अनिप' ।
अनीम—वि० [सं० अनम्र] १ न झुकने वाला । २ वीर ।
अनीयाव—देखो 'अन्याय' ।
अनीळबाजी, (वाजी)—पु० जिसके घोडे श्वेत हो, अर्जुन ।
अनीस—वि० [सं० अनीश] १ सर्वश्रेष्ठ, सर्वोपरि । २ जो किसी का स्वामी न हो । ३ लावारिस, अनाथ ।—पु० १ विष्णु । २ जीव । ३ माया । ४ सेनापति ।
अनीस्वर—वि० [सं० अनीश्वर] १ असयत । २ अयोग्य । ३ नास्तिक । ४ जो ईश्वर सबधी नही हो ।
अनीह—वि० [सं०] १ निःस्पृह, निरपेक्ष । २ अनिच्छुक । ३ निर्लोभी ४ निष्काम । ५ निश्चेष्ट । ६ आलसी । ६ निराश । —पु० समय, वक्त ।
अनीहा—स्त्री० [सं०] अनिच्छा ।
अनुंद्यमी—देखो 'अन्युद्यमी' ।
अनु—अव्य० [सं०] १ शब्दो के आगे लगने वाला उपसर्ग । २ हा, ठीक । ३ अब । ४ आगे । ५ पीछे, पश्चात् । ६ साथ, पास-पास । ७ ओर, तरफ । ८ एक के बाद एक, क्रमश —**कपा**—स्त्री० दया, कृपा, अनुग्रह । सहानुभूति । करुणा । —**कथण (न)**—पु० बाद का कथन । वार्तालाप । अनुकूल कथन । पुनरुक्ति कथन । —**करण**—पु० नकल । प्रतिरूपकरण । देखा-देखी कार्य । —**करणीय**—वि० अनुकरण करने योग्य । —**करता**—वि० नकल करने वाला । —**कार**—वि० समान, तुल्य, सदृश, बराबर । —**गमन**—पु० अनुसरण । समान आचरण । सहगमन । स्त्री का सती होना ।
अनुकूळ—वि० [सं० अनुकूल] १ मुआफिक, मनोज्ञ । २ पक्ष मे, तरफदार । ३ प्रसन्न, खुश । ४ सदय, दोस्त । ५ समर्थनीय । ६ विश्वस्त । ७ हितकर । —पु० विवाहिता स्त्री मे ही अनुरक्त नायक । —**ता**—स्त्री० पक्षपात । सहायता । प्रसन्नता । हित होने की दशा ।
अनुकूला—स्त्री० एक प्रकार का छद ।
अनुकोस—पु० [सं० अनुक्रोश] कृपा, दया, अनुग्रह ।
अनुक्रम—पु० [सं०] १ क्रम, सिलसिला । २ यथाक्रम, तरतीब । ३ परिपाटी । ४ विषय सूची ।
अनुक्रमणिका, (णीका)—स्त्री० [सं०] १ विषय सूची । २ सूची, फहरिस्त, तालिका ।
अनुक्रमि—क्रि० वि० अनुक्रम से, क्रमश ।

अनुग, (गत)–वि० [स०] १ अनुगत, अनुगामी । २ अनुयायी । ३ आज्ञाकारी । ४ साथी, सहचर । ५ पिछलग्गु । ६ अनुकूल, माफिक । —पु० १ नौकर, अनुचर । २ दास, सेवक । ३ शिष्य ।

अनुग्या, (गिया)–स्त्री० [स० अनुज्ञा] आज्ञा, आदेश ।

अनुग्रह–पु० [स०] १ दया, कृपा । २ प्रसन्नता । ३ अनिष्ट-निवारण । ४ करुणा ।

अनुचर–पु० [स०] १ नौकर, सेवक, दास । २ अनुयायी, अनुगामी । ३ साथी । ४ पिछलग्गु ।

अनुचित–वि० [स०] १ जो उचित न हो, गैरवाजिब । २ बुरा, अयोग्य । ३ नीति विरुद्ध । ४ अयुक्त । ५ असाधारण ।

अनुज, (ज्ज)–पु० [स०] (स्त्री० अनुजा) छोटा भाई । —वि० १ छोटा । २ पीछे जन्मा । ३ पिछला ।

अनुजीवी–वि० [स०] १ पराधीन, पराश्रित । २ परावलम्बी । ३ आश्रित । —पु० दास, नौकर ।

अनुताप–पु० [स०] १ ताप, तपन । २ दाह, जलन । ३ दुःख, रंज । ४ पश्चाताप । ५ अफसोस, खेद ।

अनुद्यमी–वि० [स०] १ जो श्रम न करे, आलसी । २ उद्यम रहित, बेकार, ठाला ।

अनुद्रुत–पु० [स०] संगीत मे ताल का एक भेद ।

अनुधावण, (न)–पु० [स०] १ अनुगमन । २ अनुसरण । ३ अनुसन्धान । ४ पीछा ।

अनुनय–पु० [स०] १ विनय, प्रार्थना । २ विनम्र कथन । ३ सान्त्वना ।

अनुनासिक–वि० [स०] नासिका की सहायता से उच्चारित होने वाले वर्ण ।

अनुप, (पम)–वि० [स०] १ अद्वितीय, बेजोड । २ अतुल्य । ३ अनोखा, अद्‌भुत ।

अनुपयुक्त–वि० [स०] १ जो उपयुक्त न हो । २ अयोग्य । ३ असगत, अनुचित ।

अनुपात–पु० [स०] १ गणित की त्रैराशिक क्रिया, गणना । २ मात्रा । ३ माप ।

अनुपातक–पु० ब्रह्महत्या के बराबर का पाप ।

अनुपादक–पु० [स०] आकाश मे भी सूक्ष्म एक तत्व । (तत्र)

अनुप्रास–पु० [स०] एक प्रकार का शब्दालकार ।

अनुबंध–पु० [स०] १ बंधन, लगाव । २ इत्सञ्ज्ञक वर्ण । ३ सिलसिला, आरंभ । ४ क्रम । ५ बयान । ६ टेका । ७ इरादा, उद्देश्य ।

अनुभव, (भाव)–वि० [सं० अनुभव] १ साक्षात् करने पर प्राप्त हुआ ज्ञान । २ व्यावहारिक ज्ञान । ३ समझ । ४ संवेदन ।

अनुभवी–वि० [स०] व्यावहारिक या प्रत्यक्ष ज्ञान वाला, तजरबेदार, भुक्त-भोगी ।

अनुभाव–पु० [स०] १ महिमा, बडाई । २ चमक-दमक । ३ अधिकार । ४ प्रभाव । ५ काव्य-रस के चार अंगो मे से एक । ६ निश्चय ।

अनुभूत–वि० [स०] १ अनुभव किया हुआ । २ परीक्षित । ३ भोगा हुआ ।

अनुभूति–स्त्री० [स०] प्रत्यक्ष अनुभव, परिज्ञान, बोध ।

अनुमत, अनुमति–स्त्री० [सं० अनुमतम्, अनुमति] १ इजाजत । २ स्वीकृति । ३ सहमति । ४ सम्मति । ५ चतुर्दशी के योग की पूर्णिमा ।

अनुमरण–पु० [स०] १ सहमरण । २ सती होना, पीछे मरना ।

अनुमांन–पु० [स० अनुमान] १ अटकल, अंदाजा । २ कल्पना । ३ न्याय शास्त्र के चार प्रमाणो मे से एक । –वि० समान, तुल्य, बराबर । —क्रि०वि० अनुसार ।

अनुमित, (मिति)–देखो 'अनुमति' ।

अनुमोदक–वि० [स०] समर्थक, अनुमोदनकर्त्ता ।

अनुमोदन–पु० [स०] १ समर्थन, सहमति । २ स्वीकृति । ३ प्रसन्नता का प्रकाशन ।

अनुमोदित–वि० [स०] १ समर्थित । २ स्वीकृत ।

अनुयायी–वि० [स०] १ अनुगामी । २ अनुकरण करने वाला । ३ पीछे चलने वाला । —पु० १ नौकर, सेवक । २ शिष्य ।

अनुयोग–पु० [स०] १ योग, जोड । २ प्रश्न । ३ खोज, शोध । ४ परीक्षा । ५ भर्त्सना । ६ याचना । ७ प्रयान । ८ चिंतन ।

अनुयोजन–पु० [स०] १ प्रश्न, जिज्ञासा । २ शोध, खोज ।

अनुरंजण (न)–पु० [स०] १ मनोरंजन । २ अनुराग, प्रीति ।

अनुरक्त, (रत, रति)–वि० [स०] १ आसक्त, लीन, रत । २ अनुराग युक्त ।

अनुराग,(ग्ग)–पु० [स०] १ प्रेम, प्यार, मोह । २ आसक्ति । ३ भक्ति । ४ सराग, रति । ५ प्रशमा । ६ ललाई ।

अनुरागी–वि० [स०] १ अनुराग करने वाला, प्रेमी । २ आसक्त, अनुरक्त ।

अनुराधा–स्त्री० [सं०] २७ नक्षत्रो मे से १७ वा नक्षत्र ।

अनुरूप–वि०[स०]१ सदृश, समान । २ एक जैसा । ३ उपयुक्त । ४ अनुकूल ।

अनुरूपक–पु० [स०] प्रतिमूर्ति, प्रतिबिंब ।

अनुरूपता–स्त्री० [स०] १ समानता, सादृश्य । २ अनुकूलता ।

अनुरोध–पु० [स० अनुरोध, अनुरोधम्] १ विनय, प्रार्थना । २ आग्रह । ३ प्रेरणा । ४ उत्तेजना । ५ बाधा, रुकावट । ६ दबाव । ७ अनुवर्त्तन ।

अनुलोम–वि० [स०] १ केश सहित । २ क्रमानुसार । ३ अनुकूल । ४ संकर । ५ अविलोम, सीधा । ६ नियमित ।

—पु० १ नीचे उतरने का कार्य। २ स्वरों का अवरोह (संगीत)।—ज–वि० उच्चवर्णीय पुरुष तथा निम्न वर्णीय स्त्री की संतान। वर्णसंकर।

अनुलोमनी–स्त्री० [सं०] दस्तावर दवा।

अनुवाद–पु० [सं०] १ भाषांतर। उल्था। तर्जुमा। २ पुनरुक्ति, दोहराना।—क–पु० अनुवाद करने वाला। —दित–वि० अनुवाद किया हुआ।

अनुसंधान–पु० [सं०] शोध, अन्वेषण, खोज।

अनुसर–पु० [सं० अनुसर] १ अनुगामी। २ साथी। ३ अनुचर।

अनुसरण–पु० [सं० अनुसरणम्] अनुगमन, पीछा करना।

अनुसार–क्रि० वि० [सं०] १ मुताबिक। २ अनुरूप। ३ समान, सदृश।

अनुसासक–पु० [सं० अनुशासक] १ अनुशासन करने वाला अधिकारी। २ शिक्षक। ३ निर्देशक।–वि० १ शासक। २ हुकम देने वाला। ३ प्रबन्धक।

अनुसासण, (न)–पु० [सं० अनुशासन] १ आज्ञा, आदेश। २ शिक्षा, उपदेश। ३ नियम पालन। ४ मर्यादा। ५ शिष्टता पूर्ण व्यवहार।

अनुसीलण–पु० [सं० अनुशीलन] १ चिंतन, मनन। २ अभ्यास।

अनुस्टप (स्टुप)–पु० [सं० अनुष्टुप] एक प्रकार का वर्ण वृत्त।

अनुस्टान, (स्ठान)–पु० [सं० अनुष्ठान] कार्य सिद्धि निमित्त देव विशेष की पूजा।

अनुहरणौ (बौ)–क्रि० समान होना, तुल्य होना, समानता करना।

अनुहार–स्त्री० [सं०] १ आकृति, शक्ल। २ देखो 'अनुसार'।

अनूतौ–देखो 'अणूतौ' (स्त्री० अनूती)।

अनूकंपा–देखो 'अनुकंपा'।

अनूग्रह–देखो 'अनुग्रह'।

अनूठौ–वि० [सं० अनुत्य, प्रा० अनुट्ठ] (स्त्री० अनूठी) १ अनोखा, अद्‌भुत, विचित्र। २ उत्तम बढ़िया।

अनूढ–वि० [सं०] (स्त्री० अनूढा) १ अविवाहित, कुंआरा। २ न ढोया हुआ। —पु० क्वारा व्यक्ति।

अनूढ़ा–स्त्री० [सं०] १ किसी पुरुष से प्रेम संबंध रखने वाली अविवाहिता स्त्री। २ वेश्या। ३ एक प्रकार की नायिका। —गामी–वि० व्यभिचारी, वेश्यागामी। अविवाहित स्त्री से व्यभिचार करने वाला।

अनूप, अनूपम–वि० अतुल्य, अनोखा। —जथा–स्त्री० डिंगळ छंद रचना का एक विधान।
—तर–पु० आम का पेड़ व फल।

अनूपा, (पे, पौ)–देखो 'अनूप'।

अनूरौ–वि० नूर रहित, कांतिहीन।

अने–क्रि०वि० और, तथा। —पु० आज्ञा, आदेश।

अनेक (के, कै)–वि० [सं० अनेक] १ एक से अधिक। २ बहु संख्यक। ३ अगणित, अपार। ४ भिन्न-भिन्न। ५ वियुक्त, जो नेक न हो, बदमाश। —अरथ, अरथी–वि० जिसके कई अर्थ हो। (शब्द) —ता–स्त्री० अधिकता, बाहुल्य। भेद-विभेद। मताधिक्य। —प–पु० हाथी, गज। —लोचन–पु० इन्द्र। कार्तिकस्याम।

अनेकांत–वि० १ जो एकान्त न हो। २ चचल। ३ अनियत, अनिश्चित। ४ वास्तविक। ५ अनन्त धर्मों के समन्वित रूप को पूर्ण सत्य मानने का भाव (जैन) —वाद–पु० जैन दर्शन, आर्हत दर्शन।

अनेकी–स्त्री० १ बुराई। २ अपकार। ३ अन्याय। ४ बदमाशी।

अनेड़–वि० [सं० अनेड] १ निकम्मा। २ टेढा, तिरछा। ३ खराब, बुरा। ४ उद्दण्ड। ५ मूर्ख, अनाडी।

अनेत–वि० [सं० नेति] अंतहीन। नेति।

अनेम–वि० [सं० अ-नियम] जिसका कोई नियम न हो, नियम रहित।

अनेर, (री, रौ)–वि० [सं० अन्य] अन्य, दूसरा, अपर।

अनेरण–वि० १ न झुकने वाला। २ अजेय।

अनेस–वि० १ स्नेह रहित। २ घर रहित। ३ अनेक।

अनेसी–स्त्री० खोटी बात, बुरी बात। —वि० १ अद्‌भुत, अनोखी। २ अतुल्य, बेजोड़।

अनेसौ–पु० १ शक, संदेह। २ दुःख, खेद। ३ देखो 'अनैसौ'।

अनेह–पु० [सं० अ-स्नेह] १ स्नेह या प्रेम का अभाव। २ विरक्ति। ३ समय, काल।

अनेहा–पु० [सं०] १ समय, काल। २ अवसर, मौका।

अनेही–वि० शत्रुता रखने वाला, द्वेषी।

अनेहौ–वि० शत्रुता रखने वाली, द्वेषी।

अनै–पु० [सं० अनय] अनीति, अन्याय। —अव्य० १ फिर, पुनः। २ और, तथा।

अनैस–देखो 'अनेस'।

अनैसी–देखो 'अनेसी'।

अनैसौ–वि० १ दूर। २ अपरिचित ३। लापरवाह। ४ निशंक, निर्भय। ५ अप्रिय। बुरा। ६ देखो 'अनेसौ'।

अनोअन, (अन्न)–क्रि०वि० [सं० अन्योन्य] परस्पर, आपस में।

अनोकह, (कुह)–वि० [सं०] १ अपना स्थान न छोड़ने वाला। २ स्थावर। —पु० वृक्ष, पेड़।

अनोख, (खौ)–वि० (स्त्री०-अनोखी) १ सुन्दर, खूबसूरत। २ अनूठा, निराला, अद्‌भुत। ३ विचित्र। —पण, पाणौ–पु० सुन्दरता, अनूठापन।

अनोड–देखो 'अनड'।

अनोप, (पम)—देखो 'अनुपम'।

अन्न—पु० [सं०] १ अनाज, धान। २ भोजन खाना। ३ खाद्य पदार्थ। ४ भात। ५ विष्णु। ६ सूर्य। ७ जल। ८ पृथ्वी। ९ देखो 'अन्य'। —कूट—पु० अन्न का पहाड़। देखो 'अन्नकूट'। —क्षेत्र, सत्र—पु० भूखों को भोजन देने का स्थान। —जळ—पु० अन्न-जल। खाने-पीने का योग। —जी, जी, वाजी—पु० भोजन। —ड—देखो 'अनड'। —था—देखो 'अन्यथा'। —दान—पु० अन्न का दान। —दाता—वि० पोषक, परिपालक, अन्न का दान देने वाला। —दास—पु० भोजन-भट्ट, पट्ठ। —पाणी—'अन्नजळ'। —पूरण (णा)—स्त्री० अन्न की अधिष्ठात्री देवी। काशीश्वरी, विश्वेश्वरी, वरवडी देवी का नाम। दुर्गा, पार्वती का एक नाम। —प्रतग्या, प्रतिग्या—स्त्री० अन्न त्याग का संकल्प। —प्रासन—पु० अन्न खिलाने का प्रथम संस्कार। —मयकोस—पु० त्वचा से वीर्य्य तक का समुदाय। पंचकोशों में से प्रथम।

अन्नण-चन्नण—पु० यौ० चन्दन का ईंधन।

अन्नल, (ला)—देखो 'अनळ'।

अन्नाद—देखो 'अनादि'।

अन्नाहत—देखो 'अनाहत'।

अन्निवध—देखो 'अनमद'।

अन्नेक—देखो 'अनेक'।

अन्य—वि० [सं०] १ दूसरा। भिन्न, २ विचित्र। ३ पराया, गैर। ४ अतिरिक्त। ५ नया। ६ अधिक। —क्रीत—वि० दूसरों का खरीदा हुआ। —पुरुस—पु० सर्वनाम का तीसरा भेद। दूसरा व्यक्ति।

अन्यत्र—क्रि०वि० [सं०] १ दूसरी जगह पर। २ कहीं और।

अन्यथा—क्रि० वि० [सं०] १ नहीं तो। २ प्रकारान्तर से।

अन्याई, (यी)—वि० [सं० अन्यायी] १ अन्याय व अत्याचार करने वाला। २ आततायी। ३ पक्षपात करने वाला।

अन्याय, (व)—पु० [सं०] १ न्याय का अभाव। २ अत्याचार, जुल्म। ३ नीति विरुद्ध आचरण।

अन्योक्ति—स्त्री० [सं०] १ एक प्रकार का अर्थालंकार। २ अप्रत्यक्ष कथन।

अन्योन्य—क्रि०वि० [सं०] आपस में, परस्पर। —आस्रय—पु० परस्पर आश्रित होने की दशा या भाव। सापेक्ष ज्ञान। एक अर्थालंकार।

अन्वय—पु० [सं०] १ परस्पर संबंध। २ संयोग, मेल। ३ कार्य कारण संबंध। ४ वंश।

अन्वेसक—वि० [सं० अन्वेषक] १ शोधार्थी, गवेषक। २ खोज करने वाला।

अन्वेसण—पु० [सं० अन्वेषण] अनुसंधान, खोज, शोध। तलाश।

अन्हायतर—स्त्री० शीघ्रता।

अन्हेरौ—वि० (स्त्री० अन्हेरी) अन्य, दूसरा।

अपग—वि० [सं० अपांग] (स्त्री० अपगा, अपगी) १ अंगहीन। २ लंगडा, लूला। ३ अशक्त, निर्बल। ४ असमर्थ, असहाय।

अपंथ—पु० [सं० अपथ] १ कुपथ, कुमार्ग। २ बीहड रास्ता, विकट मार्ग, ३ पथ का अभाव।

अपपर—देखो 'अपरपार'।

अप—अव्य० [सं०] शब्दों के आगे लगकर विरुद्ध या उलटा अर्थ देने वाला उपसर्ग। सर्व० आप, अपने। —वि० बुरा, अशुभ। —पु० [सं० अप्] पानी, जल। —अप्प, आप—क्रि०वि० अपने आप, स्वयमेव। —इण—सर्व० अपना। —कठ—पु० बालक। —क—पु० पानी। —कज—क्रि०वि० अपने लिये। —करण—पु० दुराचार। अनुचित कार्य। —करता—वि० हानिकारक। अनिष्ट कारक। पापी। —करम—पु० दुष्कर्म, कुकर्म। —काजी—वि० स्वार्थी। —कार—पु० बुराई। हानि। क्षति। अनिष्ट। निरादर, अपमान। दुर्व्यवहार। —कारक कारी—वि० दुष्कर्मी। नीच। विरोधी। अनिष्ट कारक। द्वेषी। —कीरत, कीरति, कीरती—स्त्री० अपयश। बदनामी। निंदा। हमी। —पक्ख—पक्ष रहित। असहाय। पंख रहित। —क्रति—स्त्री० निरादर। अपमान। हानि बुराई। अपकार। —घन—पु० शरीर, देह। —घातक, घातीक—वि० हत्यारा, हिंसक, आत्मघातक। —घात—स्त्री० आत्महत्या। हिंसा हत्या। धोखा। —चय—पु० नाश, संहार। —चाल—स्त्री० बुरी चाल। खोटाई। —चित—वि० पूज्य। —छद—वि० कुमार्गगामी। —जय—स्त्री० पराजय। —जस—पु० अपयश। —जोग—पु० बुरा योग, कुसमय, अशुभयोग। —जोर—पु० सामर्थ्य। —जोरौ—वि० निरंकुश। —तंत्र—पु० एक प्रकार का वात रोग। —तर—वि० नीच, पतित। कृतघ्न। —स्त्री० न जोती हुई भूमि। —ताई—स्त्री० निर्लज्जता। नीचता। —तानक—पु० गर्भपात से होने वाला रोग। —ताप—पु० सूर्य। —वि० नीच। —दत, दत्त—वि० अपना दिया। धात, ध्यात—पु० चन्द्रमा। —ध्वस—पु० अध पतन। नाश। अप्रतिष्ठा। —नाम—पु० अपकीर्ति। शिकायत।

अपक्षपात—पु० [सं०] १ पक्षपात का अभाव। तटस्थ नीति। २ न्याय। ३ न्याय पूर्ण निर्णय।

अपखी—वि० जिसका कोई पक्षधर न हो; असहाय।

अपगा—देखो 'आपगा'।

अपगौ—वि० (स्त्री० अपगी) १ अविश्वासी। २ देखो 'अपग'।

अपडणौ, (बौ)—क्रि० [सं० आपलृ] १ पकडना। २ रोकना,

थामना। ३ वदी करना। ४ दौड मे किसी के वरावर या आगे जाना।

अपच, (चौ)–पु० [स० अपच] १ अजीर्ण, वदहजमी। २ वद परहेजी। ३ कुपथ्य। ४ अपथ्य। ५ मन मे कोई वात न रहने की दशा (लाक्षणिक)।

अपची–स्त्री० कण्ठ का एक रोग।

अपछंदायण–वि० स्वतत्र, आजाद।

अपच्छर, (च्छरा, छर, छरा)–स्त्री० [स० अप्सरा] १ स्वर्ग लोक या इन्द्रलोक की नर्तकी; अप्सरा, परी। २ सुन्दर स्त्री। —**लोक**–पु० इन्द्रलोक, स्वर्ग। —**वर**–पु० इन्द्र। वीर गति प्राप्त योद्धा।

अपछर–पु० अफसर, अधिकारी।

अपजससोर–पु० यौ० अपकीर्ति का फैलाव। वदनामी।

अपट–वि० १ वेहद, अपार। २ मर्यादा रहित। ३ वस्त्रहीन। ४ नगा, दिगंवर।

अपटणौ, (बौ)–क्रि० १ मर्यादा से वाहर होना। २ उमडना, उवकना। ३ उपलब्धि न होना। ४ वसूली न होना। ५ मन-मुटाव होना।

अपटा–क्रि०वि० वेहद मात्रा मे, खूब।

अपटाव–स्त्री० रोग, बीमारी। —पु० मन-मुटाव।

अपटी–स्त्री० [स०] १ कनात। २ शामियाना। ३ पर्दा। ४ आवरण। ५ वस्त्र।

अपटु–वि० [स०] १ अदक्ष, अचतुर। २ निर्बुद्धि, अनाडी। ३ रोगी। ४ सुस्त। —**ता**–स्त्री० कुशलता या चतुराई का अभाव।

अपठ, (ड, ढ़)–वि० [स० अपठित] १ अनपढ, अनाडी, मूर्ख। २ अशिक्षित।

अपड–वि० अजेय वीर।

अपण,(णउ, णू, णौ)–वि० [स० आत्मन्] (स्त्री० अपणी) अपना, निज का, निजी। –पु० आत्मीयजन, स्वजन।

अपणात, अपणाइत, (ईतु यत) –स्त्री० अपनत्व का भाव।

अपणाणौ, (बौ)–क्रि० १ अपनाना। २ ग्रहण करना। ३ सभाल लेना। ४ अपना वना लेना। ५ अपने अधिकार मे या सरक्षण मे रखना। ६ सहारा देना।

अपणापण (पणौ)–पु० अपनत्व।

अपणास, अपणेस–पु० अपनापन, अपनत्व।

अपणे, (णं)–सर्व० अपना।

अपत–वि० [स० अ + पत्र] १ पत्र या पत्तो से हीन। २ आच्छादन या आवरण रहित। ३ नग्न, नगा। ४ अधम, नीच। ५ निर्लज्ज। ६ अविश्वासी। ७ कायर, कमजोर। ८ नपु सक। ९ पतनोन्मुख। –पु०[स० अ + पत्य] १ पुत्र। २ सतान, औलाद। ३ अप्रतिष्ठा। ४ देखो 'अप्ति'।

अपति–स्त्री० [सं०] १ अग्नि, आग। २ देखो 'अपती'।

अपतियारौ–पु० अविश्वास।

अपतियौ–वि० अविश्वासपात्र, नीच।

अपती–वि० [स० अ + पत्ती] १ पापी, दुराचारी। २ प्रमादी। ३ कायर। ४ कृतघ्न। ५ आततायी। [स० अ + पति] ६ पति विहीना। —स्त्री० १ दुर्गति, दुर्दशा। २ आपत्ति। ३ अग्नि, आग। ४ अनादर।

अपथ–पु० [स०] १ कुमार्ग। २ कुपथ्य। —**गामी, चारी** —वि० दुराचारी, कुमार्गी।

अपथ्य– पु० [स०] कुपथ्य।

अपद–पु० [स०] १ विना पैर वाला प्राणी, उरग। २ रेंगने वाला जतु। ३ सर्प। —वि० १ पद रहित, पगु। २ कर्मच्युत। ३ पैदल। —क्रि०वि० १ अनुचित रूप से। २ देखो 'आपदा'।

अपवरजन–पु० [स० अपवर्जनम्] १ दान। २ त्याग, उत्सर्ग।

अपबाहुक–पु० वाहु का एक वात रोग।

अपभड–पु० योद्धा, वीर।

अपभ्रंस, (सौ)–स्त्री० [स० अपभ्रंश] १ प्राकृत भाषा का परवर्ती रूप जिससे पुरानी राजस्थानी व हिन्दी की व्युत्पत्ति मानी जाती है। —पु० २ पतन, गिराव। ३ विगाड, विकृति।

अपमल, (ल्ल, ल्लौ)–वि० १ मतवाला, मस्त, २ उद्दड।

अपमान–पु० [स० अपमान] १ अनादार, तिरस्कार। २ अवहेलना। ३ फटकार, दुत्कार।

अपमानी–वि० तिरस्कार या अनादर करने वाला।

अपमारग–पु० [स० अपमार्ग] कुमार्ग।

अपरच–अव्य० १ आगे। २ और भी। ३ पुन। ४ अत। ५ उपरात।

अपरपर, (परू, पार)–पु० ईश्वर, परमेश्वर। २ महादेव शिव। ३ विष्णु, अनत। —वि० अपार, असीम, वेहद।

अपर–वि० [स०] १ पूर्व का, पहला। २ इतर, अन्य, दूसरा, भिन्न। ३ पिछला। ४ अपकृष्ट, नीचा। ५ गैर। ६ देखो 'अपार'। —**पक्ष**–पु० कृष्णपक्ष। प्रतिपक्ष। —**बळ बळी**–पु० दूसरे का वल। —वि० असीम शक्तिशाली।

अपरचन–वि० गुप्त।

अपरचौ–अविश्वास।

अपरणा, (णा)–स्त्री० [स० अपर्णा] १ गिरिजा, पार्वती। २ देवी, दुर्गा। —वि० [सं० अपर्ण] पत्ता विहीन।

अपरती–पु० १ स्वार्थ। २ अविश्वास। ३ शका। ४ बर्डमानी।

अपरमाण–देखो 'अप्परमाण'।

अपरस–वि० [स० अ + स्पर्श] १ जो किसी का छुआ न हो। २ न छूने योग्य, अस्पृश्य। ३ पवित्र, शुद्ध। ४ अछूत, शूद्र।

अपराठौ– देखो 'अपूठौ'। (स्त्री०अपराठी)।

अपरा–स्त्री० [स०] १ लौकिक विद्या। २ पश्चिम दिशा। ३ गर्भाशय की झिल्ली। —एकादसी–स्त्री० ज्येष्ठ कृष्णा एकादशी।

अपराजित–वि० [स०] १ जो पराजित न हो, अजेय। २ विजयी। —पु० १ विष्णु। २ शिव।

अपराजिता–स्त्री० १ विष्णु कान्ता लता। २ दुर्गा। ३ कोयल। ४ ईशान कोण।

अपराद, अपराध–पु० [स० अपराध] १ गल्ती, भूल। २ दोष, दूषण। ३ चूक। ४ जुर्म। ५ अनीति। ६ पाप। ७ दुष्कर्म।

अपराधी–वि० [स०] १ अपराध करने वाला। २ कसूरवार, दोषी। ३ पापी। ४ आततायी।

अपराधीन–वि० [स०] स्वतत्र, स्वाधीन।

अपरिग्रह–पु० [स० अपरिग्रह] १ अस्वीकृति। २ गर्गवी, अभाव। ३ धन का त्याग। —वि० रक, गरीब।

अपरोगी–वि० (स्त्री० अपरोगी) १ डरावना, भयकर। २ अजनबी, अपरिचित ३ अप्रिय, अरुचिकर। ५ अमिलनसार। ६ रुखी प्रकृति वाला।

अपलग–वि० (स्त्री० अपलगी) निर्बल, कमजोर, अशक्त।

अपल–वि० १ बेहद, असीम। २ दानी, दातार। ३ योद्धा वीर।

अपलच्छ, (लच्छण)–पु० [स० अपलक्षण] १ कुलक्षण। २ बुरा चिह्न। ३ अवगुण।

अपलाणियौ, (लाणौ)–पु० विना चार जामाकसा (ऊट)।

अपलाप–पु० मिथ्या बात। बकवाद, वाग्जाल।

अपल्ल–देखो 'अपल'।

अपवन–पु० [स० उपवन] वगीचा उद्यान।

अपवरग, (ग्ग)–पु० [स० अपवर्ग] १ मोक्ष, निर्वाण, मुक्ति। २ त्याग, दान। ३ एक स्वर्ग का नाम। ४ पूर्णता, समाप्ति। ५ स्वर्गीय आनन्द। ६ त्याग।

अपवस–वि० [स० अपवश] स्ववश, स्वाधीन।

अपवाद–पु० [स०] १ अपकीर्ति, अपयश,। २ दोष, कमी। ३ साधारण नियमो मे विपरीत नियम। ४ खण्डन।

अपवार–पु० अत्यधिक कार्य।

अपवाहक–वि० एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने वाला।

अपवाहुक–देखो 'अपवाहुक'।

अपवितर, अपवित्र–वि० [स० अपवित्र] अशुद्ध, गदा। नापाक। —ता–स्त्री० अशुद्धि, गदगी।

अपव्यय–पु० [स०] निरर्थक व्यय, फिजूलखर्ची।

अपस–पु० १ मृगी नामक रोग, अपस्मार। २ डिंगल गीतो की रचना का एक दोष। ३ कार्य करने मे असमर्थ व्यक्ति। —वि० आलसी, सुस्त।

अपसकुन, (सगन, सगुन)–पु० [स० अपशकुन] १ बुरा शकुन। २ अशुभ चिह्न। ३ अमगल के लक्षण।

अपसद, (सद्द)–वि० [स० अपसद] नीच, अधम।

अपसब्द–पु० [स० अपशब्द] बुराशब्द, गाली, कुवाक्य।

अपसर, (सरा)–पु० [स० अप्सरा] १ देवागना, अप्सरा। २ एक देव जाति।

अपसवारथी–वि० स्वार्थी, खुदगर्ज।

अपसांण, अपसुकन–देखो 'अपसकुन'।

अपसोस–देखो 'अफसोस'।

अपस्ठ–पु० [स० अपस्ठं] अकुश का अग्रभाग।

अपस्मार, (री)–पु० त्रिदोष (कुपित) से होने वाला एक वात रोग।

अपहड–पु० १ राजा। २ दानी पुरुष। ३ योद्धा। —वि० १ दानी, दानवीर। २ उदारचित। ३ अप्रतिहत। ४ अजेय। ५ पूर्ण। ६ जो धोखा न दे।

अपहरण–पु० [स०] १ बलात् कुछ ले के भागने की क्रिया, हरण, चोरी। २ लूट। ३ छिपाव। ४ छीना झपटी।

अपहरता–वि० [स० अपहर्त्ता] अपहरण करने वाला, वीर, लुटेरा।

अपहार–पु० त्याग।

अपहास–देखो 'उपहास'।

अपह्नुति–पु० [स०] एक काव्यालकार।

अपा–देखो 'आपा'।

अपाग–पु० [स] १ कटाक्ष। २ आख की कोर। ३ देखो 'आपगा'। ४ देखो 'अपंग'।

अपाण–वि० [स० अ+पाणि] १ विना हाथ का। २ विना कलप लगा। ३ धारहीन (शस्त्र)। [सं० अ+प्राण] ४ अशक्त। ५ अतृप्त। —पु० बल, शक्ति।

अपाणै–देखो 'आपणै'।

अपान–पु० [स० अपान] १ पाच वायुओ मे से एक। २ अपान-वायु। ३ गुदा। —वायु–स्त्री० अपानवायु, पाद।

अपा–स्त्री० १ गर्व, गुमान। २ आत्मभाव। —क्रि० वि० दूर। अलग। —मारग–पु० चिचडा नामक एक झाडी।

अपाटव–वि० अपटु। —स्त्री० मूर्खता। बोदापन।

अपात्र–वि० कुपात्र। मूर्ख।

अपादान–पु० [स० अपादान] व्याकरण मे एक कारक ।

अपाप–पु० [स०] १ पुण्य । २ शुभ कार्य । ३ धर्म ।

अपायत– देखो 'आपायत' ।

अपार (रण)–वि० १ सीमा रहित, असीम, अनत, वेहद । २ जो नजदीक न हो, दूर । ३ असंख्य ।

अपारथ–वि० [स० अपार्थ] अर्थहीन, निरर्थक ।

अपारा, अपारांय–वि० अनेक, वहुत ।

अपाळ–वि० १ जिसका पालन करने वाला न हो । २ जिसका पालन न किया जाता हो ।

अपाल–वि० रुकने वाला । २ वेरोक-टोक । ३ रोकने वाला । ४ वहुत, अधिक, अपार ।

अपावन–वि० [स०] अपवित्र, अशुद्ध । मलिन ।

अपाहिज-वि० [स अपभज] १ लूला, लंगडा, अपग । २ वहुत ही असमर्थ । ३ अशक्त । ४ आलसी ।

अपि, अपी–पु० सूर्य ।

अपीतजा–स्त्री० अग्नि, आग ।

अपीधौ–वि० (स्त्री० अपीधी) तृषित, प्यासा । विना पिया ।

अपुत्र (क)–[स०] (स्त्री० अपुत्री) १ पुत्रहीन । २ सतान रहित । ३ निर्वंश । ४ अपने वश को कलकित करने वाला वुरे आचरण वाला पुत्र, कुपुत्र ।

अपुनीत–वि० [स०] १ अपवित्र, अशुद्ध । २ दूषित, गदा ।

अपूठ–वि० १ उल्टा । २ पीठ की ओर का । ३ पीछे का । ४ अप्रसन्न ।

अपूठौ–वि० (स्त्री० अपूठी) १ पीठ घुमाया हुआ । २ विमुख । ३ उल्टा । ४ विरुद्ध । ५ पीठ फेरकर वैठने वाला । —क्रि०वि० उल्टे पैरो से वापिस ।

अपूणौ–वि० पूर्ण, पूरा ।

अपूत–वि० [स० अपुत्र] १ कुपुत्र, कपूत । २ पुत्रहीन । [स० अपूत] ३ अशुद्ध, अपवित्र ।

अपूर–वि० भरपूर, पूरा ।

अपूरण–वि० [स० अपूर्ण] १ जो पूर्ण न हो, अधूरा, अपूर्ण । २ कम होने वाला । —ता–स्त्री० अधूरापन, कमी । —भूत–पु० वह भूतकाल जिसकी क्रिया की समाप्ति न हुई हो ।

अपूरणौ, (बौ)–क्रि० १ पूर्ण करना । २ कम करना । ३ कम होना ।

अपूरब, (पूरव, वौ)–वि० [स० अपूर्व] १ विलक्षण, अनोखा । २ अपूर्व, अद्वितीय । ३ उत्तम श्रेष्ठ । ४ पूर्व जन्म का, पहले का । —ता–स्त्री० अनोखापन, अद्वितीयता ।

अपेक्षा–स्त्री० [स०] १ आकाक्षा, अभिलापा, इच्छा । २ आशा, उम्मीद । ३ तुलना, मुकावला । ४ आवश्यकता ।

अपेक्षित–वि० [म०] १ इच्छित, वाछित । २ आवश्यक ।

अपेय–वि० [स० अ + पेय] न पीने योग्य ।

अपेल–वि० १ अटल, स्थिर, दृढ़ । २ वहुत, अपार, असीम ।

अपैठ–वि० [स० अप्रविष्ठ] १ दुर्गम, अगम । २ कठिन । दु साध्य । ३ अविश्वासी । —स्त्री० अविश्वास ।

अपोढ़ी–स्त्री० निद्रा से उठने की क्रिया या भाव ।

अपौचणौ, अपौचियौ, अपौचौ–वि० (स्त्री० अपौचणी, अपौची) १ अपरिश्रमी । २ आलसी, सुस्त । ३ निर्वल, अशक्त ।

अप्प, अप्पण,अप्पणू अप्पणू, अप्पणौ (न्नू)–सर्व०[स० आत्मन्] मैं हम, अपन । –वि० अपना, निजका ।

अप्पणौ (बौ)–देखो 'आपणौ' (वौ) ।

अप्परमाण–वि० [स० अप्रमाण] १ प्रमाण रहित, अविश्वस्त । २ असीम, वेहद । ३ अप्रामाणिक । ४ जो प्रमाण के रूप मे न माना जाय । ५ अदृष्टान्त ।

अप्पलाणियौ, (लांणौ)–देखो 'अपलाणौ' ।

अप्पवासी–पु० १ जल जतु । २ जल के प्राणी । —वि० गुप्त रूप से रहने वाला ।

अप्पित्त–स्त्री० अग्नि, आग ।

अप्रच–देखो 'अपरच' ।

अप्रपर–देखो 'अपरपार' ।

अप्रंप्रम–पु० परब्रह्म । ईश्वर । —वि० वहुत ।

अप्रकास–पु० [स० अ + प्रकाश] १ अधकार । २ अज्ञान । —क्रि०वि० छिपकर, गुप्त रूप से ।

अप्रकासित-वि० [स० अ + प्रकाशित] १ गुप्त, छिपा हुआ । २ तिमिराच्छन्न । ३ ढका हुआ ।

अप्रकास्य–वि० [स० अप्रकाश्य] जो प्रकट करने योग्य न हो, गोपनीय ।

अप्रखर–वि० [स०] मृदु, कोमल । २ नर्म । ३ मद ।

अप्रछन, (छन्न)–वि० [स० अप्रछन्न] १ गुप्त, छिपा हुआ । २ प्रकट । ३ दुष्ट ।

अप्रजौ–वि० अपार वल वाला ।

अप्रतिबध–पु० [स०] प्रतिवध का अभाव, स्वच्छन्दता ।

अप्रतिभ–वि० [सं०] १ प्रतिभा शून्य । २ जवाव देने मे असमर्थ । ३ अप्रत्युत्पन्नमति । ४ चेष्टाहीन । ५ उदास । ६ सुस्त । शीलवान । ७ लजालु । ८ मद ।

अप्रतिम–वि० [स०] अद्वितीय, वेजोड ।

अप्रतिस्ठ, (तिस्ठित)-वि० [स० अप्रतिष्ठत] १ जिसकी प्रतिष्ठा न हो । २ अप्रसिद्ध । ३ तिरस्कृत । ४ अलोकप्रिय ।

अप्रतीत–पु० काव्य रचना का एक दोप । —वि० अविश्वस्त ।

अप्रत्यक्ष–वि० [स०] परोक्ष ।

अप्रधान–वि० गौण ।

अप्रबळ–वि० १ अति प्रवल, शक्तिशाली । २ महान पराक्रमी । ३ जो प्रवल न हो, निर्वल । —पु० दैत्य ।

अप्रंभसी–देखो 'अपभ्रंस' ।

अप्रमत्त–वि० सदा सावधान ।

अप्रमत्तावस्था–स्त्री० आत्म विकास के लिए सतत् जागरूकता । २ चौदह गुण स्थानो मे से ७ से १४ तक गुण स्थानो मे जीव की अवस्था । ३ सावधानी । ४ अप्रमाद (जैन) ।

अप्रमाण–देखो 'अप्परमाण' ।

अप्रमाद–पु० चुस्ती, स्फूर्ति । —वि० १ प्रमाद रहित, चुस्त । २ गर्व रहित ।

अप्रमित–वि० [स० अपरिमित] अपार असीम ।

अप्रमेह–वि० [स० अप्रमेय] अथाह, असीम ।

अप्रम्म–पु० परब्रह्म, ईश्वर ।

अप्रयुक्त–पु० एक साहित्यक दोष । —वि० जो काम मे न लिया गया हो । अव्यवहृत ।

अप्रवीत–देखो 'अपवित्र' ।

अप्रसन्न–वि० [स०] १ नाखुश । २ उदास, खिन्न, सुस्त । ३ असतुष्ट । ४ गदला ५ मलिन । —**ता**–स्त्री० ना खुशी । उदासी, खिन्नता । सुस्ती, मलिनता ।

अप्रस्तुत–वि० [स०] १ जो प्रस्तुत या उपस्थित न हो । २ जो तैयार न हो । ३ अप्रासगिक, गौण । —**प्रससा**–पु० एक अर्थालकार ।

अप्राप्त–वि० [स०] १ जो प्राप्त या उपलब्ध न हो । २ जो सुलभ न हो । ३ अप्रस्तुत ।

अप्रिय–वि० [स०] १ जो प्रिय न हो । २ अरुचिकर ।

अप्रीति–स्त्री० [स०] १ प्रीति या प्रेम का अभाव । २ शत्रुता, विरोध ।

अप्रेह–वि० अद्भुत, विलक्षण ।

अप्रोगी–देखो 'अपरंगो' (स्त्री० अप्रोगी) ।

अप्रोगी–देखो 'अपरोगी' (स्त्री० अप्रोगी) ।

अप्रौढ–वि० [स०] १ जो प्रौढ न हो, युवा या वृद्ध । २ नाबालिग ।

अप्सर–१ देखो 'अफसर' । २ देखो 'अपछरा' ।

अप्सरा–देखो 'अपछरा' ।

अफड, (डो)–पु० १ धूर्तता, ठगी । २ पाखड, ढकोसला । ३ ढोग, स्वाग । ४ अडगा, बाधा । ५ झगडा, टटा । ६ बवडर ।

अफडी–वि० १ अफड करने वाला, धूर्त, पाखडी । २ स्वाग रचने वाला, ढोगी । ३ झगडालु ।

अफद–पु० १ बधन रहित, २ बाधा रहित ।

अफडणौ, (बौ)–क्रि० भिडना, टक्कर लेना ।

अफछर, (छरा)–देखो 'अपछरा' ।

अफताब–देखो 'आफताब' ।

अफताबी–वि० सूर्य सबधी, आफताबी ।

अफफर–वि० न मुडने वाला, न फिरने वाला ।

अफर–स्त्री० १ पीठ, पृष्ठ । २ पृष्ठभाग । ३ शत्रुता, वैर । ४ द्वेष, ईर्ष्या । —वि० १ न मुडने वाला । २ न फाडा जाने वाला ।

अफराठौ–देखो 'अपूठौ' (स्त्री० अफरूंठी) ।

अफरा, (री)–स्त्री० बडी सेना ।–वि० १ न मुडने वाली । २ शक्तिशाली ।

अफरीदी–स्त्री० पठानो की एक जाति ।

अफरूंटौ (ठौ)–देखो 'अपूठौ' । (स्त्री अफरूठी) ।

अफळ–वि०[स० अफल] १ फलहीन, बिना फल का । २ निष्फल, निरर्थक ।

अफलातू, (तून)–वि० १ अत्यधिक घमडी । २ बेपरवाह । ३ बेहद, असीम । ४ अत्यधिक, बहुत ।–पु०–प्रसिद्ध दार्शनिक प्लेटो का नामान्तर ।

अफवा, (वाह)–स्त्री० [अ०] १ उडती बात । २ झूठी खबर । ३ गप्प । ४ किंवदती, जनश्रुति ।

अफवाज–स्त्री० [अ०] १ वीरता । २ फौज, सेना ।

अफसर–पु० [फा] बडे ओहदे का नायक, सरदार, अधिकारी, प्रधान ।

अफसरी–स्त्री० अधिकार, हुकूमत, ठकुराई, शासन ।

अफसोस–पु० [फा०] खेद, रज, दुख ।

अफारौ–वि० १ बहुत अधिक । २ शक्तिशाली । ३ बहादुर । ४ कुपित, क्रुद्ध । ५ भयानक । ६ अपार । ७ विस्तृत । ८ श्रेष्ठ बढिया ।

अफाळणौ, (बौ),–क्रि० १ तेजी से चलना/चलाना । २ देखो 'आफळणौ' (बौ) ।

अफीण, अफीम–पु० [स० अहिफेन, अ० अफयून] १ पोस्त के ढोड का रस जो नशे व ओषधि के काम आता है । २ अमल ३ विष । —**ची**–वि० अफीम का नशेबाज ।

अफीणी–वि०–अफीम का अफीम सबधी ।

अफुल्ल–वि० [स०] १ बिना फूला हुआ, अविकसित । २ पुष्प रहित ।

अफूटौ, (ठौ)–देखो 'अपूटौ' । (स्त्री०–अफूटी, ठी) ।

अफेर, (रौ)–वि० १ नही फिरने वाला, न मुडने वाला । २ योद्धा ।

अफौ–पु० एक कटीला क्षुप ।

अबक, (कौ)–वि० [स० अ-वक्र] (स्त्री० अबकी) १ जो वक्र या टेढा न हो, सीधा । २ सरल, सहज । ३ सीधा-सादा ।

अबद, (बध)–वि० [स० अबध] १ बन्धन रहित, खुला, मुक्त । २ विकसित, खिला हुआ ।

अब–क्रि०वि०–१ अभी, इसी समय । २ फिलहाल । ३ तदनन्तर, ४ तत्पश्चात् ।

अवक–वि० [स० अ-वच्] न कहने योग्य, अकथ्य । –ली, लै क्रि०वि०-इस बार । दूसरी बार । पुन ।

अबकाइ, (ई)–स्त्री० १ अडचन, बाधा । २ कठिनाई । ३ आपत्ति । ४ भार या बोझ । ५ रजो दर्शन । (स्त्रिया) ।

अबकी–क्रि०वि० १ इस बार । २ दूसरी बार । ३ पुन । वि० १ दुर्गम, दुरूह । २ सकटमय ।

अबके, (कै)–देखो 'अबकी' (क्रि० वि०) ।

अबको, (खो)–वि० (स्त्री० अबकी, अबखी) १ कठिन, मुश्किल । २ टेढा । ३ दुर्गम, दुरूह । ४ सकटमय ।

अबखाणो (बो)–देखो 'आबखणो' (बो) ।

अबखाई–देखो 'अबकाई' ।

अबगरो–देखो 'अभिग्रह' ।

अबगात–वि० वेदाग, निष्कलक ।

अबचळ, (छळ)–वि०[स० अविचल] १ अटल दृढ़ । २ निश्चल, अविचल । ३ निष्कंटक । ४ स्थाई । ५ निरन्तर ।

अबछर–देखो 'अपसरा' ।

अबछाड–वि० १ सहायक, मददगार । २ रक्षक ।

अबज–देखो 'अब्ज' ।

अबजात–पु० दुश्मन, शत्रु ।

अबझळणो, (बो)– क्रि० १ जोश करना । २ उत्साह करना । ३ आकाश छूने की इच्छा करना ।

अबट–पु० (स० अ+वट) १ बुरा रास्ता । २ विटक मार्ग । ३ कुसगति ।

अबड, (डो)–वि०(स्त्री०अबडी) १ बलवान, साहसी । २ निडर । ३ इतना । ४ बिना कटा या काटा हुआ ।

अबणासी–देखो 'अविनासी' ।

अबदार–स्त्री० शराब, मदिरा ।

अबदाळ–पु० १ महान ईश्वर भक्त, जिनकी सख्या तीस मानी गई है । (मुसलमान) २ यवन, मुसलमान । ३ शत्रु, दुश्मन । –वि० १ महान, श्रेष्ठ । २ उदार ।

अबदूर–क्रि०वि० पास, समीप ।

अबद्ध–वि० [स०] बधन रहित, मुक्त ।

अबधु, (धूत)–देखो 'अवधूत' ।

अबध्य–देखो 'अवध्य' ।

अबनमो, (निमो, नीमो)–देखो 'अभनमो' ।

अबनाड–पु० पर्वत, पहाड ।—वि० १ अनम्र । २ वीर ।

अबरक, (ख)–देखो 'अभ्रक' ।

अबरके, (कै)–देखो 'अबके' ।

अबरण–देखो अवरण' ।

अबरस–पु० १ एक प्रकार का वृक्ष । २ घोडा का एक रग ।

अबरी–१देखो 'अभरी' । २ देखो 'अवरी' ।

अबरोसियो, अबरोसो– देखो 'अभरोसो' ।

अबळ–वि० [स०-अ-वल] १ निर्बल, कमजोर, अशक्त । २ दुर्बल, कृश । ३ असमर्थ ।— पु०१ बल का अभाव । २ देखो 'अबळा' ।

अबलक, (को)–पु० [स० अवलक्ष] सफेद या काला, या सफेद या लाल रग का घोडा ।—वि० १ चितकबरा । २ सफेद व लाल रग का ।

अबलका, (खा)–स्त्री०[स० अभिलाषा] १ इच्छा, अभिलाषा । २ आशा ।

अबलख, (खो)–देखो 'अबलक' ।

अबलखा–स्त्री० १ एक चिड़िया विशेष । २ देखो 'अबलका' ।

अबळण–वि० १ सत्य । २ अटूट । ३ घमडी ।—स्त्री० १ एक गति । २ लौटना क्रिया या भाव । ३ न लौटना ।

अबळांबकी–वि० १ निर्बल का बल, सहारा । २ निर्बल, अशक्त ।

अबळा–स्त्री० [स० अबला] स्त्री, औरत, नारी । वि०—बल हीना ।—**मूल**–स्त्री० सोलह श्रृंगार युक्त महिला ।—पु० अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित योद्धा । —**पण, पणौ**–पु० स्त्रीत्व । कमजोरी, निर्बलता । —**सेन**–पु० रतिपति, कामदेव ।

अबलाकी–देखो 'अभिलासी' ।

अबळो–वि० (स्त्री० अबळा) कमजोर, अशक्त, निर्बल ।

अबवेल–स्त्री० १ सहायता मदद । २ रक्षा, सुरक्षा ।

अबात–वि० [स० अ-वात] १ वातहीन, वायु रहित, निर्वात । २ वार्तालाप या वृत्तात रहित ।

अबाबील–स्त्री० [फा०] काले रग की एक चिड़िया ।

अबार, (रू)–क्रि०वि० १ अभी, इसी समय । २ तुरत, शीघ्र ।

अबाळ–वि० १ बिना बालक का । २ बाल्यावस्था रहित, जवान, युवा । —क्रि०वि० बालक पर्यन्त ।

अबास–वि० (स० अ+वास) १ आवास रहित, विश्राम रहित । २ गध रहित । ३ सुगध रहित । ४ देखो 'आवास' ।

अबिणास (नास)–देखो 'अविनास' ।

अबिणासी, (नासी)–देखो 'अविनासी' ।

अबिरच–वि० १ प्रसन्न, खुश । २ अनुकूल ।

अबिरचणो, (बो)–क्रि० –१ प्रसन्न होना, खुश होना । २ अनुकूल होना ।

अबिरळ–देखो 'अविरळ' ।

अबींद–वि० [स० अविद्ध] १ बिना बेधा हुआ । २ अछिद्रित । ३ अक्षत । ४ निष्कलक ।

अबीढ़ो–वि० (स्त्री० अबीढी) १ अद्भुत, अनोखा । २ दुर्गम, दुरूह । ३ कठिन, टेढा । ४ भयकर । ५ जोशीला । ६ ओजस्वी, वीररस पूर्ण ।

अबीर, (री)–पु० पीली गुलाल । —मई, मय, मयो–वि० अबीर-गुलाल से युक्त । कायरता युक्त ।

अबीरी–वि० अबीर के रंग का।
अबीह, अबीहौ–वि० [सं० अ + भय] १ निडर, निशंक, निर्भय। २ महान, जबरदस्त।
अबु वा–देखो 'अबुवा'।
अबुध–वि० [सं०अ+बुद्ध] १ निर्बुद्धि, अज्ञानी। २ मूर्ख अनाड़ी।
अबूज, (झ)–वि० [सं० अ + बुद्ध] १ अबोध, नादान। २ सूझ-बूझ से हीन। ३ मूर्ख। —[सं० अ–पृच्छ] ४ विना पूछा हुआ, विना जाना हुआ। ५ अज्ञेय। —पण, (णौ) १ मूर्खता, नादानी। २ अज्ञान।
अबूझणौ, (बौ)–१ देखो 'अमूझणौ' (बौ)। २ देखो-'बूझणौ' (बौ)।
अबूझौ–वि० अचतुर, अदक्ष।
अबेध–वि० [सं० अविद्ध] १ जिसे बेधा न जा सके। २ विना बेधा हुआ। ३ अछिद्रित।
अबेर–स्त्री० [सं० अवेला] १ विलंब, देर। २ कुसमय। ३ सम्हाल, देखरेख। —क्रि०वि० अविलंब, शीघ्र।
अबेरणौ, (बौ)–क्रि० १ सम्हालना, देखरेख करना। २ सुव्यवस्थित करना, संवारना।
अबेरौ–पु० देखभाल करने की क्रिया।
अबेळा, (ळौ, ळौ)–स्त्री० १ असमय, कुसमय। २ विलंब, देरी।
अबेस–वि० [फा० वेश] १ अधिक, ज्यादा। २ आयु रहित। ३ वेश रहित, नंगा। —पु० जोश, आवेश।
अबेह, अबै–क्रि०वि० १ असमय कुसमय। २ अब, इस समय। ३ इस बार।
अबोचन–देखो 'अवोचन'।
अबोट–वि० १ पवित्र, शुद्ध। २ साफ, स्वच्छ। ३ अछूता। ४ अखंड। ५ बिल्कुल नया। ६ तथ्यहीन।
अबोटी–स्त्री० १ पवित्र वस्त्र। २ शाकद्वीपीय ब्राह्मणों का एक गोत्र।
अबोद, (ध)–वि० [सं० अबोध] १ जिसे बोध न हो। २ अवयस्क, नादान। ३ ना समझ, मूर्ख। ४ अज्ञानी।
अबोल, (लौ)–पु० (स्त्री० अबोली) १ मौन, चुप्पी। २ शांति। —क्रि०वि० विना बोले, चुपचाप।
अबोलणौ–वि० नहीं बोलने वाला, मूक। —पु० १ परस्पर न बोलने की अवस्था या भाव। २ शत्रु, वैरी। ३ पशु। ४ शत्रुता।
अब्ज–वि० [सं० अब्जम्] १ जल में उत्पन्न हुआ जलज। २ कमल। ३ श्वेत। ४ रक्तवर्ण।
अब्द–पु० [सं० अब्द] १ मेघ। २ आकाश। ३ वर्ष साल।
अब्धि–पु० [सं०] समुद्र, सागर।
अब्बल–देखो 'अवल'।
अब्बळा–देखो 'अबळा'।
अब्बिहि–वि० निडर, निर्भय, निशंक।
अब्बी–पु० [फा० आब] पानी, जल। —क्रि० वि० अभी, इसी समय।
अब्बीर–देखो 'अबीर'।
अब्भ–देखो 'आभौ'।
अब्भिमान–देखो 'अभिमान'।
अब्याई–वि० १ बिना प्रसव की (मादा पशु)। २ कुआरी।
अब्यागत–देखो 'अभ्यागत'।
अभ्रक–देखो 'अभ्रक'।
अब्रद्ध–वि० [सं० अ–वृद्ध] १ जो वृद्ध न हो। २ युवा। ३ बालक।
अब्री–स्त्री० पुस्तकों आदि की जिल्द पर लगाने का छींटदार कागज।
अभंग–वि० [सं०] १ जो भंग न हुआ हो, अखंड, अटूट। २ अक्षत। ३ पूर्ण। ४ वीर, बहादुर। ५ निर्भय, निश्चित। ६ बेहद, असीम। —पु० १ सिंह, शेर। २ पद, भजन। —पद–पु० श्लेष अलंकार का एक भेद।
अभंगी, (य)–वि० [सं० अभंगिन्] १ न भागने वाला, अडिग। २ देखो 'अभंग'।
अभंगुर–वि० [सं०] अखण्ड, अटूट। २ दृढ़ मजबूत। ३ न मिटने वाला।
अभंज, (न)–वि० [सं०] अखण्ड, अटूट।
अभ–देखो 'आभौ'।
अभक्त–वि०[सं०]१ जो भक्त न हो। २ नास्तिक। ३ अश्रद्धालु।
अभक्ख, (क्ष, क्ष्य, ख, खज)–वि० [सं० अभक्ष्य] १ न खाने योग्य, अखाद्य। २ जिसका खाना निषिद्ध हो।
अभग्गौ–देखो 'अभागौ'। (स्त्री० अभग्गी)।
अभड़छेट, (छोत)–देखो 'आभडछोत'।
अभडीजणौ (बौ)–देखो 'आभडणौ' (बौ)।
अभडीजियोडी–वि० रजस्वला।
अभधूत–देखो 'अवधूत'।
अभनम–पु० १ वंशज। २ पौत्र, प्रपौत्र। ३ देखो 'अभिनव'।
अभनमौ, अभनवौ–पु० १ अपने पूर्वजों के गुण धारण करने वाला। २ दूसरा, द्वितीय। ३ समान, सदृश। ४ अभिनत। ५ वंशज।
अभभूप–पु० [सं० आभा-भूप] कवि।
अभमन, अभमान–देखो 'अभिमान'।
अभमानव–देखो 'अभिमन्यु'।
अभमानी–देखो 'अभिमानी'।
अभमातो–पु० [सं० अभ्यमित्र] शत्रु, दुश्मन।
अभय–पु० [सं०] १ भयहीनता। २ शरण। ३ कुशलता। ४ निश्चितता। —वि० निर्भय, निडर, कुशल। —धाम–

पु० मोक्ष, निर्वाण। स्वर्ग, वैकुण्ठ। —**पद**-पु० मोक्ष, मुक्ति। निर्भय-पद। —**वचन**-पु० रक्षा का वचन। अभयदान।

अभया-स्त्री० [स०] १ दुर्गा, देवी, भगवती। २ आर्या, साध्वी। ३ कन्या। ४ हरीतकी, हर्रे।

अभयास-देखो 'अभ्यास'।

अभर-वि० [स०] १ निहाल, कृतकृत्य। २ दुर्भर, दुर्वह, गुरुतर। ३ खाली, रिक्त। ४ अपूर्ण।

अभरण-पु० १ अंत गुरु की चार मात्रा का नाम। '॥ऽ' २ देखो 'आभरण'।

अभराण-वि० धन-धान्य पूर्ण, सम्पन्न।

अभरांभरण-वि० १ भूखों को भोजन देने वाला। २ अपूर्ण को पूर्ण करने वाला।

अभरी-वि० [स० आभरीणौ] १ धनाढ्य, सपत्तिशाली। २ सतुष्ट, तृप्त। ३ देखो 'अभ्री'।

अभरोसौ-पु० अविश्वास, शक, सन्देह।

अभल-वि० जो भला न हो, बुरा, अश्रेष्ठ।

अभलाक, (ख)-देखो 'अभिलासा'।

अभलाकी, (खी)-देखो 'अभिलासी'।

अभलेखा, (लेखौ)-देखो 'अभिलासा'।

अभवनमत-पु० [स०] काव्य का एक दोष।

अभवहार-पु० [स० अभ्यवहार] भोजन, खाना।

अभवी-वि० [स० अभव्य] १ न होने योग्य। २ विलक्षण, अद्भुत। ३ भद्दा, बुरा। ४ अशुभ।

अभाए-वि० [स० अभात] १ असुहावना। २ अरुचिकर।

अभाग-पु० [स० अभाग्य] १ दुर्भाग्य, बुरा भाग्य। २ मद भाग्य।

अभागियौ, (गी, गौ, ग्यौ)-वि० [स० अभगिन्]—(स्त्री० अभागण, अभागिण) १ भाग्यहीन, वद किस्मत। ३ हतभाग्य या मदभाग्य वाला।

अभायौ-वि० १ अप्रिय, खराव। २ अरुचिकर। ३-बुरा। ४ भययुक्त।

अभाळ-वि० [स० अ+भाल्य] १ न देखने योग्य। २ जो न देखा जा सके। ३ अप्राप्त। —स्त्री० ललाट, भाल।

अभाळौ-वि० विना देखा, अनदेखा।

अभाव-पु० [स०] १ कमी, अभाव। २ घाटा, टोटा। ३ त्रुटि। ४ अविद्यमानता, असत्ता। ५ अपूर्णता खामी। ६ विरोध। ७ बुरा भाव। ८ नाश। ९ मृत्यु।

अभावण, (वणी)-पु० (स्त्री० अभावणी) १ अरुचि। २ इच्छा का अभाव। —वि० १ अप्रिय। २ अरुचिकर। ३ असुहावना।

अभावणौ, (वौ)-क्रि० १ असह्य होना। २ अरुचिकर होना।

अभावी-वि० [सं०] न होने वाली।

अभावौ-वि० [स० अभात] १ अप्रिय, अरुचिकर। २ भयावह।

अभितरेण-क्रि० वि० [स० अभ्यतर] भीतर।

अभि-अव्य० [स०] १ शब्दो के आगे लगकर ओर, तरफ, बोधक उपसर्ग। २ देखो 'अभी'। —**अंतर**-क्रि०वि० भीतर।

अभिखेक-देखो 'अभिसेक'।

अभिगम, अभिग्गम (ग्रह)-[स० अभिग्रह] आहारादि ग्रहण करने सबधी कठिन से कठिन प्रतिज्ञा। (जैन)

अभिचार-पु० [स० अभिचार] तात्रिक प्रयोग। अनुष्ठान।

अभिचारक, अभिचारी- [स०] अनुष्ठानकर्ता, जादूगर, तात्रिक।

अभिच्छ-वि० [स० अभिक्षा] याचना रहित।

अभिजण (न)-पु० १ कुल, वश, कुनवा। २ पूर्वजो का निवास स्थान। ३ जन्मभूमि, जन्म स्थान।

अभिजाणण-वि० कुशल, दक्ष, पटु।

अभिजात-वि० (स०) १ कुलीन। २ शिष्ट। ३ उत्तम। ४ सुन्दर। ५ पडित।

अभिजित-वि० विजयी। —पु० १ श्रवण नक्षत्र के प्रथम चार दण्ड। २ उत्तरासाढा नक्षत्र के अतिम पन्द्रह दण्ड। ३ तीन तारो वाला एक नक्षत्र। ४ विष्णु का एक नाम।

अभिणासी-देखो 'अविनासी'।

अभित्ति-वि० निर्भय, निडर, निशक।

अभिधान-पु० [स० अभिधानम्] १ कथन। २ शब्दकोश। ३ नाम।

अभिधानी-वि० नामधारी।

अभिधा-स्त्री० [स०] १ तीन प्रकार की शब्द शक्तियो मे से एक। २ नाम। ३ उपाधि। ४ वाचक शब्द।

अभिधेय-वि० [स०] १ नाम लेने योग्य। २ निरूपित।

अभिनदन-पु० [स०] १ स्वागत। २ प्रशसा। ३ वधाई। ४ अभिवादन।

अभिन-देखो 'अभिन्न'।

अभिनमौ, (वौ)-देखो 'अभनमौ'।

अभिनय-पु० [स०] १ किसी नाटक या खेल के पात्र का कार्य। २ स्वाग। ३ किसी की वोल-चाल या हाव-भाव की नकल।

अभिनव-वि० [स०] १ नवीन, नया। २ कोरा।

अभिन्न-वि० [स०] १ एकाकार, एकमय। २ जो पृथक् न हो सके। ३ सटा हुआ, चिपका हुआ। ४ अपरिवर्तित। ५ घनिष्ठ। —**ता**-स्त्री० अपार्थक्य। लगाव। संवध। घनिष्ठता।

अभिप्राय-पु० [स०] १ आशय, मतलब। २ अर्थ, तात्पर्य।

अभिवादन–पु० देखो 'अभिवादन' ।

अभिभव–पु० [स०]१ पराजय, हार । २ हीनता । ३ तिरस्कार, अनादर । ४ वश, काबू । ५ दमन ।

अभिमत–पु० [स०] १ अर्थ, आशय । २ सम्मति । ३ इच्छा, अभिलाषा ।

अभिमन, (मन्न, मन्यु)–पु० [स० अभिमन्यु] अर्जुन-पुत्र अभिमन्यु ।

अभिमाण, (मान)–पु० [स० अभिमान] १ अहंकार, गर्व, घमड । २ व्यक्तित्व ।

अभिमाणी, (मानी)–वि० [स० अभिमानी] घमडी, अहकारी । —पु०–शत्रु, दुश्मन ।

अभिमुख–वि०[स०]१ सम्मुख, सामने । २ समीप । ३ अनुकूल । —क्रि०वि० १ आमने-सामने । २ ओर, तरफ ।

अभिया–देखो 'अभया' ।

अभियागत–देखो 'अभ्यागत' ।

अभियास–देखो 'अभ्यास' ।

अभियुक्त–पु० [स०] दोषी, अपराधी ।

अभियोग–पु० [स०] १ अपराध । २ मुकद्दमा ।

अभियोगी–वि० [स०] अभियोग चलाने वाला ।

अभिराम, (रामा)–वि० [स० अभिराम] १ सुन्दर, मनोहर, रम्य । २ प्रिय । —पु० १ आनन्द, हर्ष । २ प्रमोद । ३ अत गुरु की चार मात्रा का नाम ।

अभिरामी–वि० [स० अभिरामिन्] रमणकर्त्ता ।

अभिरुचि, (ची)–स्त्री० [स०] १ पसद । २ चाह, इच्छा, अभिलाषा । ३ यश की चाह । ४ महत्वाकाक्षा ।

अभिरुता–स्त्री० [स०] १ सगीत की एक मूर्च्छना । २ आवाज, पुकार ।

अभिरूप–वि० [स० अभिरूप] १ मनोहर, सुन्दर । २ सदृश । ३ प्रिय । —पु० १ विष्णु । २ शिव । ३ चन्द्रमा । ४ कामदेव । ५ पडित । ६ वीर ।

अभिलाखणौ (बौ)–देखो 'अभिलासणौ' (बौ) ।

अभिलाख, (खा)–देखो 'अभिलासा' ।

अभिलाखी–देखो 'अभिलासी' ।

अभिलाखुक, (सक)–वि० [स० अभिलाषुक] १ अभिलाषा करने वाला । २ लोभी । ३ इच्छुक ।

अभिलाप–पु० [स०] १ कथन । २ वाक्य । ३ वार्तालाप ।

अभिलास–देखो 'अभिलासा' ।

अभिलासणौ, (बौ)–क्रि० १ आशा करना, अभिलाषा करना । २ इच्छा करना, चाहना ।

अभिलासा–स्त्री० [स० अभिलाषा] १ इच्छा, आकाक्षा, कामना, चाह । २ आशा, अभिलाषा ।

अभिलासी–वि० [स० अभिलाषी] अभिलाषा करने वाला, इच्छुक ।

अभिवादन–पु० [स०] १ प्रणाम, नमस्कार । २ सम्मान, स्वागत । ३ वदना ।

अभिवहार– देखो 'अभवहार' ।

अभिव्यक्ति–स्त्री० [स०] १ प्रगटी करण, प्रागट्य । २ प्रकाशन, प्रदर्शन । ३ स्पष्टीकरण । ४ साक्षात्कार ।

अभिसप्प–वि० [स० अभिशप्त] १ जिसे शाप लगा हो, शापित । २ मिथ्या दोष से आरोपित ।

अभिसव–पु० [स० अभिषव] १ एक प्रकार की शराब । २ अभिषेक ।

अभिसाप–पु० [स० अभिशाप] १ शाप २ बद्दुआ, दुराशीष । ३ बडा इल्जाम, दोष । ४ झूठा दोषारोपण ।

अभिसार–पु० [स०] १ युद्ध । २ हमला, आक्रमण । ३ प्रेमी-प्रेमिका के मिलन के लिए सकेत स्थान पर गमन । ४ प्रेमी-प्रेमिका के सकेत स्थान पर मिलने का समय ।

अभिसारिका, अभिसारिणी–स्त्री० [स०] साकेतिक स्थान पर नायक से मिलने जाने वाली नायिका ।

अभिसेक (ख)–पु० [स० अभिषेक] १ जल से सिंचन । २ छिडकाव । ३ जल सिंचन एव मत्रो से किया जाने वाला शिव पूजन । ४ राजतिलक की क्रिया । ५ ऊपर से जल डालते हुए किया जाने वाला स्नान ।

अभिस्ट–देखो 'अभीस्ट' ।

अभिहडदोस–पु० [स० अभिवृहृतदोष] रास्ते मे सम्मुख लाकर भोजन देने का दोष (जैन) ।

अभिहाण–देखो 'अभिधान' ।

अभी–क्रि०वि० ठीक इसी समय, इसी क्षण । —वि० निडर, निर्भय । —ड़ौ–वि० असुहावना, अरुचिकर । कटु । जोशपूर्ण । —च–वि० वीर । —पु० योद्धा, सुभट । —त, ति, ती, तौ–वि० निडर, निशक । साहसी । —पु० शत्रु, दुश्मन ।

अभीनमौ–देखो 'अभनमौ' ।

अभीमत–देखो 'अभिमत' ।

अभीमता–स्त्री० अभिमान, गर्व ।

अभीमान–देखो 'अभिमान' ।

अभीमुख–देखो 'अभिमुख' ।

अभीयास–देखो 'अभ्यास' ।

अभीर–वि० जिसका कोई सहायक न हो, बेसहारा । —पु० १ गोप, अहीर । २ प्रत्येक चरण मे ग्यारह मात्रा का छद ।

अभीस्ट–वि० [स० अभीष्ट] १ वाछित, इच्छित । २ मन चाहा ।

पसद, इच्छानुरूप । ३ प्रिय, प्यारा । ४ कृपापात्र । —पु० मनोरथ, कामना ।

अभुत–देखो 'अभूत' ।

अभुखरण, (न)–देखो 'आभूसरण' ।

अभूत, (तो)–वि० [स० अभूत, अद्‌भुत,] १ अनस्तित्व । २ अद्‌भुत, विचित्र । ३ अपूर्व, अद्वितीय । **—पूरब (वी)** —वि० अपूर्व, अद्वितीय ।

अभूनी–देखो 'अभिमन्यु' ।

अभूनौ–वि० (स्त्री० अभूनी) १ सुनसान, निर्जन । २ विना मुना हुआ । ३ मूर्ख । ४ उटपटाग ।

अभूमौ–वि० (स्त्री० अभूमी) १ विचार शक्ति शून्य । २ मूर्ख, अज्ञानी । ३ अनाडी ।

अभूलणौ, (बौ)–क्रि० याद या स्मरण रखना, न भूलना ।

अभेख–वि० [स० अभेप] १ असाधु । २ दुष्ट । ३ निर्वेश ।

अभेडौ–वि० कठिन, मुश्किल, दुश्तर ।

अभेद–पु० [स०] १ एकत्व, अभिन्नता । २ भेद या दुराव का अभाव । ३ घनिष्टता । ४ अतिसमानता । ५ रूपक अलकार का एक भेद । —वि० १ अभिन्न । २ एक सा । ३ अविभक्त । ४ समान, सदृश । **—वादी**–वि० अद्वैतवादी ।

अभेधाम–देखो 'अभयधाम' ।

अभेळणौ, (बौ)–क्रि० १ न लूटना । २ न मिलाना या मिश्रण करना ।

अभेव–देखो 'अभेद' ।

अभै–देखो 'अभय' । **–दांन**='अभयदान' । **–पद**='अभयपद' । **—वचन**='अभयवचन' ।

अभैमुनि–देखो 'अभिमन्यु' ।

अभोक्ता–वि० [स०] १ जो भोग न करे । २ जो व्यवहार न करे ।

अभोखरण–१ देखो 'आभूसरण' । २ देखो 'अवोचन ।

अभोग, (गत)–पु० १ विस्तार, फैलाव । २ भोग का अभाव । ३ विलास का अभाव । —वि० [स० अभोग्य] १ जो भोगने योग्य न हो । २ जिसका भोग न किया गया हो । ३ अनुपयोगी, अप्रयोज्य । ४ जो कार्य या व्यवहार मे न आया हो ।

अभोगी–वि० [स०] इन्द्रिय-सुख से उदासीन, विरक्त ।

अभोचन–देखो अवोचन' ।

अभौ–देखो 'आभौ' ।

अभौतिक–वि० [स०] १ अगोचर । २ पचभूतो से सबधित न हो ।

अभ्भ–देखो 'आभौ' ।

अभ्भरी–देखो 'अभरी' ।

अभ्यतर–पु० [स०] १ मध्य, बीच । २ हृदय । —क्रि०वि० १ भीतर । २ निकट, समीप । ३ दरम्यान ।

अभ्यसणौ, (बौ)–क्रि० अभ्यास करना, साधना करना ।

अभ्यस्त–वि० [स०] १ आदी । २ अभ्यास किया हुआ । ३ दक्ष, निपुण ।

चेतन–पु० [स०] १ आत्मा, जीव। २ प्राणी, जीव। ३ मनुष्य, आदमी। ४ ईश्वर, परमात्मा। –वि० १ सजीव, जीवित। २ जीवधारी, प्राणवान। ३ जो जड न हो। ४ विकासवान। ५ दृश्यमान।

चेतनता–स्त्री० चैतन्य होने की अवस्था या भाव। जागृति।

चेतना–स्त्री० [स०] १ होश, सज्ञा, सचेतावस्था। २ बुद्धि, ज्ञान। ३ याद स्मृति। ४ सावधानी, सतर्कता। ५ समझ, विवेक। ६ जीवन।

चेताचूक–वि० १ बदहवास भयभीत। २ असतुलित। ३ गाफिल, बेसुध। ४ व्याकुल। ५ भ्रमित।

चेताणौ (बौ), चेतावणौ (बौ)–क्रि० १ चेतन करना, होश मे लाना। २ जागृत करना। ३ सावधान करना। ४ प्रज्वलित करना। ५ विचार कर सभलना।

चेतावणी (नी)–स्त्री० १ सावधान या सतर्क होने के लिये दी गई सूचना। २ असावधानी करने पर दी जाने वाली हिदायत। ३ हिदायती पत्र।

चेतुरा–स्त्री० एक प्रकार की चिडिया।

चेतौ–पु० [स० चेत] १ होश, सज्ञा। २ बोध, ज्ञान। ३ स्मरण। ४ सावधानी।

चेत्रि–देखो 'चैतरी'।

चेदि–पु० एक प्राचीन जनपद। –**राज**–पु० शिशुपाल।

चेप–पु० १ चिपकने का गुण या शक्ति। २ चिपकाने की क्रिया।

चेपकी–स्त्री० १ आवरण, ढक्कन। २ चुगली, निंदा। ३ चापलूसी।

चेपणौ (बौ)–क्रि० १ चिपकाना, चेपना, गोद आदि लगा कर परस्पर जोडना। २ सलग्न करना। ३ सटाना। ४ प्रहार या आघात करना। ५ जडना।

चेपाणौ (बौ), चेपावणौ (बौ)–देखो 'चिपकाणौ' (बौ)।

चेपाचापौ–पु० १ जोड-तोड, साधारण व्यवस्था। २ निर्वाह, गुजारा। ३ समझौता।

चेपौ–पु० १ आहार, भोजन। २ गुजारा, निर्वाह। ३ किसी को मुहरबद करने के लिये द्वार या ढक्कन पर लगाई जाने वाली चिटिका। ४ सरसो की फसल का रोग। (मेवात)

चेवडौ (रौ)–पु० सूअर का छोटा बच्चा।

चेय–पु० चित्त। (जैन)

चेर–पु० सेवक, दास, नौकर। शिष्य।

चेराई–स्त्री० नौकरी, गुलामी। सेवा।

चेरियौ–पु० चरखे का एक उपकरण।

चेरी–स्त्री० [स० चेटक] १ दासी, सेविका। २ शिष्या, चेली।

चेरौ–पु० [सं० चेटक] १ दास, सेवक, नौकर। २ शिष्य।

चेळ–पु० कपडा, वस्त्र।

चेल (क, कडौ)–पु० १ बच्चा। २ चेला।

चेलकाई–स्त्री० १ बचपन। २ शिष्यत्व।

चेलकी–देखो 'चेली'।

चेलकौ–देखो 'चेलौ'।

चेलर–पु० सूअर का बच्चा।

चेला–स्त्री० एक मजदूर जाति विशेष।

चेलिय, चेली–स्त्री० १ शिष्या। २ दासी। ३ भक्तिन।

चेलुखेप–पु० [स० चेलोत्क्षेप] आकाश मे से वस्त्रो की वर्षा।

चेळौ–पु० १ तराजू का पलडा, तुला पाट। २ पक्ष, पलडा।

चेलौ–पु० (स्त्री० चेली) १ शिष्य। २ भक्त। ३ दास ४ सूअर का बच्चा।

चेल्हर–पु० सूअर का बच्चा।

चेसटा–देखो 'चेस्टा'।

चेस्टक–वि० [स० चेष्टक] चेष्टा या प्रयत्न करने वाला।

चेस्टा–स्त्री० [स० चेष्टा] १ मन के भावो को प्रगट करने वाले कायिक व्यापार। २ नायक-नायिका के प्रेम प्रदर्शन के प्रयत्न। ३ प्रयत्न, उपाय, यत्न। ४ इच्छा। ५ हाव भाव। —**बळ**–पु० गति के अनुसार ग्रहों की प्रबलता।

चेह–स्त्री० [स० चिता] १ चिता। २ मरघट, श्मशान।

चेहरणौ (बौ)–देखो 'चै'रणौ' (बौ)।

चेहरौ–देखो 'चै'रौ'।

चंकणौ (बौ)–क्रि० १ चौकना, चमकना। २ चहकना।

चंकाणौ (बौ), चंकावणौ (बौ)–क्रि० चौकाना, चमकाना।

चंचाट–स्त्री० चहचाहट।

चंचं–स्त्री० १ पक्षियो का कलरव। २ चूं-चूं। ३ बकवास।

चंट (ठ)–स्त्री० १ चिपकने की क्रिया या भाव। २ चिपकने का गुण। ३ प्रयत्न, चेष्टा। ४ लगन, लाग। ५ चिंता। ६ एक प्रकार का विकार। ७ अकुरित होने का भाव। ८ चिडचिडाहट।

चंटणौ (बौ), चंठणौ (बौ)–क्रि० १ चिपकना। २ सलग्न होना। ३ प्रयत्न करना, चेष्टा करना। ४ लगन रखना, लाग करना। ५ चिंता करना। ६ चिडचिडाना। ७ डक या दात से काटना। ८ अकुरित होना।

चंटाणौ (बौ), चंठाणौ (बौ), चंटावणौ (बौ), चंठावणौ (बौ)–क्रि० १ चिपकाना। २ संलग्न कराना। ३ प्रयत्न कराना। चेष्टा कराना। ४ लगन रखवाना। ५ चिंता कराना। ६ चिडचिडाने के लिये प्रेरित करना। ७ डक या दात से कटवाना।

चै–अव्य० सबध सूचक अव्यय 'के'। –पु० १ दूत। २ चोर। ३ युद्ध। –वि० १ प्रेरक। २ दुष्ट।

चैडौ–१ देखो 'चेरौ'। २ देखो 'छेडौ'।

चैत–पु० [स० चैत्र] फाल्गुन के बाद पडने वाला मास।

चैतन्य–वि० [स०] १ जागृत, चेतन। २ सचेत, सावधान। –पु० १ चित्त स्वरूप आत्मा। २ परमात्मा। ३ ज्ञान बुद्धि। ४ एक प्रसिद्ध धर्म प्रचारक। ५ जीवन। —**भैरवी**–स्त्री० एक भैरवी विशेष।

चैतरी–वि० चैत्र मास मे होने वाला।

चैतवाडौ–पु० वसत ऋतु।

चैती–स्त्री० रवी की फसल। –वि० चैत्र का, चैत्र सबंधी।

चैत्य–पु० [स०] १ मदिर,देवालय। २ यज्ञशाला। ३ देवमूर्ति। ४ जैनियो का धार्मिक केन्द्र। ५ शव स्मारक। ६ चिता। ७ श्मशान स्थान, मरघट। —**परवाडी**–स्त्री० अनुक्रम से मदिरो की यात्रा। (जैन)

चैत्र (क)–देखो 'चैत'।

चैत्ररथ–पु० [स०] १ कुबेर का बगीचा। २ एक प्राचीन ऋषि।

चैत्रावळि (ळी)–स्त्री० १ चैत्र मास की पूर्णिमा। २ चैत्रशुक्ला त्रयोदशी।

चैत्रि (त्री)–देखो 'चैतरी'।

चैद–वि० चेदी देश का, चेदी देश सबधी।

चैन–पु० १ आराम, सुविधा, सुख। २ शाति, तसल्ली। ३ आनन्द हर्ष। ४ कष्ट, पीडा आदि से मुक्ति। ५ ऊट का आभूषण विशेष। ६ देखो 'चहन'।

चैनाळ–देखो 'छिनाळ'।

चैबचौ–देखो 'चहबचौ'।

चैबरौ–पु० सूअर का बच्चा।

चंवास–अव्य० [फा० शाबाश] शाबाश, धन्य, साधु ।
चंवासी–स्त्री० [फा० शाबाशी] वाह-वाही । धन्यवाद ।
चंर–पु० एक मरुस्थलीय पौधा विशेष ।
चं'र–स्त्री० आलोचना, निंदा ।
चंरणौ (बौ)–क्रि० आलोचना करना । निंदा करना ।
चं'राणौ (बौ), चं'रावणौ (बौ)–क्रि० आलोचना कराना । निंदा कराना ।
चं'रौ–पु० [फा० चेहरा] १ मुह मुखाकृति, शक्ल, सूरत । २ मुखाकृति का चित्र या खिलौना । ३ सामने की हजामत ।
चंल–पु० [स०] १ वस्त्र, कपडा । २ पोशाक । ३ वस्त्र खण्ड ।
चंलक–पु० एक प्राचीन वर्णसकर जाति ।
चंहन–पु० [स० चिह्न] १ चिह्न, निशान । २ ध्वजा, पताका ।
चंहरणौ (बौ)–देखो 'चं'रणौ' (बौ) ।
चंहरौ–देखो चं'रौ' ।
चंहैन–देखो 'चंहन' ।
चो–देखो 'चू' ।
चोंगियौ–पु० खाट की बुनाई का एक ढग विशेष ।
चोच (ड़ली)–स्त्री० [स० चचु] १ पक्षी का एक मुख, चोच । २ लबा मुख । ३ कुए से पानी निकालने का उपकरण । ४ बैलगाडी का अग्रभाग । —**दार**–वि० चोच वाला ।
चोतरौ–पु० चबूतरा ।
चोंप–देख 'चूप' ।
चोपौ–देखो 'चापौ' ।
चो–पु० १ मनुष्य । २ बैल । ३ अश्व, घोडा । ४ महावत । –स्त्री० ५ गौ गाय । ६ चतुरगिनी सेना । –अव्य० षष्ठी विभक्ति का चिह्न 'का' ।
चोग्रौ–देखो चोवौ' ।
चोकड़–देखो 'चापड' ।
चोकड़ी–देखो 'चौकडी' ।
चोकी–स्त्री० १ चार कोने की तावीज, गडा । २ पुलिस का एक घटक ।
चोकौ–देखो 'चौकौ' ।
चोख–स्त्री० १ स्फूर्ति । २ तेजी । ३ उमग, जोश । ४ शौक, मौज ।
चोखळौ–देखो 'चौखळौ' ।
चोखा–पु० चावल, अक्षत ।
चोखाई–स्त्री० अच्छापन अच्छाई, गुण ।
चोखौ–वि० [स० चोक्ष] (स्त्री० चोखी) १ अच्छा । २ उत्तम, श्रेष्ठ । ३ प्रिय, मधुर । ४ स्वादिष्ट । ५ चतुर, दक्ष । ६ विशुद्ध । ७ सुन्दर । ८ सच्चा, ईमानदार । ९ भला, चगा । —**भौंठौ**–वि० भला-बुरा, अच्छा-बुरा ।
चोगड, चोगडद (द्दा)–देखो 'चौगडद' ।
चोगर–पु० उल्लू के समान आखो वाला घोडा ।
चोगान–देखो 'चौगान' ।
चोगुड़दाई–स्त्री० चौडाई । –क्रि० वि० चारो ओर, चौतरफ ।
चोगौ–पु० ढीला कुर्ता, चोला, चोगा ।
चोघडियौ–देखो 'चौघडियौ' ।
चोघणौ (बौ)–क्रि० १ ढूढना, तलाश करना । २ शोध करना । ३ देखना, गौर करना ।
चोघाणौ (बौ), चोघावणौ (बौ)–क्रि० १ ढुढवाना, तलाश कराना । २ शोध कराना । ३ दिखाना, गौर कराना ।
चोडे-धाड़ै–देखो 'चौडे-धाडै ।
चोच–स्त्री० [स०] १ चर्म, चमडी । २ खाल । ३ छाल ४ वल्कल । ५ आडम्बर । ६ छल, कपट ।
चोचळा–पु० नाज-नखरे ।
चोचळी (ळौ)–वि० नखरेबाज ।
चोचा–स्त्री० १ लडाई । २ कलह । निंदा, आलोचना । —**कारौ**–वि० झगडालु । निंदक ।
चोचाळौ–वि० (स्त्री० चोचाळी) कलह प्रिय, झगडालु ।
चोचौ–वि० १ थोड़ी अल्प । २ साधारण ।
चोचौ–पु० १ झगडा, लडाई । २ उपद्रव, दगा । ३ प्रलाप, बकवाद । ४ आडम्बर ढोग ।
चोज–पु० १ विनोद पूर्ण बात, हसी, मजाक । २ उमग, उत्साह । ३ साहस । ४ चतुराई । ५ छल, कपट, धोखा । ६ रसास्वादन । ७ आनन्द, मौज, मस्ती । ८ स्थान, जगह । ९ आभा, काति । १० प्रभाव, असर ११ उदारता ।
चोजाळौ, चोजीलौ–वि० (स्त्री० चोजाळी, चोजीली) १ हसी मजाक करने वाला, विनोदी । २ भेदिया । ३ धोखेबाज । ४ निपुण-वाक्पटु । ५ मस्त ।
चोजौ–पु० १ धोखा, छल । २ चोज ।
चोट–स्त्री० १ आघात, प्रहार । २ टक्कर । ३ जख्म, घाव । ४ वार, आक्रमण । ५ क्षति, नुकसान । ६ मानसिक आघात, दुख । ७ चाल, षडयत्र । ८ धोखा, विश्वास-घात । ९ ताना, व्यग । १० छेड-छाड । ११ झटका ।
चोटडियाळ (ळौ)–देखो चोटियाळ' ।
चोटळियौ, चोटलौ–देखो 'चोटी' ।
चोटियाळ (ळौ)–पु० (स्त्री० चोटियाळी) १ एक प्रकार का गीत । २ चोटी वाला । ३ हिन्दू । ४ दोहे का एक भेद । ५ चोटी या रेशेवाला नारियल । जटावाला नारियल ।
चोटियौ–पु० [स० चूड] १ डिंगल का एक गीत । २ राजस्थानी मे दोहे का एक भेद । ३ छोटा रस्सा । ४ एक प्रकार का घोडा । ५ घास के मेदानो मे खडी घास से बनाया विभाजक चिह्न । ६ आक के रेशो की पूणी । ७ शिखर वाली ढेरी ।

८ घास का पुग्राल । ९ चुट्टा । १० तराजू की डंडी के मध्य की डोरी ।

चोटी–स्त्री० [सं०] १ बालों की शिखा । २ स्त्रियों की वेणी । ३ शिर की किलगी । ४ ऊपरी भाग, शिखर, पर्वत शिखर । ५ कुर्नी । ६ सारंगी का ऊपरी भाग । **—ग्राल-ग्राळौ**='चोटियाळ' । **—कट**-पु० अनुयायी शिष्य । **—बध**-पु० स्त्रियों के शिर का ग्राभूषण विशेष । २ शिष्य । **—बंडियो**–पु० चोटी कटा । मुसलमान । ईसाई शिष्य विशेष कृपा पात्र । **—याळ, याळौ**='चोटियाळ' । **—वाळ, वाळौ**='चोटियाळ' ।

चोटौ–पु० १ मोटी शिखा । २ चोटा ।

चो'ट्टौ–वि० चोर ।

चोडाळ–पु० एक प्रकार की सवारी । वाहन ।

चोडी–स्त्री० कूए के मध्य का भाग, बीच का गड्ढा ।

चोडोळ (ळौ)–पु० हाथी, गज ।

चोढ़रौ–पु० सवार, सवारी करने वाला ।

चोतरफ–देखो 'चौतरफ' ।

चोताळौ–देखो 'चौताळौ' ।

चोथ–स्त्री० १ ग्राभूषण विशेष । २ देखो 'चौथ' ।

चोदक (क्कड)–वि० स्त्री संभोग करने वाला, बहुकामी ।

चोदणौ (बौ)–क्रि० संभोग करना, स्त्री प्रसंग करना ।

चोदन–स्त्री० स्त्री प्रसंग, मैथुन ।

चोदस–स्त्री० चतुर्थ दशी की तिथि ।

चोदाई–स्त्री० १ मैथुन का कार्य । २ संभोग कराने का पारिश्रमिक ।

चोदास–पु० कामेच्छा, मैथुनेच्छा ।

चोदू–वि० भीरु, डरपोक ।

चोद्दग–वि० चौदह । (जैन)

चोधरौ–देखो 'चौधरौ' ।

चोधार (रण, रौ)–देखो 'चौधार' ।

चोप–स्त्री० १ सेवा, पूजा । २ प्रार्थना, विनती । ३ ध्यान । ४ लगन । ५ भक्ति । ६ श्रद्धा । ७ कृपा, दया, अनुकम्पा । –क्रि० वि० चारों ग्रोर ।

चोपइ, चोपई–स्त्री० एक मात्रिक छन्द विशेष ।

चोपग (गौ)–देखो 'चौपगौ' ।

चोपड़–पु० १ घी ग्रादि स्निग्ध पदार्थ । २ देखो 'चौपड' ।

चोपडणौ (बौ)–क्रि० १ घी तेल ग्रादि स्निग्ध पदार्थ लगा कर चिकना करना । २ खिचडी ग्रादि पर घी डालना ।

चोपडाणौ (बौ), चोपडावणौ (बौ)–क्रि० १ घी ग्रादि स्निग्ध पदार्थ लगाकर चिकना कराना । २ खिचडी ग्रादि पर घी डलवाना ।

चोपडास–देखो 'चोपड' ।

चोपडौ–पु० १ तिलहन की फसल में होने वाला एक रोग । २ देखो 'चौपडौ' ।

चोपण–स्त्री० लोहे को सुधारने का एक उपकरण । २ ग्राभूषणों की खुदाई का उपकरण ।

चोपदार–देखो 'चोबदार' ।

चोपन–देखो 'चौपन' ।

चोपाड–स्त्री० चौपाल ।

चोपायी–स्त्री० १ चौपाई छन्द । २ चारपाई ।

चोपाळौ–पु० डोली, पालकी, शिविका ।

चोप्पालग–पु० मस्त हाथी । (जैन)

चोफाड–देखो 'चौफाड़' ।

चोफाडणौ (बौ)–क्रि० १ चार भागों में विभक्त करना । २ चार फाडे करना । ३ फाटना । ४ नष्ट करना ।

चोफाड़, चोफाडा–क्रि० वि० १ चारों ग्रोर, चौतरफ । २ चार फाडों से ।

चोफेर–देखो 'चौफेर' ।

चोब–स्त्री० १ चुभने के क्रिया या भाव । २ चुभन । ३ तीक्ष्ण दर्द, पीडा । ४ कूए की खुदाई का प्रारंभ । ५ छोटे-छोटे पौधों की बुवाई, अंकुरण । ६ इस प्रकार गाडे जाने वाले पौधे । ७ तालाब के मध्य का गहरा गड्ढा । ८ शामियाने का बीच का खंभा । ९ नगाड़े का डंडा । १० सोने चांदी की मूंठ वाली छडी ।

चोबचीणी–स्त्री० दीपान्तरवचा नामक जड़ी जो रक्त शोधन करती है ।

चोबणौ–पु० जूते का कसीदा ।

चोबणौ (बौ)–क्रि० १ चुभाना, तीक्ष्ण वस्तु धंसाना । २ धार की रगड लगाना । ३ कूए की खुदाई प्रारंभ करना । ४ छोटे पौधों को ग्रलग-ग्रलग गडाना, अंकुरित करना ।

चोबदार–पु० राजा व जागीरदारों का एक ग्रनुचर ।

चोबाई–स्त्री० चोबने की क्रिया या भाव ।

चोबाणौ (बौ) चोबावणौ (बौ)–क्रि० १ चुभवाना, तीक्ष्ण वस्तु को धसवाना । २ धार की रगड लगवाना । ३ कूए की खुदाई प्रारंभ कराना । ४ छोटे पौधों को ग्रलग-ग्रलग गढवाना ।

चोबारौ–देखो 'चौबारौ' ।

चोबोलौ–पु० एक मात्रिक छंद विशेष ।

चोबौ–पु० शक सन्देह, ग्राशंका ।

चोभ–देखो 'चोब' ।

चोभको–देखो 'चभको' ।

चोभणौ–देखो 'चोबणौ' ।

चोभणौ (बौ)–देखो 'चोबणौ' (बौ) ।

चोभौ देखो 'चोबौ' ।

चोमकबीवो–पु० चार मुह का दीपक ।
चोमुखो–देखो 'चौमुखो' ।
चोय–स्त्री० १ त्वचा, चमडी । २ छाल । (जैन)
चोयग्र–पु० एक प्रकार का फल ।
चोयरा–वि० प्रेरणा करने वाला ।
चोयणा–स्त्री० प्रेरणा । (जैन)
चोयाल–स्त्री० गढ के ऊपर का स्थान । (जैन)
चोयाळा, चोयाळीसा–वि० चमालीस ।
चोरग–देखो 'चौरग' ।
चोर–पु० [स०] १ चुपके से किसी वस्तु का हरण कर लेने वाला, अपहरणकर्त्ता । उचक्का । २ ठग । ३ डाकू । ४ छिपा कर रखा ताश का पत्ता । ५ एक प्रकार का गध द्रव्य । ६ एक प्रकार का सर्प । –वि० १ जिसके वास्तविक वाह्य स्वरूप का पता न चले । २ काला, श्याम ❊ । —**आळो**–पु० गुप्त ताका । —**कार,कारी,कळी काळी**–स्त्री० चोर का कार्य, चोरी । —**खांनो**–पु० गुप्त खाना, कोष्ठक, दराज । —**खिड़की**–स्त्री० गुप्त द्वार । —**गळी**–स्त्री० गुप्त व सकरा रास्ता । —**गाय**–स्त्री० दूध दूहते समय दूध न उतारने वाली गाय । —**जमी, जमीन**–स्त्री० ऊपर से ठोस व अन्दर से पोली जमीन । —**ताळो**–पु० गुप्त ताला । —**दांत**–पु० अतिरिक्त दात । —**पहरो, पै'रो**–पु० गुप्त प्रहरा, जासूसी ।
चोरग–पु० एक सुगधित वनस्पति । (जैन)
चोरडो, चोरटो–देखो 'चोर' ।
चोरणो (बो)–क्रि० १ कोई वस्तु चुपके से लेना, उठा लेना । २ अपहरण करना । ३ आकर्षित करना । ४ मोह लेना ।
चोराकूटो–पु० चोरी-डकैती का कार्य ।
चोराचोरी–क्रि० वि० चुपके-चुपके, गुप्त रूप से ।
चोरावणो (बो)–देखो 'चुराणो' (बो) ।
चोरिय–स्त्री० १ चोरी । २ मारपीट । ३ डकैती । (जैन)
चोरियो–पु० पुताई आदि के समय रह जाने वाला धब्बा ।
चोरी–स्त्री० १ चुपके से किसी वस्तु को हथियाने की क्रिया । २ अपहरण, हरण । ३ ठगी । ४ डकैती ।
चोळ (ल)–पु० [स० चोल] १ दक्षिण भारत का एक जनपद । २ एक प्राचीन राजपूत वश । ३ लाल रग । ४ लाल रग का वस्त्र । ५ चोला । ६ मजीठ । ७ कवच । ८ आनद, उमग । ९ रति क्रिया । १० क्रीडा, विनोद । ११ रुचि, लगन । १२ कचुकी । –वि० लाल ।
चोळग–पु० रक्त ।
चोळगोळ–पु० आग से तपा लाल गोला ।
चोळचचोळ–पु० क्रोध से लाल नेत्र ।
चोळचख–पु० शेर ।
चोळचखो (खौ)–वि० क्रोध से लाल नेत्रो वाला ।
चोळबोळ–वि० १ लाल रगा हुआ, रक्ताभ । २ उन्मत्त, मस्त ।
चोळरग–पु० लाल रंग, मजीठ रंग ।
चोळवट (ट)–पु० [स० चोलपट्ट] लाल वस्त्र, टूल ।
चोळवांन (वन्न)–वि० रक्त वर्ण, गहरा लाल ।
चोळियो–देखो 'चोळो' ।
चोळणो (बो)–क्रि० मसलना ।
चोळी–स्त्री० [स० चोली] १ स्त्रियो के कुचो पर पहनने का वस्त्र, अगिया । २ मजीठ । ३ अगरखीनुमा एक स्त्रियो का वस्त्र विशेष । ४ पान रखने की डलिया —**मारग** –पु० वाममार्ग का एक भेद ।
चोळीय–पु० नौ नाथो मे से एक ।
चोळवो–वि० लाल ।
चोळो–पु० १ साधु फकीरो का चोगा । २ ढीला-ढाला कुर्ता । ३ देह, शरीर, तन । ४ इल्लत, आफत ।
चोल्यो–पु० १ टोकरा । २ देखो 'चोळो' ।
चोवखो–देखो 'चोखो' ।
चोवड़ो–देखो 'चौवड़ो' ।
चोवटियो, चोवटो–देखो 'चौवटो' ।
चोवाचदण–पु० चदनादि सगुधित द्रव्य ।
चोवो–पु० एक प्रकार का सुगधित पदार्थ ।
चोसगी–देखो 'चोसागी' ।
चोस–स्त्री० कांमी ।
चोसणो (बो)–देखो 'चूसणो' (बो) ।
चोसर–देखो 'चौसर' ।
चोसरो–देखो 'चौसरो' ।
चोसांगी, चोसींगो–पु० [स० चतु शृ गी] १ चार सीग वाला । २ एक प्रकार का कृषि उपकरण ।
चोहट (टो)–देखो 'चौवटो' ।
चोहथी–देखो 'चौहथी' ।
चोहां–वि० चारो ।
चौंकणो (बो)–क्रि० १ चमकना, भिझकना । २ सावधान होना, जागृत होना । ३ गुस्सा करना ।
चौंकलो–देखो 'चू कलो' ।
चौंकाणो (बो)–क्रि० १ चमकाना, भिझकवाना । २ सावधान करना, जागृत करना । ३ गुस्सा कराना ।
चौंगियो–देखो 'चोंगियो' ।
चौंतरो–देखो 'चबूतरो' ।
चौंतीस–देखो 'चौतीस' ।
चौंप–स्त्री० १ कीर्ति, यश । २ देखो 'चोप' ।

चौंरी—देखो 'चवरी'।
चौवटो—देखो 'चौवटो'।
चौ—पु० १ मनुष्य। २ बैल। ३ अश्व, घोडा। ४ महावत। ५ रस। ६ गौ, गाय। —वि० चार।
चोइस—वि० बीस व चार, चौवीस। —पु० चौवीस की सख्या, २४।
चौईसी—पु० २४ की सख्या का वर्ष या संवत।
चौग्रौ—१ देखो 'चोभौ'। २ देखो 'चोवौ'।
चौक—पु० [स० चतुष्क] १ मुहल्ले या मकान के बीच की खुली जगह। २ चौराहा। ३ खुला मैदान। ४ चार कोने का खुला चबूतरा। ५ पीठ। ६ काष्ठ या धातु की चौकी। ७ भूल-चूक। ८ मागलिक अवसरो पर आटे, अबीर आदि से बनाया हुआ क्षेत्र। ९ एक देशी खेल।
चौकडा—पु० मर्दों के कान के आभूषण।
चौकड़ालगाम—स्त्री० एक प्रकार की लगाम।
चौकडी—स्त्री० १ चार व्यक्तियो की मडली। २ चार का समूह। ३ चार युग। ४ चारो ओर से होने वाला तलवारो का प्रहार। ५ चारो पैरो से एक साथ भरी जाने वाली छलाग। ६ चार कोने का खड्डा। ७ बाण के पिछले शिरे पर लगने वाला उपकरण। ८ पगडी बाधने की एक विधि। ९ चार घोडो की बग्घी। १० चार व्यक्तियो द्वारा खेला जाने वाला ताश का एक खेल।
चौकडौ—पु० १ घोडे के मुह पर लगाई जाने वाली लगाम। २ एक प्रकार का आभूषण। ३ एक विषैला जन्तु विशेष।
चौकणौ (बौ)—क्रि० १ भूमि की जुताई करना। २ बुवाई के लिये खेत मे अनाज के दाने बिखेरना, छितराना। ३ चारो ओर से आवेष्टित करना, घेरना। ४ चकित होना।
चौकतोख—स्त्री० मान प्रतिष्ठा।
चौकनी—देखो 'चोसागी'।
चौकन्नौ—वि० (स्त्री० चौकन्नी) १ सतर्क, सावधान, सन्नद्ध। तत्पर, तैयार। २ चार कान वाला।
चोकळ—पु० [स० चतुष्कल] चार मात्राओ का समूह। —वि० चार कलाओ वाला।
चौकळियौ, चौकळौ—वि० १ चार कलाओ वाला। २ चार-चार मात्रा के समूह वाला छन्द। ३ देखो 'चौखळौ'।
चौकस—वि १ सचेत, सतर्क, सावधान। २ ठीक, सही। ३ पक्का निश्चित। ४ स्पष्ट। —पु० १ ढूढने का प्रयास, खोज। २ शोध। ३ जाच, पडताल। —क्रि० वि० १ प्रत्यक्ष सामने। २ निश्चय ही, अवश्य।
चौकसाई, चौकसी—स्त्री० १ सावधानी, सतर्कता। २ खोज, तलाश। ३ छान-बीन। ४ चौकीदारी। ५ सुरक्षा।
चोका—स्त्री० तलवार की मूठ का एक भाग।
चौकाणौ (बौ), चौकावणौ (बौ)—क्रि० १ भूमि की जुताई करवाना। २ बोवाई के लिये खेत मे अनाज छितरवाना, छटवाना। ३ देखो 'चौंकाणौ' (बौ)।
चौकी—स्त्री० [स० चतुष्की] १ चार पाये या चार कोनो का आसन। २ मदिर के ऊपर का चौकोर घेरा। ३ सिपाहियो का एक दल जो स्थान-स्थान पर चौकसी के लिये तैनात रहता है। इस दल का कार्य स्थान। ४ निगरानी, पहरा। ५ पडाव ठहराव। ६ चार कोनो की तावीज, गडा। ७ चार कोने का आभूषण। ८ गले का एक आभूषण। ९ सेना की टुकडी। १० चकला। ११ राजा या जागीरदार को आमत्रित कर भेंट की जाने वाली धन राशि। १२ छोटा चबूतरा। १३ खेत की चौकीदारी के बदले दिया जाने वाला लगान। १४ चार पत्तियो वाला ताश का पत्ता। —खांनौ—पु० पहरा देने का स्थान —दार—पु० पहरेदार, रखवाला। —दारी—स्त्री० पहरे का कार्य, निगरानी। चौकीदार का पद। चौकीदार का वेतन या पारिश्रमिक। —वट—पु० काष्ठ की चौकी, आसन पाट।
चौकूट—देखो 'चौकूट'।
चौकूटौ—देखो 'चौकटौ'।
चौकूणौ—वि० १ चार कोने का। २ समचौरस।
चौकोर—वि० चार कोनों का, चारो ओर से बराबर। —स्त्री० क्षत्रियो की एक शाखा।
चौकौ—पु० [सं० चतुष्क] १ चार कोने का कोई खण्ड। २ चार का अक। ३ गोबर लीप कर शुद्ध किया स्थान। ४ ब्राह्मणो का रसोईघर या रसोई के लिये निश्चित स्थान। ५ एक ही प्रकार की चार वस्तुओ का समूह। ६ चार पत्तियो का ताश का पत्ता। ७ दत-क्षत का निशान। ८ सामने का दत समूह। ९ चार की संख्या का वर्ष।
चौखड—पु० १ चार खण्ड। २ चौथी मजिल। ३ चार भाग वाला।
चौखडी—स्त्री० चौथी मजिल।
चौखड़ौ—देखो 'चौकडौ'।
चौखट—स्त्री० १ चार मोटी लकडियो का ढाचा जिसमे कपाट के पल्ले अटकाये जाते हैं। २ देहलीज। ३ ताश के पत्तो की चोकौर बूटी।
चौखटियौ (टौ)—पु० १ तस्वीर आदि की फ्रेम। २ आकृति, शक्ल।
चौखणौ—वि० चार कोष्ठक या खण्डो वाला।
चौखळौ—पु० १ किसी गाव या प्रदेश के चारो ओर का क्षेत्र या प्रदेश। २ चारो ओर का समुदाय।
चौखूट—पु० [स० चतुष्कोटि] १ चारो दिशा। २ चारो कोने।
चौखूटौ—वि० चार कोने का।

चौगड़द, चौगडदाई–क्रि०वि० चारो ओर।
चौगड़ो–वि० चार।
चौगट–देखो 'चौखट'।
चौगडो–वि० चार गुना।
चगणो–वि० [स० चतुर्गुण] चार गुणा।
चोगणो (बो)–क्रि० देखना।
चौगरद–देखो 'चौगडद'।
चौगस–देखो 'चौकस'।
चौगान–पु० [फा०] १ खुला व विस्तृत मैदान। २ खुला आगन।
चौगानियो–वि० चार तहो या परतो का। –पु० दशहरे के दिन काटा जाने वाला मस्त भैंसा।
चौगिरद, चौगुडदा–देखो 'चौगडद'।
चौगुणो–वि० (स्त्री० चौगुणी) चार गुणा।
चौगो–पु० १ चार दात वाला छोटा बैल या भैंसा। २ चोगा, चोला। ३ चार का अक। ४ चार का वर्ष।
चौगोनी–स्त्री० १ छडी, बेंत। २ गेंद का बल्ला।
चौघडियो चौघडो–पु० १ लगभग चार घडी का समय, समय का एक विभाग। २ उक्त समय के अन्त मे बजने वाला घटा। ३ मुहूर्त विशेप।
चौड़–पु० नाश, घ्वस।
चौडाई–स्त्री० चौडापन, मोटाई। अर्ज।
चौडै–क्रि० वि० खुले मे, प्रत्यक्ष मे, प्रगट रूप मे। —**धाडै**–क्रि० वि० खुले आम, दिन दहाडे।
चौडोतरसो–पु० एक सौ चार की सख्या।
चौडो–वि० (स्त्री० चौडी) १ विस्तृत, फैला हुआ। २ लम्बाई से भिन्न दिशा मे फैला हुआ।
चौज– देखो 'चोज'।
चौजुगी–स्त्री० चार युगो का समूह।
चौडोळ–पु० १ हाथी। २ पालकी।
चौतरफ–क्रि० वि० चारो ओर।
चौतरी–देखो 'चौपडी'।
चौतरो– देखो 'चबूतरो'।
चौतारो–पु० चार तारो का एक वाद्य। एक प्रकार का कपडा।
चौताळो–पु० किसी क्षेत्र के गावो का समूह।
चौतीणो–पु० चार मोट या चार रहट एक साथ चलने लायक बडा कूआ।
चौतीस–वि० [स० चतुस्त्रिंशत] तीस व चार। –पु० तीस व चार की सख्या, ३४।
चौतीसो–पु० चौतीस का वर्ष।
चौतुको–वि० चार तुको वाला।
चौत्रप–देखो 'चोतरफ'।
चौत्रीस–देखो 'चौतीस'।
चौथ–स्त्री० [स० चतुर्थी] १ चतुर्थी तिथि। २ विवाह के बाद का चौथा दिन। ३ चौथा भाग। ४ मराठो द्वारा लिया जाने वाला एक कर। ५ लुटेरो से रक्षा करने के लिये दिया जाने वाला कर। ६ आभूषण विशेष। —**पण, पणो**–पु० चौथापन, वृद्धावस्था। —**भक्त**–पु० उपवास। (जैन)
चौथड़ी–स्त्री० छोटा चबूतरा।
चौथड़ो–पु० बडा चबूतरा।
चौथाई–स्त्री० चौथा भाग।
चौथालो– देखो चौतालो'।
चौथियो–पु० १ हर चौथे रोज आने वाला ज्वर। २ चौथे भाग का हकदार। ३ 'चौथ' वसूल करने वाला व्यक्ति।
चौथोपछेवडी–स्त्री० वृद्धावस्था।
चौथो–वि० [स० चतुर्थ] (स्त्री० चौथी) तीन के बाद वाला, चौथा, चतुर्थ। —**आसरम**–पु० सन्यास आश्रम। वृद्धावस्था।
चौदत (तो)–वि० १ प्रसिद्ध, ख्याति प्राप्त। २ प्रतिष्ठित। ३ चार दात वाला।
चौद–देखो 'चवदै'।
चौदस (सि, स्स)–स्त्री० चतुर्दशी की तिथि।
चौधर-स्त्री० चौधराहट, चौधराई।
चौधरण–स्त्री० चौधरी की स्त्री।
चौधराई (रात)–स्त्री० १ चौधरी का पद व कार्य। २ इस पद का या कार्य का वेतन।
चौधरी–पु० [स० चतुर्धरी] १ जागीरदार के पास गाव का प्रतिनिधित्व करने वाला व्यक्ति। २ राज्य का बडा सामन्त जिसकी स्वीकृति हर महत्वपूर्ण कार्य मे जरूरी होती थी। (स्त्री० चौधरण) ३ जाट, सीरवी, पटेल आदि।
चौधरो–पु० चार दरवाजा का कमरा या कक्ष।
चौधार, चौधारण, चौधारी-पु० १ चार धारो वाला भाला। २ एक प्रकार का बाण। —**धारी**–वि० भाला रखने वाला।
चौनिजर, चौनिजरे, चौनीजर–क्रि० वि० १ आमने-सामने। २ सम्मुख, समक्ष।
चौपइया चौपई–स्त्री० एक मात्रिक छद विशेष।
चौपग (गो, ग्गो)–पु० चार पैर वाला पशु।
चौपड–पु० [सं चतुष्पट] १ चौसर से खेलने का चार पट्टियो का खेल। २ चौसर के खाने के अनुसार पलग की बुनावट। ३ चौराह। ४ देखो 'चोपड'।
चोपडी–स्त्री० १ छोटी बही। २ छोटी पजिका। ३ कोपी। ४ छोटी पुस्तक। ५ चोपड। ६ चार परतो वाली वस्तु।

चौपडी–पु० १ पचाग-पत्र। २ कुकुम पत्रिका। ३ पूजा के लिये कुकुम-चावल रखने का पात्र। ४ वशावली लिखने की बही। ५ बही। ६ चार परतो वाला पदार्थ।

चौपट–वि० १ खुला। २ चारो ओर से खुला। ३ नाश, ध्वस। ४ देखो 'चौपड'।

चौपथ–पु० [स चतुष्पथ] चौराहा, चौरास्ता।

चौपद (दी)–पु० [सं० चतुष्पद] चौपाया जानवर।

चौपदार–देखो 'चोबदार'।

चौपन–वि० पचास व चार।–पु० पचास व चार का अक, ५४।

चौपनियौ–पु० १ छोटी बही, रोजनामचा। २ चार पन्ने का।

चौपनौ–पु० ५४ का वर्ष।

चौपाई–स्त्री० एक मात्रिक छद विशेष।

चौपायौ–पु० [स० चतुष्पद] चार पैरो वाला पशु।

चौफळौ–पु० १ चारो ओर धारो वाला शस्त्र। २ चारो पावो से चौकडी भरने वाला पशु।

चौफाड–देखो 'चोफाड'।

चौफूली–स्त्री० १ एक प्रकार की परेख। २ आक के पुष्प के अन्दर का भाग।

चौफेर–क्रि०वि० चारो ओर।

चौफेरी–स्त्री० १ चारो ओर की परिक्रमा। २ विवाह की प्रथम रात्रि। (राजपूत)

चौबदी (बंधी)–स्त्री० १ छोटी व चुस्त अगिया। २ घोडो के चारो पावो मे लगाई जाने वाली नालें।

चौवगळौ–पु० कुरती, फुतही, अगे आदि का एक भाग।

चौवळ–क्रि० वि० चारो ओर।

चौबळदी–स्त्री० चार बैलो की गाडी।

चौबा–स्त्री० एक ब्राह्मण जाति।

चौबाई–स्त्री० एक प्रकार की गाठ, ग्रथि।

चौबायौ–वि० चारो ओर का।

चौबार–वि० १ चार द्वार वाला। २ प्रगट, खुले आम।

चौबारौ–पु० १ चारो ओर से खुला कक्ष। २ बैठक का कक्ष। ३ एक प्रकार की शराब।

चौबिस, चौबीस–वि० बीस और चार। –पु० बीस और चार की संख्या, २४।

चौबीसौ–पु० चौबीस का वर्ष।

चौबोली–स्त्री० १ एक मात्रिक छन्द विशेष। २ एक अन्य मात्रिक छन्द।

चौभग–वि० निर्भय, निशक।

चौभट–वि० खुला प्रकट।

चौभुजा–वि० चार भुजाओ वाला। –पु० श्रीविष्णु।

चौमक–स्त्री० हटडी।

चौमाळ, चौमाळी, चौमाळीस–देखो 'चमाळीस'।

चौमास–पु० चातुरमास, वर्षा ऋतु।

चौमासियौ–पु० वर्षा ऋतु सबधी।

चौमासी–स्त्री० वर्षा ऋतु सम्बन्धी एक लोकगीत।

चौमासौ–पु० [स० चतुर्मास] १ वर्षा ऋतु, वर्षा काल। २ वारिस का वातावरण।

चौमुडा–देखो 'चामुडा'।

चौमेळौ–पु० दृष्टि मिलन, चार आखे होना।

चौमुख (मुखौ)–पु० १ ब्रह्मा। २ चार खानो का पात्र।

चौरंग (गि गी, गौ)–पु० १ तलवार का एक वार विशेष। तलवार का हाथ। २ युद्ध, समर। ३ ससार का आवागमन। ४ प्राणियो की चार योनिया। ५ मैदान, क्षेत्र। ६ योद्धा, वीर। ७ चतुरगिनी सेना। ८ सैना, फौज। ९ एक प्रकार का शस्त्र। १० हाथ-पांव काट डालने की क्रिया। ११ बलिदान मे चार अग बाध कर लाया गया भैंसा। १२ चार प्रकार की लक्ष्मी। १३ युद्ध स्थल। –वि० १ चार। २ चार अगो वाला। ३ जिसके हाथ पैर काट दिये हो। ४ चार रगो वाला। ५ चार प्रकार का।

चौरक (ग, गौ)–पु० श्वास पी कर मारने वाला सर्प।

चौरस–वि० [स० चतुरस्र] १ चारो कोनो से समतल एव बराबर। २ वर्गाकार। –स्त्री० चौपड नामक खेल।

चौरसा–पु० एक वर्णिक छन्द विशेष।

चौरसियौ–पु० अत्यन्त छोटा हथौडा।

चौरसी–स्त्री० १ बढई का एक औजार। २ घटियो की माला।

चौरांगि–पु० १ खुला मैदान। २ युद्ध।

चौरांणवौ–वि० तराणु के बाद वाला।

चौराणु (णू)–वि० नब्बे व चार। –पु० चोराणु की सख्या, ९४।

चौरांणमौ (वौं)–वि० चौराणु के स्थान वाला। –पु० चौराणु का वर्ष।

चौरा–पु० १ चौबारा। २ महल। ३ कक्ष।

चौराई–देखो 'चौरासी'।

चौरायौ–पु० चौराहा, चौरास्ता।

चौरासियौ–पु० १ ८४ का वर्ष। २ बिना भूमि का राजपूत, भूमिहीन राजपूत।

चौरासी–वि० [स० चतुरशीति] अस्सी और चार। –पु० १ चौरासी की सख्या, ८४। २ चौरासी लाख जीव योनि। ३ पावो के घुघरू विशेष। ४ पत्थर तोडने की छैणी। ५ योग के आसन। ६ काम शास्त्र के आसन। ७ चौरासी गावो का समूह। ८ घुघरू की माला।

चौरासीबंध–पु० डिंगल का एक गीत।

चौरिंद्रय–पु० चार इन्द्रियो वाला जीव। (जैन)

चौरी– १ देखो 'चवरी'। २ देखो 'चोरी'।
चौळ–देखो 'चोळ'।
चौलड़ौ–देखो 'चोलडौ'।
चौळाई–देखो 'चोळाई'।
चौलावौ–पु० वह कूप जिसका पानी चार मोट से निकाला जाता है।
चौवड़ौ–वि० (स्त्री० चौवडी) १ चार परतो वाला। २ चार गुणा। ३ चार लडो वाला।
चौवटियौ, चौवटौ–पु० १ गाव के बीच खुला मैदान। २ चौराहा। ३ बाजार मे दुकानो के मध्य का भाग।
चौवळ, (ळी, ळै)–क्रि० वि० चारो ओर।
चौवळौ–देखो 'चौलडौ'।
चौवाळै–क्रि० वि० चारो ओर।
चौवास्या–पु० वर्षा ऋतु के चार मास।
चौवितार–पु० चार प्रकार के आहार। (जैन)
चौवीस–देखो 'चौईस'।
चौवीसटौ, चौवीसौ–देखो 'चौईसौ'।
चौवौ–पु० १ हाथ की अगुलियो का समूह। २ देखो 'चोवौ'।
चौसगी–देखो 'चौसागी'।
चौस–पु० फूलो का हार।
चौसट (टी)–देखो 'चौसठ'।
चौसठ (ठि, ठी)–वि० [स० चतुपष्टि] साठ व चार। –पु० १ साठ व चार की सख्या, ६४। २ चौसठ शक्तिया, योगनियो का समूह।
चौसठी–पु० ६४ का वर्ष।
चौसर–पु० १ केश, वाल। २ चौपड की गोटी। ३ चौथी पत्नी। ४ मूछ, श्मश्रु। ५ चौसरौ।
चौसरां (रा, रियं, रै)–क्रि० वि० चारो ओर।
चौसरियौ, चौसरौ–पु० १ पुष्प हार। २ हार, माला। ३ मुड माला। ४ अविरल अश्रु प्रवाह। ५ एक प्रकार की शराव।
चौसाकौ–पु० चार कटोरियो या खानो का पात्र।
चौसारौ–देखो 'चौसरौ'।
चौसाळा (ळी)–स्त्री० १ मकान का, चारो ओर से खुला कक्ष। २ वैलगाडी मे लगे लबे डडे।
चौसौ–पु० चार सौ तागो का ताना।
चौहट (टी)–स्त्री० १ पेड की शाखा। २ देखो 'चौवटौ'।
चौहटौ (ट्टौ)–देखो 'चौवटौ'।
चौहतर (त्तर)–वि० [स० चतुस्सप्तति] सत्तर व चार। –पु० चौहतर की सख्या, ७४।
चौहतरौ–पु० ७४ का वर्ष।
चौहथी–स्त्री० १ चार हाथ लंबी या चौडी वस्तु। २ वकरी के वालो की वनी मोटी पट्टी। ३ चार हत्थो वाली।
चौहवटौ–देखो 'चौवटौ'।
चौहांन–पु० एक क्षत्रिय वश।
चौहोतर–देखो 'चौहतर'।
च्यत, च्यात–स्त्री० चिंता, सोच।
च्यहुपरि (परी)–क्रि०वि० च्यार प्रकार से।
च्यांदणी, च्यांनणी–देखो 'चादणी'।
च्यार–देखो 'चार'।
च्यारआनी–स्त्री० चौवन्नी।
च्यारइपासइ (ई)–क्रि०वि० चारो ओर।
च्यारमौ (वौं)–वि० चौथा।
च्यार, च्यारि–पु० चार। —भुज–पु० विष्णु। ब्रह्मा।
च्यारू (रू)–वि० चारो। —मेर–क्रि० वि० चौतरफ।
च्यारे–क्रि० वि० चारो।
च्यारयामेर–क्रि० वि० चारो ओर।
च्योंरी–देखो 'चवरी'।

— छ —

छ–नागरी वर्णमाला के 'च' वर्ग का द्वितीय व्यजन।
छइ–देखो 'छै'।
छगा–वि० कटा हुआ।
छंगाणौ (बौ), छगावणौ (बौ)–क्रि० १ कटवाना। २ छटवाना, काट-छाट कराना।
छचेड, छछेड (ड्)–पु० मक्खन को गर्म करने पर निकलने वाला मैल।
छंछाळ (ळो)–पु० १ हाथी, गज। २ एक प्रकार का घोडा। –वि० मस्त, उन्मत्त।
छट–स्त्री० १ छटाई, छटनी। २ समुद्र के वीच की भूमि।

३ बदबू, दुर्गन्ध । ४ देखो 'चट' । ५ देखो 'छाटी' ।

छटणी–स्त्री० १ छटाई, छटनी । चयन । २ छितराव, बिखराव । ३ पृथक्करण ।

छटणौ (बौ)–क्रि० १ छटाई होना, छटनी होना । २ काटा जाना । ३ छितराया जाना, बिखरना । ४ पृथक होना । ५ पिछड़ना, बिछुड़ना । ६ चुना जाना, चयन होना । ७ साफ होना मैल निकलना । ८ क्षीण होना, दुबला होना, पतला होना ।

छटवाडौ–पु० हल्की वर्षा । छींटे ।

छटाई–स्त्री० १ छाटने की क्रिया । छटनी । कटाई । २ चयन । ३ सफाई । ४ ऐसे कार्यों की मजदूरी ।

छंटाणौ (बौ)–क्रि० १ छटाई करवाना, छटनी करवाना । २ कटाई कराना । ३ छितरवाना, बिखरवाना । ४ पृथक करवाना । ५ चुनवाना, चयन कराना । ६ साफ कराना, मैल निकलवाना । ७ हजामत बनवाना ।

छंटाव–पु० छटाई ।

छटेल–वि० १ धूर्त, चालाक । २ बदमाश उद्दण्ड । ३ छटा हुआ । ४ असाधारण, विशेष ।

छंडणौ (बौ)–क्रि० १ छोड़ना, त्यागना । २ बगावत करना । ३ लूटमार करना ।

छंडाणौ (बौ), छंडावणौ (बौ)–क्रि० १ छुडाना, त्यागवाना । २ बगावत कराना । ३ लुटवाना, लूटमार कराना ।

छणकणौ (बौ)–क्रि० १ छौक लगाना, छौकना । २ छन-छन करना ।

छंणाका–स्त्री० ध्वनि विशेष ।

छंणेरी–स्त्री० उपले या कण्डे रखने का आलय या कोष्ठक ।

छंद–पु० [स० छदस्] १ वर्ण या मात्रा के अनुसार बना वाक्य, वृत्त, कविता, काव्य, पद्य । २ छद शास्त्र । ३ वेद । ४ अक्षरो की गणना के अनुसार वेद वाक्यो का भेद । ५ इच्छा, कामना । ६ अभिप्राय, आशय । ७ वश, काबू । ८ चालाकी, धोखा । ९ विष, जहर । १० प्रसन्नता । ११ आज्ञा, आदेश । १२ हृदय गत गुप्त भाव । १३ बहत्तर कलाओ मे से एक ।

छंदक–पु० १ श्रीकृष्ण का एक नाम । २ छल, कपट । –वि० कपटी, छलिया ।

छदगार (गारो, गाळ, गाळौ)–देखो 'छदागारौ' । (स्त्री० छदगारी, छदगाळी)

छदणा (ना)–स्त्री० [स०] जैन साधुओ की भिक्षा सबधी एक विधि ।

छदणौ (बौ)–क्रि० १ स्वच्छद होना, स्वतत्र होना । २ उच्छृखल होना ।

छंदनाच–पु० जल तरग पर नाच करने वाला, चन्द्रमा ।

छदागार, छंदागारौ (गाळौ)–वि० (स्त्री० छदागारी, गाळी) १ अपना भेद न देने वाला । कपटी, चालाक । २ सभ्य, व्यवहार कुशल । ३ आज्ञाकारी ।

छदोबद्ध–वि० १ जिसमे छन्द शास्त्र के नियमो का पालन किया गया हो । २ छन्दो से युक्त ।

छदोभग–पु० छन्द के नियम का अतिक्रमण, छन्द रचना का दोष ।

छदौ–पु० [स० छन्द] १ बाह्य प्रेम, दिखावा । २ गुप्त भेद, रहस्य । ३ छिपाव दुराव । ४ देखो 'छद' ।

छम (म्म)–वि० [स० क्षम] १ क्षमता वाला, सशक्त । २ उपयुक्त । ३ योग्य । ४ समर्थ । –स्त्री० १ वचना क्रिया । २ ध्वनि विशेष । ३ छमका ।

छयाळीस–वि० चालीस व छ । –पु० ४६ की सख्या ।

छंयाळीसौ–पु० ४६ का वर्ष ।

छंवरियौ, छवरौ–पु० १ गेहूँ की फसल का एक रोग । २ कडबी, ज्वार के पूलो को खडा रख कर बनाया जाने वाला गोल ढेर ।

छ–पु० १ केकी । २ रवि । ३ ध्वनि । ४ शशि । ५ कुज । ६ हाथ । ७ छवि । ८ कटाई । ९ खण्ड टुकडा । १० घर, कोष्ठक । –वि० १ निर्मल, स्वच्छ । [स० षट्] २ छै ।

छइ-देखो 'छै' । —**दरसण**='खटदरसण' ।

छइल्ल-देखो 'छैल' ।

छउम–पु० [स० छद्मन्] १ कपट, माया । २ आत्मा का आच्छादन करने वाले आठ कर्म । ३ छद्मस्थ अवस्था । (जैन)

छउमत्थ–वि० [स० छद्मस्थ] १ अपूर्ण ज्ञान वाला । २ राग द्वेष वाला । (जैन)

छएक–वि० छ के लगभग ।

छएल–देखो 'छैल' ।

छक–पु० १ वैभव, ऐश्वर्य । २ गर्व, अभिमान । ३ नशा, मादकता । ४ उत्साह, जोश । ५ आनन्द, बहार । ६ अवसर, मौका । ७ युवावस्था, यौवन । ८ कांति, दीप्ति, शोभा । ९ शौर्य, बहादुरी । १० बल शक्ति । ११ भय, आतक, डर । १२ दल, सेना । १३ लालसा, इच्छा । १४ हर्ष, प्रसन्नता । १५ साहस, हिम्मत । १६ मस्ती, उन्मत्तता । –वि० १ श्रेष्ठ, उत्तम । २ सुन्दर । ३ मस्त, मदोन्मत्त । ४ तीव्र, तीक्ष्ण । ५ पूर्ण । ६ तृप्त । —**डाळ**–पु० कवच । —**डाळौ**–वि० कवचधारी । प्रचण्ड । बलवान । पुरुषार्थी ।

छकड–पु० [स० शकट] बैलगाडी, छकड़ा ।

छकडियौ–पु० १ कवचधारी, योद्धा । २ छकड़ा ।

छकड़ी–स्त्री० १ छ का समूह। २ तास का खेल। ३ तीव्र गति। ४ छ कहारो द्वारा उठाई जाने वाली पालकी। ५ छोटा शकट। ६ होश-हवास। ७ छ से बना हुआ।

छकडौ–पु० [स० शकट] १ बैलगाडी, शकट, छकडा। २ कवच। –वि० ढीले ढाले अस्थी पजर का, टूटा-फूटा।

छकरणौ–वि० १ तृप्त, छका हुआ। २ मस्त, मदोन्मत्त।

छकरणौ (बौ)–क्रि० [स० चक] १ तृप्त होना, अघाना। २ नशे मे चूर होना, मदोन्मत्त होना। ३ चकराना। ४ आश्चर्य करना, हैरान होना।

छकबबाळ–वि० महान शक्तिशाली। जबरदस्त।

छकसार–पु० द्वारपाल, छडीबरदार।

छकाछक–वि० १ पूर्ण रूपेण। २ तृप्त, सतुष्ट। ३ उन्मत्त, नशे मे।

छकाणौ (बौ)–क्रि० १ तृप्त करना, संतुष्ट करना। २ नशे मे चूर करना। ३ हैरान करना, परेशान करना। ४ थकाना। ५ चकित करना। ६ पूरित करना, पूर्ण करना, युक्त होना।

छकार (रो)–पु० हरिन, मृग।

छकियार–वि० मध्याह्न मे खेत मे भोजन लाने वाला।

छकी–वि० मस्त। तृप्त।

छकीलो–वि० (स्त्री० छकीली) १ मस्त, मदोन्मत्त। २ छकाने वाला।

छकेल, छकैल–वि० मद मस्त, उन्मत्त, पूर्ण तृप्त।

छको–देखो 'छक्को'।

छकोड़ो–पु० समूह, पुज।

छक्कडौ–देखो 'छकडौ'।

छक्कणौ (बौ)–देखो 'छकणौ' (बौ)।

छक्को–पु० १ छ की सख्या का अक, ६। २ ताश का छ बूटी वाला पत्ता। ३ चौपड में छ का दाव। ४ छ का समूह। ५ छ अवयवो की वस्तु। ६ पाच ज्ञानेद्रिया व मन का समूह। ७ छ अगुलियो वाला पजा। ८ छ दातो वाला पशु। ९ होश हवास। १० छ की सख्या का वर्ष।

छग, छगड़ो–पु० [स० छगल] बकरा।

छगरण–पु० सूखा गोबर।

छगनमगन–पु० छोटे व प्यारे बच्चे।

छगळ (ल, ल्ल)–पु० [स० छगल] बकरा, छाग।

छगां-छगा–स्त्री० एक चाल या गति विशेष। –क्रि०वि० विशिष्ट चाल से।

छगाळियौ–पु० १ छ दात वाला बैल। २ बकरा।

छगी (गौ)–देखो 'छक्को'।

छघलो–पु० चाबुक।

छड ग–वि० अकेला, एकाकी।

छड–पु० १ भाला, नेजा। २ लोहे की छडी, सलाका। ३ छडी। ४ भाले का डडा। ६ भाले की नोक। –स्त्री० ५ आभूषण विशेष।

छडकणौ (बौ)–देखो 'छिडकणौ' (बौ)।

छड़काणौ (बौ)–देखो 'छिडकाणौ' (बौ)।

छडछडीलो, छडछबीलो–पु० [स० शैलेय] एक लच्छेदार पौधा विशेष जो औषधियो में भी काम आता है।

छडणौ (बौ)–क्रि० १ ओखली मे कूट कर सूप से अनाज साफ करना। २ घोडे का फुदक-फुदक कर चलना।

छडबडो (बडौ)–वि० १ मुकमुखा, झुटपुटा। २ थोडा, कम। ३ समवयस्क।

छडहड, छडहडौ–पु० घोडे के टापो की ध्वनि।

छडाछड–स्त्री० १ छीक से उत्पन्न ध्वनि। २ ध्वनि विशेष। –क्रि० वि० १ शीघ्र, जल्दी। २ निरतर लगातार।

छडाळ (ळि, ळौ), छडियाळ–पु० १ भाला, नेजा, । २ भाला-धारी योद्धा।

छड़ी–स्त्री० १ सीधी व पतली लकडी। २ मजार या देवालय मे चढाई जाती झडी। ३ लात लगाने की क्रिया या भाव। ४ छेड-छाड, झगडा ५ सिलाई का एक ढग। –वि० १ अकेली, एकाकी। २ स्वतत्र, आजाद। ३ सतानहीन। –दाल, दार, बरदार–पु० राज दरबार का एक अनुचर। एक प्रकार का घोडा।

छडीलो–पु० कटीली झाडी।

छडो–पु० १ चादी या सोने की पायल। २ मोती या पोत की लडो का गुच्छा। ३ लड, लटिका। ४ रस्सी। –वि० १ अकेला, एकाकी। २ खाली हाथ, विना सामग्री का। ३ स्वतन्त्र। ४ सन्तानहीन।

छचोकियो–पु० छ चौक वाला मकान, बडा मकान।

छच्छोह, छच्छोह–देखो 'छछोह'।

छछक–स्त्री० धारा।

छछबौ (बौ)–पु० स्वेद कण।

छछवौ–वि० (स्त्री० छछवी) तीव्र, तेज। चचल।

छछहो–देखो 'छछोहौ'।

छछियार–पु० दही मथन का पात्र।

छछुंदर (री–पु० [स०] १ चूहे की जाति का एक जतु। २ एक प्रकार का यत्र या तावीज।

छछूक–वि० १ गुनहगार। २ शत्रु या घात करने वाला।

छछोरो–देखो 'छिछोरो'।

छछोह, छछोहक, छछोहौ, छछौ–पु० १ आभा, काति। २ फुहार, फव्वारा। ३ 'छ' वर्ण। ४ स्फूर्ति। –वि० १ तीक्ष्ण, तेज। २ स्वच्छ, निर्मल। ३ उत्साह युक्त, जोश पूर्ण। ४ शीघ्र-गामी। ५ योद्धा, वीर। ६ स्फूर्ति वाला। –क्रि० वि० शीघ्रता से, छलछलाता हुआ। तीव्र गति मे।

छज–पु० १ बुद्धि, अक्ल। २ व्यवहार, पटुता। ३ छाजन की सामग्री। ४ छत। ५ छाजन। –वि० मर्यादा रखने वाला।

छजणौ (बौ)–क्रि० १ छाया जाना। आच्छादित होना। २ शोभित होना। ३ जंचना, फबना।

छजेड़ी–स्त्री० कच्चे मकान की छाजन।

छज्जळ–देखो 'छाजड़ौ'।

छज्जीवणि–(नी)स्त्री० जीवों की छ योनियां। (जैन)

छज्जौ–देखो 'छाजौ'।

छटक–पु० रुद्रताल के ग्यारह भेदों में से एक। –क्रि०वि० शीघ्र, तुरंत, फुर्ती से।

छटकणौ–वि० उड़ने वाला, उछलने वाला, चटकने वाला।

छटकणौ (बौ)–देखो 'छिटकणौ' (बौ)।

छटकाणौ (बौ), छटकावणौ (बौ)–देखो 'छिटकाणौ' (बौ)।

छटपट–क्रि० वि० शीघ्र, झटपट, तुरत। –स्त्री० बेचैनी, घबराहट, तड़फ।

छटपटाणौ (बौ)–क्रि० १ छटपटाना, तड़फना। २ बेचैन होना, घबराना। ३ व्याकुल होना, अधीर होना।

छटपटी–स्त्री० घबराहट, बेचैनी।

छटांक–स्त्री० सेर का सोलहवां भाग, एक तौल।

छटान–स्त्री० छटा, कांति, दीप्ति।

छटा–स्त्री० [सं०] १ किरण-समूह, प्रकाश, चांदनी। २ आभा, कान्ति, दीप्ति। ३ बिजली। ४ समूह, समुदाय। ५ प्रभाव, रौब। ६ शोभा। ७ सूअर के बाल। ८ अविच्छिन्न पंक्ति। **—टोप**–पु० २३वां क्षेत्रपाल। **—यत**–वि० कांतिवान।

छटाधर–पु० योद्धा।

छटाधाव–पु० शेर, सिंह।

छट्ठ,छट्ठ–स्त्री० [सं० षष्ठी] मास के प्रत्येक पक्ष की छठी तिथि। **—भत्त**–पु० लगातार दो दिनों का उपवास। (जैन)

छट्ठउ–देखो 'छट्ठौ' (स्त्री० छट्ठी)।

छट्ठी–स्त्री० [सं० षष्ठी] १ जन्म दिन से छठा दिन या रात। २ एक देवी। ३ मौत, मृत्यु। –वि० छ के स्थान वाली, छठी।

छट्ठौ–वि० [सं० षष्ठ] (स्त्री० छट्ठी) छ के स्थान वाला, छठा। –पु० छ की संख्या का वर्ष।

छठ– देखो 'छट्ठ'।

छठांरीहांण–पु० छ दांत वाला युवा ऊंट।

छठोड़ौ, छठौ, छट्ठोड़ौ, छठ्ठौ–देखो 'छट्ठौ'।

छड (छडौ)–देखो 'छट्ठौ' (स्त्री० छडी)

छडक–पु० छिड़काव।

छडणौ (बौ)–क्रि० छिड़कना।

छडणौ (बौ)–क्रि० १ छोड़ना, त्यागना। २ देखो 'छाडणौ' (बौ)।

छणक–स्त्री० १ तपे हुए पत्थर या धातु पर पानी लगने से उत्पन्न ध्वनि। २ सन-सन ध्वनि। ३ छनछनाहट।

छण–देखो 'क्षण'।

छणकणौ (बौ), छणवकणौ (बौ)–क्रि० १ चमकना, दमकना। २ छन-छन शब्द करना। ३ झनझनाना।

छणक-मणक–स्त्री० १ पायल की झन्कार। २ तलवार की झन्कार। ३ छनछनाहट।

छणकार–स्त्री० झनकार।

छणछणाणौ (बौ)–क्रि० झनझनाना, छनछनाना।

छणणकणौ (बौ)–देखो 'छणकणौ' (बौ)।

छणणौ (बौ)–क्रि० १ छनना, छनकर निकलना। २ छाना जाना। ३ स्वच्छ होना, साफ होना। ४ आवरण भेद कर निकलना (धूप)। ५ चूना, टपकना। ६ चोट खाना, बिंध जाना। ७ छान-बीन होना। ८ गाढ़ा प्रेम होना।

छणदा–स्त्री० [सं० क्षणदा] रात्रि, रात।

छणमण छणहण–पु० १ छनछनाहट। २ खनखनाहट। ३ ध्वनि।

छणाई–स्त्री० १ छानने का कार्य। २ छानने का पारिश्रमिक। ३ पैर के तलुवे में होने वाला फोड़ा। ४ एक प्रकार का जीव।

छणाको–पु० खन्नाटा, झन्नाटा।

छणारी–स्त्री० १ चूल्हे के पास उपले रखने का स्थान। २ देखो 'छणाई'।

छणारो–पु० १ गुदा द्वार। २ उपलों का व्यवस्थित ढेर।

छणियारो–पु० १ कांसी के बर्तनों का व्यापारी। २ एक लोक गीत। ३ देखो 'छणारो'।

छणेरी–१ देखो 'छणारी'। २ देखो 'छणाई'।

छत–स्त्री० [सं० छत्र] १ किसी मकान या कक्ष का ऊपरी आंगन। २ ऊपरी आंगन में जमाया जाने वाला चूना, ककरीट आदि का मसाला। ३ भूमि, पृथ्वी। ४ स्थान, जगह। ५ छटा, शोभा। ६ छत्र। ७ घाव, व्रण, फोड़ा। ८ खतरा, जोखिम। ९ प्रभुता, प्रधानता।

छतड़ी–देखो 'छतरी'।

छतड़ो–पु० छाता।

छतज–पु० [सं० क्षतज] रुधिर, खून। –वि० लाल।

छतप–पु० [सं० छत्रपति] राजा, नरेश।

छतर–देखो 'छत्र'। **—छिया, छीया**='छत्रछांह'। **—धर, धारण, धारी**='छत्रधारी'। **— पत**='छत्रपति'।

छतरी–स्त्री० १ छाता। २ शव दाह के स्थान पर बनाया गया छज्जेदार मण्डप, स्मारक। ३ वर्षा ऋतु में होने वाला एक उद्भिज। ४ क्षत्रिय।

छतलोट–स्त्री० एक प्रकार की कसरत।

छतां–क्रि० वि० १ होते हुए, रहते हुए । २ लिये, वास्ते । –वि० तैयार, मौजूद ।

छति (ती) –पु० [स० छत्र] १ बादशाह, राजा । [स० क्षति, क्षिति] २ हानि, नुकसान । ३ वक्षस्थल, छाती । ४ भूमि, पृथ्वी ।

छतीस–वि० [स० षट्त्रिंशत्] तीस व छ । –पु० तीस व छ की सख्या, ३६ ।

छतीसिका, छतीसी–स्त्री० १ छत्तीस छन्दों का काव्य । २ छत्तीस वस्तुओं का समूह । –वि० कुलटा, कुलक्षणा ।

छतीसो–पु० ३६ का वर्ष । –वि० मक्कार, धूर्त ।

छतै–देखो 'छता' ।

छतो–वि० (स्त्री० छती) १ प्रसिद्ध, विख्यात । २ प्रकट, जाहिर । ३ मौजूद, तैयार । –क्रि० वि० होते हुए, रहते हुए ।

छत्तधारी–देखो 'छत्रधारी' ।

छत्तर–देखो 'छत्र' ।

छत्ति (त्ती)–स्त्री० १ एक शस्त्र विशेष । २ देखो 'छत्ती' । ३ देखो 'छाती' ।

छत्तो–देखो 'छतो' ।

छत्र–पु० [स०] १ छाता, छतरी । २ देव मूर्ति पर लटकाई जाने वाली सोने या चादी की छोटी छतरी । ३ राजा महाराजाओ के ऊपर तनी रहने वाली छतरी । ४ राजा, नृप । ५ क्षत्रिय । ६ चादनी, चदोवा । ७ मडप । ८ ज्योतिष का एक योग । ९ डिंगल के बेलियो साणोर का भेद । १० छाजन, आच्छादन । ११ उद्भिज, खूमी । –वि० श्रेष्ठ । —छांह–स्त्री० सरक्षण, शरण । कृपा ।

छत्रक–पु० [सं०] १ कुकुरमुता, खूमी । २ छाता । ३ स्मारक । ४ देवालय । ५ मण्डप । ६ मधुमक्खी का छाता । ७ शिवालय ।

छत्रछांगीर (छांहगीर)–पु० बादशाह का छत्र ।

छत्रधर (धरण, धार, धारी)–पु० [स०] १ राजा, नृप । २ देवता । ३ सर्प । ४ राजा, बादशाह का छत्र पकडे रहने वाला अनुचर । ५ राज्य चिह्न । ६ छाताधारी ।

छत्रधीस–पु० १ देवता । २ राजा, बादशाह ।

छत्रधोड़–पु० क्षत्रिय, धर्म ।

छत्रपत (पति, पती, पत्त, पत्ति, पत्ती) छत्रप्पती–पु० [स० छत्रपति] १ देवता । २ राजा, बादशाह । ३ सर्प, नाग ।

छत्रबध–पु० १ राजा नृपति । २ एक प्रकार का चित्रकाव्य ।

छत्रभग–पु० [स०] १ राजा का नाशक एक योग । (ज्यो०) २ अराजकता । ३ हाथी का एक अवगुण । ४ एक प्रकार का घोडा (अशुभ) ।

छत्ररत्न–पु० १ सेना के ऊपर बनाया जाने वाला कई योजन लबा चौड़ाछत्र । (जैन) २ चक्रवर्ती के चौदह रत्नो मे से नौवा रत्न । (जैन)

छत्रांधर–देखो 'छत्रधर' ।

छत्राकार–वि० छत्र के आकार का छातानुमा ।

छत्राधीस–देखो 'छत्रधीस' ।

छत्राळ (ळो)–वि० छत्रधारी । –पु० राजा, नृप । बादशाह ।

छत्रिय (यांण)–पु० [स० क्षत्रिय] राजपूत, क्षत्रिय । —धरम पु० क्षात्र-धर्म । –वि० लाल ।

छत्री–स्त्री० [स०छत्रिन्] १ छतरी, छाता । २ स्मृति-भवन या देवालय । [सं० क्षत्रिय] ३ क्षत्रिय, राजपूत । –वि० छत्रधारी । —धरम–पु० क्षात्रधर्म । —वट–स्त्री० राजपूती क्षत्रिय गौरव । क्षात्रधर्म ।

छत्रीस–देखो 'छतीस' ।

छत्रेत–वि० छत्रधारी, छत्रपति ।

छत्रेस्वर–पु० [स०] (स्त्री० छत्रेस्वरी) १ ईश्वर । २ देवता । ३ छत्रपति । ४ राजा ।

छत्रेस्वरी–स्त्री० देवी, दुर्गा ।

छद्म–देखो 'छद्म' ।

छद, छदन–पु० [स०]१ पत्र, पत्ता । २ कागज, पत्र । ३ पख पर । ४ आवरण, आच्छादन । ५ म्यान । ६ चादर । ७ देखो 'छद्म' ।

छदम–देखो 'छद्म' ।

छदमस्ती–वि० मस्त, शौकीन ।

छदमी–देखो 'छद्मी' ।

छदर–देखो 'छिद्र' ।

छदाम–स्त्री० १ पैसे का चौथाई भाग । २ एक प्राचीन तौल ।

छदामी–पु० एक रुपये पर छदाम की दर मे लिया जाने वाला एक रियासती कर ।

छदामो–देखो 'सुदामो' ।

छद्म–पु० [सं०] १ छल, कपट । २ दुराव, छिपाव । ३ व्याज । ४ कपट वेश । ५ धोखा, बेईमानी । ६ गोपनीयता । ७ ढोंग, दिखावा । —घातक–वि० छुप कर मारने वाला ।

छद्मस्थ–पु० वह व्यक्ति जिसका अनंतज्ञान प्रकट न हुआ हो, जो सर्वज्ञ न हो । (जैन)

छद्मी–वि० [स०] १ छलिया, कपटी । २ कपट वेश धारी । ३ ढोंगी, पाखडी । ४ बेईमान । ५ भेदिया ।

छद्रम–देखो 'छद्म' ।

छनकणो (बो)–देखो 'छणकणो' (बो) ।

छन–देखो 'क्षण' ।

छनीचर–देखो 'सनिचर' ।

छन्नी–स्त्री० हाथ का आभूषण । (मेवात)

छपई–देखो 'छप्पय'।

छपको–पु० १ पानी का छपाका। २ बड़ा छींटा। ३ ध्वनि विशेष।

छपटी–स्त्री० लकड़ी का छिलका, टुकड़ा, छत्तू।

छपणौ (बौ)–क्रि० १ मुद्रित होना, छापा जाना। २ चिह्नित होना, अंकित होना।

छपद–पु० [स० षटपट] भ्रमर, भौरा।

छपन–देखो 'छप्पन'।

छपनमौ (वौं)–देखो 'छप्पनमौ'।

छपनौ–देखो 'छप्पनौ'।

छपन्न–देखो 'छप्पन'।

छपय–देखो 'छप्पय'। देखो 'छपद'।

छपर–देखो 'छपरौ'।

छपरबदी–स्त्री० छपरा बनाने का कार्य।

छपरी, छप्परी–स्त्री० १ ऊंटो की एक जाति। २ खुला मैदान।

छपरौ–पु० १ घास फूस का छप्पर। २ छपरी जाति का ऊट।

छपा–स्त्री० [स० क्षिपा] रात्रि निशा। —**कर**–पु० चन्द्रमा।

छपाई–स्त्री० १ मुद्रण, मुद्रण का कार्य। २ अकन।

छपाकौ–पु० १ बड़े छींटे की आवाज। २ पानी मे कोई वस्तु के गिरने से उत्पन्न ध्वनि, छपाका। ३ बड़ा छींटा ४ चकत्ता। ५ रक्त विकार का एक रोग विशेष।

छपाणौ (बौ), छपावणौ (बौ)–क्रि० १ मुद्रित कराना। २ मुद्रांकित कराना। ३ छिपाना।

छपै, छप्पई–देखो 'छप्पय'।

छप्पन–वि० [स० षट्पचाशत्] पचास व छ। –पु० छप्पन की सख्या, ५६।

छप्पनमौ (वौं)–वि० छप्पन के स्थान वाला।

छप्पनौ–पु० ५६ का वर्ष।

छप्पय–पु० [स० पट्पद] १ छ चरणो का एक मात्रिक छन्द। २ देखो 'छपद'।

छप्पर– देखो 'छपरौ'।

छप्परडौ, छप्परियौ–देखो 'छपरौ'।

छप्पै–देखो 'छप्पय'।

छप्रभग–स्त्री० घोडे के पीठ की भौंरी।

छब–वि० [स० सर्व] सव, सर्व, समस्त। –स्त्री० छवि, शोभा, स्पर्श। —**काळ (ळौ)**–पु० डिंगल छद रचना का एक दोष। –वि० धब्बे वाला, चकत्ते वाला। —**काळी**–स्त्री० रग-विरगी।

छबकौ–पु० धब्बा, चकत्ता।

छबक्कणौ (बौ)–क्रि० धारन करना।

छबडि (डी, डौ ड्यौ)–देखो 'छाव'।

छबजांण–पु० [स० सर्वज्ञ] ईश्वर, सर्वज्ञ।

छबणौ–पु० द्वार की चौखट के ऊपर लगने वाला बड़ा पत्थर।

छबणौ (बौ)–क्रि० १ स्पर्श करना, छूना। २ छवि देना, शोभा देना। ३ छाया जाना, आच्छादित करना।

छबभुत–वि० [सं० अद्‌भुत] विचित्र, अद्‌भुत।

छबर-छबर–स्त्री० [स० शंवर] अश्रुधारा। –अव्य० सिसक-सिसक कर।

छबल (लौ, ल्यौ)–देखो 'छाब'।

छबि, छबी–स्त्री० [स० छवि] १ शोभा। २ कांति, आभा, दीप्ति। ३ प्रभा, किरण। ४ सौन्दर्य। ५ तस्वीर, चित्र। ६ रूप, स्वरूप। ७ रग वर्ण।

छबिलौ, छबीलौ–वि० १ सुन्दर, छवि वाला। २ सजा हुआ। ३ शौकीन।

छबीनौ–पु० रात्रि मे सेना के चारो ओर चक्कर लगाने वाला घुडसवार।

छबू–पु० एक प्रकार का सुगधित पुष्प।

छबोल (ड़ौ, डौ)–छबोलि (ली)–देखो 'छाव'।

छब्बीस–वि० बीस व छ, छब्बीस। –स्त्री० बीस व छ की सख्या, २६।

छब्बीसौ–पु० छब्बीस का वर्ष।

छब्बौ–पु० टोकरा।

छभट्ठिय–पु० हाथी का गंडस्थल।

छभा– देखो 'सभा'।

छमक–स्त्री० पायल की झन्कार।

छमटा–स्त्री० आग की लपट।

छम–स्त्री० घुघुरू की ध्वनि, पायल की छम-छम। झन्कार। –वि० [स० क्षम] समर्थ, बलवान।

छमकणौ (बौ)–क्रि० १ घुंघरू, पायल आदि बजना। २ झकृत होना। ३ सब्जी छोकना, छोका लगाना।

छमकाणौ (बौ), छमकारणौ (बौ), छमकावणौ (बौ)–क्रि० १ घुघरू, पायल आदि बजाना। २ झकृत करना। ३ सब्जी छोकाना, छोक लगवाना।

छमकौ–पु० १ छोका, तडका। २ नूपुर ध्वनि।

छमच्छर–पु० [स० सवत्सर] साल, वर्ष, सवत।

छमछम–स्त्री० छमछमाहट। मजीरा। –क्रि० वि० झनकारते हुए।

छमछमणौ (बौ) क्रि० छम-छम करना, झकृत होना।

छमछमाणौ (बौ)–क्रि० घुघरू या पायल बजाना, झकृत करना।

छमछरी–स्त्री० [स० सवत्सरी] १ बरसी, मृत्यु दिन। २ पर्यूषण का आखिरी दिन। (जैन)

छमा–देखो 'क्षमा'।

छमाई–देखो 'छमासी'।

छमाछम–स्त्री० छम-छम की ध्वनि ।
छमायो–पु० छ मास का गर्भ ।
छमास–पु० [स० षाण्मातुर] १ स्वामि कार्त्तिकेय । २ छ' मास की अवधि ।
छमासियो–देखो 'छमायो' ।
छमासी, छमाही–स्त्री० १ छ मास की अवधि । २ छ मास की अवधि पर्यन्त मृतक के पीछे किया जाने वाला श्राद्ध आदि कर्म । ३ अर्ध वार्षिकी परीक्षा ।
छमुख–पु० [स० षड्मुख] स्वामि कार्त्तिकेय, षडानन ।
छमौ–वि० (स्त्री० छमी) छठा ।
छम्मास–देखो 'छमास' ।
छम्माछोळ–स्त्री० उपद्रव, उत्पात ।
छयल (लु, ल्ल)–देखो 'छैल' ।
छयां–देखो 'छाया' ।
छयाणवइ (वे, वं)–वि० नब्बे तथा छ, छिनवे ।
छयांळी–वि० छियालीस ।
छयासी–वि० छियासी ।
छरडी–स्त्री० १ होली का दूसरा दिन। २ इस दिन का उत्सव ।
छर–पु० [स० क्षर] १ सिंह का अगला पजा । २ कलक, दोष । ३ किसी वस्तु के वेग से निकलने की क्रिया व आवाज ।
छरछर, छरछराहट–स्त्री० ध्वनि विशेष ।
छरणी–स्त्री० बढई का एक औजार ।
छरदी–स्त्री० [स० छर्दी] वमन, कै, उल्टी ।
छरमर–पु० वर्षा होने का शब्द, झरमर ।
छररौ–पु० १ जर्रा, कण । २ बजरी, रेत ।
छरहरौ–वि० (स्त्री० छरहरी) १ पतला-दुबला । २ चचल ।
छराळउ–वि० मस्त ।
छराळौ, छरेळ–पु० १ सिंह का बच्चा । २ सिंह । ३ योद्धा, वीर ।
छरौ–पु० १ सिंह का पजा । २ कलक, दोष । ३ हाथ । ४ तलवार । ५ इजारबन्द । ६ आक, सण आदि की छाल की रस्सी ।
छलग– देखो 'छलाग' ।
छळ (ळु)–पु० [स० छल] १ कपट, धोखा, दगा । २ ठगी । ३ चालाकी, बेईमानी । ४ बहाना । ५ दुष्टता । ६ युद्ध, रण । ७ वार, प्रहार । ८ यश, कीर्ति । ९ रक्षा, बचाव । १० कार्य, सेवा । ११ आभूषण, गहना । १२ अवसर, मौका । १३ मान, प्रतिष्ठा, मर्यादा । १४ भेद, रहस्य । १५ बहादुरी, शौर्य, पराक्रम । १६ गुस्सा, क्रोध, कोप । १७ कर्त्तव्य । –वि० १ श्याम, काला※ । २ श्रेष्ठ※ । –क्रि० वि० लिए, वास्ते ।
छळकण–स्त्री० १ छलकने की क्रिया या भाव । २ उद्गार ।
छळकणौ (बौ)–क्रि० १ द्रव पदार्थ का उबक कर बाहर आना, उबकना, छलकना । २ उछलना, उमडना । ३ अश्रु निकलना ।
छळकाणौ (बौ)–क्रि० १ द्रव पदार्थ को हिला-डुला कर बाहर निकालना, उछालना । २ उबकाना, उमडाना ।
छळगारौ–वि० (स्त्री० छळगारी) कपटी, छली ।
छलडौ–पु० १ चरखे का एक उपकरण । २ रेगिस्तान का एक जतु । –वि० छ परतो या लडो का ।
छळछद (छंद)–पु० कपट पूर्ण कार्य, ढोंग, पाखड, चरित्र ।
छळछळौ–वि० (स्त्री० छुळछळी) १ अश्रु पूर्ण, डबडबाया हुआ । २ पूर्ण । ३ लबालब भरा हुआ ।
छळछिद्र–पु० १ छल, कपट, ठगी । २ ढोंग, पाखड । ३ प्रेत लीला ।
छळण, छळणी–स्त्री० छलने की क्रिया या भाव ।
छळणौ (बौ)–क्रि० १ धोखा देकर कार्य कराना, धोखा देना, ठगना । २ भ्रमित करना, भुलावा देना । ३ षड्यंत्र मे फसाना । ४ मर्यादा का उल्लघन करना । ५ मारना, सहार करना । ६ लहलहाना ।
छळदार–वि० १ कपटी, प्रपची, धोखेबाज । २ कूटनीतिज्ञ ।
छळभोम–स्त्री० युद्ध भूमि ।
छळां–क्रि० वि० लिये, वास्ते ।
छलाग–स्त्री० पावों से कूदने की क्रिया, कुदान फलांग ।
छलागणौ (बौ)–क्रि० १ कूद कर जाना कूदना, कूद कर पार करना । २ चौकडी भरना ।
छळाई–स्त्री० छलने का कार्य ।
छळावौ–पु० छल, कपट, धोखा । –वि० फुर्तीला ।
छलास–स्त्री० किसी धातु के तार से बनी सादी अगुठी ।
छळि–१ देखो 'छळ' । २ देखो 'छळी' ।
छळियौ, छळी–वि० [स० छलिन्] १ छल करने वाला, धोखेबाज, कपटी । २ ढोंगी, पाखडी । –पु० चरखे का एक उपकरण ।
छळु (ळू)– देखो 'छळ' ।
छळौ–पु० १ घोडे, गधे या भैस का पेशाब । २ बकरा ।
छलौ–पु० १ रेगिस्तान का एक जन्तु विशेष । २ देखो 'छल्लौ' ।
छल्लेदार–वि० जिसमे छोटे-छोटे वृत्त या मण्डल हो, घुंघराला ।
छल्लौ–पु० १ कोई छोटा वृत्त या घेरा । २ अगुठी, मुदरी, छल्ला । ३ बालो का घुघरालापन ।
छव–वि० [स० षट] छ, पाच व एक । –स्त्री० १ छ की सख्या, ६ । २ छवि, शोभा ।
छवगाळ (ळौ)– देखो 'छौगाळौ' । (स्त्री० छवगाळी) ।
छवडउ– देखो 'छोडो' ।

छवणो (वो)–क्रि० १ स्पर्श करना, छूना। २ छाना, आच्छादित करना।

छवरो–पु० वृक्ष, पेड।

छवाई–स्त्री० १ छाने का कार्य। २ इस कार्य की मजदूरी। ३ ग्रंथी गाठ।

छवाणो (वो), छवावणो–(वो)–क्रि० १ छाने का कार्य कराना, आच्छादित कराना। २ स्पर्श कराना।

छवारो–पु० खजूर।

छवि–स्त्री० १ चर्म, चमडी। २ शोभा।

छवित्ताण छविह–पु० [स० छवित्राण] १ शरीर के वस्त्र। २ कवच। ३ कवच, वर्म। (जैन) ४ देखो 'छव्विह'।

छवीस– देखो 'छव्वीस'।

छवैयो–पु० छाने वाला कारीगर।

छवो–पु० १ ऊसर भूमि। २ बच्चा।

छव्विह–वि० [स० षट्विध] छ प्रकार का। (जैन)

छसि–वि० [स० षट्शतानि] छ सौ।

छह–देखो 'छै'।

छहडो–पु० कलह, झगडा, विवाद।

छहतरो–पु० छिहत्तर का वर्ष।

छहलो–वि० (स्त्री० छहली) अन्तिम, आखिरी।

छहोडणो (वो)–देखो 'चहोडणो' (वो)।

छहोतरो–देखो 'छियतरो'।

छां–अव्य० [स० अस्] है, होने का भाव। –स्त्री० छाया।

छाग–स्त्री० १ मवेशियो का दल या समूह। २ वृक्ष की कटी टहनी।

छागडो–वि० काटने वाला, सहार करने वाला।

छागणो (वो)–क्रि० [स० छजि] १ वृक्ष की टहनिया काटना। २ काट-छाट करना। ३ मारना। ४ कम करना।

छागो, छागीर–देखो 'छाहगीर'।

छाछळो–स्त्री० बडी, भयकर तोप।

छाट, छाटकलो, छाटडो–स्त्री० १ छाटने की क्रिया, छटाई। २ काट, छाट। ३ कतरन। ४ चयन, चुनाव। ५ वर्षा की बूद।

छाटणी–स्त्री० १ छाटने का काय। २ छटनी। ३ छितराना, [illegible] फैलाना आदि क्रिया।

छाटणो (बो)–क्रि० १ चयन, चुनाव करना। २ छटनी करना। ३ छितराना, बिखेरना। ४ काट-छाट करना। ५ कतराना। ६ छींटे लगाना, छिडकना। ७ कूटना, फटकना। ८ शेखी बघारना।

छाटाणो (वो)–देखो 'छटाणो' (वो)।

छाटो–स्त्री० १ छाटन, चुनने का काम। २ सेवा, नौकरी। ३ [illegible], [illegible]।

छांटो–पु० १ जल का छींटा। २ छीटा, धब्बा। ३ छोटा दाग। ४ अनुचर।

छांडणो (वो)–देखो 'छोडणो' (वो)।

छाण–स्त्री० १ छान-बीन, जाच। २ अनुसधान, शोध। ३ छानने की क्रिया या भाव। ४ सूखा गोबर।

छाणणी–स्त्री० चलनी, जरिया।

छाणणो (वो)–क्रि० १ आटे, चूर्ण या द्रव पदार्थ को बारीक वस्त्र या चलनी मे से निकालना, छानना। २ मिश्रित वस्तुओ को जुदा-जुदा करना। ३ जाच पडताल करना। ४ ढूढना, खोजना। ५ छेदना।

छांणत–स्त्री० १ कलक, दोष। २ चुभने वाली बात।

छांणबीण–स्त्री० १ जाच, पडताल। २ शोध, अनुसधान।

छाणस–पु० आटा छान कर साफ करने पर निकला हुआ भूसा।

छाणो–पु० [स० छगण] गोबर का उपला कण्डा।

छान–स्त्री० [स० छन्न] १ कच्चे छाजन वाला कक्ष। २ कच्चा छाजन। ३ गुप्त रखने का भाव। ४ गुप्त धन। ५ देखो 'छाण'।

छानउ–देखो 'छानो'।

छानके (कै)–क्रि०वि० छुपे तौर पर।

छानवण (वाण)–स्त्री० गुप्त रूप से सगृहीत सम्पति।

छांनु (नू)–देखो 'छानो'।

छानै–क्रि० वि० गुप्त रूप से, चुपके से। —छुरके (कै), सीक–क्रि० वि० गुप्त रूप से, चुपके-चुपके।

छानेउ, छानो–वि० [सं० छन्न] (स्त्री० छानी) १ गुप्त, छुपा हुआ। २ शात, चुप-चाप। ३ अप्रकट। —मानो–वि० चुपचाप, शात।

छामोदरी–वि० [स० क्षामोदरी] छोटे पेट वाली।

छाय, छायड़ी, छांया, छाव, छावडो–देखो 'छाया'।

छाया-छकडी–स्त्री० एक देशी खेल।

छावणी–देखो 'छावणी'।

छावळ (ळी)–स्त्री० १ प्रतिछाया, परछाई। २ छोटे-छोटे बादलो से होने वाली हल्की-हल्की छाया। ३ एक प्रकार का वाद्य।

छाह (ड, डो)–देखो 'छाया'।

छाहगीर–पु० राजछत्र। बडा छाता।

छाहडो–पु० छोटा कंटीला पौधा।

छांहरी, छाही–देखो 'छाया'।

छा, छा'–स्त्री० १ कान्ति। २ छाया। ३ रक्षा। ४ छाछ। ५ आवरण, ढक्कन। ६ चिन्ता या दुख के कारण चेहरे पर होने वाला काला दाग। ७ एक प्रकार का नेत्र रोग। –वि० थे, था।

छाम–देखो 'छाया'।

छाग्रण–स्त्री० १ साग-सब्जी मे दी जाने वाली खटाई । २ छाजन ।
छाई–देखो 'छाईस' ।
छाईजणौ (बौ)–क्रि० छाया जाना, आच्छादित होना ।
छाईस–वि० बीस और छ, छब्बीस ।
छाईसौ–पु० छब्बीस का वर्ष ।
छाक–स्त्री० १ नशा, मादकता । २ मस्ती । ३ हल्के नशे के लिये ली जाने वाली शराब की कुछ मात्रा । ४ शराब पीने का प्याला । ५ किसान के लिये खेत मे ले जाने वाला भोजन, पाथेय । ६ दोपहर, मध्याह्न । ७ डलिया । –वि० १ मस्त, उन्मत्त । २ लबालब, पूर्ण ।
छाकटाई–स्त्री० १ बदमाशी । २ दुष्टता । ३ चचलता । ४ नीचता । ५ धूर्तता, चालाकी ।
छाकटौ–वि० [स० साकट] (स्त्री० छाकटी) १ बदमाश, दुष्ट । २ दुश्चरित्र । ३ चतुर, चालाक । ४ चचल, नटखट । ५ कृपण, कजूस । ६ कृतघ्न ।
छाकणौ (बौ)–क्रि० १ अघाना, खा-पीकर तृप्त होना । २ शराब आदि के नशे मे मस्त होना । ३ ललचाना ।
छाकां–स्त्री० दुपहरी, मध्याह्न ।
छाकौ–वि० उन्मत्त, मस्त, मदोन्मत्त ।
छाकोटौ–वि० मग्न, मदोन्मत्त ।
छाग, (ड़, डौ)–पु० [स० छग] १ बकरा । २ मेष राशि ।
छागटाई–देखो 'छाकटाई' ।
छागटौ–देखो 'छाकटौ' ।
छागण–स्त्री० १ उपले की अग्नि । २ आग ।
छागमुख–पु० स्वामि कार्त्तिकेय का छटा मुख । स्वामि कार्त्तिकेय का एक अनुचर ।
छागर–स्त्री० बकरी ।
छागरत (थ)–पु० [स० छागरथ] अग्नि ।
छागळ–पु० [सं० छागल] १ बकरा । २ बकरे के चमडे का जल-पात्र । ३ पानी की केतली । ४ पायल, नूपुर ।
छागळियौ, छागळौ–पु० [स० छागल] १ यात्रा मे साथ रखने का जल पात्र । २ एक प्रकार का घोडा । ३ बकरा ।
छागी–स्त्री० १ बकरी । २ नकल ।
छाछ छाछड, छाछडली, छाछडलो–स्त्री० [सं० छच्छिका] १ दही मथ कर मक्खन निकाल लेने के बाद पीछे रहने वाला पानी, मट्ठा, तक्र । २ चाच देश ।
छाछण–स्त्री० साग-सब्जी मे दी जाने वाली खटाई ।
छाछरौ–वि० १ ठिगना, बौना, नाटा । २ मस्त ।
छाछि, छाछी–स्त्री० १ आवड देवी की बहन एक देवी । २ देखो 'छाछ' ।
छाछेतौ, छाछंतौ–वि० छाछ का, छाछ सबधी ।
छाछ्यौ–पु० जीरे की फसल का एक रोग ।
छाज, छाजड़यौ, छाजड–पु० [स० छाद] १ अनाज फटकने का उपकरण, सूप । २ छप्पर, छाजन । ३ छज्जा ।
छाजडकन्नौ–वि० बडे-बडे कानो वाला । (हाथी)
छाजण–पु० [स० छादन] १ छप्पर, छान । २ कच्चे मकान की छाजन, छप्पर । ३ छाने का ढग । ४ शोभित होने का भाव ।
छाजणौ (बौ)–क्रि० १ शोभा देना, फबना । २ सुशोभित होना । ३ आच्छादित होना ।
छाजन–देखो 'छाजण' ।
छाजरसि (सु)–पु० एक प्रकार का घास ।
छाजलियौ–१ देखो 'छाजलौ' । २ देखो 'छाजौ' ।
छाजली–स्त्री० डलिया, टोकरी, छबडी ।
छाजलौ–पु० अनाज फटकने का उपकरण, सूप ।
छाजारी–स्त्री० रहट मे लगने वाली घास या लोहे की बनी टट्टी ।
छाजियौ–पु० मृतक के पीछे गाया जाने वाला विरह गीत ।
छाजौ–पु० १ दरवाजे या खिडकी पर छाजन की तरह लगा पत्थर या लकडी का पाटिया । छज्जा । २ छज्जे पर बनी बालकानी । ३ टोप के आगे निकला हुआ भाग । ४ सर्प का फन ।
छाट (ण)–स्त्री० १ विपत्ति, सकट, उच्चाट । २ ऊपर से आच्छादित जलकुण्ड । ३ चट्टान, शिला । (जैन)
छाटक (कौ)–पु० प्रहार, चोट । –वि० (स्त्री० छाटकी) चतुर, दक्ष, होशियार, धूर्त, चालाक ।
छाटकाई–स्त्री० चतुरता, दक्षता, होशियारी, चालाकी, धूर्तता ।
छाटी–स्त्री० सामान लाद कर ऊट पर रखने का बकरी के बालो का बना मोटा थैला ।
छाड–स्त्री० [स० छर्दि] १ वमन, कै, उल्टी । २ वर्षा के पानी से घास उत्पन्न होने का स्थान । ३ कूए पर मोट खाली करने का स्थान । ४ त्याग ।
छाडणौ (बौ)–क्रि० [स० छर्दनम्] १ वमन, कै या उल्टी करना । २ छोडना, त्यागना । ३ बगावत या विद्रोह करना ।
छाडाणौ–वि० विद्रोही, क्रान्तिकारी । –पु० बगावत, विद्रोह ।
छाडाणौ (बौ)–क्रि० १ वमन कराना । २ छुडवाना, त्यागाना । ३ विद्रोह कराना ।
छाडाळ (ळौ)–पु० १ भाला, नेजा । २ ईडर झुका हुआ ऊट ।
छाडि (डी)–स्त्री० १ गुफा, कदरा । २ रहट मे लगी रहने वाली एक नलिका ।
छाडीणौ, छाडोणौ–देखो 'छाडाणौ' ।

छाणो (बो)–क्रि० [स० छादन] १ फैलना, पसरना । २ व्याप्त होना । ३ आच्छादित होना । ४ आच्छादित करना । ५ परिपूर्ण होना, पूर्ण होना या करना । ६ बसना । ७ छिपना । ८ शोभित होना । ९ आवृत्त करना । १० तानना । ११ ढकना । १२ बिछाना, फैलाना ।

छात–स्त्री० [स० छत्र] १ छत का आगन । २ समूह । ३ राज्य । ४ घाव, क्षत । ५ विवाह मे नाई द्वारा किया जाने वाला दस्तूर विशेष व इस रस्म पर दिया जाने वाला नेग । –वि० दूल्हे की पीठ के पीछे नाई अपना वस्त्र फैला कर रखता है, तब दूल्हा ऊपर से नेग की रकम नाई के वस्त्र मे डालता है । ६ देखो 'छत्र' । –वि० श्रेष्ठ, उत्तम । —**पत, पति, पती**='छत्रपति' । —**रगी**–वि० जबरदस्त, प्रबल, चतुर, दक्ष ।

छातर–१ देखो 'छत्र' । २ देखो 'छात्र' ।

छातरको–पु० छिलका ।

छातरणो (बो)–क्रि० १ जलमग्न होना, डूबना । २ फैलना, पसरना । ३ छितरना ।

छाती–स्त्री० १ किसी प्राणी के पेट व गर्दन के बीच का भाग, सीना । २ स्त्रियो के कुच, उरोज । ३ हृदय, कलेजा । ४ चित्त, मन । ५ हिम्मत, साहस, दृढता । ६ आवेश, जोश । —**कूटो**–पु० निरर्थक श्रम । परेशानी, मगजपच्ची । कलह, लडाई, दुख, मजबूरी मे किया जाने वाला कार्य । —**छोलो** –वि० दुखदायी, कलह करने वाला । —**बद**–पु० घोडो का एक रोग ।

छातो–पु० १ छतरी, छाता । २ देशी शराब । ३ झुड, समूह । ४ मधु मक्खी का छत्ता ।

छात्र–पु० [स०] १ विद्यार्थी, शिष्य । २ छत्रपति, राजा । ३ एक प्रकार की शहद । —**पत, पति**–पु० राजा, नृप । —**वति**–स्त्री० विद्यार्थी को पुरस्कार स्वरूप या सहायतार्थ दिया जाने वाला धन ।

छाथाळ–वि० छत्र धारण करने वाला राजा, नृप ।

छादण (णो)–पु० [स० छादन] १ उल्टी, वमन, कै । २ आच्छादन ।

छादणो (बो)–क्रि० १ आच्छादित करना, ढकना । २ उल्टी करना, वमन करना । ३ छा देना ।

छादन–देखो 'छादण' ।

छाप–स्त्री० १ वह वस्तु जिसका अकन किसी अन्य वस्तु पर किया जावे । २ मुद्रा, मुहर । ३ मुद्राकन, चिह्न । ४ विष्णु के आयुधो के चिह्न । ५ किसी प्रकार का साकेतिक चिह्न विशेष । ६ काव्य, गीत, पद आदि के अत मे लगा रचनाकार का नाम । ७ चित्र, तस्वीर । ८ आभूषण विशेष ।

छापणो (बो)–क्रि० १ मुद्राकित करना, ठप्पा लगाना । २ चिह्नित करना । ३ मुद्रित करना, छापना । ४ वस्त्रो पर छपाई करना । ५ झडबेरी के काटो मे आवेष्टित करना ।

छापर (रि, री)–स्त्री० १ पहाडी, डूगरी । २ पथरीली भूमि । ३ ऊसर भूमि । ४ रणक्षेत्र । ५ समतल भूमि, मैदान ।

छापरो–वि० १ ठिगना, बौना, नाटा । २ फैला हुआ, विस्तृत ।

छापाखानो–पु० मुद्रणालय, प्रेस ।

छापि (पी)–पु० जल, पानी ।

छापो–पु० १ मुद्रण । २ देखो 'छाप' ।

छाब–स्त्री० १ बास की पतली खपचियो की बनी छोटी टोकरी, डलिया । २ डलियानुमा कोई धातु का पात्र ।

छाबक–स्त्री० छिपकली ।

छाबड (ली)–देखो 'छाब' ।

छाबड़ि (डी)–स्त्री० टोकरी ।

छाबड़ो–पु० १ बडा टोकरा । २ कुकुम रखने का काष्ठ-पात्र ।

छाबल (लि, ली)–स्त्री० १ खजरी से मिलता-जुलता एक वाद्य । २ इस वाद्य के साथ गाया जाने वाला गीत । ३ देखो 'छाब' ।

छाबोलो, छाबोल्यो–देखो 'छाबडो' ।

छाय–देखो 'छाया' ।

छायल–वि० १ वीर, बहादुर । २ शौकीन, रसिक ।

छायांक–पु० [स०] चन्द्रमा, चाद ।

छाया–स्त्री० [स०] १ परछाई । २ पेड या इमारत की परछाई । ३ छोटे बादलों की प्रतिछाया । ४ प्रकाश मे व्यवधान से होने वाला अधेरा । ५ कालिमा । ६ प्रतिबिंब, प्रतिकृति । ७ साया, आकृति । ८ अनुकरण, नकल । ९ देव माया या भूत-प्रेतादिक का प्रभाव । १० प्रभाव, असर । ११ सूर्य की पत्नी का नाम । १२ शरण, रक्षा । १३ कान्ति, दीप्ति, झलक । १४ दुख या चिंता के कारण आँख के नीचे पडने वाला कुछ काला दाग । १५ समानता । १६ रग की गडबडी । १७ माया । १८ भ्रम, धोखा । १९ सुन्दरता । २० पक्ति । २१ दुर्गा देवी । २२ रिश्वत । २३ आर्या छन्द का भेद विशेष । —**जत्र**–पु० समय सूचक यन्त्र, घडी । —**टोडी**–स्त्री० एक राग विशेष । —**पथ**–पु० आकाश गगा, आकाश । —**पुत्र**–पु० शनिश्चर । —**पुरस**–पु० मनुष्य की परछाई । —**मान, वाळ**–पु० चन्द्रमा, चाद ।

छायोडो–वि० (स्त्री० छायोडी) आच्छादित, अवेष्टित ।

छारडी–स्त्री० होली का दूसरा दिन ।

छार–पु० [स० क्षार] १ राख, भस्म । २ क्षार ।

छाळ–देखो 'छाळी' ।

छाळउ–देखो 'छाळो' ।

छाल (लि, ली)–स्त्री० [स० छल्लि] १ वृक्ष का छिलका, वल्कल । २ छिलका, आवरण । ३ चर्म, त्वचा । ४ वमन, कै ।

छालणौ (बौ)–क्रि० १ छिलका उतारना, छीलना । २ छानना । ३ पूरा भर देना ।

छालवी–स्त्री० आकाक्षा, इच्छा, वासना ।

छाळी–स्त्री० [स० छागली] बकरी । —**ना'र, ना'रियौ**–पु० बकरी आदि छोटे जानवरो का शिकार करने वाला हिंसक जानवर, भेडिया ।

छाळौ, (लौ, ल्लौ)–पु० [स० छाग] (स्त्री० छाळी) १ फफोला, फोडा । २ बकरा । ३ छाज ।

छाव–देखो 'छावौ' ।

छावउ, छावक, छावड–पु० [स० शावक] १ बच्चा । २ युवक ।

छावड़ी–स्त्री० रस्सी ।

छावडौ–१ देखो छावडो' । २ देखो 'छावड' ।

छावणी–स्त्री० १ सैन्य शिविर, सेना का पडाव । २ सेना का बडा विभाग या केन्द्र । ३ छाने की क्रिया या भाव ।

छावणौ (बौ)–देखो 'छाणौ' (बौ) ।

छावळी–देखो 'छावळी' ।

छावीस–देखो 'छब्बीस' ।

छावौ–पु० [स० शावक] (स्त्री० छावी) १ बच्चा, शिशु । २ पुत्र, लडका । ३ युवक । ४ विख्यात, प्रसिद्ध ।

छासट (ठ)–वि० [स० षट्षष्टि] साठ व छ । –पु० साठ व छ की सख्या, ६६ ।

छासटौ (ठौ)–पु० ६६ का वर्ष ।

छाह (डी, डी, णी)–१ देखो 'छाया' । २ देखो 'छाछ' ।

छिंकाणौ (बौ)–क्रि० छीक लेने के लिए प्रेरित करना ।

छिंगास–देखो 'छगास' ।

छिंछ–देखो 'छीछ' ।

छिंदगारौ–देखो 'छदगारौ' ।

छिंया (डी)–देखो 'छाया' ।

छिंयाळी (स)–वि० [स० षट्चत्वारिंशत्] चालीस व छ । –पु० छियालीस की सख्या, ४६ ।

छिंयाळीसो, छिंयाळो–पु० छियालीस का वर्ष ।

छिंयासियौ–पु० ८६ का वर्ष ।

छिंयासी–वि० [स० षड्शीति] अस्सी व छ । –पु० ८६ की सख्या ।

छिंयासीमो (वौ)–वि० छियासी के स्थान वाला ।

छिंयौ–देखो चियौ' ।

छिंवरी (रौ)–स्त्री० घने पत्तो वाली वृक्ष की टहनी ।

छिंहत्तर–देखो 'छियतर' ।

छि–स्त्री० [स०] १ मर्यादा । २ नींव । ३ धिक्कार । ४ गाली । ५ घृणा सूचक ध्वनि । ६ घृणित वस्तु । ७ कुम्हार । ८ शिकारी । ९ कुठार १० समय । ११ देवता ।

छिअतर–देखो 'छियतर' ।

छिअतरौ–देखो 'छियतरौ' ।

छिकणी–स्त्री० छितराने वाली घास ।

छिकणौ–वि० १ जिसमे स्याही या रग फैलता हो । २ कम घुटा हुआ, छिनछिना ।

छिकणौ (बौ)–क्रि० १ स्याही आदि का फैलना । २ छितराना । ३ देखो 'छकणौ' (बौ) ।

छिकरौ, छिक्कर–पु० [स० छिक्कर] तीव्र गति वाला एक मृग विशेष ।

छिवकी–स्त्री० विवाह की एक रस्म विशेष । (पुष्करणा)

छिगी–स्त्री० कमजोरी की दशा मे आने वाला पसीना ।

छिडकणौ (बौ)–क्रि० १ छिडकाव करना । २ पानी आदि पदार्थ के छीटे उछालना । ३ छितराना, फैलाना, बिखेरना । ४ न्योछावर करना ।

छिड़काई–स्त्री० १ छिडकने का कार्य, छिडकाव । २ छिडकने का पारिश्रमिक ।

छिडकाणौ (बौ)–क्रि० १ छिडकाव कराना । २ छीटे उछलवाना । ३ बिखरवाना, छितरवाना । ४ न्योछावर कराना ।

छिडकाव–पु० पानी, द्रव पदार्थ आदि को छिडकने, फैलाने, छितराने की क्रिया ।

छिडकावणौ (बौ)–देखो 'छिडकाणौ' (बौ) ।

छिडणौ (बौ)–क्रि० १ प्रारभ होना, शुरू होना । २ युद्ध होना । ३ छेडा जाना । ४ कुपित होना ।

छिडाणौ (बौ), छिड़ावणौ (बौ)–क्रि० १ प्रारभ कराना, शुरू कराना । २ युद्ध कराना । ३ छेडने के लिये प्रेरित करना । ४ कुपित कराना ।

छिछ, छिछकारी, छिछका–स्त्री० १ उकसाने, जोश दिलाने का भाव । २ जोश दिलाने का इशारा, ध्वनि ।

छिछडौ–पु० १ मास का निरर्थक खण्ड, भाग, अश । २ पशुओ के मल की थैली ।

छिछलौ, छिछिलौ–वि० (स्त्री० छिछली) जो गहरा न हो, उथला ।

छिछोर (रौ)–वि० (स्त्री० छिछोरी) १ हीन विचारो वाला, ओछा । २ क्षुद्र । ३ घटिया किस्म का । —**पण, पणौ**–पु० क्षुद्रता, ओछापन ।

छिजाणौ (बौ)-क्रि० १ नष्ट होने देना, क्षय कराना। २ सोखाना। ३ कुढाना, चिढाना। ४ चिंतित करना। ५ चूर्ण करना।

छिटक-स्त्री० १ जल्दी, शीघ्रता। २ पालकी के सामने का भाग। ३ चमक, शोभा।

छिटकणौ (बौ)-क्रि० १ अलग होना। २ विछुडना। ३ गिर कर फैलना। ४ दूर-दूर रहना। ५ तितर-वितर होना। ६ अनियन्त्रित होना।

छिटका-क्रि० वि० शीघ्रता से, तुरत।

छिटकाणौ (बौ), छिटकावणौ (बौ)-क्रि० १ अलग करना। २ विछुडाना। ३ गिरा कर फैलाना। ४ दूर-दूर करना। ५ तितर-वितर करना। ६ अनियन्त्रित करना। ७ छोडना, मुक्त करना। ८ त्यागना।

छिटकौ-पु० १ छींटा, बूंद। २ धक्का, झटका, आघात। ३ किसी जीव के काटने की क्रिया।

छिण-पु० [स० क्षण] क्षण, पल।

छिणगारौ-वि० रसिक, शौकीन।

छिणगौ-पु० [स० शृंग] १ साफे के पीछे लटकने वाला छोर, पल्लु। २ तुर्रा। ३ घास की वाल।

छिणछिणौ-वि० जो गाढा या घना न हो, जालीनुमा।

छिणमिण-स्त्री० १ ध्वनि विशेष। २ हल्की, रुग्णावस्था। -क्रि० वि० इधर-उधर।

छिणमिणौ-वि० (स्त्री० छिणमिणी) रुग्ण, बीमार।

छिणवौ-देखो 'छनवौ'।

छिणियै-क्रि० वि० [स० क्षण] क्षण भर।

छिणी-देखो 'छीणी'।

छिणुऔ, छिणुवौ-देखो 'छिनवौ'।

छित-स्त्री० [स० क्षिति] पृथ्वी, भूमि। —**नायक, पति**-पु० नृप, राजा।

छितरणौ (बौ)-क्रि० १ बिखरना, फैलाना। २ अलग-अलग होना।

छितराणौ (बौ)-क्रि० १ बिखराना, फैलाना। २ अलग-अलग करना।

छिता-देखो 'छिति'।

छिति-स्त्री० [स० क्षिति] पृथ्वी, भूमि। —**कत**-पु० राजा, नृप। —**रुह**-पु० पेड, वृक्ष।

छिती-वि० १ श्वेत। २ कृष्ण※। ३ देखो 'छिति'।

छितीस-पु० [स० क्षितीश] राजा, नृप।

छिद-पु० [स० छिद्र] १ छेद, सूराख। २ घाव।

छिदणौ (बौ)-क्रि० [स० छिद्रणम्] १ छेद युक्त होना, छिद्रित होना। २ छेदा जाना। ३ बिंधना, वेधा जाना। ४ घायल होना। ५ क्षत होना।

छिदर-देखो 'छिद्र'।

छिदराळौ-वि० [स० छिद्रित] (स्त्री० छिदराळी) १ पाखंडी, ढोंगी। २ दोषी, अवगुणी। ३ छेद वाला, जालीनुमा।

छिदाणौ (बौ), छिदावणौ (बौ)-क्रि० १ छेद मुक्त कराना, छिद्रित कराना। २ विंधवाना। ३ घायल कराना। ४ क्षत कराना।

छिद्र-पु० [स०] १ छेद, सूराख। २ घाव, क्षत। ३ दोष, अवगुण। ४ कमी, कमजोरी। ५ त्रुटि, गलती। ६ पाखड। ७ दरार।

छिद्रघटिका-स्त्री० [स० क्षुद्रघटिका] करधनी।

छिद्रदरसी-वि० १ दूसरो के अवगुण देखने वाला। २ कमजोरी निकालने वाला।

छिद्रावळी-स्त्री० करधनी।

छिद्री-पु० एक प्रकार का वाण।

छिन-पु० [स० क्षण] १ क्षण, पल। २ आभूषण विशेष।

छिनक-वि० थोडा, अल्प।

छिनको (कीक)-वि० थोडी, तुच्छ, क्षणिक।

छिनगारौ-वि० १ रसिक, शौकीन, छैला। २ स्वरूपवान। ३ शृंगार युक्त।

छिनणौ (बौ)-क्रि० १ छीना जाना, छिनना। २ कोसा जाना, झपट लिया जाना। ३ हरण होना। ४ बलात् ले जाना।

छिनदा-स्त्री० [स० क्षणदा] रात्रि, निशा।

छिनवौ-पु० ९६ का वर्ष। -वि० ९६ के स्थान वाला।

छिनाणौ (बौ)-क्रि० १ छिनवाना, छीनने के लिये प्रेरित करना। २ कोसाना, झपटवाना। ३ हरण कराना। ४ वलात् लेने मे सहयोग करना।

छिनाळ-स्त्री० १ कुल्टा, कर्कशा व कुलक्षिणी स्त्री। २ व्यभिचारिणी स्त्री। ३ पर-पुरुषगामिनी स्त्री।

छिनी-१ देखो 'छिन'। २ देखो 'छीणी'।

छिनुऔ, छिनुवौ-देखो 'छिनवौ'।

छिनूं, छिनू-वि० [सं० षण्णवति] नब्बे और छ। -पु० नब्बे और छ की संख्या।

छिनेक-क्रि०वि० क्षण भर के लिये।

छिन्न-वि० [स०] १ कटा हुआ। २ निश्चित, निर्धारित। ३ खण्डित। ४ भग्न। —**गाय**-वि० स्नेहरहित। -पु० साधु, त्यागी। —**भिन्न**-वि० खण्डित, टूटा-फूटा, जीर्ण-शीर्ण, अस्त-व्यस्त। —**रुह**-स्त्री० वनस्पति। —**सोच**-वि० जिसने शोक का छेदन कर दिया हो।

छिन्नाळ-देखो 'छिनाळ'।

छिपकली-स्त्री० गोह की तरह का एक बहुत छोटा जन्तु।

छिपणौ (बौ)–क्रि० १ किसी ओट या सहारे से, सामान्यतया न दिखने की दिशा मे होना । २ अदृश्य या अलोप होना । ३ भूमिगत या गुप्त होना । ४ भेष बदल कर रहना ।

छिपलौ–पु० मुह छुपाने या गुप्त रहने का भाव ।

छिपा–स्त्री० [स० क्षपा] १ रात, निशा । २ हल्दी । ३ तम्बू, खेमा । –वि० घना, सघन । —**कर**–पु० चन्द्रमा । —**सत्र, सत्रु**–पु० सूर्य ।

छिपाणौ (बौ), छिपावणौ (बौ)–क्रि० १ सामान्यतया न दिखने की दिशा मे करना, ओट मे करना, छुपाना । २ अदृश्य या अलोप करना । ३ भूमिगत या गुप्त करना । ४ भेष बदल कर रखना । ५ गुप्त रखना ।

छिपाव–पु० १ छुपाने या गुप्त रखने का भाव । २ भेद रहस्य । ३ गोपनीयता । ४ दुराव, भेद-भाव ।

छिब–देखो 'छवि' । —**काळौ**='छवकाळौ'

छिबणौ–देखो 'छवणौ' ।

छिबणौ (बौ)–देखो 'छवणौ' (बौ) ।

छिबदार (वत)–वि० छवि युक्त कातियुक्त ।

छिबि, छिबी–स्त्री० [अ० शबी] १ माला, जयमाला । २ छबि, शोभा । –वि० १ तेज, तीक्ष्ण । २ पहली ।

छिम–देखो 'चिम' ।

छिमछिमिया–पु० मजीरे की जोडी, छोटे झाझ ।

छिमता–देखो 'क्षमता' ।

छिमा–देखो 'क्षमा' ।

छियतर–वि० [सं० षट्सप्तति] सत्तर और छ, छिहत्तर । –पु० छिहत्तर की सख्या, ७६ ।

छियतरमो (वौं)–वि० ७६ के स्थान वाला ।

छियतरो–पु० ७६ का वर्ष ।

छिया–देखो 'छाया' ।

छियांळीस–देखो 'छियाळीस' ।

छिरग (गो)–पु० [स० शृग] १ किसी वस्तु का ऊपरी शिरा या भाग । २ शिखर का ऊपरी शिरा । ३ घास की बाल ।

छिरमिर–देखो 'झिरमिर' ।

छिररौ–१ देखो 'छररौ' । २ देखो 'छेरौ' ।

छिरेंटी–स्त्री० जल जमनी लता । (वैद्यक)

छिरेबौ–पु० हाथी का प्रथम बार टपकने वाला मद ।

छिळक, छिलक–स्त्री० हल्का गुस्सा, आवेश ।

छिलकणौ (बौ)–देखो 'छलकणौ' (बौ) ।

छिलकाणौ (बौ)–देखो 'छलकाणौ' (बौ) ।

छिलकारी, छिलकारौ–पु० १ बकरे या बकरी का पेशाब । २ देखो 'चिलकारौ' ।

छिलकावणौ (बौ)–देखो 'छलकाणौ' (बौ) ।

छिलकौ–पु० १ किसी कद, मूल, फल या वृक्ष आदि के ऊपर की झिल्ली, छाल, छिलका । २ त्वचा, चर्म । ३ आवरण ।

छिलणौ (बौ)–क्रि० १ छिलका उतरना, छोला जाना । २ जोर की रगड लगने से चमडी उतरना । ३ छलकना, उमडना, उबकना । ४ सीमा या मर्यादा खोना । ५ आपे मे न रहना । ६ गले मे खराश होना । ७ पूर्ण भर जाना । ८ फैलना, विस्तृत होना ।

छिलर, छिलरियौ–देखो 'छीलर' ।

छिलिहिंडा–स्त्री० एक लता विशेष ।

छिलोडी–स्त्री० १ पाव के तले मे होने वाला फफोला । २ एक प्रकार का जतु विशेष ।

छिल्लणौ (बौ)–देखो 'छिलणौ' (बौ) ।

छिल्लर, छिल्लरू–देखो 'छीलर' ।

छिल्लौ–पु० बकरा ।

छिव–देखो 'छवि' ।

छिवणौ (बौ)–देखो 'छवणौ' (बौ) ।

छिवारौ–पु० छुआरा, खजूर ।

छिहतर–देखो 'छियतर' ।

छिहतरौ–देखो 'छियतरौ' ।

छींक–स्त्री० [स० छिक्का] १ नाक मे चुनचुनाहट होने पर झटके के साथ नाक से निकलने वाली हवा । २ इस हवा से उत्पन्न 'छू' की तीव्र ध्वनि ।

छींकणौ (बौ)–क्रि० छीक लेना, छीकना ।

छींकल (बौ)–पु० (स्त्री० छीकली) एक जाति विशेष का मृग ।

छींकाखाई–स्त्री० एक औषधि विशेष ।

छींकी–स्त्री० शीत काल मे मद चढे ऊट के मु ह पर बाधी जाने वाली जाली ।

छींको–पु० १ सींको, तारो या रस्सियो को बुन कर बनाया गया टोकरा जो छत, खू टी आदि पर लटका रहता है । २ टोकरा ।

छींछ–स्त्री० तेज धारा ।

छींट–स्त्री० [स० क्षिप्त] १ जल कण, बू द, छाट, छींटा । २ चिह्न, दाग । ३ रग-बिरगे बेल-बू टो वाला वस्त्र । ४ टुकडा, भाग ।

छींटणौ (बौ)–क्रि० १ मवेशियो द्वारा पतला गोबर करना । २ दस्त लगना । ३ छाटना, छिडकना ।

छींटौ–पु० १ छीटा, बू द, जल कण । २ पतला गोबर ।

छींण–स्त्री० पत्थर की पट्टी । चीण ।

छींतरी–स्त्री० १ वस्त्र पट्टिका । २ टूटी-फूटी डलिया । २ छोटे-छोटे बादल ।

छींपा, छींपी–देखो 'छीपा' ।

छींपो–पु० (स्त्री० छींपी) रगरेज ।

छींभड़ो–देखो 'चींभडो'।

छींया–देखो 'छाया'।

छी–ग्रव्य० [स० छी] तिरस्कार या घृणा सूचक ध्वनि। विशेष। –स्त्री० १ बच्चे का पाखाना। २ घृणित वस्तु। ३ कटि मेखला। ४ जीव। ५ मद। ६ सार। ७ काति। ८ छछूदरी।

छीकणी–स्त्री० [स० छिक्किका] एक क्षुप जो ग्रौपधि के रूप प्रयुक्त होता है।

छीछी–ग्रव्य० घृणा सूचक ध्वनि। –स्त्री० घृणित वस्तु। पाखाना।

छीज–स्त्री० १ कमी, हानि, घाटा। २ खीज, कुढन। ३ क्षय। ४ व्याकुलता, बेचैनी।

छीजणौ (बौ)–क्रि० [स० क्षीप्] १ कमी, घाटा या हानि होना। २ क्षय होना, ह्रास होना, क्षीण होना। ३ खीजना, कुढ़ना। ४ दुखी होना। ५ डरना। ६ जलना, शुष्क होना। ७ झुझलाना। ८ व्याकुल होना।

छीजत–स्त्री० [स० क्षीप] १ कमी, घाटा। २ क्षय, ह्रास। ३ कुढन, खीज। ४ चिंता, फिकर। ५ घुटन।

छीजाणौ (बौ), छीजावणौ (बौ)–क्रि० १ कमी करना, घटाना। २ क्षय करना। ३ खीजाना, कुढाना। ४ दुखी करना। ५ डराना। ६ जलाना, शुष्क करना।

छीजौ–वि० (स्त्री० छीजी) १ डाह करने वाला, कुढने वाला। २ क्रोधी।

छीडरियौ–पु० छिछला ताल, तलैया।

छीण–१ देखो 'क्षीण'। २ देखो 'चीण'।

छीणतन–वि० कृश काय, पतला-दुबला।

छीणी–स्त्री० पत्थर तोडने या गढने की लोहे की मोटी कील, टाकी।

छीणे, (णै)–क्रि०वि० टूटने से, कटने से।

छीणोटगी–स्त्री० बारीक जू।

छीणौ–देखो 'क्षीण'।

छीतर–स्त्री० १ पथरीली या पहाडी भूमि। २ एक प्रकार का पत्थर। –वि० [सं० छित्वर] कपटी, धूर्त।

छीतरी–स्त्री० पतली छाछ, अधिक पानी मिला मट्ठा, छोटे-छोटे बादल। –वि० छिछली, छितराई हुई।

छीतरौ–वि० (स्त्री० छीतरी) छिछला, बिखरा हुग्रा, छितराया हुग्रा।

छीदगत–स्त्री० कपट, धोखा, चाल, धूर्तता।

छीदरियौ, छीदरौ, छीदौ–पु० (स्त्री० छीदरी) १ तरल पदार्थ। २ अधिक पानी मिली वस्तु। –वि० १ छिछला, पतला। २ छेददार, छिद्रिन। ३ विरल, बारीक। ४ चौडा।

छीन–देखो 'क्षीण'। २ देखो 'छीण'।

छीनणौ (बौ)–क्रि० १ कोसना, लूटना, झपट कर लेना। २ बलात् ले लेना। ३ ग्रनुचित कब्जा करना।

छीनवौ–देखो छिनवौ'।

छीनाणौ (बौ), छीनावणौ (बौ)–क्रि० १ कोसाना, लुटवाना। २ बलात् लेने के लिए प्रेरित करना। ३ ग्रनुचित कब्जा कराना।

छीनौ–वि० [स० क्षीण] खिन्न, दुखी, उदास।

छीप–स्त्री० [स० क्षिप्र] शीघ्रता, जल्दी। –वि० तेज, जल्दबाज।

छीपणौ (बौ)–क्रि० स्पर्श करना, छूना।

छीपा–स्त्री० १ वस्त्र रगने का कार्य करने वाली जाति। २ गुजराती नटो की एक शाखा।

छीब–देखो 'छवि'।

छीबरी–स्त्री० १ एक पक्षी विशेष। २ पतली छाछ। ३ पतले व सपेद बादल।

छीय, छीया–स्त्री० [स० क्षुत] छींक। (जैन)

छीया–स्त्री० छाया। —**छावळी**–स्त्री० एक देशी खेल।

छीर–पु० [स० क्षीर] दूध। —**ज**–पु० दही, चन्द्रमा, कमल, शख। —**जा**–स्त्री० लक्ष्मी। —**समुद्र, सागर**–पु० क्षीर सागर।

छीरप–पु० [स० क्षीरप] बच्चा, शिशु।

छीरल–पु० [सं० क्षीरल] एक प्रकार का सर्प।

छीरोदधजा–स्त्री० लक्ष्मी।

छीलणौ (बौ)–क्रि० १ किसी वस्तु का छिलका उतारना, छीलना। २ ग्रावरण हटाना। ३ मीगी या गूदा निकालना। ४ काटना।

छीलण–स्त्री० ग्राभूषण विशेष।

छीलर–स्त्री० १ रेजगारी, रेजगी। २ देखो 'छिलरि'।

छीलरि, छीलरियउ, छीलरियौ, छीलरौ–पु० [स० छिद्रल] १ छिछले पानी का गड्ढा, तलैया। २ छोटा तालाब। ३ बेसन का नमकीन पराठा।

छीलौ–पु० पलाश वृक्ष, ढाक।

छीव–वि० मस्त, उन्मत्त।

छीवोल्लम्र–पु० निंदार्थक मुख विकार। (जैन)

छुच्छंठी–स्त्री० रूई धुनने की ग्रावाज।

छुछुमुसय–स्त्री० उत्कण्ठा। (जैन)

छुद–वि० ग्रधिक, ज्यादा। (जैन)

छु–स्त्री० १ मशक। २ जुगुप्सा। ३ तृष्णा। –ग्रव्य० कुत्ते को उत्साहित करने की ध्वनि।

छुग्राछूत–स्त्री० किसी को स्पर्श करने, साथ रखने या सम्पर्क करने ग्रादि का परहेज, ग्रस्पृश्यता।

छुआणौ (बौ)–देखो 'छुवाणौ' (बौ) ।
छुइमुई–स्त्री० लाजवंती नामक पौधा ।
छुई–स्त्री० बक पंक्ति।
छुक्कारण–स्त्री० निंदा, धिक्कार । (जैन)
छुच्छ–वि० [सं० तुच्छ] क्षुद्र, तुच्छ । (जैन)
छुच्छम–देखो 'सूक्ष्म' ।
छुच्छकार (क्कार)–पु० [स छुच्छुकार] कुत्ते को उत्साह दिलाने की क्रिया या भाव ।
छुछक, छुछक–पु० पुत्री के संतान हो जाने पर दी जाने वाली भेंट । (मेवात)
छुछम–देखो 'सूक्ष्म' ।
छुटकारौ–पु० १ बंधन, मुक्ति । २ कार्य या उत्तरदायित्व से मुक्ति । ३ कष्ट निवारण ।
छुटणौ (बौ)–देखो 'छूटणौ' (बौ) ।
छुटभई, छुटभाई–पु० १ पद या मान मर्यादा मे वश का छोटा व्यक्ति । २ लघु भ्राता, छोटा भाई ।
छुटाणौ (बौ)–देखो 'छुडाणौ' (बौ) ।
छुटियौ–पु० १ एक लोक गीत विशेष । २ गेंद खेलने की लकडी । ३ छडी ।
छुटौ–देखो 'छुट्टौ' ।
छुट्ट–पु० छुटकारा, छूट ।
छुट्टण–स्त्री० छुट्टी, मुक्ति, छोटापन ।
छुट्टणौ (बौ)–देखो 'छूटणौ' (बौ) ।
छुट्टी–स्त्री० १ अवकाश । २ कार्य या बंधन से मुक्ति । ३ छुटकारा, निस्तार । ४ फुर्सत । ५ छूट, अनुमति ।
छुट्टौ–वि० (स्त्री० छुट्टी) १ खुला, मुक्त, स्वतंत्र । २ अकेला, एकाकी । ३ खाली हाथ । ४ अवरोध या भार से मुक्त ।
छुडणौ (बौ)–देखो 'छूटणौ' (बौ) ।
छुडाई–स्त्री० छोडने की क्रिया या भाव ।
छुडाणौ (बौ), छुडावणौ (बौ)–क्रि० १ बंधन मुक्त कराना, स्वतन्त्र कराना । २ उलझन या फासी से मुक्ति दिलाना । ३ जेल से छुडवाना । ४ चिह्न मिटाना । ५ त्याग कराना । ६ रिश्ता तुडाना ।
छुडु–क्रि०वि० शीघ्र, तुरन्त ।
छुड्ड–वि० [सं० क्षुद्र] तुच्छ, लघु । (जैन)
छुणगौ–देखो 'छिणगौ' ।
छुद्र–वि० [सं० क्षुद्र] १ ओछे विचारो वाला । २ नीच, दुष्ट । ३ उद्दण्ड । ४ निष्ठुर । ५ गरीब । ६ कजूस ।
छुद्रघट, (घटा, घटिका, घटी)–स्त्री० करधनी, मेखला ।
छुद्रा–स्त्री० दाख, किशमिश ।
छुध, छुधा–स्त्री० [सं० क्षुधा] भूख, इच्छा ।
छुनणौ (बौ)–देखो 'छूनणौ' (बौ) ।
छुन्न–वि० [सं० क्षुण्ण] १ चूर-चूर, चूर्णित । २ नष्ट । ३ अभ्यस्त । ४ नपुंसक ।
छुपणौ (बौ)–देखो 'छिपणौ' (बौ) ।
छुपाणौ (बौ), छुपावणौ (बौ)–देखो 'छिपाणौ' (बौ) ।
छुबरणौ (बौ)–क्रि० टुकडे-टुकडे करना, काटना, छीलना ।
छुम–स्त्री० ध्वनि विशेष ।
छुयाचार–वि० [सं०क्षत्ताचार] आचार-च्युत । (जैन)
छुरगौ–देखो 'छिणगौ' ।
छुर–पु० [सं० क्षुर] १ छुरा, छुरी । २ उस्तरा । ३ पशु का नख । ४ बाण, तीर । ५ वृक्ष विशेष । ६ गोखरू । ७ तृण विशेष ।
छुरघर, (घरय)–पु० छुरे का खोल, थैला ।
छुरमड्डि–पु० हज्जाम, नापित ।
छुरि (आ, का, गा, या), छुरी (का)–स्त्री० [सं० क्षुरिका] काटने व चीरने का तेजधार का उपकरण, छुरी, चाकू ।
छुरौ–पु० [सं० क्षुर] १ तेज धार का हथियार, छुरा । २ सिंह का पंजा ।
छुळकणौ (बौ)–क्रि० १ थोडा-थोडा मूतना । २ छलकना ।
छुलणौ (बौ)–क्रि० १ वृक्ष आदि की छाल उतरना । छीला जाना । २ रगड लगाने से चमडी उतरना । ३ छिलका उतरना । ४ छाछ या पानी के साथ पके हुए पदार्थ का विकृत होना ।
छुलाणौ (बौ), छुलावणौ (बौ)–क्रि० १ वृक्ष आदि की छाल उतरवाना । २ चमडी उतरवाना । ३ छिलका उतरवाना ।
छुवाछूत–देखो 'छुआछूत' ।
छुवाणौ (बौ)–क्रि० १ स्पर्श कराना, छुआना । २ हाथ लगवाना । ३ सटाना, अडाना ।
छुहारौ–देखो 'छुहारौ' ।
छुहा–स्त्री० [सं० सुधा] १ अमृत, पीयूष । २ चूना । ३ क्षुधा ।
छुहारौ–पु० खजूर का फल ।
छुहाळु–वि० [सं० क्षुधालु] भूखा, बुभुक्षित ।
छू–स्त्री० एक ध्वनि विशेष । –क्रि० वि० हूं ।
छूकण–स्त्री० छोका, तडका ।
छूकणौ (बौ)–क्रि० छोका लगाना, छोकना ।
छूछ–स्त्री० हृदय की उमंग, भावावेश । –वि० तृप्त, अघाया हुआ ।
छूत (क, कौ), छूतरौ–पु० छिलका ।
छूरियौ, छूरौ–पु० १ फूलो का ढेर । २ पलाश वृक्ष । ३ देखो 'छवरौ' ।
छू–पु० १ बाट । २ शब्द । ३ गज । ४ खुदा, ईश्वर । ५ मंत्र पढकर फूंकने की क्रिया । ६ कुत्ते को उत्साहित करने की ध्वनि ।

छूछक–देखो 'छुछक'।

छूछौ–वि० (स्त्री० छूछी) रिक्त, खाली।

छूट–स्त्री० १ छूटने का भाव, छुटकारा, मुक्ति। २ स्वतन्त्रता, आज़ादी। ३ रियायत, किफायत। ४ अवकाश, फुर्सत। ५ अनुमति। ६ खुला या विस्तृत स्थान। ७ कारणवश न जोती हुई भूमि। ८ वि-छेद।

छूटक–वि० १ फेका हुआ। २ छोडा हुआ। –पु० १ स्फुट पद। २ मुक्तक।

छूटणौ (बौ)–क्रि० [स० चुट्, छुट] १ बधन मुक्त होना, स्वतत्र होना। २ पकड से निकल जाना। ३ अलग होना, विलग होना। ४ मुक्त होना, छुटकारा पाना। ५ अभाव या कमी रह जाना। ६ मिटना। ७ अभ्यास न रहना। ८ अपूर्ण रहना। ९ शेष या बाकी बचना। १० पीछे रह जाना। ११ बिछुडना। १२ अस्त्रादि चलना, दगना। १३ फेका जाना। १४ स्खलित होना। १५ रिस-रिस कर निकलना, चूना। १६ प्रसव पीडा से मुक्त होना। १७ घोडे का मरना।

छूटपल्लौ, छूटापौ–पु० १ दम्पति का सबध विच्छेद, तलाक। २ प्रसव से मुक्ति।

छूटी (ट्टी)–देखो 'छुट्टी'।

छूटौ (ट्टौ)–देखो 'छुट्टौ'।

छूणौ (बौ)–क्रि० [स० छुप] १ स्पर्श करना, हाथ लगाना। २ छेडना, इधर-उधर करना। ३ सटाना, अडाना। ४ आलिगन करना। ५ प्रतिस्पर्धा मे बराबर आना। ६ निश्चित ऊंचाई पर पहुँचना। ७ थोडा उपभोग करना।

छूत–स्त्री० १ छूने या स्पर्श करने का भाव। २ अपवित्र वस्तु या अस्पृश्य को छूने का दोष, अशौच। ३ भूत-प्रेतादिक का प्रभाव।

छूतकौ, छूतरौ–पु० छाल, छिलका, छूता।

छूनणौ (बौ)–क्रि० १ छोटे-छोटे टुकडे करना। (मास) २ काटना।

छूनौ–वि० (स्त्री० छूनी) बढिया, श्रेष्ठ।

छूमतर–पु० १ अकस्मात गायब होने की क्रिया या भाव। २ जादू, टोना।

छूर–स्त्री० बौछार, छूट।

छूरौ–देखो 'छुरौ'।

छूवणौ (बौ)–देखो 'छूणौ' (बौ)।

छे–स्त्री० १ ऊसर भूमि। २ फासी। ३ इन्द्रिय। ४ वेणी। ५ वसुधा। ६ सियार। ७ छै, छ। ८ ध्वनि विशेष।

छे'–देखो 'छेह'।

छेक–वि० १ छेदने वाला। २ कसकने वाला, दर्द करने वाला। ३ चतुर। –पु० १ छिद्र, सूराख। २ छेकानुप्रास।

छेकड़ (ती)–पु० छेद, सूराख। –क्रि० वि० १ अंत मे। २ एक ओर, एक तरफ।

छेकड़लौ–वि० (स्त्री० छेकडली) आखरी, अन्त का।

छेकडौ–देखो 'छेक'।

छेकणौ (बौ), छेकरणौ (बौ)–क्रि० १ छेद करना, सूराख करना। २ चीरना। ३ काटना। ४ आर-पार निकलना। ५ आगे बढना।

छेकलौ–पु० छेद, सूराख।

छेकाछेकी–स्त्री० छेद करने या पैनी वस्तु घुसाने की क्रिया।

छेकौ–वि० (स्त्री० छेकी) उतावला, आतुर।

छेड–स्त्री० १ स्पर्श करने की क्रिया। २ व्यग, उपहास। ३ हसी, ठिठोली। ४ तग करने की क्रिया। ५ झगडा, टटा। ६ किसी वाद्य का निरन्तर बजने वाला स्वर। ७ बडा भोज। ८ द्वादशे का भोज। ९ प्रारभ।

छेडणौ (बौ)–क्रि० १ स्पर्श करना, इधर-उधर करना। २ कुरेदना। ३ व्यग या उपहास करना। ४ हसी करना। ५ तग करना, दुखी करना, चिढाना। ६ झगडा करना। ७ प्रारभ करना, शुरू करना। ८ किसी कार्य के लिये कहना, प्रेरित करना। ९ चीरना, फाडना। १० छेद या सूराख करना। ११ कामोद्दीपन करना।

छेडलियौ, छेडलौ–वि० (स्त्री० छेडली) आखिरी, अन्तिम।

छेड़ाछेड़ी–स्त्री० १ दूल्हे-दुल्हिन के वस्त्रो का परस्पर बधन। २ छेड-छाड।

छेड़ियौ–पु० १ रहट की माल का अतिम छोर। २ स्त्रियों के गले का आभूषण विशेष। ३ जुलाहो का एक औजार। ४ चरखे का एक उपकरण। ५ देखो 'छेडौ'।

छेड़े (डं)–क्रि० वि० १ किनारे पर, छोर पर। २ एक तरफ, एक ओर। ३ अलग, दूर। ४ तटस्थ। ५ तत्पश्चात्।

छेडौ–पु० १ छोर, किनारा। २ घूघट, पल्ला। ३ हद, सीमा। ४ अत, समाप्ति। ५ चमडे का रस्सा। ६ गठ-बधन।

छेजेआणौ–क्रि० बकरी का ऋतुमति होना।

छेजौ–पु० जीव-जतुओ का खाद्य।

छेज्ज–वि० [स० छेद्य] १ छेदने या वेधने लायक। २ खण्डन करने योग्य। –पु० छेद, सूराख।

छेटी–स्त्री० [स० छिति] १ फासला, दूरी, अन्तर। २ बीच की दरार। ३ कसर, कमी।

छेडहड–क्रि० अंत मे, आखिर मे।

छेतर (ए)–स्त्री० १ पथरीली भूमि। २ श्मशान भूमि। ३ छल, कपट। ४ क्षेत्र।

छेतरणौ (बौ)–क्रि० १ धोखा देना, छलना। २ ठगना। ३ सहार करना, मारना। ४ ढूढना, तलाश करना।

छेतरी-वि० छली कपटी।

छेताळीस-देखो 'सैंताळीस'।

छेती-देखो 'छेटी'।

छेत्त-पु० [स० क्षेत्र] १ कृषि-भूमि, खेत। २ जमीन, भूमि। ३ आकाश। ४ वस्ती, नगर। ५ स्त्री, पत्नी।

छेद-पु० [स० छिद्र] १ छेद, सूराख। २ विल, विवर। ३ ऐव, दोष, अवगुण। ४ छेदन क्रिया। ५ कटाई। ६ नाश, ध्वंस। ७ खण्ड, टुकडा। ८ छ जैनागम ग्रथ।

छेदक (ग)-वि० छेद करने वाला, छेदने वाला।

छेदणौ (बौ)-क्रि० [स० छिदिर] १ छेद या सूराख करना। २ विल या विवर करना। ३ छेदन करना। ४ काटना। ५ नाश करना। ६ दोष निकालना।

छेदन-पु० छेदने की क्रिया या भाव।

छेदनी-स्त्री० पांचवी त्वचा का नाम।

छेदाणौ (बौ), छेदावणौ (बौ)-क्रि० १ छेद या सूराख कराना। २ विल या विवर कराना। ३ छेदन कराना। ४ कटाना। ५ नाश कराना। ६ दोष निकलवाना।

छेम-देखो 'क्षेम'।

छेमकरी-देखो 'क्षेमकरी'।

छेय-वि० [स० छेक] अवसर का जानकार, होशियार, चतुर, दक्ष। (जैन) -पु० १ प्रायश्चित। २ विच्छेद।

छेयग-देखो 'छेदक'।

छेयण-देखो 'छेदन'।

छेरु-देखो 'छेरौ'।

छेरे-देखो 'छेडे'।

छेरौ-पु० १ काष्ठ खण्ड, टुकडा। २ एक प्रकार का टोकरा। ३ ऊट का पनला पाखाना।

छेल (ग)-पु० (स्त्री० छेली) १ बकरा, अज। २ देखो 'छैल'।

छेलण-वि० मर्यादा भग करने वाला।

छेलणौ (बौ)-क्रि० १ मर्यादा भग करना, सीमा तोडना। २ लाघना। ३ छल करना। ४ पूर्ण करना, भरना।

छेलिअ (य)-पु० १ छीक। २ चीख, चीत्कार।

छेलिया, छेली-स्त्री० बकरी।

छेलौ, छेल्हौ-देखो 'छेहलौ'।

छेवडौ-देखो 'छेडौ'।

छेवट-क्रि० वि० आखिरकार। अत मे।

छेवटी-स्त्री० घोडे का चारजामा विशेष।

छेवट्ट, छेवट्ठ-पु० [स० सेवार्त्त] शारीरिक रचना।

छेह(उ)-स्त्री० १ अन्त। २ किनारा, छोर। ३ सहन शक्ति की अतिम अवस्था। ४ विश्वासघात, धोखा। ५ थाह गहराई। ६ हानि, नुकसान। -क्रि० वि० १ ओर, तरफ। २ अत मे।

छेहडलौ, छेहडौ, छेहलउ, छेहलौ-वि० (स्त्री० छेहडली, छेहली) आखिरी, अतिम। -पु० अतिमस्थान, किनारा।

छेहि, छेहिं, छेहु-देखो 'छेह'।

छैताळीस-देखो 'सैंताळीस'।

छै-वि० [स० षट्] पाच व एक। -पु० १ छ की सख्या। २ देव लोक। ३ मद पात्र। ४ तीक्ष्ण वस्तु। ५ सेना। -क्रि० वि० होना क्रिया के वर्तमान काल का रूप, है।

छैबासी-देखो 'सावासी'।

छैमायौ, छैमाहियौ-वि० १ छ मास का। २ छ मासिक, छ माही।

छैर-पु० भाले की तरह का तलवार का प्रहार।

छैल-१ चतुराई, दक्षता। २ देखो 'छैलौ'। ३ देखो 'छेल'।

छैलकडी-स्त्री० कान का एक आभूषण।

छैलकडौ-पु० १ हाथ का आभूषण। २ देखो 'छैलौ'।

छैलछबीलौ (भवर)-वि० शौकीन, रगीला, रसिक। -पु० १ प्रपितामह के जीवित अवस्था मे जन्म लेने वाला बालक। २ आभूषण विशेष।

छैलौ-वि० (स्त्री० छैली) १ शौकीन, रगीला, रसिक। २ जिसका प्रपितामह जिंदा हो। ३ सजा-धजा। ४ सुन्दर। ५ प्रिय, वल्लभ। ६ चतुर, दक्ष, होशियार।

छोक-देखो 'छौक'।

छोकणौ (बौ)-देखो 'छौकणौ' (बौ)।

छोत-देखो 'छूत'।

छोतकौ (रौ), छोती-देखो 'छूतरौ'।

छो-पु० १ क्रोध। २ जोश। ३ पवन। ४ मृग। ५ शृगार। ६ भय। ७ नरक।

छोअ-पु० [स० छोद] छिलका, छाल।

छोइ (ई)-पु० १ क्रोध, गुस्सा। २ मट्ठा, छाछ।

छोकरडौ, छोकरौ-देखो 'छोरौ'।

छोग-पु० १ शोक। २ कष्ट, दुख।

छोगौ-देखो 'छौगौ'।

छोछोनीब-पु० एक प्रकार का वृक्ष।

छोछौ-वि० (स्त्री० छोछी) १ सारहीन, थोथा। २ व्यर्थ, निरर्थक।

छोट-स्त्री० लघुता।

छोटकडौ (कलौ, कियौ) छोटकौ, छोटयौ-देखो 'छोटौ'।

छोटाई-स्त्री० लघुता, ओछाई।

छोटी-वि० लघु, अल्प।

छोटीतीज–स्त्री० श्रावण शुक्ला तृतीया ।
छोटीमाता–स्त्री० हल्की चेचक ।
छोटोडो–देखो 'छोटो' (स्त्री० छोटोडी) ।
छोटोसाणोर–पु० डिंगल का एक गीत (छद) विशेष ।
छोटो–वि० (स्त्री० छोटी) १ आकार प्रकार से न्यून, छोटा, लघु । २ आयु मे कम । ३ महत्त्व के हिसाब से हल्का । ४ ओछे विचारो वाला ।
छोड (ण)–पु० १ त्याग । २ छुटकारा । ३ विच्छेद ।
छोडणो (बो), छोडवणो (बो)–क्रि० १ बधन या पकड से मुक्त करना । २ माफ करना, क्षमा करना । ३ त्यागना, त्याग करना । ४ सबध विच्छेद करना । ५ वसूली का विचार स्थगित कर देना । ६ स्थगित करना । ७ अस्वीकार करना । ८ पीछे या अलग रख देना । ९ वचित करना । १० अधूरा रख देना । ११ भूल करना । १२ शेष या बाकी रखना । १३ खुला करना । १४ डालना, पटकना ।
छोडवण–स्त्री० मुक्ति, छुटकारा, त्याग । –वि० छुटकारा दिलाने वाला, मुक्ति दिलाने वाला ।
छोडाणो (बो), छोडावणो (बो)–देखो 'छुडाणो (बो) ।
छोण–पु० [स० सुनु] (स्त्री० छोणी) १ पुत्र लडका । २ शोण, खून । २ देखो 'छोणी' ।
छोणी–स्त्री० [स० क्षोणी] पृथ्वी, धरती । —तळ–पु० पाताल ।
छोत–स्त्री० १ छिलका, छाल । २ छूत । ३ दोष, अशौच ।
छोतको, छोतरो, छोती–देखो 'छूतरो' ।
छोनिय, छोनी–देखो 'छोणी, ।
छोनीतळ–पु० पाताल ।
छोनीमडळ–पु० भू-मण्डल ।
छोनो–पु० [स० सुनु] पुत्र, लडका ।
छोभ–वि० [स० क्षोभ्य] १ खल, दुर्जन, पिशुन । २ क्षोभनीय । (जैन)
छोभ–पु० [स० क्षोभ, क्षोभ्य] १ दुख, क्षोभ । २ विकलता । ३ कष्ट । ४ क्रोध । ५ दीन, असहाय । ६ कलक, दोषारोपण । ७ वदन विशेष । ८ आघात । (जैन)
छोभणो (बो)–क्रि० १ दुखी होना, क्षोभ करना । २ क्रोध करना । ३ विचलित होना ।
छोयेलो–पु० (स्त्री० छोयली) पुत्र, लडका ।
छोर–पु० १ किनारा, कोर । २ तट । ३ सीमा, हद । ४ नोक, सिरा ।
छोरडो–देखो छोरो' ।
छोरणी–देखो 'चाळनी' ।
छोरवेड, छोरातर–पु० बाल-बच्चे ।
छोरारोळ–स्त्री० उद्दण्डता, नादानी, नटखटपन, बचपना, खिलवाड ।
छोरियो, छोरींटो–देखो 'छोरो' ।
छोरु, छोरूं, छोरू, छोरो–पु० [स० शोकहर] (स्त्री० छोरी) १ पुत्र, बेटा । २ लडका, बालक । ३ सतान, औलाद । ४ सेवक, दास ।
छोरेट–देखो 'छोरवेड' । (मेवात)
छोळ–देखो 'छौळ' ।
छोळणो–पु० जग कुचलने का उपकरण ।
छोळणो (बो)–क्रि० १ जग कुचर कर दूर करना, मैल मिटाना । २ वासना मिटाना ।
छोलणो (बो)–क्रि० १ छिलका उतारना, छीलना । २ किसी धारदार शस्त्र से कुचरना । ३ मिंगी या गुदा निकालना ।
छोलदारी–स्त्री० १ तबू, शामियाना । २ मोटा पर्दा ।
छोळवणो (बो)–क्रि० १ वासना को नष्ट करना, मिटाना । २ देखो 'छोळणो' (बो) ।
छोळवि–स्त्री० वासना, वासना की तरग, आकाक्षा ।
छोलो–पु० चने का कच्चा दाना ।
छो'ल्लो–देखो 'छोरो' ।
छोह–पु० [स० क्षोभ] १ क्रोध, गुस्सा । २ जोश, उत्साह । ३ गर्व, अभिमान । ४ प्रेम । ५ मिलन, योग, सयोग । ६ ओट, आड, पर्दा । ७ बर्छी की नोक । ८ दरवाजे के आडी लगाई जाने वाली पत्थर की शिला । ९ काति, दीप्ति । १० शोभा, कीर्ति, यश ।
छोहणो (बो)–क्रि० १ सोखना, चूसना । २ पीना ।
छोहरू (रो)–देखो 'छोरो' ।
छोहियो–वि० १ अभिमानी, गर्विला । २ क्रोधी, क्रुद्ध । ३ कातिवान ।
छौंक–स्त्री० तडका, बघार ।
छौंकणो (बो)–क्रि० साग, सब्जी आदि को छोकना, छोका लगाना ।
छौंत–देखो 'छोत' ।
छौंतको, छौंतरो, छौंतो–पु० छिलका, छाल ।
छौ–पु० १ केतकी । २ विरक्ति । ३ दुकूल । ४ पर्वत । ५ वानर ।
छौ'–अव्य० सहमति सूचक सकेत । अच्छा, ठीक ।
छौगाळ (ळो)–वि० [स० भृग-आलुच] १ श्रेष्ठ, उत्तम । २ वीर, बहादुर । ३ रसिक, शौकीन । ४ विलासी । –पु० १ एक प्रकार का घोडा । २ साफा वाला व्यक्ति, साफे के पीछे लटकने वाला पल्ला । ३ श्रीकृष्ण । ४ मुर्गा । ५ मोर, मयूर ।

छोगो–पु० [स० शृंग] १ साफे का तुर्रा, पीछे लटकने वाला पल्ला। २ घोडे के सिर पर लगा तुर्रा। ३ गुच्छा। –वि० श्रेष्ठ शिरोमणि।
छोड–स्त्री० स्त्रियो के गर्भाशय का एक रोग।
छोड, छोडण, छोडियो, छोडो–पु० १ छिलका, छाल, छूता। २ नाक का सूखा मल। ३ खुरंट।
छोत–देखो 'छोत'।
छोतो–देखो 'छूतो'।
छोन–देखो 'छोण'।
छोरावो–देखो 'छोरो'।
छोळ (ळि)–स्त्री० १ पानी की लहर, तरग, हिलोर। २ बौछार। ३ उमग, उत्साह। ४ खुशी का सचार ५ क्रीडा। ६ हर्ष, खुशी। ७ धारा, प्रवाह। ८ जोश।
छोल–स्त्री० फीत।
छोळानाथ–पु० १ समुद्र। २ दानी व्यक्ति।
छयाळी–देखो 'छाळी'। **—ना'रियो**='छालीना'र'।
छयाळो–देखो 'छियालो'।
छयासठ–देखो 'छासठ'।

– ज –

ज–देवनागरी वर्णमाला के 'च' वर्ग का तीसरा वर्ण।
ज–क्रि० वि० [स० यत्] क्योकि, कारण कि। (जैन)
जंकिंचि–अव्य० [स० यत्किंचित्] १ जो कुछ। २ थोडा, न्यून।
जंखेरो–पु० १ वायु का झोंका। २ साधारण वस्तुओ का समूह।
जंग–पु० [फा०] १ लडाई, युद्ध। २ आनद का प्रसंग। ३ लोहे का मुरचा। ४ पीतल की गुरिया, छोटा घंटा। **—आवर**–पु० योद्धा। **—कालो**–वि० युद्धोन्मत्त। **—चाळ**–पु० युद्ध के लिये उपयुक्त घोडा। **—जूट**–पु० शूरवीर, योद्धा।
जगडी–स्त्री० छोटी कच्छी, जांगिया।
जगम (माण)–वि० [स० जगम] १ चलायमान, चचल। २ अस्थिर, चल। ३ जीवधारी। ४ चैतन्य। –पु० १ एक प्रकार का सन्यासी। २ घोडा। ३ छप्पय छद का एक भेद। **—काय**–पु० द्वीन्द्रिय प्राणी, त्रस जीव। **—विस**–पु० एक तीव्र विष।
जगरी–पु० योद्धा।
जगळ–पु० [स० जगल] १ वन, अरण्य। २ जन शून्य भूमि। ३ रेगिस्तान। ४ घोडा। ५ दिशा, मैदान। ६ मास। **—धर, धरा**–स्त्री० जागलू देश, बीकानेर राज्य। **—राय, राव**–पु० बीकानेर का राजा। श्री करणीदेवी। सिंह, शेर।
जगळवै–वि० [स० जगलपति] जागलू देश का, बीकानेर का। –पु० बीकानेर का राजा।
जगळायत–पु० वन विभाग।
जगळी–वि० १ जगल का, जगल सबधी। २ जगल मे रहने वाला। ३ जो पालतू न हो, स्वतत्र। ४ असभ्य, गवार। ५ मूर्ख, बेवकूफ। –पु० घोडा।
जगसारधारण–पु० वीर, योद्धा,
जगाळ–पु० १ सुहाग बिन्दी लगाने का लाल रग। २ घोडा। ३ सेना का दक्षिणी भाग। ४ युद्ध का नगाडा।
जगाळी–वि० लाल रग का।
जगिय–वि० जगम का, जगम सबधी। (जैन)
जगी (गू)–वि० [फा०] १ लडाई या युद्ध सबंधी। २ फौजी, सैनिक। ३ बडा, दीर्घकाय। ४ मजबूत, दृढ। ५ वीर, योद्धा। ६ लडाकू। **—कार**–पु० एक प्रकार का तीर। **—राग**–स्त्री० सिंधु राग। **—लाट, लाठ**–पु० फौज का अफसर। **—हरडै**–पु० काली हरड।
जगेज–स्त्री० [स० यज्ञज] अग्नि।
जगेव–पु० १ जग के लिये उत्सुक व्यक्ति। २ युद्ध, जग।
जगोळ–पु० [स० जागलु] विष उतारने की चिकित्सा।
जघ–१ देखो 'जघा'। २ देखो 'जग'। ३ देखो 'जाघ'।
जघस्थल, जघा–स्त्री० [स० जघा] १ जाघ, रान। २ ऐडी से घुटने तक का पाव, पिंडली।
जघात्र–पु० [स०] जाघ का कवच।
जघाळ–वि० [स० जघाल] १ तेज दौड़ने वाला। २ देखो 'जंगाळ'।
जघाळस–पु० [स० जगार] १ तावे का कसाव। २ एक रग विशेष।
जघाळी–देखो 'जगाळी'।
जघावरत–पु० एक प्रकार का अशुभ घोडा।
जचणो (बो)–देखो 'जचणो' (बो)।
जचा–वि० जाचा हुआ, परीक्षित।
जचाणो (बो), जचावणो (बो)–देखो 'जचाणो' (बो)।
जज–पु० [स० यजन] सन्यासी, फकीर।
जजण–पु० [स० यजन] यज्ञ।

जजर–पु० १ ताला। २ एक प्रकार का शस्त्र ।
जजळ–देखो 'जरजर'।
जजाळ,जजाल–पु० १ झझट, बखेडा, प्रपच। २ बधन, अटकाव, अवरोध। ३ उलझन, परेशानी। ४ स्वप्न। ५ एक प्रकार की बदूक। ६ बडे मुह की तोप। –वि० असत्य, झूठा।
जजाळियौ, जजाळी–वि० उपद्रवी, फिसादी, प्रपची।
जजीर, जजीरा–स्त्री० १ शृखला, साकल। २ किवाड की कुडी। ३ किसी वस्त्र की जजीरनुमा किनार। ४ जजीरनुमा कोई वस्तु।
जजीरेदार–वि० [फा०] १ जजीर की तरह सिला हुआ। २ जजीरनुमा।
जजीरौ–पु० १ एक प्रकार का मत्र। २ मोटी जजीर।
जझर–देखो 'जजीर'।
जझरी–स्त्री० एक प्रकार का वाद्य।
जझेडणौ (बौ)–क्रि० झकझोरना, छेडना, हिलाना-डुलाना।
जझौ–वि० [स० योद्धा] योद्धा, वीर।
जडे–स्त्री० जैसलमेर राज्य की भूमि।
जत–पु० [स० यत्र] १ बैलगाडी के पहियो की पैंजनी मे बधी रहने वाली रस्सी। २ यत्र, उपकरण। ३ बखतर की कडी। ४ कोई तात्रिक मत्र। ५ शासक। ६ छोटी जाति का व्यक्ति। ७ जतु। ८ जूता। ९ स्वर्णकारो का औजार।
जतर–पु० १ ताला। २ देखो 'जत्र'। –मतर–पु० जादू-टोना।
जतरडी, जतरपट्टी–देखो 'जतरी'।
जतरणौ (बौ)–क्रि० १ सजा देना, दण्डित करना। २ मारना, पीटना। ३ तत्र-मंत्र से रक्षित करना।
जतराणौ (बौ), जतरावणौ (बौ)–क्रि० १ सजा दिराना, दण्डित कराना। २ मार-पीट करना, कराना। ३ तत्र-मत्र से रक्षित कराना।
जंतरी–स्त्री० [स० यत्रि सकोचे] १ स्वर्णकारो का औजार। २ तिथि-पत्रक। ३ बाजा बजाने वाला। ४ जादूगर।
जतुफळ–पु० [स० जतुफल] गूलर, उदुबर।
जतौ–देखो 'जत्र'।
जत्र, जत्रक–पु० [स० यत्र] १ कल, यंत्र। २ तात्रिक यत्र। ३ ताबीज या गडा। ४ बाजा, वाद्य। ५ वीणा। ६ तोप, बदूकादि अस्त्र। ७ अस्त्र विद्या। ८ जन्म पत्री। –धर, धार, पांणी–पु० नारद। –बाण–पु० एक अस्त्र विशेष। –मत्र–पु० जादू-टोना। –सार–पु० तार वाद्य।
जत्रणी–देखो जतरी'।
जत्राणि (णी)–स्त्री० [स० यत्र] १ जतर-मतर। २ यत्र कला।
जत्राणौ (बौ), जत्रावणौ (बौ)–देखो 'जतरावणौ' (बौ)।
जत्रि (त्री)–पु० [स० यत्रिन्] १ नारद। २ वाद्य बजाने वाला, वादक। ३ तात्रिक। ४ देखो 'जतरी'।
जद–पु० १ पारसियो का धर्म-ग्रन्थ। २ इस ग्रन्थ की भाषा। ३ देखो 'जिंद'।
जप–पु० १ नक्कारे की आवाज। २ चैन, शाति।
जपग, जपय–वि० [स० जपन] बोलने वाला, रटने वाला।
जपणौ (बौ)–१ देखो 'जपणौ' (बौ)। २ देखो 'झपणौ' (बौ)।
जपति, जपती–पु० [स० जम्पती] १ पति-पत्नी दम्पति। २ जायापति।
जपाण–पु० एक प्रकार की डोली।
जपिर–वि० [स० जल्पित्] बोलने वाला। (जैन)
जफ–पु० युद्ध, लडाई।
जफीरौ–पु० एक प्रकार का घोडा।
जबक–देखो 'जबुक'।
जबवइ–देखो 'जाबवती'।
जबाळ–पु० [स० जबाल] १ कीचड, पक। २ काई, सिवार। ३ केतकी का पोधा। ४ जरायु।
जबाळणी (नि)–स्त्री० [स० जबालिनी] नदी।
जबीर, जबीरी–पु० एक प्रकार का नीबू।
जबु पु० १ जबुक। २ जबुद्वीप। ३ जबुस्वामी। –मद्वीप –महद्वीप–पु० जबुद्वीप। –खंड, दीव, द्दीप, द्वीप–पु० जबुद्वीप। –मत–पु० जामवत –मति–स्त्री० एक अप्सरा का नाम। –स्वामी–पु० जैन स्थविर।
जंबुक–पु० [स०] १ बडा जामुन। २ एक प्रकार का फूल। ३ सियार, गीदड। ४ कुत्ता, श्वान।
जबू–पु० [स०] १ जामुन का वृक्ष व फल। २ जंबुद्वीप। –णद, णय–पु० सोना, स्वर्ण। –दीप, दीव, द्वीप–पु० जबुद्वीप। एक शुभ रग का घोडा। –नदी–स्त्री० जबुद्वीप की एक नदी। –पीठ, पेढ–पु० एक प्रदेश का नाम। –फळ–पु० जामुन। एक सामुद्रिक चिह्न।
जबूर (क, नाळ)–स्त्री० १ ऊट पर लादी जाने वाली तोप विशेष।
जबूरची–पु० 'जबूर' नामक तोप चलाने वाला।
जबूरी–स्त्री० १ एक प्रकार का औजार। २ एक शस्त्र विशेष।
जबूरौ–पु० १ सडासीनुमा एक औजार। २ एक प्रकार का घोडा। ३ बाण का फल। ४ बाजीगर के साथ वाला लडका।
जबेरी–देखो 'जबीरी'।
जभ–पु० [स०] १ जबीरी नीबू। २ प्रहलाद का एक पुत्र। ३ डाढ, चौभड। ४ दात। ५ एक दैत्य। ६ भाग, अश। ७ तरकस, तूणीर। ८ ठोडी। ९ जमुहाई। –भेदी, राति –पु० इन्द्र।

जभणी–स्त्री० [स० जृम्भणी] एक प्रकार की विद्या ।

जंभा, (आइ, ई)–स्त्री० [स०] जम्भाई, उवासी । (जैन)

जभाणौ (बौ)–क्रि० १ गायो का बोलना, रभाना । २ जमुहाई लेना ।

जभारात, जभाराति, जंभारि–पु० [स०] जभ दैत्य का शत्रु, इन्द्र ।

जंभाळणी–स्त्री० नदी ।

जभासुरमारण–पु० इन्द्र ।

जभियौ–पु० छुरा ।

जभीरीनीबू, जभेरी–पु० एक प्रकार का नीबू ।

जंम–देखो 'जन्म' ।

जमजाळ–वि० यमराज मे प्रबल । –पु० यम का फदा ।

जमरण–देखो 'जन्म' ।

जंमले–वि० [अ० जुम्ला] सब, कुल, समस्त । एक मुश्त ।

जंम्मेरी–देखो 'जवेरी' ।

जवणावर–पु० द्रोणपुर ।

जवर–पु० १ तलवार आदि पर दिखाई देने वाली धारिया । २ जौहर । ३ यमराज, मृत्यु, मौत ।

जवरी–पु० १ जौहरी । २ जौहर ।

जवरौ–वि० १ जबरदस्त, शक्तिशाली । २ देखो 'जवर' ।

जंवहर, जंवहार–पु० जवाहरात ।

जवहरी–देखो 'जौहरी' ।

जवाइ (ई)–पु० [स० जामातृ] १ दामाद, जामाता । २ एक लोक गीत ।

जंवाडो–देखो 'जूश्रो' ।

जंवार–स्त्री० १ नमस्कार, जुहार । २ नमस्कार करने पर जमाई आदि को दिया जाने वाला धन ।

जंवारा–पु० पर्व दिनो मे बोये जाने वाले गेहूँ या जव के पौधे ।

जंवारी–देखो 'जवार' ।

जंवारु–पु० जवाहरात ।

जंवाळिनी–देखो 'जवाळनि' ।

जह्‌गम–पु० [स० अजिह्मग] तीर, बाण ।

जंही–वि० जैसा, समान ।

ज–पु० [स०] १ जन्म । २ जीव । ३ विजय । ४ योगी । ५ मृत्युञ्जय । ६ पिता । ७ विष्णु । ८ विप । ९ तेज । १० पिशाच । ११ जड, मूल । १२ उत्पत्ति । १३ आभा, काति । १४ छन्द शास्त्र का 'जगण' । –प्रत्य० उत्पन्न, जात । –अव्य० ही । –सर्व० १ जिस । २ उस ।

जइ–क्रि०वि० १ जहाँ । २ जो, यदि । ३ जब । –पु० १ साधु, सन्यासी । २ छन्दो की यति । ३ मालती । –वि० जीतने वाला, विजयी ।

जइजइकार–देखो 'जैजैकार' ।

जइण–पु० [स० जैन] जिनदेव का भक्त । –वि० १ जीतने वाला । २ वेग वाला ।

जइणा–वि० १ जितना । २ देखो 'जयणा' ।

जइ–देखो 'यदि' ।

जइत–स्त्री० जीत । –खभ–पु० विजयस्तभ । –वि० विजय करने वाला ।

जइतवादी–देखो 'जैतवादी' ।

जइतवार–वि० जीतने वाला ।

जइतेल–पु० मालती का तेल ।

जइय–पु० [स० जीव] जीव, प्राणी ।

जइयां (या)–सर्व० जिन्होने, जिसने ।

जइलच्छि–स्त्री० जयलक्ष्मी ।

जइवत–स्त्री० [स०जयवती] एक देवी का नाम । –वि० विजयी ।

जइसर–पु० [स० यतीश्वर] यतीश्वर ।

जइसौ–देखो 'जैसौ' ।

जई–वि० जीतने वाला, विजयी । –स्त्री० लकडी के दो सीगो वाला एक कृपि-उपकरण । –सर्व० जिस, उस । –क्रि० वि० जब ।

जईन–देखो 'जैन' ।

जईफ–वि० वृद्ध, बूढा ।

जईफी–स्त्री० [अ०] बुढापा, वृद्धावस्था ।

जईमैण–पु० [स० मदनजयी] महादेव, शिव ।

जउ, जउ–अव्य० [स० यत्] जो, यदि, अगर, कि । –सर्व० [स० य] जो । –पु० [स० जतु] लाख ।

जउख–देखो 'जोख' ।

जउणा–देखो 'जमना' ।

जउरांणउ–पु० [स० यमराज] यमराज ।

जउव्वेय–पु० यजुर्वेद ।

जउहर (रि)–देखो 'जोहर' ।

जऊ–देखो 'जउ' ।

जक–पु० १ चैन, आराम । २ शान्ति, तसल्ली । ३ विश्राम । ४ यक्ष । ५ कजूस व्यक्ति । ६ देखो 'झख' ।

जकड–स्त्री० कडा बधन । जोर की पकड ।

जकडणौ (बौ)–क्रि० १ कस कर बाधना । २ जोर से पकडना । ३ ऐंठन पड जाना ।

जकण–देखो 'जिकण' ।

जकणौ (बौ)–क्रि० १ चैन पडना । २ लज्जित होना ।

जकसेस–पु० [स० जक्षेन्द्र] ऊट ।

जका–सर्व० जो ।

जकात–स्त्री० [अ०] १ दान, खैरात । २ चुगी, महसूल ।

जकाती–पु० चुगी वसूल करने वाला व्यक्ति ।

जकार–पु० 'ज' वर्ण ।
जकियौ, जकीयौ–पु० वृत्तान्त, हाल ।
जकौ–सर्व० (स्त्री० जकी) १ जो । २ वह, उस ।
जक्क–देखो 'जक' ।
जक्ख–पु० यक्ष । —भद्द–पु० यक्ष द्वीप का अधिपति, देवता ।
जक्खा–देखो 'यक्षी' ।
जक्खिद–देखो 'यक्षेंद्र' ।
जक्खि (क्खी)–स्त्री० [स० याक्षी] १ एक प्रकार की लिपि । २ देखो 'जक्ष' ।
जक्खोद–पु० [स० यक्षोद] एक समुद्र का नाम ।
जक्ष–पु० [स० यक्ष] (स्त्री० जक्षरणी) एक प्रकार की देव जाति, यक्ष । —नायक–पु० कुवेर । —पत, पति–पु० कुवेर । —पुर, पुरी–पु० अलकापुरी । —रात–स्त्री० कार्त्तिक मास की पूर्णिमा की रात्रि । —लोक पु० यक्षपुर ।
जक्षप–पु० [स० यक्षप] यक्षपति, कुवेर ।
जक्षाधिप–पु० [स० यक्षाधिप] कुवेर ।
जक्षेस–पु० [स० यक्षेस] कुवेर ।
जख–वि० १ धनवान धनाढ्य । २ देखो 'जक्ष' । ३ देखो 'जक' ।
जखचेर–पु० कुवेर ।
जखण–पु० [स० जक्षणम्] १ आहार । २ देखो 'जक्ष' ।
जखणी–स्त्री० [स० यक्षिणी] १ यक्ष की पत्नी । २ दुर्गा की एक अनुचरी ।
जखन–देखो 'जखण' ।
जखम–पु० [फा० जख्म] १ घाव, क्षत । २ मर्माहत दुख । ३ सदमा ।
जखमाइल (मायल), जखमी–वि० आहत, घायल, जख्मी ।
जखराज (राट)–पु० [स० यक्षराज] यक्षराज, कुवेर ।
जखरौ–पु० सिंध का एक यादव राजा ।
जखांणी–स्त्री० १ यक्ष कन्या । २ यक्ष पत्नी, यक्षिणी ।
जखाराज–पु० [स० यक्षराज] कुवेर ।
जखाधप (धिप)–पु० कुवेर ।
जखाधी (धीस)–पु० कुवेर ।
जखि (खी)–स्त्री० [स० यक्षी] १ यक्षिणी । २ कुवेर की स्त्री । ३ यक्ष ।
जखीर (रौ)–पु० [अ०] १ वस्तुओं का सग्रह, ढेर, राशि । २ खजाना ।
जखेंद्र–देखो 'यक्षेंद्र' ।
जखेरौ–देखो 'जखीर' ।
जखेसर (सुर, स्वर)–पु० [स० यक्षेश्वर] कुवेर ।
जख्खणी–देखो 'जखणी' ।
जख्यप्रति–पु० [स० यक्ष प्रीति] शिव ।
जगनाथ–देखो 'जगन्नाथ' ।
जग–पु० [स० जगत्] १ ससार, विश्व । २ सासारिक लोग । ३ देखो 'यक्ष' । —ईस–पु० परमेश्वर, ईश्वर ।
जगइ (ई)–स्त्री० [स० जगती] पृथ्वी, भूमि ।
जगकरण (करता)–पु० १ सृष्टि कर्त्ता ईश्वर । २ ब्रह्मा, विधि ।
जगकरम–पु० १ यज्ञ कर्म । २ सासारिक कार्य ।
जगकळपत–पु० १ सहार । २ युगान्त, प्रलय काल ।
जगकारण–पु० ईश्वर ।
जगकाळ–पु० [स० यज्ञकाल] १ यज्ञ करने का समय । २ पूर्णमासी ।
जगगुर, जगगुरु–देखो 'जगद्गुरु' ।
जगघण–पु० [स० यज्ञघ्न] राक्षसादि ।
जगचक्ख (चक्ष, चक्षु, चख, चख्ख चख्य, च्चक्ष, च्चख)–पु० [स० जगचक्षु] सूर्य ।
जगजगाणौ (बौ)–क्रि० १ जगमगाना, प्रज्वलित करना । २ जगाना ।
जगजणणी, जननी–स्त्री० १ जगत की माता पार्वती । २ देवी, दुर्गा । ३ गगा नदी ।
जगजांमी–पु० ईश्वर, परमेश्वर ।
जगजा'र–वि० प्रसिद्ध, मशहूर, विख्यात ।
जगजीत–वि० ससार को विजय करने वाला ।
जगजीव (जीवण, जीवन)–पु० [स० जगज्जीव] १ शकर, शिव । २ ईश्वर, विष्णु ।
जगजेठ (जेठौ, ज्जेठ)–पु० [स० जगत्-जेष्ठ] १ ईश्वर । २ ब्रह्मा । ३ राजा । ४ योद्धा, शूरवीर । ५ पहलवान ।
जगजोनि–पु० ब्रह्मा ।
जगझप–पु० एक प्रकार का रणवाद्य ।
जगढाळ–पु० जगत का रक्षक, विष्णु ।
जगण–पु० १ छन्द शास्त्र मे एक गण । २ जलना, दाह ।
जगणी–स्त्री० अग्नि ।
जगणौ (बौ)–देखो 'जागणौ' (बौ) ।
जगत–पु० [स०] १ ससार, विश्व । २ सासारिक लोक । ३ शिव । ४ वायु । —अबा–स्त्री० पार्वती, दुर्गा । —उपाता–पु० ब्रह्मा । —गुरु, गुरू='जगद्गुरु' । —चख='जगचख' । —ठाम–पु० ईश्वर, परमेश्वर, विष्णु । —पत, पति–पु० ईश्वर । —पिता–पु० ब्रह्मा । —प्राण–पु० वायु । —भेदण–पु० शिव, विष्णु । —मावीत्र–पु० राजा । —मोहणी–स्त्री० महामाया, दुर्गा । —रोपण–पु० विष्णु, ईश्वर । —साखी–पु० ईश्वर, सूर्य । —साधार–पु० ईश्वर । —सेठ–पु० धनी व दानी सेठ ।
जगतण–स्त्री० १ सासारिक स्त्री । २ वेश्या । (मेवात)

जगतारण–पु० ईश्वर, विष्णु ।

जगति–स्त्री० १ द्वारिका । २ देखो 'जगती' ।

जगती–स्त्री० [स०] १ पृथ्वी, धरती । २ मानव जाति । ३ गौ । ४ ससार । ५ जबूद्वीप का कोट । ६ एक छन्द विशेष । —**तळ**–पु० पृथ्वी, भूमि ।

जगतेस–पु० ईश्वर ।

जगतेसुर–पु० शिव, महादेव ।

जगत्ति (त्ती)– देखो 'जगती' ।

जगत्माता– स्त्री० दुर्गा ।

जगत्मोहिनी–स्त्री० महामाया दुर्गा ।

जगत्र–देखो 'जगत' ।

जगत्राता–पु० [स० जगत्त्राता] १ ससार की रक्षा करने वाला, ईश्वर । २ राजा । ३ यज्ञ की रक्षा करने वाला । ४ पडित ।

जगत्साक्षी–पु० [स०] सूर्य ।

जगदब (बा, बि, बिका, बी, भा)–स्त्री० [स० जगदम्बा] १ देवी, दुर्गा । २ पार्वती । ३ करणी देवी ।

जगद–देखो 'जगत' ।

जगदगुर (रु, रू)–पु० १ परमेश्वर, ईश्वर । २ शिव । ३ शकराचार्य । ४ पूजनीय व्यक्ति । ५ ब्राह्मण ।

जगदगौरी–स्त्री० १ दुर्गा, देवी । २ मनसा देवी ।

जगदजोणी–स्त्री० १ शिव । २ विष्णु । ३ पृथ्वी ।

जगदत–पु० [स० यज्ञदत्तक] यज्ञ के फल स्वरूप प्राप्त पुत्र ।

जगदातार–पु० [स०] १ ईश्वर । २ दानवीर ।

जगदाधार–पु० [स०] विष्णु ।

जगदानद–पु० १ ईश्वर । २ श्रीकृष्ण ।

जगदिवलौ (वीप)–पु० [स०जगदीप] १ सूर्य । २ शिव । ३ परमात्मा ।

जगदीस (सर, सवर, स्वर, स्वरू)–पु० [स० जगदीश्वर] १ परमात्मा । २ श्रीकृष्ण । ३ विष्णु । ४ शिव ।

जगदीस्वरी–स्त्री० [स०] भगवती, दुर्गा ।

जगद्धाता–पु० [स० जगद्धातृ] १ ब्रह्मा । २ विष्णु ।

जगद्धात्री–स्त्री० १ दुर्गा । २ सरस्वती ।

जगध–पु० [स० जग्धि] भोजन ।

जगधणी–पु० ईश्वर ।

जगधर (धार)–पु० १ ईश्वर । २ शेषनाग ।

जगन–देखो 'जिगन' ।

जगनराय–पु० चद्रमा ।

जगनामौ–वि० विख्यात प्रसिद्ध ।

जगनाती–पु० १ एक ही प्रकार का कपडा । २ छोटा जल पात्र ।

जगनाथ–देखो 'जगन्नाथ' ।

जगनायक–पु० विष्णु, ईश्वर ।

जगनाह–देखो 'जगन्नाथ' ।

जगनेरलेप–पु० [स० जगन्निर्लेप] विष्णु ।

जगनैण–पु० [स० जगन्नयन] सूर्य ।

जगन्नाथ–पु० [सं०] १ ससार के स्वामी, ईश्वर । २ विष्णु । ३ पुरी नामक स्थान पर स्थित विष्णु की मूर्ति ।

जगन्नप–पु० [स०] परमेश्वर ।

जगपत (ति, त्त, त्ती)–देखो 'जगतपति' ।

जगपात्र–पु० यज्ञ पात्र ।

जगपाळ (पाळक)–पु० १ विष्णु । २ राजा ।

जगपावन–स्त्री० गगा नदी ।

जगपुड–स्त्री० जमीन, पृथ्वी ।

जगपुरस–पु० [स० यज्ञपुरुष] विष्णु ।

जगप्राण–पु० वायु, हवा ।

जगफळ–पु० यज्ञ फल । —**दाता**–पु० विष्णु ।

जगबद–वि० विश्ववद्य ।

जगबदक–पु० चन्द्रमा ।

जगबधव (धु, बाधव)–पु० परमात्मा ।

जगबाहु–पु० आग, अग्नि ।

जगभल–वि० १ यशस्वी, कीर्तिमान । २ हितैषी, भला चाहने वाला ।

जगभाग–पु० यज्ञ का एक भाग ।

जगभाळण–पु० आख ।

जगभावण (न)–पु० ईश्वर, परमात्मा ।

जगभासक–पु० १ प्रकाश । २ सूर्य ।

जगभूमि, (भोम)–पु० [स० यज्ञभूमि] यज्ञ स्थल ।

जगमडळ–पु० यज्ञ मण्डल ।

जगमग–वि० तारो या दीपो आदि से प्रकाशित । २ चमकीला, प्रकाशित ।

जगमगणौ (बौ)–क्रि० १ चमकना, प्रकाशित होना । २ झलकना । ३ प्रज्वलित होना ।

जगमगाट (हट)–स्त्री० रोशनी, तारो या दीपों की रोशनी ।

जगमगाणौ (बौ)–क्रि० १ चमकना, प्रकाशित होना । २ प्रज्वलित होना ।

जगमण–देखो 'जगमिण' ।

जगमनमोहणी–स्त्री० जमीन ।

जगमाय–स्त्री० [स० जगन्मातृ] जगत की माता, दुर्गा ।

जगमिण–पु० सूर्य ।

जगमूरति–स्त्री० १ ईश्वर । २ विष्णु ।

जगमोहण (मोहन)–पु० [स० जगन्मोहन] १ ईश्वर । २ विष्णु । ३ एक ही प्रकार की शराब ।

जगय–पु० [स० यकृत] कलेजा। (जैन)
जगरजरा (न)–पु० ईश्वर।
जगर–देखो 'जिगर'।
जगरांरगी–स्त्री० १ लक्ष्मी। २ दुर्गा। ३ सरस्वती।
जगराज–पु० १ चन्द्रमा। २ ऋषि, तपस्वी।
जगराय (व)–पु० ईश्वर। शिव।
जगराया–स्त्री० देवी, दुर्गा।
जगरौ–पु० १ आग की बडी लपट। २ शीघ्र प्रज्वलित होने वाला, कचरा कूडा।
जगलिंग–पु० [स० यज्ञलिंग] श्रीकृष्ण का एक नाम।
जगळ (ळाण)–पु० कोल्हू मे अध कचरे तिल।
जगवच–वि० ससार को धोखा देने वाला ठग, धूर्त।
जगवदरा (न)–पु० [स० जगद्‌वदन] ईश्वर।
जगवलक–पु० याज्ञवल्क के पिता।
जगवारणौ (बौ)–क्रि० १ जगाने के लिये प्रेरित करना। २ जागरण दिराना। ३ उत्साह दिलाना। ४ जलवाना, प्रज्वलित कराना।
जगवाराह–पु० विष्णु का एक नाम।
जगवासग–पु० ईश्वर।
जगवीरय–पु० विष्णु का एक नाम।
जगवेल–स्त्री० सोमलता।
जगसतोख–स्त्री० नदी।
जगसत्रु–पु० असुर, राक्षस।
जगसांई (सामी)–पु० जगत का स्वामी, ईश्वर।
जगसाखी–पु० [स० जगत्साक्षी] सूर्य।
जगसाधन–पु० विष्णु का एक नाम।
जगसाधार–पु० विष्णु, ईश्वर।
जगसाळा–स्त्री० [स० यज्ञशाला] यज्ञशाला।
जगसाळौ–पु० [स० जगश्यालक] वेश्या का भाई।
जगसास्त्र–पु० यज्ञ शास्त्र।
जगसूकर, जगसेन–पु० विष्णु।
जगसेव–पु० शिव।
जगस्वामी–पु० ईश्वर, विष्णु।
जगह–देखो 'जायगा'।
जगहत्य (हथ)–पु० दिग्विजय। —पत्र–पु० दिग्विजय का चुनौती पत्र।
जगहरता–पु० ईश्वर, शिव।
जगहेत–पु० ब्रह्मा।
जगहोता–पु० यज्ञ मे देवताओ का आह्वान करने वाला।
जगा–देखो 'जायगा'।
जगचख–देखो 'जगचख'।
जगज्जोत (जोति)–स्त्री० जगमगाहट।

जगारणौ (बौ)–क्रि० १ जागृत करना, जगाना। २ नीद से उठाना। ३ होश दिलाना। ४ ठीक दशा मे लाना। ५ प्रज्वलित करना। ६ विशेष तौर से तैयार करना। ७ देव को सिद्ध करना। ८ जागरण दिराना।
जगात–स्त्री० [अ० जकात] १ दान, खैरात। २ कर, महसूल।
जगातमा–स्त्री० [स० यज्ञात्मा] विष्णु।
जगावीस–देखो 'जगदीस'।
जगामग, (मगि, मगी)–देखो 'जगमग'।
जगार (रि, री)–पु० [स० यज्ञारि] राक्षस, असुर।
जगावरणौ (बौ)–देखो 'जगारणौ' (बौ)।
जगि (गी)–पु० [स० यज्ञि, यजि] १ यज्ञ की क्रिया। २ यज्ञ करने वाला। ३ यज्ञ।
जगीस (सौ)–स्त्री० १ इच्छा, अभिलाषा। २ जिज्ञासा। ३ कीर्ति, यश। ४ युद्ध। ५ ईश्वर।
जगु, जगू–देखो 'जग'।
जगेसर (सुर, स्वर)–पु० [स० यज्ञेश्वर] श्रीविष्णु।
जग्ग–देखो 'जग'।
जग्गीस–देखो 'जगीस'।
जग्य, जग्यन–देखो 'यग्य'।
जग्यासेनी–स्त्री० [स० यज्ञसेनी] द्रौपदी।
जग्योपवीत पु० [स० यज्ञोपवीत] उपनयन सस्कार, जनेऊ।
जघन्य–वि० [स०] १ अतिम। २ निकृष्ट, हेय। ३ नीच, दुष्ट। ४ गर्हित। ५ शूद्र।
जघन्यभ–पु० [स०] छ नक्षत्र—आर्द्रा, अश्लेषा, स्वाति, ज्येष्ठा, भरणी और शतभिषा।
जड ग–वि० [स० जड+अग] मूर्ख, असभ्य, गंवार।
जड–स्त्री० [स० जड, जटा] १ किसी वृक्ष, पौधे, लतादि का मूल, जड। २ नीव, बुनियाद। ३ मूल तत्त्व, मूल बात। ४ असली कारण। ५ सर्दी, शीतकाल। ६ ठण्डक। –वि० १ ठण्डा, शीतल। २ निर्जीव, अचेतन। ३ गतिहीन, निश्चल। ४ मूढ, मूर्ख। ५ विवेक या ज्ञान शून्य। ६ सुन्न। ७ गू गा, मूक।
जडकरणौ (बौ), जडवकरणौ (बौ)–क्रि० १ प्रहार करना। २ मारना। ३ झटका देना। ४ फटकारना।
जडडरणौ (बौ), जडरणौ (बौ)–क्रि० [स० जटन] १ कपाट बन्द करना, सटाना। २ नगीने आदि की जडाई करना, बैठाना। ३ प्रहार करना। ४ शस्त्र-कवच से सज्जित होना। ५ कान भरना, चुगली करना। ६ जमाना, स्थिर करना। ७ प्रविष्ठ करना, जम कर रहना। ८ मजबूत बाधना, कसना। ९ सश्लिष्ट होना। १० पतन होना, गिरना।
जडत–स्त्री० पच्चीकारी, जडाई।
जडबद–वि० समूल, जड सहित।

जड़ाई–स्त्री० जडने का कार्य, इस कार्य का पारिश्रमिक।

जड़ाउ (ऊ)–वि० [स० जटित] १ जडा हुआ। २ पच्चीकारी किया हुआ।

जडाकढ़–वि० समूल नष्ट करने वाला।

जडाग–पु० १ आभूषण। २ पुत्र, बेटा। ३ घोडा।

जडाणौ (बौ)–क्रि० १ कपाट बद कराना, सटवाना। २ नगीने आदि की जडाई कराना। ३ प्रहार कराना। ४ शस्त्र कवच से सज्जित कराना। ५ जमवाना, स्थिर करवाना। ६ मजबूत बधवाना, कसवाना। ७ सश्लिष्ट कराना। ८ पतन कराना, गिरवाना।

जड़ाव (वट)–पु० १ नगीना। २ जडाई का कार्य। ३ शिर के बालो का जूडा।

जडावणौ (बौ)–देखो 'जडाणौ' (बौ)।

जडित–वि० जडा हुआ।

जडिया–स्त्री० एक स्वर्णकार जाति।

जडियाळ–वि० जिससे प्रहार किया जाय।

जड़ियौ–पु० १ आभूषणो मे नगीने जडने वाला। २ जडाई का कार्य करने वाला स्वर्णकार।

जडी–स्त्री० पौधे या वनस्पति की जड जो औषधि मे काम आती हो।

जडौ–पु० घरेलु अशिक्षित पशु।

जचणौ (बौ)–क्रि० १ जाच मे पूरा उतरना। २ ठीक या उचित लगना। ३ ठीक बैठना। ४ शोभित होने की दशा मे होना। ५ फबना। ६ कोई बात समझ मे आना, किसी विचार का मन मे निश्चय होना।

जचा–देखो 'जच्चा'।

जचाणौ (बौ), जचावणौ (बौ)–क्रि० १ जाच मे पूरा उतराना। २ ठीक या उचित लगवाना। ३ ठीक बैठाना। ४ शोभित होने की दशा मे करना। ५ फबाना। ६ कोई बात समझाना, किसी विचार का मन मे निश्चय कराना।

जच्च–वि० [स० जात्य] १ स्वाभाविक। २ प्रधान, श्रेष्ठ। ३ सजातीय।

जच्चण्णिय–वि० [स० जात्यान्वित] कुल मे श्रेष्ठ, कुलीन

जच्चणौ (बौ)–देखो 'जचणौ' (बौ)।

जच्चा–स्त्री० [फा०] प्रसूता स्त्री।

जच्चाग्रा–स्त्री० एक मागलिक लोक गीत।

जच्छ–देखो 'जक्ष'।

जज–पु० १ कठोर वधन। २ यज्ञ। ३ न्यायाधीश। ४ निर्णय।

जजक–देखो 'जिजक'।

जजकणौ (बौ)–देखो 'जिजकणौ' (बौ)।

जजटठ्ळ–देखो 'जुधिष्ठिर'।

जजण–पु० [स० यजन] यज्ञ।

जजणौ (बौ)–क्रि० १ दान करना। २ उदारता दिखाना। ३ यज्ञ करना।

जजमणौ (बौ)–क्रि० शान्ति प्राप्त करना या होना।

जजमाण (मान)–पु० [स० यजमान] १ यज्ञ करने वाला। २ दान दक्षिणा देने वाला। ३ खातिरदारी करने वाला।

जजमानता (मांनी)–स्त्री० १ यजमान का धर्म या कार्य। २ दान दक्षिणा। ३ खातिरदारी।

जजमाणौ (बौ), जजमावणौ (बौ)–क्रि० [स० यजमानन] क्रोध शात कराना, धैर्य दिलाना।

जजरग–पु० १ यमराज। २ वज्र। –वि० भयकर।

जजर–पु० १ यमराज। २ वज्र। ३ देखो 'जरजर'।

जजरबौ–देखो 'जुजरबौ'।

जजराग (राट)–वि० १ भयकर, डरावना। २ क्रुद्ध। –पु० १ यमराज। २ वज्र।

जजात (ति, ती)–पु० [स० ययाति] यादव वशी एक राजा।

जजायळ–स्त्री० ऊट पर लाद कर चलाई जाने वाली बडी बदूक।

जजार, जजाळ (ळौ)–पु० एक प्रकार की बडी बदूक।

जजियौ–पु० मुगलकालीन एक कर।

जजी–पु० यज्ञ।

जजुबेद, जजुरवेद–पु० [स० यजुर्वेद] चार वेदो मे से एक।

जजुरवेदी–वि० उक्त वेद का ज्ञाता।

जजुव्वेय–देखो 'जजुरवेद'।

जजेसर (स्वर)–पु० [स० यक्षेश्वर] कुवेर।

जजोनी–पु० [स० योनिज] किसी योनि विशेष का जीव।

जज्जर–देखो 'जरजर'।

जज्जरिय–वि० [स० जर्जरित] जीर्ण-शीर्ण, पुराना। (जैन)

जज्जीव–वि० [स० यावज्जीव] प्राणी मात्र।

जज्र, जज्रक–देखो 'जजर'।

जज्रजीव–पु० १ यम। २ काल। ३ सिंह।

जज्जर–स्त्री० १ एक प्रकार की छोटी बन्दूक। २ देखो 'जरजर'।

जज्राट–देखो 'जजराग'।

जझकणौ (बौ)–देखो 'जिजकणौ' (बौ)।

जट–स्त्री० १ ऊट व बकरी के बाल। २ देखो 'जटा' —**गग**–पु० शिव। —**जूट**–पु० जटा का समूह। —**धर, धरण, धार, धारी**–पु० शिव, महादेव। सन्यासी, फकीर। —**पख**–पु० जटाधारी सर्प। —**वाड**–स्त्री० जाटो का समूह। जाटो का मुहल्ला। —**सकरी**–स्त्री० गगा।

जटा–स्त्री० [स०] १ शिर व दाढ़ी-मूछ की केश राशि। २ अयाल। ३ उलझे हुए बाल। ४ नारियल के ऊपर की चोटी। ५ किसी प्रकार के रेशो की लटिका। ६ जूडा।

७ जटामासी । ८ जड या मूल । —चीर—पु० शिव, महादेव । —जूट—पु० जटाओं का समूह । शिव की जटा । —धर, धार, धारी—पु० शिव महादेव । सन्यासी, फकीर । एक भैरव । —माळी—पु० शिव ।

जटामासी—स्त्री० एक सुगंधित वनस्पति विशेष ।

जटाय—देखो 'जटायु' ।

जटायत—पु० शिव, महादेव ।

जटायु—पु० [सं० जटायु] एक प्रसिद्ध गिद्ध ।

जटायुज—पु० घोडा, अश्व ।

जटाळ (ळि, ळी, ळौ)—पु० [सं० जटाल, जटाल] १ शिव, महादेव । २ जटाधारी व्यक्ति । ३ २४वा क्षेत्रपाल । ४ वट वृक्ष । ५ ८८ ग्रहो मे से ५३वा ग्रह । (जैन) ६ जटा समूह । ७ शेर, सिंह । —वि० जटाधारी ।

जटासुर—पु० एक राक्षस ।

जटि—पु० [सं० जटि] १ जटाजूट । २ गूलर का वृक्ष । ३ जमाव । ४ शिव । ५ जटा । ६ वट वृक्ष ।

जटित—वि० जडा हुआ, जडित ।

जटियळ—पु० शिव ।

जटिया—स्त्री० १ चमारो की एक जाति । २ कुम्हारो की एक शाखा ।

जटिल—वि० [सं०] १ पेचीदा, दुरूह । २ क्रूर, दुष्ट । ३ परेशान करने वाला । —पु० [सं० जटिल] १ शेर, सिंह । २ बकरा । ३ ब्रह्मचारी । ४ शिव, महादेव । ५ फकीर ।

जटिला—स्त्री० [सं०] १ ब्रह्मचारिणी । २ गौतमवंशीय एक ऋषि की कन्या ।

जटी—वि० [सं०] १ जटाधारी । २ देखो 'जटि' । —क्रि० वि० जहा, तहा ।

जटीधु—पु० [सं० धूर्जटि] शिव, महादेव ।

जटेत, जटेल, जटेस, जटेसर, जटेस्वर, जटैल, जटैस—पु० [सं० जटा+ईश्वर] १ सिंह, शेर । २ शिव । ३ योद्धा, वीर । ४ जटाधारी ।

जट्ट—१ देखो 'जट' । २ देखो 'जटा' । ३ देखो 'जाट' ।

जट्टा—देखो 'जटा' ।

जट्टाय—देखो 'जटायु' ।

जट्टि (ट्टी, ट्ठी)—१ देखो 'जटि' । २ देखो 'जट' । ३ देखो 'जटी' ।

जठर—वि० [सं०] १ कठोर । २ दृढ, मजबूत । ३ वृद्ध, बूढा । ४ निष्ठुर । —पु० १ उदर, पेट । २ मेदा, उदराग्नि । ३ कुक्षि, कोख । ४ गर्भाशय । ५ आन्तरिक भाग या हिस्सा । —अगनि, अग्नि, अनल—स्त्री० अन्न पचाने वाली पेट की अग्नि ।

जठराळ—देखो 'जठर' ।

जठरि—देखो 'जठर' ।

जठा—क्रि० वि० जहा, तहा, तत् । —अगनि='जठराग्नि' ।

जठै (ठे, ठै)—क्रि० वि० १ जिस ओर, जिस तरफ । २ जहा, जिधर । ३ वहाँ ।

जडवा—स्त्री० चौसठ योगिनियो मे से एक ।

जड—देखो 'जड' ।

जडचर—पु० [सं० जडश्चर] ४९ क्षेत्रपालो मे से एक ।

जडटोप—पु० शिरस्त्राण, टोप ।

जडणौ (बौ)—क्रि० १ टिड्डी दल का घनी भूत होना । २ अधिक या घना होना । ३ मोटा होना । ४ देखो 'जडणौ' (बौ) ।

जडता—स्त्री० १ मुटापा । २ देखो 'जडता' ।

जडधर (धार, धारी)—पु० [सं० जटधर] १ शिव, महादेव । २ कटारी, कृपाण ।

जडभरत (भरतरी)—पु० एक पौराणिक राजा ।

ठासण–स्त्री० एक प्रकार की घास ।

ठासणी–स्त्री० सहारा ।

ठासणौ–देखो 'टासणौ' ।

ठासणौ (बौ)–१ देखो 'ठू सणौ' (बौ)। २ देखो 'टासणौ' (बौ) ।

ठासौ–पु० १ फैला हुआ केर का पेड । २ धव्वा ।

ठाह–देखो 'ठा' ।

ठा–पु० १ शून्य । २ ऋषि । –स्त्री० ३ पृथ्वी । ४ पीठ । ५ ज्ञान, इल्म, पता । –वि० धनवान ।

ठा'–देखो 'ठाह' ।

ठाइ (ई)–स्त्री० जगह, स्थान । –वि० [स० स्थायिन्] १ स्थिर रखने वाला । २ देखो 'ठावौ' ।

ठाउ (ऊ)–देखो 'ठाव' ।

ठाग्रोठा–क्रि०वि० उपयुक्त स्थान पर, यथास्थान । –वि० १ यथायोग्य । २ जहा जैसा ग्रावश्यक हो ।

ठाग्रौ–१ देखो 'ठावौ' । २ देखो 'ठायौ' ।

ठाक–स्त्री० १ प्रतिज्ञा, प्रण, नियम । २ बुनाई मे काम ग्राने वाला लकडी का उपकरण । ३ पीटने या मारने का भाव । ४ पत्थर का टुकडा ।

ठाकणौ (बौ)–क्रि० १ पत्थर गढना । २ पत्थर तोड़ना ।

ठाकर (ड़ौ)–पु० [स० ठक्कुर] (स्त्री० ठकराणी) १ किसी भू-भाग का ग्रधिष्ठाता । २ गाव का मालिक, जमीदार । ३ स्वामी, मालिक । ४ क्षत्रियों की उपाधि । ५ प्रतिष्ठित व्यक्ति, माननीय व्यक्ति । ६ ईश्वर, भगवान, विष्णु । ७ देव-मूर्ति, प्रतिमा । ८ राजपूतो के लिए सम्बोधन विशेष । ९ नाइयो की उपाधि ।
—**दवारौ, दुवारौ**–पु० देवालय, देवस्थान । विष्णु मदिर ।

ठाकराइ (ई), ठाकरि (री)–देखो 'ठकुराई' ।

ठाकुर–देखो 'ठाकर' । —**दवारौ, दुवारौ**='ठाकरदवारौ' ।

ठाकुराइ (ई), ठाकुरी–देखो 'ठकुराई' ।

ठागौ–पु० १ ग्राडबर, ढोग । २ कपट, छल । ३ धूर्तता ।

ठाडौ–पु० स्थान, जगह ।

ठाट–पु० १ सजावट । २ साज-शृंगार । ३ शोभा । ४ शान-शौकत । ५ तडक-भडक, ग्राडम्बर, दिखावा । ६ ग्राराम, चैन । ७ ग्रायोजन-तैयारी । ८ वैभव । ९ सितार का तार । १० समूह, झुण्ड । ११ देखो 'थाट' । —**बाट**–पु० सजावट । शृगार । तडक-भडक । शान-शौकत ।

ठाटियौ–१ देखो 'ठाटौ' । २ देखो 'थाठियौ' ।

ठाटौ–पु० १ बैलगाडी के ऊपर का तख्ता, थाटा । २ भीगे कागज की लुगदी का बना गोल व चौडा पात्र ।

ठाठडौ–१ देखो 'ठाठौ' । २ देखो 'ठाठी' ।

ठाठर–पु० ग्रस्थिपजर, हड्डियो का ढाचा ।

ठाठरणौ (बौ)–१ देखो 'ठाठरणौ' (बौ) । २ देखो 'ठिठरणौ' (बौ) ।

ठाठी–स्त्री० बाधा, ग्रडचन, रोक, विघ्न ।

ठाठीया–स्त्री० एक प्रचीन जाति ।

ठाठौ–पु० १ ऊट के चमडे का तरकस । २ देखो 'ठाटौ' ।

ठाड–स्त्री० १ सीढी या जीने के बीच-बीच लगने वाला पत्थर । २ सर्दी, ठडक ।

ठाडी–स्त्री० १ लम्बी लकडी का रहट मे लगा एक उपकरण । २ चूल्हे की राख । –वि० १ ठण्डी, शीतल । २ बासी । ३ खडी, सीधी ।

ठाडोळ–स्त्री० शीतलता, ठण्डक ।

ठाडौ–पु० १ दर्द वाले ग्रंग पर दिया जाने वाला ग्रग्नि दग्ध । २ जाडा, सर्दी, ठंड । –वि० (स्त्री० ठाडी) १ शीतल, ठण्डा । २ बासी । ३ उष्णता रहित । ४ बलवान, शक्तिशाली । ५ खडा, ठहरा, रुका हुग्रा । ६ शान्त । ७ सुस्त । ८ गंभीर ।
—**ठरियौ**–पु० शीतलाग्रष्टमी को बनाया जाने वाला बासी भोजन ग्रादि । —**पौ'र**–पु० सूर्योदय या सूर्यास्त के समय का ठण्डा मौसम ।

ठाढ़–देखो 'ठाड' ।

ठाढ़ेसर (सरी, स्वर, स्वरी)–पु० [स० स्तब्ध+ईश्वर] निरन्तर खडा रह कर तपस्या करने वाला तपस्वी ।

ठाढ़ौ–देखो 'ठाडौ' ।

ठा'णौ (बौ)–क्रि० १ करना, कर देना । २ निश्चित करना, तय करना । ३ ठहराना, रोकना । ४ लगाना (चोट) । ५ स्थापित करना, जमाना । ६ थोप देना । ७ कल्पित बात कहना । ८ रखना । ९ सुशोभित करना ।

ठायौ–पु० [स० स्थान] १ स्थान, जगह । २ निश्चित स्थान विशिष्ट स्थान । ३ देखो 'ठावौ' । ४ देखो 'ठियौ' ।

ठार–स्त्री० १ स्थान, जगह, ठौर । २ ठडक, सर्दी । ३ ग्राराम, शाति । ४ पता, इल्म, ठिकाना । ५ देखो 'ग्रठारह' ।

ठारक–वि० १ शीतल करने वाला । २ शान्त करने वाला । ३ संतोष दिलाने वाला ।

ठारणौ (बौ)–क्रि० १ ठडा करना, शीतल करना । २ गर्मी या उष्णता मिटाना । ३ ग्राग ग्रादि बुझाना । ४ भट्टी ग्रादि के भोग लगाना । ५ शान्त करना, तृप्त करना । ६ संतुष्ट करना ।

ठारौ–स्त्री० १ सर्दी, ठण्डक । २ शीतलता ।

ठाळ–स्त्री० १ खोज तलाश । २ छलाग । ३ चुनाव, चयन ।

ठाल–स्त्री० १ रिक्तता, खालीपन । २ ग्रभाव, कमी ।

ठालउ–देखो 'ठालौ' ।

ठाळणौ (बौ)–क्रि० [स० ष्ठल] १ तलाश करना, खोजना, ढूढना । २ चुनना, चयन करना । ३ निश्चित करना, तय करना । ४ देखना । ५ स्थापित करना ।

ठालप (फ)–स्त्री० १ बेकार या निकम्मा रहने का भाव । २ रिक्तता, ग्रभाव ।

ठाळवरौ–वि० चुनिन्दा ।

ठाली–वि० १ खाली, रिक्त । २ केवल, सिर्फ । ३ गर्भ रहित, गर्भ हीन ।

ठालु—देखो 'ठालौ'।
ठालेड़—स्त्री० १ रिक्तता, खालीपन । २ विना गर्भ की मादा पशु । ३ चोर, उचक्का । ४ देखो 'ठालौ'।
ठालौ—वि० (स्त्री० ठाली) १ रिक्त, खाली । २ रहित, हीन । ३ निकम्मा, वेकार, निष्फल । ४ अवकाश में—। ५ निर्जन एकान्त । ६ केवल, मात्र । —पु० १ सोने या चादी की देव मूर्ति । २ एक प्रकार का आभूषण । —**भूलौ**—वि० हृत भाग्य । निकम्मा । दुष्ट ।
ठावग्र—पु० [सं० स्थापक] १ पक्ष का स्थापन (जैन) । २ देखो 'ठावौ'।
ठावकौ—देखो 'ठावौ' (स्त्री० ठावकी)।
ठावड—स्त्री० ठौर, जगह, स्थान । (जैन)
ठावणौ (बौ)—क्रि० [स० स्था] १ स्थिर करना, रखना । २ स्थापित करना । ३ बनाना । ४ करना । ५ समझना । ६ सुसज्जित करना, सजाना । ७ शोभित करना । ८ निवास करना । ९ चुनना । १० मनोनीत करना ।
ठावीलौ—वि० निपट, निश्चित, मुकर्रर ।
ठावौ—वि० (स्त्री० ठावी) १ प्रतिष्ठित, मान्य । २ विश्वसनीय । ३ ईमानदार, जिम्मेदार । ४ फैला हुआ, व्यापक । ५ प्रसिद्ध, विख्यात । ६ महान्, श्रेष्ठ । ७ उपस्थित, हाजिर । ८ योग्य, होशियार, चतुर । ९ पक्का, दृढ़ । १० प्रकट, जाहिर । ११ खास, विशेष । १२ मुखिया, अग्रगण्य । १३ गभीर, धैर्यवान । १४ वुद्धिमान । १५ सुरक्षित ।
ठाह—स्त्री० [सं० स्था] १ स्थान, जगह । २ पता, ठिकाना । ३ खवर, मालूम । ४ खोज, जानकारी ।
ठाहर—स्त्री० [स० स्था] १ स्थान, जगह । २ निवास स्थान, जगह, डेरा । ३ कदम, डग ।
ठाहरूपक—पु० [सं० स्था-रूपक] मृदग की एक ताल ।
ठाहोकणौ (बौ)—क्रि० १ ठोकना, पीटना, मारना । २ खटकाना ।
ठाहौ—पु० १ पात्र । २ देखो 'ठायौ'।
ठिंगणौ— देखो 'ठिगणौ' (स्त्री० ठिंगणी)।
ठिइकम्म—पु० [स० स्थिति-कर्मन्] १ कर्म की स्थिति । २ स्थिति कर्म, जन्म सस्कार । (जैन)
ठिइकल्लाण—वि० [स० स्थिति-कल्याण] उत्कृष्ट स्थिति वाला । (जैन)
ठिइक्खय—पु० [स० स्थितिक्षय] आयु का क्षय, मरण । (जैन)
ठिइपद—पु० [स० स्थितिपद] प्रज्ञापन सूत्र के चतुर्थ पद का नाम । (जैन)
ठिइबंध—पु० [स० स्थितिबध] कर्मबंध की काल मर्यादा । (जैन)
ठिइया—स्त्री० [सं० स्थितिका] स्थिति । (जैन)
ठिई—स्त्री० [स० स्थिति] स्थिति । (जैन)
ठिग्रौ—वि० [स० स्थित] १ ठहरा हुआ । २ देखो 'ठियौ'।
ठिकरी—देखो 'ठीकरी'।
ठिकांणौ—पु० [स० स्था] १ स्थान, जगह । २ निवास-स्थान, आवास । ३ रहने की जगह, पता; ठिकाना । ४ खोज, खवर, पता । ५ प्रवध, इन्तजाम । ६ सहारा, आश्रय, आलबन । ७ उपयुक्त स्थान । ८ भरोसा । ९ यथार्थता, प्रमाण । १० अत, हद, सीमा । ११ परिवार, वश, घराना । १२ किसी जागीरदार का मकान, निवास स्थान । १३ जागीरदार की जागीरी का प्रदेश । १४ वश गौरव, मर्यादा ।
ठिठकणौ (बौ)—क्रि० [स० स्थिति-करणम्] १ चलते-चलते यकायक रुकना । २ झिझकना, चौंकना । ३ चकित होना, आश्चर्य मे पडना ।
ठिठरणौ (बौ) ठिठुरणौ (बौ)—क्रि० [स० स्थित] १ सर्दी मे अधिक ठरना । २ अधिक सर्दी के कारण ऐंठना, सिकुडना ।
ठिठोराई—स्त्री० १ तग करने की क्रिया या भाव । २ ढिठाई ।
ठिणकणौ (बौ), ठिणगणौ (बौ)—क्रि० रोना, विलखना ।
ठिमर—वि० १ गंभीर । २ धैर्यवान । ३ वुद्धिमान ।
ठियौ—पु० १ शौच क्रिया करते समय वैठने का पत्थर । २ चूल्हे का एक भाग । ३ स्थान, जगह । ४ वस्त्र विशेष ।
ठिलणौ (बौ)—वि० १ दूर होना । २ पीछे हटना । ३ धक्का खाना । ४ गतिमान होना, चलना । ५ डाला जाना ।
ठिल-ठिल, ठिलाठिल—क्रि० वि० लबालव । —स्त्री० हसने की क्रिया या । भाव खिलखिलाहट ।
ठिवणौ (बौ)—क्रि० १ चलना । २ डग भरना ।
ठींगणौ—वि० (स्त्री० ठींगणी) १ छोटा कद का, नाटा । २ वौना । ३ अन्य की अपेक्षा छोटा ।
ठींगळ, ठींगळियौ, ठींगळौ—पु० टूटे मटके का वडासा भाग खण्ड ।
ठींगा-ठोळी—देखो टींगाटोळी'।
ठींगौ—वि० (स्त्री० ठींगी) १ जवरदस्त, जोरदार । २ वलवान शक्तिशाली । —पु० १ धौस धमकी डाट-फटकार । २ प्रभाव ।
ठींचौ—पु० वारहवें दिन का मृत्यु भोज ।
ठींडौ—पु० छेद, छिद्र ।
ठींभर, ठींमर—देखो 'ठिमर'।

ठी–स्त्री० १पौत्री । २ घुध । -पु० ३ क्षय । ४ कुल । ५ कुटुंब ।

ठीक–वि० [स० स्थितक] १ उचित, वाजिव । २ अच्छा, बढिया । ३ योग्य, उपयुक्त । ४ यथार्थ, प्रामाणिक । ५ दुरुस्त, सुधरा हुआ । ६ शुद्ध । ७ आवश्यकता अनुसार । ८ प्राकृतिक । ९ नम्र, विनयी, सरल । १० निश्चित, उपयुक्त । ११ पक्का, स्थिर । १२ अखण्ड, कायम । –क्रि०वि० १ अच्छी तरह । २ उचित ढंग से । ३ पूर्ण रूप से, निश्चित रूप से । –स्त्री० १ दृढ बात । २ निश्चय । ३ ठिकाना, पता । ४ पता, इल्म, खवर । ५ स्थिर प्रवध । —**ठाक**–क्रि०वि० उचित रूप से, वाजिव ढग से । –वि० व्यवस्थित । निश्चित । –पु० प्रवध, व्यवस्था ।

ठीकर–देखो 'ठीकरौ' ।

ठीकरी–स्त्री० मिट्टी के पात्र का छोटा टुकडा ।

ठीकरौ–पु० १ बर्तन, पात्र (व्यग) । २ टूटा-फूटा बर्तन, पुराना बर्तन । ३ मिट्टी के पात्र का वडा खण्ड । ४ तुच्छ या निकम्मी वस्तु । ५ भीख मागने का पात्र । ६ ब्रह्माण्ड । ७ शरीर, देह । ८ खाली पात्र ।

ठीठी–स्त्री० हसी की ध्वनि ।

ठीडौ–वि० खडा ।

ठीडौ–पु० [स० स्था] खवर, पता, ठिकाना ।

ठीणणौ (बो)–क्रि० उपालभ देना, बुरा भला कहना ।

ठीणौ–वि० [सं० स्तब्ध] सर्दी के कारण जमा हुआ, ठसा हुआ । गाढा ।

ठीमर–देखो 'ठिमर' ।

ठीयौ–देखो 'ठियौ' ।

ठु–पु० १ कदम । २ यमदूत । –स्त्री० ३ मक्खी । ४ रज । ५ त्वचा । –वि० १ रोगी । २ दरिद्री ।

ठुकणौ (बो)–क्रि० पीटा जाना, मारा जाना, पिटना, कुटना ।

ठुकरांणी–देखो 'ठकराणी' ।

ठुकराणौ (बो)–क्रि० १ पाव की ठोकर मारना । २ तिरस्कार करना । ३ नामजूर करना । ४ त्यागना, छोड देना ।

ठुणकाणौ (बो)–क्रि० १ अगुलियो या किसी वस्तु से हल्की चोट पहुँचाना । २ ऐसी चोटें मस्तक मे दिराना (स्त्री) ।

ठुण, ठुणक–स्त्री० १ रोने की ध्वनि । २ बच्चे का रुदन ।

ठुणकी–स्त्री० दो अगुलियो को चटका कर मस्तक पर की जाने वाली हल्की चोट (स्त्री) ।

ठुणकौ–पु० १ बच्चे की रह-रह रोने की ध्वनि । २ रुदन ।

ठुमक–स्त्री० १ उमग भरी चाल । २ चलने का सुन्दर ढग । ३ चलने से एडी से होने वाली ध्वनि ।

ठुमकणौ (बो)–क्रि० १ उमग से चलना । २ ठसक से चलना । ३ बच्चे का धीरे-धीरे चलना ।

ठुमकार–स्त्री० ठुमक चाल से होने वाली ध्वनि ।

ठुमराई–स्त्री० मद-मद व मस्त चाल ।

ठुमरी–स्त्री० एक ही अतरे का एक गीत विशेष । —**झझोटी**–स्त्री० एक राग विशेष ।

ठुरणौ (बो)–क्रि० १ पिटना, मारा जाना । २ हल्की चोट से फसना, धसना, गढना ।

ठुरियौ–पु० ऊट की चाल विशेष ।

ठुळियौ–पु० लकडी का छोटा डडा ।

ठुसकणौ (बो)–क्रि० सुवक-सुवक कर रोना ।

ठुसकी–स्त्री० १ रोने की सुवकी । २ धीरे से अपान वायु निकलने की ध्वनि ।

ठुसणौ (बो)–क्रि० १ ठूस-ठूस कर भरा जाना । २ मुश्किल से घुसा जाना । घुसना, पैठना ।

ठुसी–स्त्री० स्त्रियो के गले का आभूषण विशेष ।

ठूंक–स्त्री० [स० तुंड] १ चोच, चंचु । २ चोच की चोट, प्रहार ।

ठूंग–स्त्री० शराव के साथ खाया जाने वाला चुर्वन ।

ठूंगार–स्त्री० १ भाग के नशे को शात करने के लिए खाया जाने वाला खाद्य पदार्थ । २ छौंक, वघार ।

ठूठ–वि० १ मूर्ख, गंवार । २ देखो 'ठूठौ' ।

ठूंठा–स्त्री० पवारो की एक शाखा ।

ठूठियौ–पु० १ वैलगाडी के पहिये मे लगने वाला एक उपकरण । २ देखो 'ठूठौ' ।

ठूंठौ–पु० १ सूखा पेड । २ जमीन मे धसा कर खडा किया सूखे पेड का खूटा ।

ठूडणौ (बो)–देखो 'ठूसणौ' (बो) ।

ठूढ, ठूंढियौ, ठूढौ–देखो 'ठूंठौ' ।

ठूसणौ (बो)–क्रि० १ दवा-दवा कर या ठूंस-ठूस कर भरना । २ जवरदस्ती धसाना । ३ जोर से घुसाना, चोट मार कर घुसाना । ४ अधिक खाना । ५ छीनना, हडपना । ६ सजोना, सजाना ।

ठूंसियौ–पु० ऊटो का एक रोग विशेष ।

ठू–पु० १ विष्णु । २ वुध । ३ प्रेम । ४ धैर्य । ५ धर्म । –स्त्री० ६ लक्ष्मी ।

ठूमरौ–पु० सिंध व वलोचिस्तान की पहाडियो के बीच पाया जाने वाला पत्थर कण ।

ठूळ–पु० जड सहित निकाला हुआ पौधा या झाडी । –वि० १ मूर्ख । २ अल्हड, गवार । ३ मजबूत ।

ठूसणौ (बो)–देखो 'ठूसणौ' (बो) ।

ठेण–पु० कठोर व समतल भूमि ।

ठे–पु० १ वामन । २ शेष । ३ स्थान । ४ मन । ५ सक्षेप । ६ शिखा ।

ठेक–स्त्री० १ मजाक, हसी । २ छलाग ।
ठेकणौ–वि० (स्त्री० ठेकणी) छलाग लगाने वाला ।
ठेकणौ (बौ)–क्रि० छलाग लगाना, कूदना ।
ठेकागाडी–स्त्री० एक प्रकार का सरकारी लगान ।
ठेकाळौ–वि० (स्त्री० ठेकाळी) छलाग लगाने वाला ।
ठेकी–स्त्री० छलाग ।
ठेकेदार–वि० १ किसी कार्य को करने का एक मात्र अधिकारी । २ किसी कार्य का जिम्मेवार । ३ किसी कार्य का ठेका लेने वाला । –पु० १ भवन निर्माण आदि कार्यों को एक निश्चित खर्च मे पूरा करके देने वाला व्यक्ति । २ इसी प्रकार किसी कार्य को कुछ निश्चित शर्तों पर पूरा करने का अनुबध करने वाला व्यापारी ।
ठेकौ–पु०१किसी कार्य का जिम्मा, उत्तरदायित्व । २ किसी कार्य को करने व उसमे आय करने का अधिकार । ३ ऐसे कार्यों के प्रति कुछ निश्चित शर्तों पर किया जाने वाला अनुबध, इकरार, इजारा । ४ तबले का बाया । ५ तबले आदि पर बजाई जाने वाली कोई ताल । ६ छलाग ।
ठेगड़ौ–पु० (स्त्री० ठेगडी) कुत्ता, श्वान ।
ठेगण–स्त्री० सहारे की लकडी ।
ठेचरी–स्त्री० १ मखौल, मजाक । २ हसी, दिल्लगी ।
ठेट, ठेठ–पु० १ सीमा, हद । २ छोर । ३ पार, अत । ४ तल । ५ प्रारभ, शुरू ।
ठेठर, ठेठरियौ, ठेठरौ–पु० १ पुराना व सूखा जूता । २ पशुओ के क्षुरो की कठोरता ।
ठेठी–स्त्री० कानो के अन्दर का मैल । कर्णमल । **–काढ़णियौ** –पु० उक्त मैल निकालने का उपकरण । –वि० दण्ड-दाता, सुधारक ।
ठेप–स्त्री० १ टक्कर । २ चोट, आघात ।
ठेपाड़–स्त्री० एक प्रकार का वस्त्र ।
ठेरणौ (बौ)–देखो 'ठहरणौ' (बौ) ।
ठेळ–वि० १ निर्भय, निडर । २ प्रभावशाली । ३ देखो 'ठेळौ' ।
ठेल–पु० १ टक्कर, धक्का । आघात, चोट । २ डालने या झोकने की क्रिया या भाव ।
ठेलण–पु० बैलगाडी के अग्रभाग मे लगाया जाने वाला लकडी का डडा ।
ठेलणौ (बौ)–स्त्री० [स० स्थलपति] १ पीछे हटाना । २ धक्का देना, धकेलना । ३ प्रहार से दूर करना । ४ टालना, दूर करना । ५ आगे बढाना । ६ झोकना, डालना । ७ व्यतीत करना, गुजारना । ८ खदेड देना, निकाल देना । ९ पराजित करना । १० उडेलना, डालना । ११ मिटाना, नाश करना । १२ खूब खिलाना-पिलाना ।
ठेलमठेल, ठेलाठेल–स्त्री० १ अत्यधिक भीड । २ अधिक भीड की खस्साखसी, धक्कमधक्का । ३ रेलमपेल । –वि० बहुत अधिक, पूर्ण, परिपूर्ण ।
ठेलियौ–देखो 'ठेलौ' ।
ठेळौ–पु० १ कूडे करकट का ढेर । २ घास-फूस का ढेर । ३ छोटी लाठी, डडा । ४ डडे से गिल्ली पर चोट करने की क्रिया ।
ठेलौ–पु० १ आदमी द्वारा ठेल कर चलाई जाने वाली सामान वाहक, गाडी । २ छोटी बैलगाडी । ३ झोका ।
ठेस–स्त्री० चोट, आघात, धक्का ।
ठेहरणौ (बौ)–देखो 'ठहरणौ' (बौ) ।
ठंठाणौ (बौ)–देखो 'ठंठाणौ' (बौ) ।
ठै–पु० १ शास्त्र । २ आकाश । ३ शिष्य । –वि० मूर्ख ।
ठैं'–स्त्री० किसी वस्तु पर चोट करने से उत्पन्न ध्वनि, ठक ।
ठैअकौ, ठैकौ–पु० १ तबला आदि के बजने की आवाज । २ ऐसे वाद्यो को बजाने की विशेष विधि, ताल । ३ नगाड़े पर डके की चोट । ४ हल्का आघात ।
ठैं'रणौ (बौ)–देखो 'ठहरणौ' (बौ) ।
ठैरांण–देखो 'ठहराव' ।
ठैराणौ (बौ)–देखो 'ठहराणौ' (बौ) ।
ठैं'राव–देखो 'ठहराव' ।
ठो–पु० १ रक्त । २ शिर, मस्तक । –स्त्री०३ पीडा । ४ मूर्खता, गवारपन ।
ठोकणौ (बौ)–क्रि० १ प्रहार करना, चोट करना, मारना, पीटना । २ लात, घूसे, डडे आदि से मारना, पीटना । ३ चोट मारकर घुसाना, फसाना । ४ हाथ के प्रहार से ध्वनि करना । ५ जडना, बद करना । ६ खट-खट करना । ७ सभोग या मैथुन करना । ८ आहार करना । ९ रिश्वत, चोरी आदि का कार्य करना ।
ठोकर–स्त्री० १ चलते समय किसी वस्तु से पाव टकराने की क्रिया । २ इस प्रकार टकराने से पाव मे लगने वाली चोट । ३ रास्ते मे पडी वस्तु जिससे चलते समय पाव टकरा जाय । ४ जूते पहने हुए पाव के अग्र भाग से किया जाने वाला प्रहार । ५ तेज प्रहार, चोट, धक्का । ६ जूते का अग्र भाग । ७ एक सवारी की बैलगाड़ी । ८ कुश्ती का एक दाव । ९ एक आभूषण विशेष ।
ठोकाक–वि० १ खाने का इच्छुक, खाने वाला, अधिक खाने वाला । २ इच्छुक । ३ पीटने वाला ।
ठोकाबाटी–स्त्री० मैथुन, सभोग ।
ठोट, ठोठ–वि० १ मूर्ख, गवार । २ मद बुद्धि । ३ अपठित । ४ अनभिज्ञ, अज्ञ ।

ठोड–स्त्री० वैलगाडी का अग्रभाग ।

ठोडी–स्त्री० [स० तुड] १ मुह के नीचे का भाग, चिवुक । २ पशुग्रो के मुह का अग्रभाग, तुड। ३ साप का फन ।

ठोवरौ–पु० फूटा हुग्रा बर्तन ।

ठोर (ड)–स्त्री० १ प्रहार करने की क्रिया या भाव । २ ध्वनि, ग्रावाज । ३ धाक, रौब । ४ एक प्रकार की मिठाई । ५ देखो 'ठौड' । –वि० स्वस्थ, तन्दुरुस्त ।

ठोरणौ (बौ)–क्रि० १ पीटना, मारना । २ ऊपर से चोट मार कर धसाना, गाडना । ३ प्रहार करना, चोट मारना। ४ चोट मार कर फसाना ।

ठोर-पाखर–वि० १ कटिबद्ध, तैयार, सन्नद्ध । २ पूर्ण स्वस्थ ।

ठोरमठोर–वि० हृष्ट-पुष्ट, स्वस्थ, मजबूत ।

ठोरियौ–पु० स्त्रियो के कान का ग्राभूषण ।

ठोरौ–पु० लाठी, लकड़ी ।

ठोळी–स्त्री० हसी, मजाक ।

ठोलौ–पु० १ हाथ की ग्रगुली को समेटने पर पीछे उभरने वाला तीक्ष्ण भाग । २ इस तीक्ष्ण भाग से किया जाने वाला प्रहार ।

ठोस–वि० १ जो नर्म, द्रव रूप मे या खोखला न हो, कठोर, शक्त । २ जमा हुग्रा । ३ दृढ, मजबूत ।

ठौ–पु० १ गौतम ऋषि । २ समुद्र । ३ कुल-धर्म । –स्त्री० ४ तरग, लहर । ५ मर्यादा ।

ठौड–स्त्री० [स० स्थान] १ स्थान, जगह । २ रहने का निश्चित स्थान ।

ठौड-ठौड–क्रि० वि० १ यथा स्थान, उचित जगह पर । २ स्थान-स्थान पर ।

ठौर–१ देखो 'ठोर' । २ देखो ठौड' ।

ठौळ–स्त्री० हसी-मजाक, दिल्लगी ।

–ड–

ड–देव नागरी वर्णमाला का तेरहवा वर्ण ।

ड–पु० १ दात । २ दूध । ३ जल । ४ मृत्यु । ५ ग्राख । ६ चमेली ।

डक–पु० [स० दंश] १ विच्छु का काटा । २ किसी पतगे के मुह का जहरीला काटा । ३ सर्प दश । ४ नगाडा । ५ नगाडे की ध्वनि । ६ नखक्षत । ७ दंश का स्थल । भाग । ८ साप का विष दत । ९ ग्रनाज मे लगने वाला कीडा । १० कलम की जिह्वा । ११ राजस्थान का एक प्रसिद्ध ज्योतिषी । १२ इस ज्योतिषी का वश । १३ देखो 'डकी' । –वि० ग्रभिमुख । —**दार**–वि० जिसके डक हो ।

डकणौ (बौ)–क्रि० १ विच्छु का डक मारना, । २ सर्प ग्रादि विषैले जतुग्रो का डसना, दश मारना । ३ ग्रनाज मे कीडा लगना । ४ नगाडा बजना ।

डकरणौ (बौ)–क्रि० १ ध्वस करना । २ क्रोध करना, क्रुद्ध होना ।

डका-री-पछेवडी–स्त्री० एक वस्त्र विशेष ।

डकि–वि० १ विध्वसक, सहारक । २ जिसमे डक लगा हो । ३ देखो 'डकी' ।

डकिणी–देखो 'डाकणी' ।

डकी–पु० १ छोटा मच्छर । २ योद्धा, वीर । ३ सहार करने वाला ।

डकीलौ–वि० जिसके डक लगा हो ।

डकोळौ–पु० [स० ढक्का] ज्वार, वाजरी ग्रादि के पौधे का डठल ।

डकौ–पु० [स० ढक्का] १ नगाडा । २ नगाडा बजाने का डडा । ३ नाम, प्रभाव, प्रसिद्धि ।

डंग–स्त्री० १ टोहनी । २ देखो 'डाग' ।

डटकडौ–पु० भुजा पर धारण करने का कडा, ग्राभूषण ।

डंठळ–पु० सूखा पौधा । टहनी ।

डड–पु० [स० दण्ड] १ किसी ग्रपराध के वदले मिलने वाली सजा । २ जुर्माना, हर्जाना । ३ डडा । ४ व्यायाम की एक प्रक्रिया । ५ सेना की एक व्यूहरचना । ६ साष्टाग प्रणाम । ७ ध्वज दण्ड । ८ डडे जैसी कोई वस्तु । ९ तराजू की डडी । १० इक्ष्वाकु राजा के सौ पुत्रो मे से एक । ११ चौवीस मिनट का एक समय ।

डडकार, डडकारन–पु० [स० दण्डकारण्य] एक प्राचीन वन जो विंध्य पर्वत से गोदावरी तक फैला हुग्रा था ।

डडणौ (बौ)–क्रि० १ दण्ड देना, सजा देना, सजा के रूप मे मारना, पीटना । २ जुर्माना तय करना ।

डडभ्रत–पु० [सं० दण्डभृत] १ यमराज । २ कुम्हार, कुभकार ।

डडव्यूह–पु० सेना की एक व्यूहरचना ।

डडाकार–वि० १ दण्ड के आकार का । २ निर्जन, शून्य ।

डंडाणी (बो)–क्रि० १ दण्ड दिराना, सजा दिराना । २ जुर्माना भरवाना, हर्जाना भरवाना ।

डडारोपण–स्त्री० माघ शुक्ला पूर्णिमा को गाव मे रोपा जाने वाला लकडा जो होली पर्यन्त रहता है ।

डडाळ–वि० जिसके डडा लगा हो, डडेदार । –पु० वह शस्त्र जिसमे डडा लगा हो ।

डडाळी–वि० डडे के बल से कार्य करने वाला ।

डडाळौ–वि० १ डडा रखने वाला, दण्डधारी । २ डडेदार । –पु० दण्डधारी साधु, दण्डीस्वामी ।

डंडाहड,(हडि, हळ)–पु० १ नगाडा, दुंदुभि । २ देखो 'डडियौ' ।

डंडि–पु० [स० दण्डिन्] दण्डधारी, दण्डी स्वामी । **—खड**–पु० चीथडो को जोड कर बनाया हुआ वस्त्र ।

डडिअळ, (अळि)–पु० एक मात्रिक छन्द विशेष ।

डंडिया-गैर, डंडियानाच–स्त्री० होली के पर्व पर, हाथो मे लकडिया लिए रात भर किया जाने वाला गोल नृत्य ।

डडिऔ–देखो 'डडौ' ।

डंडी (ड)–पु० [स० दण्डिन्] १ द्वारपाल, ड्योढीदार । २ सन्यासियो का एक भेद । ३ दण्ड देने वाला ।

डंडूकळी–स्त्री० काष्ठ का छोटा डडा ।

डडूर, डडूळ, डडूळौ–पु० १ हवा से छितराई हुई वर्षा की बूंदे । २ वातचक्र, ववडर । ३ एक दैत्य का नाम । ४ देखो 'डडाळौ' ।

डडेहड़, डडेहडि, (डडोहड़)–देखो 'डंडाहड' ।

डडोत–स्त्री० [स० दडवत्] पृथ्वी पर उल्टा सोकर किया जाने वाला प्रणाम, साष्टाग प्रणाम ।

डडोतियौ–वि० दडवत् करने वाला ।

डडोळ, डंडोळी–पु० १ नगारा, दुदुभि, डूडी । २ किसी वात का प्रचार ।

डंडौ–पु० [सं० दण्ड] १ लकडी का छोटा टुकडा, डडा । २ वास का टुकडा । ३ छडी । ४ डंडे की मार । ५ अहाते की छोटी दीवार । ६ देखो 'डाडौ' ।

डफर, डब–पु० आडवर, ढोग, पाखण्ड । बाह्य उपाग ।

डबक–वि० वेडौल, वेतुका । **—डौल**–वि० वेडौल शरीर वाला । **—डोळौ**–वि० उभरा हुआ ।

डबणौ (बो)–क्रि० लटकना ।

डबर–पु० [स०] १ वैभव, गौरव । २ वादल, घटा । ३ धूआ । ४ सेना, दल । ५ समूह, यूथ । ६ उमग, जोश । ७ वन, जगल । ८ ध्वनि, आवाज । ९ प्रवाह । १० चकाचौंध । ११ सुगध, महक । १२ शान-शौकत, ठाट-बाट । १३ सडक पर बिछाने का काला पदार्थ, कोलतार । १४ जमाव । १५ चटक-मटक । १६ समानता । १७ अभिमान, अहकार । १८ लाली । १९ आच्छादन । २० तबू । –वि० १ सजल, अश्रुपूर्ण । २ आच्छादित । ३ लाल । ४ घना, सघन । ५ तरवतर ।

डबाणौ (बौ), डंबावणौ (बौ)–वि० लटकाना ।

डंभ–१ देखो 'डिभ' । २ देखो 'डाम' ।

डभण–वि० [स० दभन] १ ठग, धोखाबाज । २ पाखण्डी, ढोगी । (जैन)

डमणया, डमणा–स्त्री० [स० दभना] १ ठगाई । २ माया । ३ कपट, छल (जैन) ।

डंमरणौ (बौ)–क्रि० १ आनन्दित होना । २ उमगित होना । ३ प्रफुल्लित होना, खिलना ।

डंमर–पु० १ जोश, उमग । २ ऐश्वर्य, वैभव, ठाट । ३ देखो 'डवर' ।

डंस–पु० [स० दश] १ सर्पादि विषैले जीवो के काटने की क्रिया, दश । २ ईर्ष्या, द्वेष । ३ देखो 'डास' ।

डसण–पु० [स० दशन] विषैले जीवो का डसन, दश ।

डसणौ (बौ)–देखो 'डसणौ' (बौ) ।

ड–पु० १ महादेव । २ महादेव का गण । ३ डमरू । ४ अर्जुन । ५ ताड वृक्ष । –स्त्री० ६ वृद्धावस्था । ७ ध्वनि । ८ गाय । ९ बडवाग्नि ।

डक–स्त्री० १ नगाडे की ध्वनि । २ एक प्रकार का वाद्य । ३ एक प्रकार का मोटा कपडा । ४ देखो 'डाकौ' । ५ देखो 'डग' । **—चूक**='डाकचूक' । **—डक**–स्त्री० हसने की क्रिया । हसने की ध्वनि । छोटे मुह के पात्र से द्रव पदार्थ के निकलने से उत्पन्न ध्वनि । द्रव पदार्थ के पीने से उत्पन्न ध्वनि ।

डकडकणौ (बौ)–क्रि० १ हसने की क्रिया, ध्वनि । २ ध्वनि विशेष ।

डकडकि (की)–स्त्री० १ कपकपी, थर्राहट । २ हसने की ध्वनि । ३ देखो 'डकडक' ।

डकडक्क–देखो 'डकडक' ।

डकणौ (बौ)–क्रि० कूदा जाना, लाघा जाना ।

डकर–स्त्री० [स० डात्कार] १ जोश, आवेश । २ आतकपूर्ण आवाज । ३ जोशीली आवाज । ४ वीर ध्वनि । ५ दहाड । ६ धाक, भय, आतंक । ७ धमकी । ८ ध्वनि, आवाज । ९ दवाव, रौव ।

डकराणौ (बौ), डकरावणौ (बौ)–क्रि० भयभीत करना, डराना, धाक जमाना ।

डकरेल, (रेल)–वि० बलवान, वीर, बहादुर । –पु० सिंह ।
डकळ-डकळ–स्त्री० १ जल्दी-जल्दी पीने की क्रिया व इस क्रिया से उत्पन्न ध्वनि । २ हसने की क्रिया व ध्वनि ।
डकाणौ (बौ), डकावणौ (बौ)–क्रि० १ कूदने, फादने या लाघने के लिए प्रेरित करना । २ क्रमश न बढाकर बीच मे कुछ छोडते हुए आगे बढाना । लघाना ।
डकार–स्त्री० १ कुछ खाने के बाद पेट की वायु गले से निकलने की क्रिया, ऊर्ध्ववायु । २ इस क्रिया से उत्पन्न ध्वनि ।
डकारणौ (बौ)–क्रि० १ पेट की वायु गले से निकालना । २ खाना, हजम करना । ३ अनुचित तरीके से आय करना ।
डकैत–देखो 'डाकू' ।
डकौ–पु० १ वाद्य विशेष । २ देखो 'डाकौ' ।
डक्क–देखो 'डक' ।
डक्कण, डक्कणी–देखो 'डाकणी' ।
डक्कर–पु० १ छोटे बच्चो के खेलने का डडा । २ देखो 'डकर' ।
डक्का–स्त्री० [स०] शिव का वाद्य, डमरू ।
डग–स्त्री० १ हाथी के पिछले पैरो मे बाधने की रस्सी । २ हथकडी । ३ कदम, पैंड । ४ कदम रखने की क्रिया । ५ एक कदम का स्थान । ६ पाव, पैर ।
डगडगाणौ (बौ)–क्रि० हिलना, डगमगाना । विचलित होना ।
डगडगारौ–पु० बकवास, झकझट ।
डगडगि (गी)–स्त्री० १ एक वाद्य विशेष । २ ध्वनि विशेष । ३ कपन ।
डगडोलणौ (बौ)–क्रि० हिलना-डुलना, डगमगाना ।
डगमगणौ-(बौ)–क्रि० १ कापना, थर्राना । २ डरना, भयभीत होना । ३ विचलित होना, अस्थिर होना । ४ स्थान छोडना, खिसकना । ५ हिलना-डुलना । ६ डावा-डोल होना ।
डगमगा'ट–स्त्री० १ कपन, अस्थिरता । २ हिलने-डुलने या डावाडोल होने की क्रिया या भाव ।
डगमगाणौ (बौ), डगमगावणौ (बौ)–देखो 'डगमगणौ' (बौ) ।
डगर–पु० १ पथ, मार्ग, रास्ता । २ निरन्तर चलने से रास्ते में बनने वाली लकीर, चिह्न । ३ चाकर, सेवक ।
डगरियौ, डगरौ–पु० १ वृद्ध या दुर्बल ऊट । २ अघटित पत्थर, बेडौल पत्थर । ३ लडकी का चौकोर या गोल खण्ड । ४ मिट्टी का एक पात्र विशेष । ५ देखो 'डगर' ।
डगळ–वि० १ शून्य । २ निर्जन । ३ देखो 'डगळौ' ।
डगलग–पु० कंकड, पत्थर (जैन) ।
डगळियौ–देखो 'डगळौ' ।
डगलौ (लू)–स्त्री० रुई भरकर बनाया हुआ पहनने का वस्त्र विशेष, अगरक्षिका ।
डगळू, डगळौ–पु० १ मिट्टी का ढेला । २ किसी पदार्थ का ढेला । ३ देखो 'डगरौ' ।
डगाणौ (बौ), डगावणौ (बौ)–देखो 'डिगाणौ' (बौ) ।
डग्ग–देखो 'डग' ।
डचकण–पु० १ दिन भर शिर हिलाता रहने वाला घोडा । –स्त्री० २ कफ से खासने की क्रिया या भाव ।
डचकणौ (बौ)–देखो 'डचक्कणौ' (बौ) ।
डचकौ–पु० १ खासी के साथ निकला कफ । २ देखो 'डाचौ' ।
डचक्कणौ (बौ)–क्रि० १ निगलना । २ खास कर कफ गिराना ।
डचळ-डचळ–स्त्री० जल्दी-जल्दी भोजन करने की क्रिया ।
डचळी–स्त्री० १ खाने पर टूट पडने की क्रिया, झपटी । २ जल्दी-जल्दी खाने की क्रिया ।
डचाडच–स्त्री० १ अत्यन्त तेजी से खाने की क्रिया । २ उक्त क्रिया से उत्पन्न ध्वनि ।
डचियौ–पु० १ झपट कर खाने वाला कुत्ता । २ देखो 'डाचौ' । ३ देखो 'डचकौ' । –वि० १ जल्दी-जल्दी खाने वाला । २ क्षीण ।
डटणौ (बौ)–१ रुकना, ठहरना । २ दबना, काबू में आना । ३ जमकर खडा होना, टिकना, दृढ़ रहना । ४ भिडना, डटना । ५ अडिग होना । ६ अवरुद्ध होना ।
डटाणौ (बौ), डटावणौ (बौ)–क्रि० १ रोकना, ठहराना । २ दावना, काबू मे करना । ३ जमकर खडा करना, टिकाना, दृढ रखना । ४ भिडाना, डटाना । ५ अडिग करना । ६ अवरुद्ध करना ।
डडियौ–१ देखो 'दादौ' । २ देखो 'डडौ' ।
डडौ, डड्डौ–पु० १ 'ड' अक्षर । २ दादौ ।
डड्ढ, डढ–वि० [स० दग्ध] १ जला हुआ (जैन) । २ देखो 'दादौ' ।
डढ़ियळ–वि० दाढीवाला, बडी दाढी वाला ।
डणडणणौ (बौ)–क्रि० हसना, खिल-खिलाना ।
डपटणौ (बौ)–क्रि० १ डाटना, फटकारना । २ वस्त्र मे लपेट कर सुरक्षित करना । ३ पखा झलना, हवा करना । ४ तेज दौडना । ५ जम कर खाना ।
डपोरसख–वि० दिखने मे अच्छा पर मूर्ख, मूढ ।
डप्फौ–वि० मूर्ख, गंवार ।
डफ–पु० [अ० दफ] १ लकडी के घेरे पर चमडा मढ़ कर तैयार किया वाद्य, डफ । २ मूर्ख, मूढ ।
डफणौ (बौ), डफळणौ (बौ)–क्रि० १ भौचक्का होना, स्तभित होना । २ घबराना । ३ भूलना, चूकना । ४ भ्रमित होना, चूकना ।
डफळाणौ (बौ), डफळावणौ (बौ)–देखो 'डफणौ' (बौ) ।

डफली–स्त्री० छोटा डफ।

डफांण, डफान–स्त्री० १ आडंबर, ढोंग, पाखण्ड। २ गर्व, अभिमान।

डफाणी–वि० १ धूर्त, कपटी। २ पाखंडी, ढोंगी। ३ अभिमानी।

डफाणौ (बौ), डफावणौ (बौ)–क्रि० १ भौचक्का करना, स्तंभित करना। २ भयभीत करना। ३ भुलाना, चुकाना। ४ भ्रमित करना, चुकाना।

डफाली–पु० १ खंजरी बजाने वाला। २ एक मुसलमान जाति।

डफोळ, डफोळियौ–वि० मूर्ख, नासमझ। —**पण, पणौ**–पु० मूर्खता, नासमझी। —**सख**= डपोरसख'।

डब–स्त्री० द्रव पदार्थ मे किसी वस्तु के डूबने की ध्वनि। –वि० पूर्ण, लबालब।

ड'ब–पु० एक प्रकार की घास।

डबक (क्क)–१ देखो 'डबकौ'। २ देखो 'डुबकी'।

डबकणौ (बौ)–क्रि० १ इधर-उधर भटकना, फिरना। २ पानी मे डूबना, पैठना। ३ द्रव पदार्थ मे कोई वस्तु डुबाना।

डबकाणौ (बौ), डबकावणौ (बौ)–१ इधर-उधर भटकाना, फिराना, घुमाना। २ पानी मे डुबाना, पैठाना। ३ द्रव पदार्थ मे कोई वस्तु डुबाना।

डबकी–देखो 'डुबकी'।

डबकौ–पु० [सं० दब एव दबक.] १ डूबने का भाव। २ तरल पदार्थ मे कोई वस्तु पडने से उत्पन्न ध्वनि। ३ डब-डब ध्वनि। ४ मानसिक आघात। ५ वस्त्रो पर फूल-पत्तियो का छापा।

डबगर–पु० ढोल, नगाडे, तबले आदि पर चमडा मढ़ने का कार्य करने वाली जाति व इस जाति का व्यक्ति।

डबड़ी–स्त्री० १ एक लोक गीत विशेष। २ छोटी डिबियो का बच्चो का एक खेल। ३ दीवार मे लगा सुन्दर पत्थर। ४ बडे पात्र का छोटा ढक्कन। ५ तरबूज आदि फलो के बीच से काटा हुआ छोटा खण्ड। ६ आलय के पीछे लगा पत्थर। ७ देखो 'डबी'।

डबडबणौ (बौ)–क्रि० १ अश्रु पूर्ण होना, सजल नेत्र होना। २ छोटे मुह के पात्र को जल में डुबाकर भरते समय डब-डब ध्वनि होना। ३ डमरू बजना।

डबडबाणौ (बौ)–क्रि० १ सजल नेत्र करना। २ छोटे मुह के पात्र को जल मे डुबाना। ३ डमरू बजाना।

डबडबौ–वि० अश्रुपूर्ण, सजल।

डबर–पु० १ आडम्बर, तडक-भडक। २ गंभीर शब्द। ३ बडा ढोल। ४ तम्बू।

डबरौ–पु० १ एक पात्र विशेष। २ पलाश के पत्तो का दोना।

डबाक–पु० १ किसी वस्तु के टपकने की ध्वनि। २ वमन की अवस्था, उबकाई। ३ वमन, कै।

डबाडब–स्त्री० १ वस्तु की अपूर्णता, समाप्ति। २ अव्यवस्था। ३ देखो 'डबोडब'।

डबी–स्त्री० १ ढक्कनदार छोटा पात्र। २ डिबिया। ३ शीशे आदि पर लगने का धातु का ढक्कन।

डबोडब–वि० लबालब, पूर्ण भरा हुआ।

डबोडणौ (बौ), डबोणौ (बौ), डबोवणौ (बौ)–देखो 'डुबाणौ' (बौ)।

डबौ–पु० १ सामान डालने का ढक्कनदार पात्र। २ रेलगाडी की बोगी। ३ बच्चो का एक रोग। ४ पानी का बुदबुदा। ५ वस्त्रो पर फूल-पत्तियो की छपाई। –वि० मूर्ख, नासमझ।

डम–स्त्री० ध्वनि विशेष।

डमकणौ (बौ)–क्रि० १ चमकना। २ डमरू आदि का बजना। ३ ध्वनि होना।

डमकलौ–पु० वाद्य विशेष।

डमकाडणौ (बौ), डमकाणौ (बौ), डमकावणौ (बौ)–क्रि० १ चमकाना। २ डमरू आदि बजाना। ३ ध्वनि करना।

डमडम–स्त्री० डमरू आदि वाद्यो की ध्वनि।

डमडेर–देखो 'ढमढेर'।

डमडोळणौ (बौ)–क्रि० १ चंचल होना। २ डावाडोल होना।

डमर–पु० [सं०] १ कोलतार। २ डमरू। ३ उपद्रव। ४ शासन संबंधी उपद्रव। ५ शान-शौकत, आडम्बर, ठाट-बाट। ६ देखो 'डबर'।

डमरु (अ,क,ग,य), डमरू–पु० [सं० डमरु] १ एक प्रकार का वाद्य विशेष। २ शिव का प्रिय वाद्य। ३ कापालिक शैवोका वाद्य यंत्र। ४ बालक। ५ बायें घुटने मे होने वाला क्रोष्टु वात रोग। ६ डमरू के आकार की कोई वस्तु। —**कर**–पु० शिव, महादेव। —**जंत्र**–पु० अर्क निकालने, सिंगरफ का पारा, कर्पूर, नौसादर आदि उडाने का यंत्र। —**धरण, नाथ**–पु० शिव, महादेव। —**मध्य**–पु० जल या स्थल का पतला-संकरा मार्ग।

डमामौ–पु० १ वाद्य विशेष। २ दमामी।

डम्मरी–स्त्री० १ लडाई। २ प्रतिस्पर्धा। –वि० १ बहुत, अधिक। २ भयानक, विकट।

डम्मरु(रू)–देखो 'डमरु'।

डम्माडम्मा–वि० १ भयभीत। २ कंपायमान,

डर–पु० [सं० दर] १ भय, खौफ, त्रास। २ आतंक। ३ अनिष्ट की आशंका। ४ ध्वनि विशेष। ५ मेंढक के बोलने की ध्वनि। ६ संकोच। –वि० सघन, गहरा, काना।

डरकडौ–देखो 'टरडकौ'।
डरकरण–वि० कायर, डरपोक।
डरडौ–पु० बूढा ऊट।
डरणी–स्त्री० भय, त्रास।
डरणौ(बौ), डरपणौ (बौ)–क्रि० १ भय खाना, घबराना त्रसित होना। २ आतकित होना। ३ अनिष्ट की आशका करना। ४ मेढक का बोलना। ५ सकोच करना।
डरपाणौ (बौ), डरपावणौ (बौ)–देखो 'डराणौ' (बौ)।
डरपोक–वि० कायर, भीरु। —**पणौ**–पु० कायरता।
डरमछ–पु० शुभ माना जाने वाला एक प्रकार का घोडा।
डरर–स्त्री० १ जोशीली आवाज। २ मेढक के बोलने की ध्वनि।
डररा'ट–स्त्री० १ ध्वनि विशेष। २ मेढक की आवाज। ३ क्रोध-पूर्ण ध्वनि।
डरामणौ–देखो 'डरावणौ'।
डराणौ (बौ)–क्रि० १ भयभीत करना, त्रसित करना। २ आतकित करना। ३ अनिष्ट की सूचना देना। ४ संकोच कराना।
डरावणौ–वि० भयानक, डरावना, खौफनाक।
डरावणौ (बौ)–देखो 'डराणौ (बौ)।
डरू-फरू–वि० भयभीत, शंकित।
डळणौ (बौ)–क्रि० १ गिरना, पडना। २ देखो 'डुळणौ' (बौ)
डळी–स्त्री० १ घोडे की जीन के नीचे रहने वाला गद्दीनुमा उपकरण। २ गुड़ आदि पदार्थो का छोटा खड।
डळौ–पु० १ किसी पदार्थ का बेडौल खण्ड। टुकडा। २ लोदा, पिंड। ३ देखो 'ढळौ'।
डल्लौ–पु० ऊचे पायो की चारपाई।
डवरू–देखो 'डमरू'।
डस–स्त्री० १ तराजू की डाडी के मध्य बाधी जाने वाली डोरी। २ ताले आदि का अवयव। ३ डाह, ईर्ष्या। ४ नेत्र मे होने वाली लाल रेखा। ५ नक्कारा।
डसकौ–देखो 'डुसकौ'।
डसण–पु० [स० दशन] १ दात, दंत। २ दश करने की क्रिया या भाव। ३ देखो 'डसणि'।
डसणि (णी)–स्त्री० १ कटार। २ डसने की क्रिया या भाव।
डसणौ (बौ)–क्रि० [स० दशन] १ सर्पादि जहरीले जतुओ का काटना, दश करना, डसना। २ दातो से काटना, चबाना। ३ डक मारना।
डसा–स्त्री० [स० दष्ट्रा] १ दाढ़, डाढ। २ सिंह के आगे के दात।
डसी–स्त्री० १ कष्ट निवारणार्थ किसी देवस्थान पर, पहनने के वस्त्र की लगाई जाने वाली ध्वजा। धज्जी। २ देखो 'डस'।

डहक–स्त्री० १ नगाडे की ध्वनि। २ आडम्बर, ढोग। ३ कपट, छल। ४ देखो 'डहक्क'।
डहकणौ (बौ)–क्रि० १ नगाडा आदि बजना, ध्वनि होना। २ डमरू बजना। ३ भौचक्का होना, स्तब्ध होना। ४ धोखा खाना, ठगा जाना। ५ बहकना। ६ हसना। ७ मेढक का बोलना। ८ लहलहाना, हराभरा होना। ९ खिलना, प्रफुल्लित होना। १० सुगधित होना, महकना। ११ सतर्क होना, चौकन्ना होना। १२ पक्षियो का मस्ती मे बोलना। १३ मस्ती मे चलना। १४ उमगित होना, उल्लसित होना। १५ रुक-रुक कर रोना, सिसकना।
डहकाणौ–वि० जो चमकाता हो, चमकाने वाला।
डहकाणौ (बौ), डहकावणौ (बौ)–क्रि० १ गुमराह करना, बहकाना। २ भ्रम मे डालना। ३ सशकित करना। ४ नगाडा, डमरू आदि बजाना। ५ भौचक्का करना। ६ धोखा देना, ठगना। ७ खुश करना। ८ हरा-भरा करना। ९ सुगध फैलाना, महकाना। १० सतर्क करना। ११ हंसाना। १२ खिलाना, प्रफुल्लित करना। १३ उमगित करना। १४ सिसकाना।
डहक्क–स्त्री० १ प्रस्फुटन, विकास। २ ध्वनि, आवाज। ३ देखो 'डहक'।
डहक्कणौ (बौ)–देखो 'डहकणौ' (बौ)।
डहक्काणौ (बौ), डहक्कावणौ (बौ)–देखो 'डहकाणौ' (बौ)।
डहचक्क–क्रि०वि० १ निरन्तर, लगातार। २ चिल्लाते हुए।
डहडह–स्त्री० १ हसने की ध्वनि। २ वाद्य ध्वनि।
डहडहणौ (बौ)–क्रि० १ प्रफुल्लित होना, खिलना। २ भयातुर होना, भयभीत होना। ३ प्रसन्न, हर्षित होना। ४ नगाडा, डमरू आदि बजना। ५ लहलहाना, हरा-भरा होना। ६ मेढ़क का बोलना।
डहडहाट–देखो 'डै'डा'ट'।
डहडहाव–पु० हरापन, ताजगी।
डहडहौ–वि० हरा-भरा, प्रफुल्लित, ताजगी युक्त।
डहणौ (बौ)–क्रि० १ सभाले रखना, उठाये हुए रखना। २ स्थापित करना, रखना। ३ धारण करना। ४ पहनना। ५ ग्रहण करना, पकडना। ६ ध्वनि करना, बजाना। ७ आरूढ होना। ८ शोभित होना। ९ होना, बनना। १० सुसज्जित होना, सजना। ११ दुखी होना।
डहर (उ)–पु० [स० दहर] १ बालक (जैन)। २ जानवर का बच्चा। ३ तरुण, युवक (जैन)। ४ छोटा भाई, अनुज। ५ चूहा। ६ शख्त जमीन (मेवात)। ७ देखो 'डैरी'।
डहरी–स्त्री० १ प्रेतिनी, डाकिनी। २ देखो 'डैरी'।
डहरौ–१ देखो 'डहर'। २ देखो 'डैरौ'।
डहलणौ (बौ), डहलाणौ (बौ)–क्रि० हाथी का चिंघाडना।

डहळौ–वि० गदला, मैला ।

डहाणौ (बौ), डहावणौ(बौ)–क्रि० १ निर्मित करना, बनाना । २ शोभित करना । ३ सुसज्जित करना । ४ दु खी करना, सतप्त करना । ५ देखो 'डहणौ' (बौ) ।

डहाल–स्त्री० तलवार ।

डहिकणौ (बौ)–देखो 'डहकणौ' (बौ) ।

डहिडहणौ (बौ)–देखो 'डहडहणौ' (बौ) ।

डहोळौ–पु० १ भय, डर । २ उपद्रव, आदोलन । ३ खलबली, आकुलता । ४ अव्यवस्था । ५ क्षोभ ।

डहोलौ–पु० १ काठ का वडा चम्मच । २ देखो 'डोलौ' ।

डांक, डाकळ–स्त्री० १ सोने चादी के आभूषणो मे लगाया जाने वाला जोड । २ देखो 'डाखळौ' ।

डांकळौ–देखो 'डाखळौ' ।

डाकियौ–देखो 'डाखियौ' ।

डांखणौ (बौ)–देखो 'डाखिणौ' (बौ) ।

डाखरौ–वि० धुंधळा ।

डाखळ, डाखळियौ, डाखळी, डाखळौ–पु० १ डठल । २ तिनका । ३ टहनी आदि का छोटा व पतला टुकडा ।

डांखिणौ (बौ)–क्रि० १ क्रोधित होना । २ आकाश मे विचरण करना, उडना । ३ चोच से कुरेदना ।

डाखियौ–पु० भूखा व क्रुद्ध सिंह । –वि० क्रुद्ध, कुपित ।

डाग, डांगडकी, डागडी–स्त्री० १ लाठी । हाथ में रखने की कोई लकडी । २ खेत या खुली भूमि का आहता । ३ वैलगाडी के पाटो से लगने वाली लकडी । —**रात**–पु० तीर्थादि से लौटकर करावाया जाने वाला रात्रि जागरण ।

डांगड़ियौ–पु० सीरवियो की देवी की पूजा करने वाला साधु ।

डागपटेलाई–स्त्री० १ मारपीट । २ डराने धमकाने की क्रिया । ३ क़िसी को वेवकूफ वनाने की क्रिया ।

डांगर–पु० पशु, मवेशी । –वि० मूर्ख, गवार । —**जत्र**–पु० एक प्रकार की तोप ।

डांगरु (रू)–वि० १ घोपणा करने वाला । २ देखो 'डागर' ।

डागरौ–देखो 'डागर' ।

डागौ–पु० हसिया लगा लवा वास ।

डाचौ–पु० ऊचे पायो का पलग ।

डांजी, डांझी–स्त्री० रेगिस्तान की खुली भूमि जहा पेड पौधे आदि कुछ न हो ।

डाटणौ (बौ)–देखो 'डाटणौ' (वौ) ।

डाड–पु० १ नाव खेने का वल्ला, चप्पू । २ सीधी लकडी, डडा । ३ अकुश का हत्था । ४ देखो डडौ' । –वि० १ मूर्ख, गवार । २ जवरदस्त ।

डाडणौ (बौ)–१ देखो 'डडणौ' (वौ) । २ देखो 'डाडणौ (वौ) ।

डाडहड़ि (ड़ी)–१ देखो 'डड्डाहड' । २ देखो डडौ ।

डाडि–१ देखो 'डाडी' ।

डाडियौ–देखो 'डडियौ' । २ देखो 'डड़ौ' ।

डाडी–स्त्री० [स० दण्डिका] १ पगडडी । २ सकरा व पतला रास्ता । ३ नाक का ऊपरी भाग । ४ तराजू की लकडी, डडी । ५ सीधी लकीर । ६ चम्मच या किसी उपकरण का हत्था, दस्ता । ७ पालकी के डडे ।

डाडीउ–१ देखो 'डाडौ' । २ देखो 'ड़ाडी' ।

डाडीयौ–देखो 'डडियौ' ।

डाडेमीढ–वि० क्रोधी ।

डांडौ–पु० १ फाल्गुन मास के प्रारभ मे रोपा जाने वाला होली का डंडा । २ औजार का हत्था, दस्ता । ३ डडा । ४ पालकी का डडा ।

डाण–पु० [स० दान] १ चौपड आदि का खेल, दाव । २ दाव । ३ कर, टेक्स । ४ दण्ड, जुर्माना, सजा । ५ सिंह, हाथी तथा ऊट की गर्दन के वाल । ६ सिंह, हाथी व ऊंट की गर्दन से झरने वाला मद । ७ गर्व, अभिमान । ८ जोश । ९ जुलूस । १० मचान, मच । ११ खाता, मद । १२ विभाग । १३ मस्ती । १४ उपाय, युक्ति, तरीका । १५ ऐश, आराम, मौज । १६ ऊट की पीठ पर सवारी के लिए कसी जाने वाली गद्दी । १७ घोडे की जीन । १८ छलाग, चौकडी । १९ डग, कदम । २० सीमा, हद । २१ सजावट । २२ युद्ध के लिए सेना की तैयारी । २३ पारी, वारी । –वि० १ स्वस्थ, निरोग । २ समान, तुल्य । ३ तीव्र, तेज ।

डाणणौ (बौ)–क्रि० ऊट की पीठ पर गद्दी कसना ।

डाणबळरोजगार–पु० एक प्रकार का सरकारी कर ।

डाणहूलौ–वि० वीर, योद्धा ।

डांणी–वि० लगान वसूल करने वाला ।

डाणे, (णै)–क्रि०वि० आनन्द से, मौज से ।

डाणौ–पु० कूए पर लगी शिला ।

डाफर–स्त्री० १ वाह्याडंबर, दिखावटी ठाट । २ वातचक्र, आधी । ३ अत्यन्त ठडी हवा । ४ शीतकाल की तेज वर्फीली हवा ।

डांफी–स्त्री० १ शीतल वायु । २ देखो 'डाफी' ।

डाब–देखो 'डाम' ।

डांवियौ–पु० एक काटेदार वृक्ष विशेप ।

डाभणौ (बौ)–देखो 'डामणौ' (वौ) ।

डाम–पु० १ तपी हुई सलाई से किसी प्राणी के शरीर पर लगाया जाने वाला दाग, अग्नि-दग्ध । २ इस प्रकार दग्ध करने से वनने वाला चिह्न ।

डांमडौ–पु० १ मचान । २ देखो 'डाम' ।

डांमणौ (बौ)–क्रि० अग्नि दग्ध करना, दाग लगाना ।

डामर–वि० [स० डामर] १ भयानक, भयकर । २ विप्लवकारी, उपद्रवी । ३ मनोहर, सुन्दर । –पु० १ कोलाहल, हल्ला । २ उपद्रव । ३ चीत्कार । ४ कोलतार । ५ काति, चमक । ६ भव्यता । ७ वैभव, शान । ८ ४९ क्षेत्रपालो मे से २९ वा क्षेत्रपाल । ९ एक प्रकार का तत्र । १० डमरू नामक वाद्य । ११ इस वाद्य की ध्वनि ।

डामरी–स्त्री० १ अवेरा । २ धुधलापन ।

डांमाणौ (बौ), डामावणौ (बौ)–क्रि० अग्नि दग्ध कराना, दाग लगवाना ।

डालवणौ (बौ)–क्रि० मेढक का बोलना ।

डाव–१ देखो 'डाम' । २ देखो 'दाव' ।

डांवणौ (बौ)–देखो 'डामणौ' (बौ) ।

डावाडोळ, डावाडोळ–वि० १ हिलने-डुलने वाला, अस्थिर । २ झूलता हुआ । ३ चलचित्त, भ्रमित । ४ विचलित । ५ अनिश्चित, अव्यवस्थित ।

डांस, डासर–पु० [स० दश] १ बडा मच्छर । २ पशुओ को काटने वाली एक मक्खी, पतंगा । –वि० १ जवरदस्त, जोरदार । २ बहुश्रुत, वयोवृद्ध ।

डासरियौ–पु० १ मझोले कद का एक पहाडी वृक्ष व उसका फल । २ देखो 'डासर' ।

डासू–पु० दश ।

डा–पु० १ सूर्य । २ भूत । ३ समूह । –स्त्री० ४ पृथ्वी । ५ उमा । ६ रमा । ७ डायन ।

डा'–१ देखो 'आवडी' । २ देखो 'डाह' । ३ देखो 'डाव' ।

डाइआळ–देखो 'डाइयाळ' ।

डाइचउ, डाइचौ–देखो 'दायजौ' ।

डाइण, डाइणि, डाइणी, डाइन–देखो 'डायण' ।

डाइयाळ–वि० १ बायी तरफ चलने वाला । २ कुछ बडा ।

डाई–स्त्री० १ वारी, पारी, नम्बर, क्रम । २ बच्चो के खेल मे हार की दशा । ३ देखो 'डाकी' । –वि० सीधी-सादी, विनम्र ।

डाउडौ–देखो 'डावडौ' ।

डाक–स्त्री० १ ध्वनि, आवाज । २ वाद्यो की ध्वनि । ३ रणवाद्य । ४ विजयी दुंदुभि, नगाडा । ५ शिव का डमरू । ६ युद्ध प्रिय देवता का बाजा । ७ उल्लू की आवाज । ८ तग लेकिन लम्वा भू-भाग । ९ हाथी को वश मे करने का छोटा भाला । १० हाथी के शरीर मे उक्त भाले का घाव । ११ डग, कदम । १२ डाकुओ का दल । १३ पत्र, चिट्ठी । १४ चिट्ठियो-पत्रों को यथा-स्थान भेजने की व्यवस्था करने वाला विभाग । १५ सरकारी पत्र, चिट्ठी । १६ डाक लेजाने वाली व बडे स्टेशनो पर ही रुकने वाली द्रुतगामी गाडी । १७ दूरी, फासला । १८ हाथियो का हैजा रोग । १९ शिव का गण-समूह । २० देखो 'डाकौ' । —**खरच**–पु० पत्र या किसी वस्तु को डाक द्वारा भेजने का खर्च । —**खानौ**–पु० डाक विभाग । —**गाड़ी**–स्त्री० डाक ले जाने वाली द्रुतगामी गाडी । —**घर**='डाकखानौ' । —**बंगळौ**–पु० पर्यटको के ठहरने का सरकारी आवास गृह ।

डाकचूक–वि० घवराया हुआ, डावाडोल ।

डाकडमाळ (डमाळी)–स्त्री० १ आडम्वर, ढोग दिखावा । २ एक प्रकार की लता ।

डाकण, डाकणि, (णी)–स्त्री० [स० डाकिनी] १ बच्चो को नजर लगाने वाली स्त्री, डायन । २ चूडैल, प्रेतिनी । ३ राक्षसी । ४ काली देवी की एक सहचरी । —**घोड़ौ**–पु० लक्कडवग्घा ।

डाकणौ (बौ)–क्रि० १ कूदना, फादना । २ कूद कर पार करना, लाघना । ३ छलाग लगाना । ४ दुधारू मवेशी का दूध देना वद कर देना ।

डाकदार–पु० १ मस्त हाथी को कावू मे करने वाला महावत । २ सरकारी डाक ले जाने वाला कर्मचारी । ३ डाकिया, चिट्ठी रसा ।

डाकमुसी–पु० किसी डाक घर का प्रभारी ।

डाकर–देखो 'डकर' ।

डाकरडोर–पु० भय, डर ।

डाकरणौ (बौ)–क्रि० १ सिंह या सूअर का क्रोध मे बोलना, गर्जना । २ डाटना, फटकारना ।

डाकळी–स्त्री० एक प्रकार का वाद्य ।

डाकवेल–स्त्री० नीव खोदने या क्यारी वनाने के लिए वनाई जाने वाली सीधी रेखा ।

डाकापाचम–स्त्री० फाल्गुण कृष्णा पंचमी की तिथि ।

डाकाबध–वि० १ जिसके यहा नगारे-निशान बजते रहते हो । २ योद्धा, वीर ।

डाकिणी (नि, नी)–देखो 'डाकण' ।

डाकियौ–पु० चिट्ठी रसा, पोस्टमेन ।

डाकी, डाकीड़–वि० (स्त्री० डाकण) १ बच्चो को नजर लगाने वाला । २ अधिक खाने वाला, पेटू । ३ महान् शक्तिशाली, जवरदस्त । ४ भयानक डील-डौल वाला । ५ नरभक्षी, असुर, दैत्य । ६ दुष्ट, आततायी । ७ वीर, बहादुर । –स्त्री० १ वृद्ध मादा ऊट । २ सोलकी वश की एक शाखा ।

डाकू–पु० १ लुटेरा, धाडायत । २ पेटू ।

डाकोत, डाकोतियौ–पु० 'डाक' नामक ज्योतिषी के वशजो की एक जाति व इस जाति का व्यक्ति ।

डाको–पु० १ लुटेरो का आक्रमण, धाडा, लूट का कार्य। २ भय, आतंक। ३ ढोल, नगाडा आदि बजाने का डंडा। ४ देखो 'डंको'। ५ देखो 'डागौ'।

डाग–स्त्री० १ वृद्ध मादा ऊट। २ टहनी, शाखा, डाली। ३ साग, भाजी, तरकारी। (जैन)

डागड़, डागडियौ, डागड़ो–देखो 'डागौ'।

डागळ–वि० १ जो आकार मे बडा हो। २ देखो 'डागळौ'।

डागळियौ- देखो 'डागळौ'।

डागळी–स्त्री० १ बैलगाडी का थाटा। २ देखो डागळे'। ३ देखो 'डागळौ'।

डागळे (ळै)–क्रि० वि० छत पर।

डागळौ–पु० छत, मकान के ऊपर का आगन।

डागाळ–पु० एक प्रकार का भाला।

डाच–देखो 'डाचौ'।

डाचकौ–पु० मिचली, मतली, ओकाई।

डाची–पु० मादा, ऊट।

डाचौ–पु० १ मुंह, मुख। २ बडा ग्रास। ३ मुह से काटने की क्रिया। ४ मुह से काटने का निशान।

डाट–स्त्री० १ घुडकी, क्रोध पूर्वक फटकार। २ रोक। ३ शीशी आदि के मुह मे कुछ फसा कर दिया जाने वाला ढक्कन, कार्क। ४ दबाव। ५ शासन। ६ देखो 'डाटौ'।

डाटउ–देखो 'डाटौ'।

डाटकिया–स्त्री० घोडो की एक जाति।

डाटकियौ–पु० एक जाति विशेष का घोडा।

डाटणौ (बौ)–क्रि० १ फटकारना, प्रताडना देना, डाटना। २ क्रोध पूर्ण स्वर मे बोलना। ३ गाडना। ४ दबाना, दबा कर रखना। ५ बद करना, ढकना। ६ छेद या मुह बद करना, फसाना। ७ किसी वस्तु को भिडाकर ठेलना। ८ खूब पेट भर खाना, कसकर खाना। ९ ठाट से पहनना।

डाटी–देखो 'डाट'।

डाटौ–पु० १ शीशी आदि को मुह या किसी छेद को बद करने के लिये फसाया जाने वाल ढक्कन, डाट। २ रोक। ३ मस्तक।

डाड, डाडडी–स्त्री० [स० दंष्ट्रा] १ चबाकर खाने वाला बडा दात, दाढ। २ रहट मे लगने वाला एक उपकरण। ३ रुदन, विलाप। ४ क्रूर दृष्टि।

डाडणौ (बौ)–क्रि० १ जोर मे रोना, गला फाडकर रोना, कूकना। २ चिल्लाना।

डाडर, डाडरौ–पु० १ वक्षस्थल, सीना। २ पीठ। ३ मेढक।

डाढाळ (ळी)–देखो 'डाढाळी'।

डाढाळौ–देखो 'डाढाळौ'।

डाडी–देखो 'डाढी'।

डाढ (डी)–देखो 'डाड'।

डाढ़णौ (बौ)–देखो 'डाडणौ (बौ)'।

डाढ़वाळ, डाढ़ाळ, डाढ़ाळी–स्त्री० १ देवी, दुर्गा, शक्ति। २ वह स्त्री जिसके चिबुक पर दाढी हो। ३ बडी-बडी दाढो वाली कोई मादा।

डाढ़ाळौ–पु० १ वराह अवतार। २ सूअर, शूकर। ३ सिंह; शेर। ४ बडी-बडी डाढो वाला प्राणी। ५ यवन, मुसलमान।

डाढी–स्त्री० १ ठोडी, चिबुक। २ चिबुक पर के बाल, हजामत। ३ चिबुक के बाल काटने की क्रिया।

डाढ़ेराव–वि० बडे-बडे दातो वाला।

डाढ़्याळी–देखो 'डाढाली'।

डाल्कार–पु० डमरू की ध्वनि। शब्द।

डाफर–देखो 'डाफर'।

डाफळ–वि० १ छितराया हुआ। २ बडा।

डाफी–स्त्री० १ मति, बुद्धि। २ अति शीघ्रता से पानी पीने से पेट मे बनने वाला वायु का गोला।

डाफौ–पु० चक्कर, व्यर्थ की भटकन।

डाब, डाबड़ी–पु० [स० दर्भ] १ कुश जाति की घास, कुश। २ बन्दूक मे लगा चमडे का तस्मा। ३ देखो 'दाव'।

डाबड़ौ–पु० १ रहट का घरा। २ देखो 'डाव'।

डाबर–पु० १ आखो का सौन्दर्य। २ बडे व गोल नेत्र। ३ छोटा तालाब, पोखर।

डाभ–देखो 'डाब'।

डायचौ- देखो 'दायजौ'।

डायजावाळ–पु० दहेज मे दिया हुआ व्यक्ति या सामान।

डायजौ–देखो 'दायजौ'।

डायण, (णि, णी, नि, नी)–स्त्री० १ एक प्रकार की लता। २ देखो 'डाकण'।

डायल–देखो 'डाहल'।

डायलौ–वि० (स्त्री० डायली) १ जबरदस्त, जोरदार। २ समर्थ। ३ देखो 'डावौ'।

डाया–स्त्री० बैलगाडी के अग्रभाग मे लटकने वाली दो लकडिया।

डायौ–वि० [स० दक्ष] (स्त्री० डाई, डायी) १ चतुर, दक्ष, समझदार। २ छटा हुआ, धूर्त, चालाक। ३ सीधा, सरल, सहज। ४ कुछ बडा। ५ बाया।

डार (ड), डारड़ियौ (डौ)–पु० १ झुण्ड, समूह। २ पंक्ति, अवली। ३ दल, टोली।

डारण–वि० १ योद्धा, वीर। २ शक्तिशाली, बलवान जबरदस्त। ३ दीर्घकाय, भीमकाय।

डारणौ (बौ)–क्रि० १ भयभीत करना, डराना । २ देखो 'डालणौ' (बौ) ।

डारपत, (पति, पतौ) पु० सूअर, शूकर ।

डारो–पु० १ सूअर । २ देखो 'डार' । ३ देखो 'डारण' ।

डाळ (ल)–स्त्री० १ तलवार की मूठ के ऊपर का भाग । २ तलवार का फल । ३ दरार, शिगाफ । ४ द्वार पर कमान की तरह लगे दो पत्थर । ५ शाखा, टहनी ।

डालणौ (बौ)–क्रि० १ किसी मे कुछ डालना, घुसाना, गिराना, मिलाना । २ एक वस्तु को दूसरी वस्तु पर फैलाना । ३ पहनना ।

डाळाअग–पु० केवट, नाविक ।

डाळामाथौ–पु० सिंह, शेर ।

डाळि, डाळी–स्त्री० वृक्ष आदि की शाखा, टहनी ।

डाळौ–पु० [स० दार] वृक्ष आदि की बडी शाखा ।

डालो–पु० [स० डल्ल] १ वास की खपचियो का वडा टोकरा, डलिया । २ ट्रक के पीछे का भाग, जहा सामान भरा जाता है ।

डाव–पु० १ नृत्य, नाच । २ एक बार मे किया जाने वाला नृत्य । ३ देखो 'दाव' ।

डावडियौ–देखो 'डावडौ' ।

डावडी–स्त्री० १ पुत्री, वेटी । २ कन्या, वालिका । ३ दासी, सेविका ।

डावडौ–पु० (स्त्री० डावडी) १ वालक, लडका । २ पुत्र, वेटा ।

डावरी–देखो 'डावडी' ।

डावरौ–देखो 'डावडौ' ।

डावलियौ, डावलौ–वि० १ वायें हाथ से अधिक कार्य करने वाला । २ देखो 'डावौ' ।

डावांडोळ, डावाडोळ–देखो 'डावाडोळ' ।

डावु, डावू, डावौ–वि०[स० वाम](स्त्री०डावी)१ वाया, वाम । २ प्रतिकूल, विरुद्ध । ३ उल्टा । ४ देखो 'डायौ' । –पु० १ वाया हाथ । २ वाया अग ।

डाह–स्त्री० [स० द'ह] ईर्ष्या, द्वेष, जलन ।

डाहणौ (बौ)–क्रि० धारण करना, पहनना ।

डाहर–पु० एक जाति विशेष ।

डाहळ–स्त्री० १ एक वाद्य विशेष । २ देखो 'डाळौ' ।

डाहल–पु० [सं०] १ शिशुपाल । २ एक देश । ३ इस देश के अधिवासी । ४ देखो 'डाहलौ' ।

डाहळौ–देखो 'डाळौ' ।

डाहलौ–वि० (स्त्री० डाहली) १ ईर्ष्या करने वाला, ईर्ष्यालु । २ देखो 'डायौ' । ३ देखो 'डावौ' । ४ देखो 'डाहल' ।

डाहापणौ–पु० चतुरता, दक्षता, सरलता, सीधापन ।

डाहिणि (णी)–स्त्री० छत्तीस प्रकार के शस्त्रो मे से एक ।

डाही–देखो 'डाई' ।

डाहुउ–पु० एक देश का नाम ।

डाहुलियौ, डाहुलौ–देखो 'डायलौ' ।

डाहूआर–देखो डाइयाळ' ।

डाहेरौ, डाहौ–देखो 'डायौ' । (स्त्री० डाही) ।

डिंगळ–स्त्री० राजस्थान या मरुप्रदेश की एक प्राचीन काव्य भाषा ।

डिंगळियौ, डिंगळ्यौ–वि० डिंगल का जानकार, 'डिंगल' का पडित ।

डिंडिम, डिंडिम, (मि, मी)–स्त्री० [स० दु दुभी] एक प्रकार का वाद्य ।

डिंडीर–पु० फेन, झाग ।

डिंब, डिंभ, डिंभक–पु० [स०] १ पुत्र, वेटा । २ युद्ध, लडाई । ३ जानवर का वच्चा ।

डिंभककरास्त्र–पु० एक प्रकार का अस्त्र ।

डिकामाळी–स्त्री० दक्षिण या मध्य भारत मे पाया जाने वाला वृक्ष ।

डिगबर, डिगंमर–देखो 'दिगवर' ।

डिगणौ (बौ)–क्रि० १ खडे या चलते हुए का सतुलन बिगडना । २ सतुलन बिगडने से गिर पडना । ३ हिलना-डुलना । ४ डगमगाना । ५ स्थान छोडना, हटना । ६ नीचे की ओर प्रवृत्त होना, झुकना । ७ प्रण पर दृढ न रहना, उसूलों से गिरना । ८ विचलित होना । ९ चारित्रिक कमजोरी आना ।

डिगपाळ–देखो 'दिगपाल' ।

डिगमिग–देखो 'डगमग' ।

डिगमिगाहट–देखो 'डगमगाहट' ।

डिगर–पु० [स० डिंगर] नौकर, चाकर, परिचायक ।

डिगाणौ (बौ), डिगावणौ (बौ)–क्रि० १ खडे या चलते हुए का संतुलन बिगाडना । २ नीचे गिराना । ३ धक्का या टक्कर लगाना । ४ हिलाना-डुलाना । ५ डगमगाना । ६ स्थान छुडाना, हटाना । ७ नीचे की ओर प्रवृत्त करना, झुकाना । ८ प्रण पर दृढ न रहने देना, उसूलो से गिराना । ९ विचलित करना । १० चरित्र से गिराना ।

डिचकारी–देखो 'टिचकारी' ।

डिचडिच–देखो 'टिचटिच' ।

डिढ–देखो 'द्रढ़' ।

डिमर–देखो 'डमरू' ।

डिलि–देखो 'डील' ।

डिल्लौ–पु० १ एक मात्रिक छद विशेष । २ एक वर्णिक छद विशेष ।

डींग–स्त्री० शेखी, गप्प । अतिशयोक्ति पूर्ण वात ।
डींगड़–देखो 'डीगौ' ।
डींगर, डींगरौ–पु० १ एक शिरे मे छेद कर या रस्सी वाध कर वदमाश पशु के गले मे लटकायी जाने वाली लकडी । २ मूर्ख प्राणी ।
डींगळ–देखो 'डिंगळ' ।
डींगळियौ–देखो 'डिंगळियौ' ।
डींगलौ–देखो 'ठींगलौ' ।
डींगाड़, डींगार–देखो 'डीगाड' ।
डींगोड, डींगोड़ियौ, डींगोडौ–देखो 'डीगौ' ।
डींगौ–पु० १लकडी का ठूंठा । २ मूर्ख व्यक्ति । ३ देखो 'डीगौ' ।
डींघड़, डींघल, डींघोड़–देखो 'डीगौ' ।
डींच–पु० पत्ती या फूल के पीछे का डंठल ।
डींडू–पु० जल मे रहने वाला सर्प ।
डींडोळियौ–१देखो 'डंडोळौ' । २ देखो 'डडियौ' ।
डींबु (बू), डींभू–पु० भिंड नामक कीट,ततैया, वरै ।
डींया–स्त्री० [सं० दृष्टि] १ नजर, दृष्टि । २ नेत्र, नयन ।
डी–पु० १ आसन । २ आमला । ३ आकाश । ४ समुद्र । ५ फेन, झाग । –स्त्री० ६ हरीतकी । ७ जजीर ।
डीकर, डीकरडी–देखो 'डीकरी' ।
डीकरड़ौ, डीकरियौ–देखो 'डीकरौ' ।
डीकरी–स्त्री० १ पुत्री, वेटी । २ लडकी, वालिका ।
डीकरौ–पु० [सं० दीप्तिकर] (स्त्री० डीकरी) १ पुत्र, वेटा । २ लडका, वालक ।
डीकामळी–स्त्री० गाडी ।
डीगड़, डीगड़ियौ, डीगड़ो, डीगळ, डीगलियौ, डीगलौ–देखो डीगौ' ।
डीगाड़, डीगार–पु० रहट मे लगने का लकडी का एक डडा ।
डीगोड़, डीगोडियौ, डीगोड़ौ–देखो 'डीगौ' ।
डीगौ, डीघड़, डीघड़ियौ डीघड़ौ,डीघल, डीघलियौ,डीघलौ,डीघोड़, डीघोडियौ, डीघोड़ौ, डीघौ–वि० [सं० दीर्घ] (स्त्री० डीगी) ऊचे या लवे कद का, लवा ।
डीठ–देखो 'दीठ' ।
डीबसियौ–देखो 'ढीवसियौ' ।
डीबौ, डीभू, डीमौ, डीम, डीमौ–पु० १ मानसिक कष्ट, आघात, सदमा । २ ईर्ष्या, डाह, जलन । ३ फोडा ।
डीर–पु० वृक्षो की मौर, वोर । मजरी ।
डीरा–स्त्री० ढोलियो की एक शाखा ।
डील–पु० १ शरीर, देह, तन । २ व्यक्ति, मनुष्य, प्राणी । ३ योनि, भग । —**भागौ**–पु० व्यापार या कृषि मे श्रम के वदले मिलने वाला भाग । —**डौल**–पु० शरीर का आकार, ढाचा, वनावट, विस्तार । —**वड़ी**= हाड़-वडी' ।
डीलायती, डीलायतौ–वि० १ शरीर या देह सवधी । २ भीमकाय, दीर्घकाय ।
डीलि–देखो 'डील' ।
डीली–देखो 'दिल्ली' ।
डीलोडील–पु० अग-उपाग ।
डीवा पाणत–पु० एक प्रकार का सरकारी कर ।
डीसा-मूळी–स्त्री० एक प्रकार की वनस्पती ।
डुंगर-जीवी–देखो 'डूंगरजीवी' ।
डुंगरि (री)–देखो 'डूंगरी' ।
डुंडि, (डी)–देखो 'डूंडी' ।
डुंब, डुंबड़यौ, डुंबड़ौ–देखो 'डूम' ।
डुंविलय–स्त्री० एक अनार्य जाति एव इस जाति का व्यक्ति ।
डुंहकलि, (लो)–स्त्री० एक वनस्पती विशेष ।
डु–पु० १ रक्त । २ स्तभ । ३ समुद्र । ४ कवूतर । –स्त्री० ५ पार्वती । ६ शक्ति । ७ लता । ८ आख ।
डुकलियौ, डुकलौ–पु० जीर्ण-शीर्ण या ढीली-ढाली खाट ।
डुकौ, डुक्कौ–पु० १ मुक्का, मुष्ठिका । २ मुष्ठिका प्रहार ।
डुखलियौ, डुखलौ–देखो 'डुकलौ' ।
डुगडुगाणौ (बौ), डुगडुगावणौ (बौ)–क्रि० डुगडुगी वजाना ।
डुगडुगी, डुगी–स्त्री० चमडा मढा एक छोटा वाद्य, डुग्गी ।
डुडंव, डुडद, डुडियंद–पु० सूर्य, रवि ।
डुपटी–देखो 'दुपटी' ।
डुपटौ, डुपट्टौ–देखो 'दुपट्टौ' ।
डुबकी–स्त्री० १ पानी मे पैठने की क्रिया, गोता । २ अवगाहन ।
डुबाणौ (बौ), डुबावणौ (बौ), डुबोणौ (बौ), डुबोवणौ (बौ)–क्रि० १ पानी आदि द्रव पदार्थ मे पैठा देना, घुसाना, गोता लगवाना । २ गहरे पानी मे ऐसे घुसाना कि सही सलामत वापस न निकल सके । ३ भिगोना, तरवतर करना । ४ नष्ट करना, वरवाद करना । ५ लीन या मग्न करना । ६ गलत हाथो मे दे देना । गलत जगह रखना । गलत जगह भेजना । ७ मिटाना ।
डुरकी–स्त्री० करुणरस प्रधान एक गीत विशेष ।
डुरगलियौ, डुरगली, डुरगलौ–पु० स्त्रियो का कर्णाभूषण विशेष ।
डुळणौ (बौ)–क्रि० १ विचलित होना, अस्थिरचित्त होना २ हिलना-डुलना, डोलना । ३ तरसना, लालायित होना ।
डुलणौ (बौ)–देखो 'डोलणौ' (बौ) ।
डुलहर–देखो 'डोलर' ।

डुळाणौ (बौ), डुळावणौ (बौ)–क्रि० १ विचलित करना, अस्थिरचित्त करना। २ हिलाना-डुलाना। ३ लालायित करना। तरसाना।
डुलाणौ (बौ), डुलावणौ (बौ)–देखो 'डोलाणौ' (बौ)।
डुळियौ–वि० विचलित, अधीर, आतुर, अस्थिर।
डुलीसुत–पु० कछुआ।
डुसकणौ (बौ), डुसकाणौ (बौ), डुसकावणौ (बौ)–क्रि० १ सुबक-सुबक कर रोना, सिसकना। २ हिचकिया भरना।
डुसकी डुसकौ, डुसक्यौ–पु० १ सुबक कर रोने की क्रिया, सिसकी, हिचकी। २ रुकती हुई लम्बी सास। ३ मरणासन्न अवस्था मे आने वाली हिचकी।
डूख डूंखळ, डूंखळियौ, डूंखळी, डूंखळौ–पु० १ पौधे का सूखा डठल। २ सूखी जड।
डूगर (डौ)–पु० [स० तुग] पहाड, पर्वत। —**जीवौ**–वि० पर्वत के समान दीर्घायु वाला। पर्वतो मे रहने वाला।
डूंगरडी, डूगरि–देखो 'डूगरी'।
डूगरियौ–देखो 'डूगर'।
डूंगरी–स्त्री० छोटी पहाडी, पहाड की चोटी।
डूगरेची–स्त्री० आवड देवी का एक नाम।
डूंगळौ–पु० एक प्रकार का घास।
डूंगी–वि० गहरी, अधिक गहरी। –पु० तबले का वाया।
डूंच–१ देखो 'डूचकौ'। २ देखो 'डूज'।
डूंचकौ–पु० १ डठल। २ पौधा कटने के बाद पीछे रहने वाला भाग। २ देखो 'डाचकौ'।
डूंचणौ (बौ)–क्रि० १ ज्वार, बाजरे आदि की फसल की बालें तोडना। २ काटना। ३ इकट्ठा करना। ४ डाट, लगाना, रोकना।
डूचियो–१ देखो 'डूचकौ'। २ देखो 'डूजौ'।
डूचोड़, डूचौ–पु० १ खेत मे बना मचान। २ देखो 'डूजौ'।
डूज–पु० १ तूफान, अंधड, तेज हवा। २ देखो 'डूजौ'।
डूजियौ, डूंजौ–पु० १ शीशी आदि के संकरे मुह या छेद को बद करने के लिए फसाई जाने वाली वस्तु, कार्क, डाट। २ श्वास अवरोध की अवस्था, वेहोशी। ३ खाते समय गले मे ग्रास अटकने से होने वाला कष्ट।
डूंड–पु० १ तेज वायु के साथ उडने वाली गर्द। २ वात चक्र।
डूंडळी–स्त्री० १ बिना सीग की गाय या भैंस। २ देखो 'डूडी'।
डूंडि, डूडी–स्त्री० १ नगाडा। २ नगाडा आदि वाद्य बजा कर गली-गली मे दी जाने वाली सूचना। ३ नाव।
डूंडौ–पु० १ नाव, नौका। २ वृद्ध भैंस।
डूव डूवडियौ, डूवडौ–देखो 'डूम'।
डूबी–देखो 'डूमी'।
डूमो–पु० रहट को उल्टा घूमने से रोकने वाला उपकरण।
डूकण, डूकणियौ, डूकणौ–पु० कूल्हे की हड्डी जो रीढ से जुडी रहती है।
डूकळ, डूकळियौ, डूकळौ–पु० खलिहान मे पडा वह भूसा जिसमे थोडा-थोडा अनाज हो।
डूगलौ–पु० [स०दोल दोलिका] एक विशिष्ट प्रकार की पालकी।
डूचकौ–१ देखो 'डूचकौ'। २ देखो 'ठोली'।
डूचणौ (बौ)–देखो 'डूचणौ' (बौ)।
डूचियौ, डूचोड़, डूचौ–देखो 'डूजौ'।
डूव, डूवड़ियौ, डूवडौ–देखो 'डूम'।
डूबणौ (बौ)–क्रि० १ पानी आदि तरल पदार्थ मे घुस जाना, वूडना, पैठना। २ गहरे पानी मे वूड कर मरना। ३ विचार मग्न या लीन होना। ४ किसी कार्य मे पूर्ण मनोयोग से लगना। ५ बुरे स्थान पर चला जाना। ६ गलत हाथो मे पड जाना। ७ वरवाद या नष्ट होना। विगडना। ८ मिटना। ९ हानि या घाटा लगना। १० ऋण या व्यवसाय का धन प्राप्त न होना। ११ सूर्य, ग्रहो आदि का अस्त होना। १२ भीगना।
डूबांण–स्त्री० १ वर्षा का पानी रुकने की नीची भूमि। २ गहराई, गभीरता। ३ डूबना क्रिया या भाव।
डूवोड़ौ–वि० डूवाहुआ, भीगा हुआ, लीन, मग्न, अस्त।
डूम, डूमड, डूमल, डूमलियौ, डूमलौ–पु० [स० डम] (स्त्री० डूमण, डूमणी) १ एक जाति व इस जाति का व्यक्ति, डोम। २ ढोली।
डूमी–पु० गौर-वर्ण व काले मुह का भयकर विषैला सर्प।
डूर–पु० १ वाजरी का दाना निकलने के वाद वचा हुआ फूमदा तुतडा। २ देखो 'दूर'।
डूळ–पु० वडी हड्डी।
डूल–स्त्री०१ भ्रान्ति, गलतफहमी, भ्रम। २ भूमि पर लिया जाने वाला एक कर्ज। –वि० चलायमान, डोलता हुआ, चलित।
डूलाणौ (बौ), डूलावणौ (बौ)–देखो 'डोलाणौ' (बौ)।
डे–पु० १ धर्मराज। २ धर्म। ३ मृग। ४ जिह्वा, वाणी।
डेग, डेगड, डेगडियौ, डेगडी, डेगड़ौ, डेगचौ–१ देखो 'देगडौ'। २ देखो 'देगचौ'।
डेडण (णी)–स्त्री० ढाढी जाति की स्त्री।
डेडर, डेडरडौ, डेडरियौ, डेडरौ–पु० [स० दर्दुर] (स्त्री० डेडरी) १ मेढक, दादुर। २ मेढक की तरह आवाज करने वाला एक मिट्टी का खिलौना। ३ दोहे छन्द का एक भेद।
डेडौ–पु० आख, आख का डोला।
डेणकी–स्त्री० घडियाल के टूटने पर बचा हुआ नीचे का भाग।
डेर–स्त्री० १ एक वाद्य विशेष। २ देखो 'डेरो'।
डेरउ, डेरकियौ, डेरड़, डेरडौ, डेरियौ, डेरौ–पु० १ धन, द्रव्य। २ ठहरने के लिए फैलाया हुआ सामान। ३ यात्रा मे साथ

रहने वाला सामान । ४ यात्रा के बीच का विश्राम । ५ प्रवास मे रहते समय ठहरने का स्थान । ६ निवास स्थान । ७ किसी सामत का निवास स्थान । ८ तवू शामियाना, खेमा । ९ कैंप, अस्थाई आवास । १० नाच-गाने वालो की मडली । ११ फौज का पडाव । १२ दल ।

डेळ–वि० १ पथ भ्रष्ट, भ्रष्ट । २ सुस्त ।

डेलटो–पु० १ वह स्थान जहा नदी समुद्र मे गिरती है । नदी का मुहाना । २ इस स्थान पर वने रेत आदि के टीबे जो नदी को कई धारा मे विभक्त करते हैं ।

डेळही, डेळी, डेल्ही–स्त्री० १ नियत । २ देखो 'देहरी' ।

डेवणौ (बौ)–देखो 'देणौ' (वौ) ।

डेण–वि० अति वृद्ध, बूढा सठिया वुद्धि का ।

डैं–पु० १ वृक्ष । २ कान । ३ एक प्रकार का घास, कास । –स्त्री० ४ कोयल । –वि० सफेद, श्वेत ।

डैंकाणौ (बौ), डैंकावणौ (बौ)–१ देखो 'डहकाणौ' (वौ) । २ देखो 'डकाणौ' (वौ) ।

डैंडाट–पु० १ हरापन, ताजगी । २ गाय, भैंस आदि के बच्चे की चिल्लाहट ।

डैंढो–देखो 'डौढो' ।

डैंण–देखो 'डैंण' ।

डैंर–१ देखो 'डेरो' । २ देखो 'डैरो' ।

डैंरी–स्त्री० १ काली व चिकनी मिट्टी वाली भराव की कृषि भूमि । २ आस-पास के धरातल से कुछ नीची भूमि । ३ जगल, वन । ४ देखो 'डैरौ' । —**माता**–स्त्री० गुर्जरो की एक देवी विशेष ।

डैंरु, (रू रू)–पु० १ डमरू नामक एक वाद्य । २ बायें घुटने का एक वात रोग, घुटने का क्रोष्टुशीर्ष ।

डैंरो–पु० धातु का चौडे मुह का गोल-पात्र जिसके खडा दस्ता लगा हो ।

डैंळको–पु० मानसिक आघात, दु ख ।

डैंलाण–पु० द्वार के ऊपर बना खिडकी व झरोखे वाला कक्ष ।

डैंहकाणौ (बौ), डैंहकावणौ(बौ)–देखो 'डहकावणौ' (वौ) ।

डो–पु० १ पाप । –स्त्री० २ प्रौढा । –वि० १ पापी । २ मुग्ध ।

डोइलउ, डोइलियौ–देखो 'डोई' ।

डोइलौ, डोई, डोईलौ–पु० १ पात्र विशेष । २ देखो 'डोई' । –स्त्री० [स० दारुहस्त] ३ काष्ठ का बना वडा चम्मच ।

डोक–पु० १ घोडे, गधे आदि के लोटने से भूमि पर बना चिह्न । २ देखो 'डोकौ' ।

डोकर (ड़ो)–१ देखो 'डोकरो' । २ देखो 'डोकरी' ।

दइ– १ देखो 'दई'। २ देखो दैव'।

दइगपाळ–देखो 'दिकपाल'।

दईणो (बो)–देखो दैणो (बो)।

दइत–देखो'दैत्य'।—**निकद, निकदण**='दैत्य निकदण'।

दइतडी–स्त्री० एक प्रकार की मिठाई, पकवान।

दइतागुर–पु० [स दैत्य गुरु] १ शुक्राचार्य। २ रावण, दशासन।

दइत्त–देखो 'दैत्य'।

दइत्यद्र–पु० [स० दैत्य-इन्द्र] १ वलिराजा। २ दैत्य।

दइबांण–१ देखो 'दीवाण'। २ देखो 'दइवाण'।

दइवत–देखो 'दैव'। —**गति**= दैवगति'।

दइव–देखो 'दैव'। —**राय, रायो**= 'दईवराय'।

दइवाण (न)–वि० १ विशालकाय, भीमकाय। २ महान, जबरदस्त। ३ वीर, योद्धा। ४ शक्तिशाली, समर्थ। ५ देखो 'दीवाण'।

दइवी–देखो 'दैवी'।

दई–पु० [स० दधि] १ गर्म दूध मे खटाई डालकर तैयार किया हुआ खाद्य पदार्थ, दधि, दही। [सं० दैवी] २ आश्चर्य, विमस्य। ३ प्यारा, प्रिय। ४ देखो 'दैव'।

दईगत–देखो दैवगति'।

दईतद्र– देखा 'दइत्यद्र'।

दईत–पु० [स० दैत्य] १ यवन। २ देखो 'दैत्य'।

दईतेंद्रवर–पु० [स० दैत्य-इन्द्र-वर] महादेव, शिव।

दईत्यारी–पु० [स० दैत्य-अरि] देवता।

दईब, दईय, दईव–देखो दैव'।

दईवगत–देखो 'देवगत'।

दईवराय, (रायो)–वि० [स० देव+राट्] १ महान, बडा, शक्तिशाली। २ देखो 'देवराज'।

दईव-सजोग–देखो 'देवजोग'।

दईवांण–१ देखो 'दइवाण'। २ देखो 'दीवाण'।

दउडणो (बो)–देखो 'दौडणो' (बो)।

दउड–देखो 'डौड'।

दउढो–देखो 'डौढो'।

दउलत–देखो 'दौलत'।

दउलेय–पु० [स० दौलेय] कछुआ।

दक–पु० [स०] पानी, जल।

दकसीर–स्त्री० [स० दकशिरा] नदी।

दकार, दकारियो–पु० [स०दकार] त वर्ग का तीसरा वर्ण 'द'।

दकाळ–स्त्री० १ फटकार। २ ललकार।

दकाळणौ–वि० (स्त्री० दकाळणी) १ उत्साहित करनेवाला, जोश दिलाने वाला। २ ललकारने वाला। ३ फटकारने वाला।

दकाळणौ (बौ) क्रि० १ उत्साहित करना, प्रोत्साहन देना। २ ललकारना। ३ फटकारना।

दकूळ–देखो 'दुकूळ'।

दक्काळौ–देखो 'दकाळणौ'।

दक्ख–१ देखो 'दक्ष' २ देखो 'दुख'।

दक्खण–देखो 'दक्षिण'।

दक्खणा–देखो 'दक्षिणा'।

दक्खणौ (बौ)–देखो 'दाखणौ' (बौ)।

दक्खि–देखो 'दुखी'।

दक्खिण–देखो 'दक्षिण'।

दक्ष–पु० [सं०] एक प्रसिद्ध प्रजापति। –वि० १ किसी कार्य मे निपुण, कुशल। २ चतुर, होशियार। ३ योग्य। ४ विशेषज्ञ ५ उपयुक्त, उपयोगी। ६ सावधान, तत्पर। ७ फुर्तीला। ८ सच्चा, ईमानदार। ९ दाहिना।

दक्षण–वि० [स० दक्ष] १ चतुर, दक्ष, होशियारी, २ देखो 'दक्षिण'। –**पथी**='दक्षिणपथी'।

दक्षणा–देखो 'दक्षिणा'।

दक्षता–स्त्री० [स०] निपुणता, कुशलता, योग्यता। होशियारी, चतुराई।

दक्षन–देखो 'दक्षिण'।

दक्षसावरणी–पु० [स० दक्षसावर्णि] नौवें मनु का नाम।

दक्षा–स्त्री० [स०] १ पृथ्वी भूमि। २ देखो 'दक्ष'।

दक्षिण–वि० [स०] १ दाहिना। २ वाम का विपर्याय। ३ दक्षिण की ओर अवस्थित। ४ प्रिय, मधुर। ५ शिष्ट, सभ्य, भद्र। ६ आज्ञाकारी। ७ अवलम्बित। ८ देखो 'दक्ष' –स्त्री० १ उत्तर के सामने की दिशा। २ दक्षिण देश की भाषा। -पु० ३ दक्षिण प्रदेश। ४ सभी नायिकाओ पर समान अनुराग रखने वाला नायक। ५ विष्णु। ६ तत्रोक्त एक मार्ग या आचार।

दक्षिणगोळ–पु० [स० दक्षिण गोल] विषुवत रेखा के दक्षिण मे पडने वाली राशिया।

दक्षिणचतुरथांसपादासण (न)–पु० एक प्रकार का योगासन।

दक्षिणजान्वासण. (न)–पु० [स०] एक प्रकार का योगासन।

दक्षिणतरकासण (न)–पु० [स०] एक प्रकार का योगासन।

दक्षिण-पथ, दक्षिणपथौ–पु० [स० दक्षिणपथ[१ दक्षिण प्रदेश। २ इस प्रदेशोत्पन्न घोडा। ३ दक्षिण मार्गी।

दक्षिणपादअपानगमनासण–पु० [स०] योग के चौरासी आसनो मे से एक।

दक्षिणपाद सिरासण–पु० योग के चौरासी आसनो मे से एक।

दक्षिण वक्रासण–पु० योग के चौरासी आसनो मे से एक।

दक्षिण साखासण–पु० योग के चौरासी आसनो मे से एक।

दक्षिणा–स्त्री०[स०]१ यज्ञ कथादि शुभ कार्य करवाने के उपरात व्यास, ब्राह्मण या पुरोहित को दी जाने वाली भेंट। २ दक्षिण दिशा। ३ दान, भेंट। ४ यज्ञ पुरुष की स्त्री। ५ पुरस्कार, पारिश्रमिक। ३ दुधारु गौ। ७ दक्खिनी भारत। ८ एक प्रकार की नायिका।

दक्षिणाचल–पु० [स० दक्षिणाचल] मलयगिरि, मलयाचल।

दक्षिणाचारी–पु०[स०] विशुद्धाचारी, सदाचारी।

दक्षिणापथ–पु० [स०] दक्षिण भारत का प्रदेश।

दक्षिणायण–पु० [स० दक्षिणायन] १ सूर्य की दक्षिण दिशा मे गमन करने की क्रिया या अवस्था। २ कर्क सक्राति से मकर सक्राति तक की अवधि जब सूर्य दक्षिणायन मे रहता है। –वि० भूमध्य रेखा से दक्षिण की ओर, दक्षिण की ओर का।

दक्षिणावरत–पु० [स दक्षिणावर्त] १ दाहिनी ओर घुमाव वाला शख। -वि० दक्षिणी या दाहिनी ओर मुडा हुआ।

दख–१ देखो 'दक्ष'। २ देखो 'दुख'।

दखण–देखो 'दक्षिण'। –**पथौ**='दक्षिणपथौ'।

दखणपति (पती)–पु० [स० दक्षिणपति] १ चन्द्रमा, चाद। २ यमराज।

दखणांण–स्त्री० १ दक्षिण दिशा। २ देखो 'दक्षिणायण'।

दखणा–देखो 'दक्षिणा'।

दखणाद–वि० दक्षिण दिशा का। –स्त्री० १ दक्षिण दिशा। २ देखो 'दक्षिण'। ३ देखो 'दखणी'।

दखणादि दखणाधि, (धी,धू)–स्त्री० [स० दक्षिण-ध्रुव] दक्षिण दिशा की वायु। –क्रि० वि० दक्षिण मे, दक्षिण की ओर।

दखणायण–देखो 'दक्षिणायण'।

दखणी–पु० [स० दक्षिणीय] १ दक्षिण देश का निवासी। २ दक्षिण देश की भाषा। ३ दक्षिण दिशा। ४ दक्षिण दिशा की वायु। –वि० दक्षिण का।

दखणीचवळा–स्त्री० एक प्रकार की वनस्पति।

दखणौ (बौ)– १ देखो 'दाखणौ'(बौ)। २ देखो 'देखणौ'(बौ)।

दखन–देखो'दक्षिण'।

दखमा–पु० फारसियो का मुर्दे रखने का स्थान।

दखल(ळ)–स्त्री०[अ दखल]१ हस्तक्षेप। २ पहुच। २ अधिकार कब्जा। –**नामौ**–पु० शासक द्वारा प्रदत्त अधिकार पत्र।

दखसावरणी–देखो 'दक्षसावरणी'।

दखा–देखो 'दक्ष'।

दखिण–देखो 'दक्षिण'।

दखिणा–देखो 'दक्षिणा'।

दखिणाद, (ध)–देखो 'दखणाद'।

दखिणाधी (धू)–देखो 'दखणाद'।

दखिणानिळ–पु० [स० दक्षिण-अनिल] दक्षिण की ओर से चलने वाली वायु। मलयानिल।

दखिणाव्रत–देखो 'दक्षिणावरत'।

दखियाणी–स्त्री० राजा दक्ष की पुत्री, सती।

दखोडी–स्त्री० पतगा विशेष।

दख–१ देखो 'दक्ष'। २ देखो 'दाख'

दखणी–देखो 'दखणी'।

दख्यण–देखो 'दक्ष'।

दख्यणा–देखो 'दक्षिणा'।

दख्यणो–वि० कहने वाला। दिखाने वाला। प्रगट करने वाला।

दख्यणौ (बो)–देखो 'दाखणौ' (बो)।

दख्याणी–देखो 'दखियाणी'।

दगत–देखो 'दिगत'।

दगंतर–देखो 'दिगतर'।

दगंबर–देखो 'दिगवर'।

दगबरी–देखो 'दिगबरी'।

दगमर–देखो 'दिगबर'।

दग–स्त्री० १ ध्वनि विशेष। २ बूद। ३ देखो 'दाग'। ४ देखो 'दक'।

दगग–देखो 'दग'।

दगड–पु० १ लडाई मे वजाया जाने वाला वडा ढोल। २ वडा पत्थर। ३ अनगढा पत्थर। ४ खुला स्थान। ५ मुसलमान। ६ वडा मार्ग, चौडा मार्ग। —**बार**–पु० वडा दरवाजा। खुला मैदान।

दगणौ (बो)–क्रि० १ तोप-बन्दूक आदि का छूटना, दागा जाना। २ जलना, दग्ध होना, झुलसना। ३ चिह्न दागा जाना। ४ धोखा खाना, ठगा जाना। ५ देखो 'दाखणौ' (बो)।

दगदगी–स्त्री० [सं० दगदगा] १ एक प्रकार की कडील। २ डर, भय। ३ कपन, कपकंपी। ४ शक, सदेह।

दगदगणौ (बो)–क्रि० १ भयभीत होना, डरना। २ कापना, थर्राना।

दगध–देखो 'दग्ध'। —**अखर, अखिर**='दग्धाक्षर'। —**मत्र**='दग्धमत्र'।

दगधाजीरण–पु० [स० दग्धाजीर्ण] एक प्रकार का अजीर्ण रोग।

दगपाळ–देखो 'दिकपाळ'।

दगमग–स्त्री० १ चमक-दमक। २ देखो 'डगमग'।

दगली–देखो 'डगली'।

दगलो–पु० एक प्रकार का कवच।

दगाणौ (बो)–क्रि० १ तोप, बन्दूक आदि का छुड्वाना, दगवाना। २ जलवाना, दग्ध कराना, झुलसाना। ३ दग्ध कराकर चिह्नित कराना। ४ ठगवाना, धोखा दिराना।

दगादार–वि० [फा०] धोखावाज, छली।

दगावाज–वि० [फा०] १ कपटी, छली, धोखावाज। २ मक्कार।

दगावाजी–स्त्री० [फा०] १ छल, कपट, धोखा। २ मक्कारी।

दगावणौ (बो)–देखो 'दगाणौ' (बो)।

दगंल–देखो 'दागल'।

दगो–पु० [फा० दगा] १ धोखा, छल, कपट। २ ठगी। ३ विश्वासघात।

दग्ग–देखो 'दाग'।

दग्गड़–देखो 'दगड'।

दग्गणौ (बो)–देखो 'दगणौ' (बो)।

दग्गाज–देखो 'दिग्गज'।

दग्गो–देखो 'दगो'।

दग्ध–वि० [स०] १ जला हुआ। २ जला कर दागा हुआ। ३ दुखी, सतप्त। ४ भस्म हुवा हुआ। ५ भूखो मरा हुआ। ६ शुष्क, फीका। –पु० १ दुःख। २ दग्धाक्षर।

दग्धमंत्र–पु० [सं०] एक तान्त्रिक मत्र।

दग्धा–स्त्री० [स०] १ कुछ विशिष्ट राशियो वाली तिथि। २ कुरु नामक वृक्ष विशेष। ३ सूर्यास्त की दिशा।

दग्धाक्षर, दग्धाखर–पु० [स० दग्धाक्षर] छन्द के प्रारभ मे वर्जित माना जाने वाला वर्ण।

दडद, दडदो–पु० १ किसी वस्तु के गिरने का शब्द। २ देखो 'दिनद'।

दड़–स्त्री० १ उर्वरा शक्ति बढाने के लिये छोडी हुई कृषि भूमि। २ छत पर सदला करने के ककर आदि। ३ शब्द करते हुए गिरने वाला पदार्थ। ४ वस्तु के गिरने से उत्पन्न ध्वनि। ५ विवर, बिल।

दड़अड–देखो 'दडी'।

दडक–स्त्री० १ अत्यल्पकालिक वर्षा की झडी। २ दौड। –क्रि०वि० शीघ्र, अचानक, सहसा।

दडकणौ (बो)–क्रि० १ भागना, दौडना। २ दीवार मे गोबर की लिपाई करना। ३ कट कर दूर पडना। ४ लुढ़कना।

दडकली–देखो 'दडी'।

दडकाणौ (बो)–क्रि० १ भगाना, दौडाना। २ दीवार को गोबर से लिपवाना। ३ उडेलना। ४ मारना, काटना।

दडके, दड़कै–क्रि० वि० शीघ्र, तुरत। तेज गति से।

दडको–पु० १ दौड। २ द्रुतगति। ३ ध्वनि विशेष। ४ गोबर की लिपाई। ५ वर्षा की हल्की झडी।

दडवकणौ (बौ)–देखो 'दडकणौ' (बौ)
दडगल–देखो 'दडघल' ।
दडगली–देखो 'दडी' ।
दडघल–पु० १ एक औषधि विशेष । २ वर्षा ऋतु मे होने वाला पौधा विशेष ।
दडड–स्त्री० वर्षा की बूदें या वस्तुओ के निरन्तर गिरने से उत्पन्न ध्वनि ।
दडड़णौ (बौ)–क्रि० १ बरसना या लगातार गिरना । २ दड-दड ध्वनि होना । ३ गूजना ।
दडणौ (बौ)–क्रि० १ किसी विवर या दरार को गोबर आदि से बद करना । २ दीवार मे गोबर लीपना ।
दडदड, दडद्दड़–देखो 'दडड' ।
दडपणौ (बौ)–क्रि० १ आच्छादित होना । २ लीपना ।
दडवड–देखो 'दडड़' ।
दडवडणौ (बौ)–देखो 'दडवडणौ' (बौ) ।
दडवडाट–देखो 'दडवडाट' ।
दडवडाणौ (बौ)–देखो 'दडवडाणौ' (बौ) ।
दड़वौ–पु० १ छोटा टीबा । २ रेत का जमा हुआ ढेर । ३ ढेर, राशि । ४ धन, द्रव्य । ५ अनगढ़ पत्थर । ६ छोटा बद कमरा ।
दडवक–स्त्री० [स० द्रव] द्रुतगति से भागने की क्रिया या भाव ।
दडवड–स्त्री० १ दौड-भाग । २ देखो 'दडड' ।
दडवडणौ (बौ)–क्रि० [स० द्रव] १ दौडना, भागना । २ शरीर पर हल्का मुष्टि प्रहार करना ।
दडवडाट–स्त्री० वाहनो के चलने, दौडने आदि से उत्पन्न ध्वनि ।
दडवडाणौ (बौ)–क्रि० [स० द्रव] दौडाना, भगाना ।
दडाक–क्रि०वि० अचानक, शीघ्र, सहसा, तुरत । –स्त्री० किसी वस्तु के गिरने की ध्वनि ।
दडाछट (छट)–वि० निर्भय, नि शक, निडर । –क्रि०वि० निडरता से, विना अटके ।
दडिंवक–देखो 'दिनद' ।
दड़ियड–१ देखो 'दडी' । २ देखो 'दडड' ।
दडींदौ–पु० १ प्रहार, चोट । २ ध्वनि विशेष ।
दडी–स्त्री० गेंद ।
दडूकणौ–वि० जोश मे बोलने वाला, दहाडने या गरजने वाला ।
दडूकणौ (बौ)–क्रि० दहाडना, गर्जना, ताड़ूकना ।
दडौ–पु० १ बडी गेंद । २ देखो 'घडौ' ।
दचकौ–देखो 'डचकौ' ।
दच्छ–देखो 'दक्ष' ।
दच्छणा–देखो 'दक्षिणा' ।
दछ–देखो 'दक्ष' ।
दछा–देखो 'दसा' ।
दछि–देखो 'दक्ष' ।
दछिणा–देखो 'दक्षिणा' ।
दजोण, दज्जोण–देखो 'दुरयोधन' ।
दझणौ (बौ), दझळणौ (बौ)–देखो 'दाझणौ' (बौ) ।
दझाडणौ(बौ), दझाणौ (बौ) दझाळणौ(बौ), दझावणौ (बौ)–क्रि० [स० दग्ध] १ जलाना । २ दग्ध कराना । ३ झुलसाना । ४ दु खी करना, कुढाना ।
दट–पु० फलादि किसी वस्तु के गिरने की ध्वनि । –वि० [स० दुष्ट] दुष्ट । –क्रि०वि० शीघ्र, झट ।
दटणौ (बौ)–क्रि० १ दबना, फीका पडना, मिटना । २ नष्ट, होना, कटना । ३ किसी विवर, सूराख आदि का बद होना । ४ नियत्रण या काबू मे आना । ५ रुकना । ६ देखो 'डटणौ (बौ) ।
दटपट–पु० [स० दृढपद] एक मात्रिक छद विशेष ।
दटाक–देखो 'दट' ।
दठि–१ देखो 'द्रस्टि' । २ देखो 'दट' ।
दडउ–देखो 'दडौ' ।
दडवडी–स्त्री० तवला नामक वाद्य ।
दडवड–देखो 'दडवड' ।
दडवडणौ (बौ)–देखो 'दडवडणौ' (बौ) ।
दडवडाट, (टि)–देखो 'दडवडाट' ।
दडवडी– देखो 'दडदडी' ।
दडिंदक–देखो 'दिनद' ।
दडूकणौ (बौ)–देखो 'दडूकणौ' (बौ) ।
दडूलु, (लौ)–देखो 'दडौ' ।
दडौ–देखो 'दडौ' ।
दड्ढणौ (बौ)–क्रि० [स० दग्धनम्] जलना, भस्म होना ।
दढ–देखो 'द्रढ' ।
दढ़णौ (बौ)–देखो 'दड्ढणौ' (बौ) ।
दढि–देखो 'दाढी' ।
दढियळ–देखो 'डढियाळ' ।
दढ्ढा–देखो 'डाढ' ।
दणयर–१ देखो 'दिनकर' । २ देखो 'दुनिया' ।
दणी–स्त्री० धनुष ।
दणीयर–देखो 'दिनकर' ।
दणु (णू)–देखो 'दनु' ।
दत–पु० [स० दत्त] १ दान, भेंट । २ जैनियो के नौ वासुदेवो मे से एक । ३ सन्यासी । ४ पौष्टिक पदार्थ । ५ देखो 'दत्त' । —दायजौ–पु० दहेज सबधी भेंट ।
दतक–देखो 'दत्तक' ।
दतचाळ–पु० दानवीर राजा कर्ण ।
दतणौ (बौ)–क्रि० १ दान देना । २ पौष्टिक पदार्थ खिलाना ।

दतदेव–पु० दत्तात्रेय मुनि ।
दतवर–पु० शिव, महादेव ।
दता–देखो 'दाता' ।
दतात्रय–देखो 'दत्तात्रेय' ।
दतावरी–देखो 'दातावरी' ।
दति–१ देखो 'दत' । २ देखो 'दत्त' । ३ देखो 'दिति' ।
दतिसुत-पु० [स० दितिसुत] असुर, दैत्य, राक्षस ।
दती–वि० दातार, उदार । –पु० १ दत्तात्रेय ऋषि । २ देखो 'दत' । ३ देखो 'दिति' ।
दतुण–देखो 'दातण' ।
दत्त–वि० [स०] १ दिया हुआ । भेंट किया हुआ । २ सौंपा हुआ । ३ रखा हुआ । ४ पसारा हुआ । –पु० १ बारह प्रकार के पुत्रो मे से एक । २ वैश्य की उपाधि । ३ दत्तात्रेयी । ४ सन्यासी । ५ दान, भेंट ।
दत्तक-पु० [स०] गोद लिया हुआ पुत्र ।
दत्तचित्त–वि० [स०] पूर्ण मनोयोग से लगा हुआ, लीन, मग्न ।
दत्तणौ (बौ)–देखो 'दतणौ' (बौ) ।
दत्तति–देखो 'दत्तात्रेय' ।
दत्ततीरथक्रत–पु० [स० दत्ततीर्थंकृत्] जैन मतानुसार गत उत्सर्पिणी के आठवें अरिहत ।
दत्तदायजौ–पु० दहेज ।
दत्तव (व)–पु० [स० दत्त] दान ।
दत्ता, दत्तात्रेय–पु० [स०] अत्रि व अनुसूया के पुत्र एक ऋषि ।
दत्तावरी–देखो 'दातावरी' ।
दत्ती–स्त्री० पार्वती, दुर्गा, शक्ति ।
दत्तोपनिसद–पु० [स० दत्तोपनिषद्] एक उपनिषद् का नाम ।
दत्तोलि–पु० [स०] पुलस्त्य मुनि का एक नाम ।
दत्तौ–वि० दानी, उदार ।
दद–देखो 'उदधि' ।
ददगम्रखंनिधदांन–पु० कल्पवृक्ष ।
ददराज–पु० [स० उदधि-राज] सागर, समुद्र ।
ददांमौ–पु० एक वाद्य विशेष ।
ददौ–पु० १ 'द' अक्षर । २ देने को कहने का शब्द । ३ देखो 'दादौ' ।
दद्धीच–देखो 'दधीचि' ।
दद्दौ–देखो 'दादौ' ।
दध–स्त्री० [स० द्वेष] १ डाह, ईर्ष्या । २ देखो 'उदधि' । ३ देखो 'दई' । —खीर='उदधिखीर' । —जा–स्त्री० लक्ष्मी, रमा ।
दधणौ (बौ)–क्रि० [स० दग्ध] भस्म होना, जलना ।
दधधाम–पु० [स० उदधि-धाम] वरुण ।
दधपुरी–पु० [स० उदधि-पुरी] द्वारकापुरी ।
दधभेदी–पु० [स० उदधि-भेदिन्] केवट, मल्लाह ।
दधमुख–पु० [स० दधि-मुख] सुग्रीव का मामा एक बन्दर ।
दधविधी–पु० [स० उदधि + विध] केवट ।
दधसार–पु० [स० दधि + सार] १ मक्खन, नवनीत । [स० उदधि + सार] २ मदिरा ।
दधसुत–पु० [स० उदधि + सुत] १ शख । २ अमृत । ३ चन्द्रमा । ४ प्रवाल मूगा । ५ मोती । ६ विष । ७ कमल । ८ जालधर दैत्य ।
दधसुतनी (सुता)–स्त्री० [स० उदधि-सुता] १ लक्ष्मी, पद्मा । २ सीप ।
दधाणौ (बौ)–क्रि० [स० दग्ध] १ दग्ध करना, जलाना । २ दुखी करना, सतप्त करना ।
दधि–पु० १ वस्त्र, कपडा । २ देखो 'उदधि' । ३ देखो 'दई' ।
दधिकर–पु० [स०] ३६ राजवशो मे से एक ।
दधिगामणी, दधिगामिनी–स्त्री०[स० उदधिगामिनी]सरिता नदी ।
दधिजात–पु० [स०] १ मक्खन, नवनीत । [स० उदधिजात] २ चन्द्रमा । ३ लक्ष्मी, पद्मा ।
दधिभव–पु० [स० उदधि-भव] विष्णु ईश्वर ।
दधिमडोद–पु० [स०] १ दही का समुद्र । (पौराणिक) २ पृथ्वी के सात खण्डो मे से एक ।
दधिमती–देखो 'दधिमथी' ।
दधिमथणी–स्त्री० [स० दधि-मथन] दही मथने की लकडी, मथ-दण्ड, मथानी ।
दधिमथी–स्त्री० दाधीच ब्राह्मणो की उपास्य देवी, विष्णु शक्ति । मोहिनी ।
दधिमुख–देखो 'दधमुख' ।
दधिसार–देखो 'दधसार' ।
दधिसुत–देखो 'दधसुत' ।
दधिसुता–देखो 'दधसुतनी' ।
दधी–१ देखो 'दधि' । २ देखो 'उधदि' ।
दधीच–देखो 'दधीचि' ।
दधीचास्थी–पु० [सं० दधीच + अस्थि] १ वज्र । २ हीरा ।
दधीचि (ची)–पु० [स०] एक पौराणिक ऋषि जिनकी हड्डियो से इन्द्र का वज्र बना ।
दधीलौ–वि० (स्त्री० दधीली) द्वेष करने वाला, ईर्ष्यालु ।
दधीस–पु० [स० उदधि-ईश] १ समुद्र, सागर । २ वरुण ।
दधूण–पु० वृक्ष विशेष ।

दधेस–देखो 'दधीस'।
दध्न–पु० [स०] चौदह यमो मे से एक यम।
दन–१ देखो 'दान'। २ देखो 'दिन'। ३ देखो 'दनु'।
दनइस (ईस)–देखो 'दिनेस'।
दनकर–देखो 'दिनकर'।
दनमण, दनमणि–देखो 'दिनमणि'।
दनमान–देखो 'दिनमान'।
दनादन–क्रि० वि० १ गोलियो की बौछार की तरह, दन-दन शब्द करते हुए। २ तीव्रवेग से। ३ लगातार।
दनि–१ देखो 'दिन'। २ देखो 'दनु'। ३ देखो 'दुनिया'।
दनिया–देखो 'दुनिया'।
दनीस–देखो 'दिनेस'।
दनु–स्त्री० [स०] १ दानवो की माता जो दक्ष की पुत्री थी। २ श्री दानव का पुत्र एक राक्षस। ३ दैत्य, दानव राक्षस।
दनुज–पु० [सं०] दनु की सन्तान दनुज। असुर। —वळणी, दलनी–स्त्री० दुर्गा, शक्ति। —राय–पु० राजा वलि। हिरण्य कश्यप। रावण।
दनुजेंद्र–पु० [स० दनुज-इन्द्र] दानवो का राजा, बलि, हिरण्य कश्यप।
दनुजेस–पु० [स० दनुजईश] दानवो का राजा, रावण, बलि, हिरण्य कश्यप।
दनुपत, (पति)–पु० [सं० दनु-पति, दानव-पति] १ कश्यप। २ राजा वलि, असुर राज।
दनुसभव–पु० [स०] दनु से उत्पन्न, दानव।
दनूज–देखो 'दनुज'।
दनेस–देखो 'दिनेस'।
दन्न, दन्नि–स्त्री० १ गति से उत्पन्न ध्वनि। २ देखो दांन' ३ देखो 'दिन'।
दन्या–देखो 'दुनिया'।
दप–पु० मृदग के बोल।
दपट–स्त्री० १ छलाग, कुदान। २ आग की लौ, लपट। ३ आक्रमण, धावा। ४ झपट। ५ गति की तीव्रता, त्वरा। ६ विशेष खाने की क्रिया या भाव। ७ वस्त्र की लपेट, आवेष्टन। ८ डाट, फटकार। –वि० अधिक तेज।
दपटणो (बो)–क्रि० १ खूब खाना, जमकर खाना। २ कैंची से दाढी काटना। ३ आक्रमण करना, धावा बोलना। ४ आवेष्टन करना, लपेटना। ५ छलांग भरना, कूदना। ६ तेज भागना। ७ सहार करना, मारना। ८ अधिक खर्च करना। ९ डांटना, फटकारना। १० दौडना।
दपटाणो (बो), दपटावणो (बो)–क्रि० १ खूब खिलाना, जम कर खिलाना। २ कैंची से दाढ़ी कटवाना। ३ आक्रमण कराना। ४ आवेष्टन कराना, लिपटवाना। ५ छलाग भरवाना, कुदवाना। ६ तेज भगवाना, दौडाना। ७ सहार कराना, मरवाना। ८ अधिक खर्च कराना। ९ डाट फटकार, दिराना। १० दौडाना।
दपट्ट–देखो 'दपट'।
दपट्टणो (बो)–देखो 'दपटणो' (बो)।
दपट्टाणो (बो) दपट्टावणो (बो)–देखो 'दपटाणो' (बो)।
दपणो(बो)–देखो 'दीपणो' (बो)।
दपेटणो(बो)–देखो 'दपटणो (बो)'।
दप्पण–देखो 'दरपण'।
दफण–पु० [अ० दफन] मृतक के शरीर को जमीन मे गाड़ने की क्रिया या भाव।
दफणाणो(बो)–क्रि० [अ०दफन] मृत शरीर को जमीन मे गाड़ना, दफनाना।
दफतरी–देखो 'दफ्तरी'।
दफती–स्त्री० [अ०दफ्तीन] कागज का गत्ता, बोर्ड।
दफा–स्त्री [अ० दफअ] १ किसी कानून की धारा, उपकानून, उप नियम। २ वार, मर्तबा। ३ नाश, विनाश। –वि० [अ० दफा]१ दूर किया हुआ, हटाया हुआ। २ तिरस्कृत।
दफादार–पु० [फा०] १ फौज का एक कर्मचारी। २ पुलिस का जमादार। ३ तहसील का एक कर्मचारी।
दफादारी–स्त्री० [फा]० दफादार का पद व कार्य।
दफै–देखो दफा'।
दफ्तर–पु० [फा०] कार्यालय, आफिस, विभाग, महकमा।
दफ्तरी–पु० [फा०] १ कार्यालय का एक कर्मचारी। २ जिल्द साज। —खांनो–पु०-दफ्तरी के बैठने का स्थान। जिल्द बधी का कक्ष।
दबग–वि० १ निडर, निर्भीक। २ प्रभावशाली।
दब–वि० गुप्त।
दबक–स्त्री० [स० दमन] १ दबने या छुपने की क्रिया या भाव, दबाव पिचकन। २ धातु की पिटाई। ३ सिकुडन, शिकन। ४ भय, डर।
दबकगर–पु० धातु आदि को पीटकर तार बनाने वाला।
दबकणो (बो)–क्रि० [स० दमन] १ डर जाना, डरना, डरकर बैठ जाना, छुप जाना। २ छुप कर बैठ जाना, टोह लेना। ३ क्षुब्ध होना। ४ धातु को पीटना। ५ शात होना। ६ घुडकाना, डाटना, डपटना।
दबकाणो, (बो)दबकावणो(बो)–क्रि० १ डराना, डराकर बैठा देना। २ छुपाकर बैठाना, दुबकाना। ३ क्षुब्ध करना। ४ शात करना। ५ घुडकाना, डाटना। ६ धातु को पिटवाना।

दबकी–स्त्री० [स०दमन] १ छुपने या दुबकने की क्रिया या भाव। ३ डाट, फटकार, घुड़की। ४ टोह लेने की क्रिया या भाव।

दबकै–त्रि० वि० झट मे, तुरन्त।

दबको–पु० कामदानी का सुनहरा या चमकीला तार।

दबगर–पु० १ माम पकाने की एक विधि। २ देखो 'डबगर'।

दबडकाणौ (बौ)–देखो 'दड़बड़ाणौ' (बौ)।

दबणी–स्त्री० [स दमन] १ सकट कालीन दशा या अवस्था। २ असहाय होने की अवस्था। ३ विवशता।

दबणौ (बौ)–क्रि० [स दमन] १ बोझ, भार आदि के नीचे आना, दबना। २ बोझ, भार या चोट से पिचकना। ३ किसी का दबाव या प्रभाव मानना, आतक मानना। ४ विवश या मजबूर होना। ५ शका खाना, भय खाना, लिहाज करना। ६ तुलना मे फीका या मद पड़ना। ७ किसी के आगे जमने ठहरने या टिकने की अवस्था मे न रहना। ८ हारना। ९ शान्त रहना, उभड न सकना। १० अप्रकाशित या अप्रचलित होना। ११ नियत्रण मे रहना। १२ गुप्त रक्खा जाना। १३ झेंपना। १४ परिस्थितियो से घिर जाना, अर्थ सकट मे पडना, कमजोर पडना।

दबदबौ–पु० [अ दबदबा] रौब, प्रभाव, आतक।

दबमौ–पु० [स० दमन] लकडी की छत पर रेत, ककड आदि डालकर बनाया हुआ मकान।

दबवार–वि० [स० दमन] दबने वाला, दर्बल, कमजोर।

दबाऊ–वि०[स०दमन] १ दबाने वाला। २ अधिक दबाव या भार वाला। ३ दब्बू, कमजोर।

दबाडणौ, (बौ), दबाणौ (बौ)–क्रि० १ बोझ, भार आदि के नीचे करना, दबाना। २ बोझ, भार या चोट देकर पिचकाना। ३ दबाव डालना, आतकित करना, भय दिखाना, धमकी देना। ४ विवश या मजबूर करना। ५ शका या लिहाज कराना। ६ तुलना मे फीका या मद पटकना। ७ अपने सामने जमने, टिकने या ठहरने न देना। ८ हराना। ९ शान्त रखना, उभडने न देना। १० प्रकाशित या प्रचलित न होने देना। ११ गुप्त रखना। १२ नियत्रण मे रखना। १३ झेंपाना। १४ परिस्थितियों मे जकडना, अर्थ सकट मे डालना, कमजोर पटकना। १५ दुखते अगो पर हाथो का हल्का दबाव देना।

दबादब–क्रि० वि० अतिशीघ्र। एक के बाद एक। झटाझट।

दबाबौ–पु०शत्रु के किले मे तोड-फोड़ या गुप्तचरी करने के लिये आदमी डाल कर उतारने का सदूक।

दबाव–पु० [स० दमन] १ दबाव या भार, बोझ डालने की क्रिया या भाव। २ रौब, धाक। ३ आतक, डर, भय। ४ प्रभाव ५ लिहाज। ६ बोझ, भार।

दबावणौ(बौ)–देखो 'दबाणौ (बौ)।

दबियारी–स्त्री [स०दमन] दबाव।

दबीफळ–पु० साप, सर्प।

दबू–देखो 'दब्बू'।

दबेल, दबैल–वि० [स० दमन] १ दबने वाला। २ दुर्बल, अशक्त। ३ असमर्थ।

दबोचणौ(बौ)–क्रि०[स०दमन]१ गर्दन पकडकर दबाना, दबाना, धर पकडना, पकडकर काबू मे करना। २ छुपाना।

दबौ–पु० छुपने की क्रिया या भाव।

दब्बणौ (बौ)–देखो 'दबणौ' (बौ)।

दब्बुनी–वि० कपाने वाली, दबाने वाली, दहलाने वाली।

दब्बू–वि० १ दबने वाला, डरने वाला। २ दुर्बल, अशक्त। ३ असमर्थ, हीन।

दभगजळ–पु० युद्ध, सग्राम, समर।

दभ्र–वि० [स०] थोड़ा कम, अल्प। –पु० सागर, समुद्र।

दमक–देखो 'दमक'।

दमकणौ (बौ)–देखो 'दमकणौ' (बौ)।

दमग–स्त्री० [स० दावाग्नि] १ अग्निकण, चिनगारी। २ जगल की आग। ३ देखो 'दमक'। ४ देखो 'दबग'।

दमगळ–पु० [फा० दगल] १ युद्ध, समर, लडाई। २ उपद्रव, उत्पात, बखेडा।

दम–पु०[स०]१ लालन-पालन। २ आश्रय, सहारा। ३ इन्द्रिय शमन, दमन, नियत्रण। ४ मन की दृढता। ५ सजा, दण्ड। ६ कीचड। [फा०] ७ श्वास, सास। ८ श्वास रोग, दमे का रोग। ९ प्राण, जीव, जान। १० अस्तित्व मे रहने की शक्ति, काम लायक रहने की अवस्था। ११ रक्त, खून, लहू। १२ प्राण वायु। १३ व्यक्तित्व। १४ क्षमता, शक्ति। १५ चिलम, हुक्के आदि का कश, फूक। १६ जात। १७ छल, धोखा। १८ शेखी, डीग। १९ तेजी, तीक्ष्णता। २० समय का अश, क्षण, पल। २१ अल्प विश्राम। २२ मत्र, टोटका।

दमक–स्त्री० १ द्युति, आभा, कान्ति, चमक। २ तपन, गर्मी, उष्णता, ताप। ३ वाद्य ध्वनि। –वि०दमन करने वाला।

दमकणौ (बौ)–क्रि० १ चमकना, चमचमाना। दमकना। २ वाद्य बजना, ध्वनि करना।

दमकाणौ (बौ), दमकावणौ (बौ)–क्रि० १ चमकाना, दमकाना। २ वाद्य बजाना।

दमकीलौ–वि० (स्त्री० दमकीली) चमकीला, द्युतिवान।

दमक्कणौ (बौ)–देखो 'दमकणौ (बौ)।

दमक्काणौ (बौ), दमक्कावणौ (बौ)–देखो 'दमकाणौ' (बौ)।

दमगळ–देखो 'दमगल'।

दमचूल्हौ–पु० एक प्रकार का चूल्हा।

दमजोड़ौ–पु० तलवार।

दमडी–स्त्री० १ पैसे का आठवा भाग, एक सिक्का। २ पैसा, पाई।

दमडो–पु० रुपया, धन, द्रव्य।

दमरण–वि० [स० दमन] १ दमन करने वाला, दबाने वाला। २ नाश करने वाला। ३ देखो 'दमन'।

दमरणक, दमरणो–पु०[सं० दमनक] १ एक वर्णिक छन्द विशेष। २ एक पौधा विशेष। ३ देखो 'दमरण'।

दमणो (बो)–क्रि० [स० दम्] १ रोकना, वश मे करना। २ दमन करना। ३ पीडित करना, दबाना। ४ निग्रह करना। ५ जीतना। ६ शान्त करना।

दमदमो–पु० [फा० दमदम] १ थैलो मे मिट्टी भरकर की जाने वाली मोर्चा वदी। मोर्चा। २ छत पर जाने की सीढियो पर बना कक्ष।

दमदार–वि० [फा०] १ दृढ मजबूत। २ जीवन वाला। ३ शक्तिशाली, क्षमता वाला, जीवट वाला।

दमन–पु०[स०] १ बलात् किसी को दबाने की क्रिया या भाव। २ किसी की आवाज या माग को बल पूर्वक ठुकराना। ३ दण्ड या सजा। ४ इन्द्रिय निग्रह, शमन। ५ विद्रोहियो को दबाने का कार्य, बल-प्रयोग। ६ एक ऋषि। ७ एक पौधा दमनक। [स० थन] ७ ४९ क्षेत्रपालो मे से २१ वां क्षेत्रपाल ८ देखो 'दमरण'।

दमनक, दमनकि–वि० [स०] १ दमन करने वाला, सहारक। २ देखो 'दमरणक'।

दमनी–स्त्री० [स० दामिनी] विद्युत, विजली।

दमबंधो–पु० एक प्रकार का घूप।

दमबाज–वि० [फा०] १ धोखा देने वाला, फुसलाने वाला। २ दम लगाने वाला। ३ धूम्र पान करने वाला।

दमबाजी–स्त्री० [फा०] १ धोखा-धडी या फुसलाने का कार्य। २ धूम्र पान।

दमयती–स्त्री० [सं०] निषध देश के राजा नल की पत्नी।

दमल–देखो 'दगल'।

दमसाज–पु० [फा०] १ मित्र, सखा, दोस्त। २ सहायक। ३ गाने मे साथ देने वाला।

दमांम–पु०[फा०दमाम]१ एक प्रकार का वडा नगाडा। २ एक प्रकार का रण वाद्य।

दमामी–पु० [फा०] १ नगाडा वजाने वाला ढोली, नक्कारची। २ देखो 'दमाम'।

दमामो–देखो 'दमाम'।

दमाक (ग)–देखो 'दिमाग'।

दमाज–पु०ऊट, उष्ट्र।

दमाद–१ देखो 'दामाद'। २ देखो 'दमाज'।

दमादम–क्रि० वि० १ दमदम करते हुए। २ लगातार, निरन्तर। ३ एक के वाद एक।

दमि–वि० [स दम्] १ दमनशील। २ देखो 'दम'।

दमिरण–१ देखो 'दामरणी'। २ देखो 'दमरण'। ३ देखो 'दमन।

दमिल–पु० अनार्य देश का मनुष्य।

दमिस्क–पु० १ एक देश का नाम। २ यवनो का एक तीर्थ स्थान।

दमी–वि० [स० दम्] १ दमनशील। २ देखो 'दम'। –स्त्री० [फा० दम] १ दम लगाने का नेचा। २ एक प्रकार का छोटा हुक्का।

दमीदौ दमेदौ–पु० बडा बतासा।

दमोइ–स्त्री० दो मुखी सर्प, बोगी। –वि० दो मुख वाला।

दमौ–पु० १ 'दमा' नामक रोग। २ देखो 'दम'।

दम्म–पु० [अ० दिरम] १ सोने चादी का एक प्राचीन सिक्का। २ देखो 'दम'।

दम्माम, दम्मांमो–देखो 'दमाम'।

दयत–वि० १ देने वाला। २ देखो 'दैत्य'।

दय–स्त्री० [स०] दया, कृपा, करुणा।

दयण–वि० [स०दान]देने वाला, दातार।

दयत–देखो 'दैत्य'।

दयता-दम, दयतादव–पु० [स० दैत्य-दमन] दैत्यो का दमन करने वाला, ईश्वर।

दयानत–स्त्री० [अ० दियानत] १ सत्य निष्ठा, ईमान। २ नियत। **—दार**–वि० ईमानदार। सच्चा। **—दारी**-स्त्री० ईमानदारी, सच्चाई।

दया–स्त्री० [स०] १ करुणा, कृपा, रहम। २ दक्ष की कन्या व धर्म की पत्नी। **—कर**-वि० दयालु, कृपालु। **—दृस्टी**-स्त्री० दया करने का भाव। **—निध, निधांन, निधि**-वि० कृपालु दयालु। -पु० ईश्वर। **—पात्र**-वि० जिस पर दया करनी चाहिये। **—मय**-वि० दयालु। ईश्वर। **—वत**-वि० दयालु। कृपालु। **—वत, वांन**-वि० दयालु, कृपालु। **—वीर**–वि० दूसरो पर दया करने मे समर्थ, परोपकारी।

दयारणौ–वि० [स० दक्षिरण](स्त्री० दयाणी) १ दाहिना, दाया। २ देखो 'दयावरणौ'।

दयानद–पु० [स०] आर्य समाज के प्रवर्तक एव सत्यार्थ-प्रकाश के रचियता एक ऋषि।

दयामरणउ, दयामणौ–देखो 'दयावरणौ'।

दयारास–पु० ईशान व पूर्व के मध्य की दिशा।

दयाळ–पु० १ विष्णु, ईश्वर। २ देखो 'दयाळु'। **—मन**-वि० उदार, दयालु।

दयाळु, दयाळू, दयाळौ–वि०[सं०दयालु] जिसके हृदय मे दूसरो के प्रति दया हो, दयावान। **–ता**-स्त्री० दया करने की भावना।

दयावणउ, दयावरणो–वि० (स्त्री० दयावरणी) १ जिससे दया उत्पन्न हो । २ उदास, दीन ।

दयावती–स्त्री० [स०] ऋषभ स्वर की तीन श्रुतियो मे से पहली । –वि० दया करने वाली ।

दयिता–स्त्री० [स०] १ पत्नी, भार्या । २ प्रेयसी, प्रेमिका । ३ स्त्री, ओरत ।

दरग–पु० [स० दुर्ग] १ टीबा, टीला । २ देखो 'दुरग' ।

दर–पु० [स० दर] १ शख । २ गुफा, कदरा । ३ रध्र, बिल । ४ दरार । ५ गड्ढा । ६ तीर, बाण । ७ आभूषण विशेष । ८ भय, डर । [फा०] ९ द्वार, दरवाजा । १० स्थान, जगह । ११ दरबान, छडीदार । १२ हृदय, अन्तरात्मा । १३ ध्यान । १४ भाव । –वि० किंचित, थोडा, न्यून । –अव्य० [फा०] मे, भीतर ।

दरअसल–क्रि० वि० वास्तव में ।

दरक–पु० ऊट, उष्ट्र ।

दरकणो (बो)–क्रि० [स० द्री] विदीर्ण होना, फटना ।

दरकाणो (बो)–क्रि० विदीर्ण करना, फाडना ।

दरकार–स्त्री० [फा०] १ आवश्यकता, जरूरत । २ इच्छा, अभिलाषा । –वि० आवश्यक, अपेक्षित ।

दरकूच, दरकूचां, दरकूच, दरकूचा–क्रि० वि० [फा०] मजिल-दर-मजिल, क्रमश आगे बढते हुए ।

दरको–देखो 'दरक' ।

दरक्क–देखो 'दरक' ।

दरक्कणो(बो)–देखो 'दरकणो' (बो) ।

दरखत, दरखतियो–पु० [फा० दरख्त] वृक्ष, पेड ।

दरखास्त–स्त्री० [फा० दरख्वास्त] १ अर्जी, प्रार्थना, निवेदन । २ आवेदन-पत्र प्रार्थना-पत्र ।

दरगह, दरगा, दरगाह, दरग्गह–स्त्री० [फा० दरगाह] १ दरबार । २ न्यायालय, कचहरी । ३ सभा । ४ तीर्थ स्थान, मठ । ५ मदिर । ६ किसी सिद्ध पुरुष का समाधि स्थल, मकबरा, मजार । ७ दहलीज चौखट ।

दरड–पु० १ किसी वस्तु के निरन्तर गिरने की ध्वनि । २ बहुतायत । ३ देखो 'दरडो' ।

दरडकरणो (बो)–क्रि० १ दड-दड करके गिरना । २ प्रवाहित होना, बहना । ३ ध्वनि करना ।

दरडणो (बो)–देखो 'दडणो (बो)' ।

दरड़ियो–देखो 'दरडो' ।

दरड़ो–पु० १ आंगन या जमीन मे बना विवर, बिल, गड्ढा । २ बिना बधा कूआ ।

दरज–वि० [अ० दर्ज] लिखित, अकित । प्रविष्ट । फटा हुआ । –स्त्री० दरार । फटन ।

दरजण–स्त्री० १ बारह नगो या वस्तुओ का समूह । २ दर्जी की स्त्री ।

दरजी–पु० [फा०] (स्त्री० दरजण) १ कपडो की सिलाई करने वाला कारीगर । २ ऐसा व्यवसाय करने वाला वर्ग, जाति ।

दरजोण दरजोधन–देखो 'दुरयोधन' ।

दरणो (बो)–देखो 'डरणो (बो)' ।

दरद–पु० [फा० दर्द] १ कष्ट, दुःख । २ दर्द, पीडा । ३ बीमारी, रोग । ४ तकलीफ मुसीबत । ५ यातना । ६ करुणा, दया, तरस ७ टीस कसक । —वत, वद–वि० पीडित, दुःखी । दयालु कृपालु ।

दरदराणो (बो)–क्रि० [स० दरण] १ किसी वस्तु को दलना, दलिया बनाना, रवे या कण बनाना । २ आख आदि मे खटका होना, दर्द होना पीडा होना, खटकना ।

दरदरी–स्त्री० [स० धरित्री] पृथ्वी, भूमि । –वि० रवेदार, कणदार ।

दरदरो–वि० [स० दरण] कण के रूप मे, रवेदार ।

दरदी–वि० [फा० दर्द] १ दूसरो के दुःख दर्द को समझने वाला, सहानुभूति या दया करने वाला । २ जिसके किसी बात का दर्द हो, पीडित ।

दरदु–पु० [स० दद्रु] १ दाद नामक रोग । २ देखो 'दरदी' ।

दरदुर–देखो 'दादुर' ।

दरद्द–देखो 'दरद' ।

दरप–पु० [स० दर्प] १ गर्व, घमड, अभिमान । २ दुस्साहस । ३ चिडचिडापन, तुनकमिजाजी । ४ गर्मी, ताप । ५ मुश्क, मृगमद ।

दरपक–पु० [स० दर्पक] १ कामदेव । २ प्रद्युम्न ।

दरपण (णी)–पु० [स० दर्पण] १ मुह या प्रतिबिंब देखने का शीशा, काच, आरसी, आईना । २ आख । ३ जलाने वाला । ४ प्रतिबिंब । ५ आदर्श ।

दरपणो (बो) क्रि० १ गर्व करना, अभिमान करना । २ देखो 'डरपणो' (बो) ।

दरप्प–देखो 'दरप' ।

दरप्पण–देखो 'दरपण' ।

दरबधी–स्त्री० [फा०] किसी वस्तु की कीमत, दर या भाव का निर्धारण, दर ।

दरबर–देखो 'दडबड' ।

दरबांन–देखो 'दरवान' ।

दरबानी–देखो 'दरवानी' ।

दरबार–पु० [फा०] १ बादशाह, राजा आदि की सभा, राज्य-सभा । २ कचहरी । ३ किसी ऋषि मुनि या वली का आश्रम । ४ सिक्खो का धर्म ग्रथ रखने का स्थान ।

—आम–पु० आम सभा। —खास–पु० विशिष्ट सभा। —दारी–स्त्री० दरबार मे उपस्थिति। खुशामद, जी हजूरी।

दरबारी–पु० [फा०] १ राज सभा का सभासद। २ द्वारपाल, छडीदार। ३ एक राग विशेष। –वि० दरबार का, दरबार सबधी। —कान्हडो–पु० एक राग विशेष।

दरबो–पु० १ कबूतर या मुर्गी पालने की संदूक। कोष्ठक। २ काल कोठरी। ३ भूत-प्रेतो का निवास स्थान।

दरब्ब–देखो 'द्रव्य'।

दरब्बार–देखो 'दरबार'।

दरभ–पु० [स० दर्भ] कुश, डाभ नामक घास।

दरमजल–देखो 'दरकूच'।

दरमाहो–पु० [फा० दरमाहा] मासिक वेतन।

दरम्यान–पु० [फा० दरमियान] मध्य, बीच। –क्रि०वि० मध्य मे, बीच मे, दौरान।

दरम्यानी–वि० [फा० दरमियानी] बीच का, मध्यवाला। बीच मे पडने वाला। –पु० मध्यस्थता करने वाला व्यक्ति।

दरयाई–स्त्री० [फा०दाराई] साटन नामक रेशमी वस्त्र। –वि० [फा० दरियाई] समुद्र सबधी, समुद्र का। –पु० एक प्रकार का घोडा।

दरयाव–देखो 'दरियाव'।

दररो–पु० [फा० दर्र] १ पहाडो के बीच का सकरा मार्ग। २ दरार। –वि० [स०दरण] दरदरा, कणो या रवो वाला

दरव–पु० [स० दर्व] १ हिंस्रजन। २ उपद्रवी या उत्पाती व्यक्ति। ३ राक्षस, दैत्य। ४ कलछी। ५ देखो 'द्रव्य'।

दरवरता–स्त्री० [स० द्रवता] द्रवत्व, तरलता।

दरवांण (न)–पु० [फा० दरवान] १ द्वारपाल। २ राजदूत। ३ छडीदार।

दरवांनी–स्त्री० द्वारपाल का कार्य।

दरवाजो–पु० [फा० दरवाजा] १ द्वार, दरवाजा। २ कपाट, किवाड।

दरवायो–पु० हल का एक उपकरण।

दरवी–स्त्री० [स० दर्वी] १ कलछी, चमचा। २ साप का फन।

दरवीकर–पु० [स० दर्वीकर] १ फन वाला सर्प। २ साप।

दरवेस–पु० [फा० दरवेश] १ फकीर। २ साधु, महात्मा। ३ बादशाह। ४ मुसलमान। ५ भिखारी, भिक्षुक।

दरस–पु० [स०-दर्श] १ दर्शन, दीदार। २ दृश्य, तमाशा। ३ यज्ञ विशेष। ४ अमावस्या की तिथि। ५ छवि, रूप, सुन्दरता।

दरसण–पु० [स० दर्शन] १ साक्षात्कार, भेंट, मुलाकात। २ देखना क्रिया, चाक्षुक ज्ञान। ३ अवलोकन। मुआयना। ४ आख। ५ पर्यवेक्षण, सर्वेक्षण। ५ रूप, वर्ण, आकार। ७ समझ, परख, बुद्धि। ८ आईना, दर्पण। ९ धर्म या किसी विषय का तात्त्विक विवेचन, सिद्धान्त। १० नाथ सम्प्रदाय के साधुओ के कानो के कुण्डल। ११ राजस्थान की छ जातियो का समूह। १२ ७२ कलाओ मे से एक।

दरसणी, दरसणीक, दरसणीय–वि० [स० दर्शनीय] १ सुन्दर, मनोहर। २ देखने योग्य, दर्शन लायक। ३ मिलने, भेंट करने योग्य। –पु० 'खट दरसण' के अन्तर्गत आने वाला व्यक्ति।

दरसणी-हुडी–स्त्री० एक प्रकार की हुडी।

दरसणौ (बो)–क्रि० [स दर्शन] १ दिखाई पडना, दिखना। २ महसूस होना, प्रतीत होना, अनुभव होना। ३ सभावना होना।

दरसन–देखो 'दरसण'।

दरसनी, दरसनीक, दरसनीय–देखो 'दरसणीय'।

दरसाणौ (बो), दरसालणौ (बो)–क्रि० [स० दर्शन] १ दिखाना, दृष्टि गोचर करना, बताना। २ दिखाई देना। ३ नजर आना। ४ मालूम पडना। ५ प्रगट होना। ६ अनुभव होना। ७ स्पष्ट करना, समझाना।

दरसाव–पु० [स० दृश] १ दृश्य, नजारा, २ दिखने की क्रिया या भाव, प्रगटन।

दरसावणौ (बो)–देखो 'दरसाणौ' (बो)।

दरस्स–देखो 'दरस'।

दरस्सण–देखो 'दरसण'।

दरहरणौ (बो)–क्रि० हवा का चलना।

दरहाल–क्रि० वि० पल-पल, प्रतिक्षण। हर वक्त। बार-बार।

दराती–स्त्री० [स० दात्र] दातेदार एक उपकरण विशेष।

दराड–देखो 'दरार'।

दराज–वि० [फा०] (स्त्री० दराजी) १ बडा, महान। २ दीर्घ, चिर। ३ अच्छा बढिया। ४ अधिक, बहुत। –स्त्री० मेज के नीचे का खन, ड्राअर।

दराणौ (बो)–देखो 'दिराणौ' (बो)।

दरार (रो)–स्त्री० [स० दर] १ किसी चीज के फटने की जगह, फटाव, शिगाफ। २ छिद्र, छेद।

दरावणौ (बो)–देखो 'दिराणौ' (बो)।

दरि–पु० १ दरबार, राज-सभा। २ दरवाजा। ३ दरियाव, सागर।

दरिआउ, दरिआव–देखो 'दरियाव'।

दरिद, दरिद्र–वि० [स० दरिद्र] १ निर्धन, कगाल, गरीब। २ भिखारी। –स्त्री० [स० दारिद्र्य] निर्धनता, कगाली।

दरिद्रता–स्त्री० [स०] निर्धनता, कंगाली।
दरिद्री-वि० १ गरीब, कंगाल। –स्त्री० गरीबी, कगाली।
दरिया–देखो 'दरियाव'।
दरियाई–देखो 'दरयाई'।
दरियाईघोडौ–पु० गैंडे की तरह का एक जानवर विशेष।
दरियाईनारियळ–पु० तूबे की तरह का एक नारियल।
दरियाखीर–पु० क्षीर सागर।
दरियादासी–स्त्री० निर्गुण भक्ति धारा के अन्तर्गत एक सम्प्रदाय।
दरियाफत, दरियापत–वि० [फा० दरियाफ्त] मालूम, ज्ञात। –स्त्री० जानकारी, पता।
दरियाव–पु० [फा० दरिया] समुद्र, सागर।
दरियावजी–पु० रामस्नेही सम्प्रदाय के एक प्रमुख महात्मा।
दरिसण–देखो 'दरसण'।
दरी–स्त्री० [स०] १ गुफा, गह्वर। २ घाटी ३ तलगृह, तहखाना। ४ मोटे सूत का बना बडा बिछौना।
दरीखानौ–पु० [फा० दर+खाना] १ दरबार लगाने का स्थल। २ दरबार। ३ घर की मरदानी बैठक।
दरीपट्टी–स्त्री० १ जुलाहो का एक औजार। २ सकरी व लबी दरी।
दरीबौ–पु० [फा० दर] १ बाजार। २ कोठार। ३ ढेर। ४ पान का बाजार।
दरीभुत, दरीभ्रत–पु० [स० दरीभूत] पर्वत, पहाड।
दरीमुख–पु० [स०] राम की सेना का एक बन्दर।
दरीयाखाना–पु० कोई वस्तु विशेष।
दरीयाव–देखो 'दरियाव'।
दरून–पु० १ स्तुति, दुआ। २ हृदय, चित्त; आत्मा।
दरेवाण, दरेवाण–देखो 'दरवाण'।
दरोग–वि० [अ०] असत्य, मिथ्या, झूठ। –हलफी–स्त्री०-झूठी सौगध, झूठी गवाही।
दरोगी–वि० समीप रहने वाला, निकटवर्ती। –स्त्री० दासी, सेविका।
दरोगौ–पु० (स्त्री० दरोगण, दरोगी) १ दास, सेवक। २ देखो 'दारोगौ'।
दरोबोस्त–वि० [फा०] कुल, पूरा, पूर्ण।
दरोळ दरोळ–पु० १ विघ्न, बाधा। २ उत्पात, उपद्रव, बखेडा, विद्रोह। ३ खलबली।
दळ–पु० [स०दल] १ सेना, फौज। २ दल, टोली, गुट। ३ समूह, झुण्ड। ४ ढेर, राशि। ५ जुडी हुई वस्तु का एक भाग। ६ तह या परत की मोटाई। ७ फल का गूदा। ८ वृक्षादि के पत्ते। ९ फूल की पखुडी। १० भोज्य पदार्थ। ११ तमाल-पत्र। १२ पत्र, चिट्ठी। १३ शस्त्र का आवरण, म्यान। १४ भौंरा। १५ नशा, मद। १६ लड्डू। १७ शरीर।
दल–१ देखो 'दिल'। २ देखो 'दळ'।
दळ-अभग–पु० [स० दल अभग] बलभद्र।
दळ-आगळ–पु० सेना का अग्रभाग, हरावल।
दलक–पु० [अ०दल्क] १ रोजगीरो का एक औजार। २ भिखारी की गुदडी। ३ सूफियो का लिबास। ४ अग मर्दन।
दळकणौ (बौ)–क्रि० १ फटना, चिरना। २ थर्राना, कापना। ३ चौंकना।
दलगीर–देखो 'दिलगीर'।
दळण–स्त्री० [स० दलन] १ दलिया बनाने या दलने का कार्य। २ मारने या सहार करने की क्रिया या भाव। –वि० सहार करने वाला, पीसने वाला, नाश करने वाला।
दळणी–स्त्री० चक्की।
दळणौ–वि० १ दलने वाला। २ काटने वाला। ३ मारने वाला, सहार करने वाला।
दळणौ (बौ) दलणौ (बौ)–क्रि० [स० दलन] १ दरदरा करना, दलिया बनाना। २ सहार करना मारना। ३ नष्ट करना, बर्बाद करना।
दळथभ, दळथभण–पु० [स०दल-स्तम्भ] १ सेना का श्रेष्ठ वीर। २ बादशाहो द्वारा दी जाने वाली उपाधि।
दळद–देखो 'दाळद'।
दळदरी–देखो 'दरिद्री'।
दळदळ–पु० [सं० दलाढ्य] १ कीचड, पक। २ घने कीचड वाला भू-भाग। ३ अधिक कचरे वाला सामान। ४ बहुत ही हल्के दर्जे की वस्तु। ५ मैल। ६ बुड्ढी स्त्री।
दळदार–वि० मोटी परत या अधिक गूदे वाला।
दलद्र–देखो 'दालद'।
दलद्री–देखो 'दरिद्र'।
दलनाथ, (नायक), दलप, दलपति (प्पति)–पु० १ सेनापति। २ समुदाय या दल का नेता, सरदार। ३ वीर, योद्धा।
दळबट–पु० मच्छर आदि के काटने से शरीर पर होने वाला चकत्ता, ददोरा।
दलबलियौ–वि० १ खिन्न चित्त, उदास। २ दु खी। ३ भूखा।
दलबादल–देखो 'दलवादल'।
दलभजण (न)–वि० [सं० दल+भजन] सेना का सहार करने वाला, महावीर। –पु० काले या लाल, दाग वाला एक घोडा विशेष।
दलभ–देखो 'दुरलभ'।
दलम–पु० [स० दलिम] इन्द्र।
दलमट्ठौ, दलमठौ–देखो 'दिलमठौ'।

दळमळणौ (बौ)–क्रि० १ कुचलना, रौंदना, मसल डालना। २ मारना, सहार करना।
दलमि–देखो 'दलम'।
दलमोड़–वि० श्रेष्ठ वीर।
दळवइ (दलवइ)–देखो 'दळपति'।
दळवादल–पु० [स० दलवारिद] १ बडा भारी खेमा, बड़ा शामियाना। २ बडी सेना। ३ मुलायम व कीमती सेज।
दळसणगार–देखो 'दळसिणगार'।
दळसाह–पु० १ सूग्रर, वराह। २ सेनापति।
दळसिणगार–पु० [स० दल-शृ गार] १ सेना की शोभा बढ़ाने वाला वीर। २ सेनापति।
दळांथभ–देखो 'दलथभ।
दळानाथ–देखो 'दळनाथ'।
दळापति, दळापती–देखो 'दळपति'।
दळांमुकट–पु० [स० दल+मुकुट] सर्वश्रेष्ठ योद्धा, महावीर।
दळाणौ (बौ)–क्रि० १ अनाज का दलिया कराना। २ दरदरा या रवादार कराना। ३ सहार कराना। ४ नष्ट कराना, नाश कराना।
दलाल–पु० [अ० दल्लाल] १ वस्तुओ के क्रय-विक्रय मे मध्यस्थता करने वाला व्यक्ति। २ दो पक्षो मे समझौता कराने वाला व्यक्ति। –वि० उदार, विशाल हृदय।
दलाली–स्त्री० [अ० दल्लाली] १ वस्तुओ के क्रय-विक्रय मे मध्यस्थता करने पर मिलने वाला द्रव्य। २ दलाल का कार्य।
दळावणौ (बौ)–देखो 'दळाणौ (बौ)।
दळि–देखो 'दळ'।
दळित–वि० [स० दलित] १ दला हुआ, खण्ड-खण्ड किया हुआ। २ कुचला हुआ, रौदा हुआ। ३ मसला हुआ, मर्दित ४ विनष्ट किया हुआ।
दळिद, दळिदर दळिद्द, दळिद्र–देखो 'दरिद्र'।
दळियौ–पु० १ अनाज का दलिया। दला हुआ अनाज। २ ऐसे अनाज का पका हुआ खाद्यान्न।
दळी–क्रि० वि० चारो ओर, चौतरफ।
दली–देखो 'दिल्ली'।
दलीप–देखो 'दिलीप'।
दलीपत, दलीपति–देखो 'दिल्लीपति'।
दलील–स्त्री० [स०] १ तर्क, बहस, वाद-विवाद। २ युक्ति।
दलीस–देखो 'दिल्लीस'।
दळूत–वि० [स० दलन] नाश करने वाला, सहार करने वाला।
दलेचौ–स्त्री० मकान के बाहर चबूतरी पर बना खुला कक्ष।
दलेल–वि० १ विशाल हृदय, उदार। २ बहादुर (मेवात)।
दलेस–देखो 'दिल्लीस'।
दलेसुर–देखो 'दिल्लीस्वर'।
दलैं–अव्य० हाथियो के लिये एक सांकेतिक शब्द।
दळौ–देखो 'दळ'।
दलौ, दल्लौ–पु० कपाटो के बीच-बीच मे बनी चौकी।
दवंग–१ देखो 'दबग'। २ देखो 'दमंग'।
दव–पु० [स० दव] १ दावाग्नि, दावानल। २ अग्नि, आग। ३ वन, जंगल। ४ देखो 'दावौ'।
दवखण, दवखणप–[स० दवक्षणप] यमराज।
दवटणौ(बौ)–देखो 'दपटणौ' (बौ)।
दवण–देखो 'दमन'।
दवणौ (बौ)–क्रि० १ जलना, भस्म होना। २ विकृत होना। ३ देखो 'दबणौ' (बौ)।
दवद ति, गवदंती–देखो 'दमयती'।
दवना–पु० [सं० दमुनस्] अग्नि।
दवनौ–देखो 'दमणौ'।
दवर–पु० [स० द्वार] दरवाजा, द्वार।
दवांगीर–देखो 'दवागीर'।
दवा–स्त्री० [अ०] १ रोग की औषधि। २ चिकित्सा, उपचार। ३ उपाय, तदबीर। [अ० दुआ] ४ अभिवादन। ५ दुआ। —खांनौ–पु० औषधालय, अस्पताल। औषधि कक्ष।
दवाइती–देखो 'दवायती,।
दवाई–१ देखो 'दवा'। २ देखो 'दुहाई'। –खांनौ='दवाखानौ'।
दवाग–१ देखो 'दावाग्नि'। २ देखो 'दुवागौ'। ३ देखो 'दुहाग'।
दवागण–देखो 'दुहागण'।
दवागि, दवागिन, दवाग्नि–देखो 'दावाग्नि'।
दवागीर, दवागीरु–वि० [अ० दुआ-गो] १ दुआ देने वाला, आशीर्वाद देने वाला। २ शुभचिंतक। ३ याचक।
दवाजौ–पु० १ धावा, आक्रमण। २ देखो 'दवागीर'।
दवात–पु० [अ०] स्याही रखने का पात्र। —पूजा–स्त्री० दीपावली का तीसरा दिन। इस दिन की जाने वाली दवात-पूजा आदि।
दवादस–देखो 'द्वादस'।
दवादसौ–देखो 'द्वादसौ'।
दवावस–देखो 'द्वादस'।
दवानळ–देखो 'दावानळ'।
दवावैत–देखो 'दवावैत'।
दवायती–स्त्री० अनुमति, स्वीकृति, आज्ञा।
दवार–देखो 'द्वार'।
दवारका–देखो 'द्वारका'।
दवारी–स्त्री० [स० दव-अरि] दावाग्नि।

दवारौ– १ देखो 'द्वार' । २ देखो 'द्वारौ' ।
दवाळ–देखो 'द्वाळौ' ।
दवाल–१ देखो 'दीवार' । २ देखो 'दुवाळ' ।
दवाळी–स्त्री० तलवार बाधने का उपकरण ।
दवाळौ–१ देखो 'देवाळौ' । २ देखो 'द्वाळौ' ।
दवावैत–स्त्री० [अ० वैत] राजस्थानी भाषा की एक गद्य रचना ।
दवासु, दवासू, दवासौ–पु० नगाडा ।
दवि–स्त्री० [स० दव] दावाग्नि, दावानल ।
दवीयण–देखो 'दुरवचन' ।
दवैया–पु० एक छन्द विशेष ।
दव्व–१ देखो 'द्रव्य' । २ देखो 'दव' ।
दस–वि० [सं० दश] नौ और एक । –पु० दश की सख्या व अक, १० । देखो 'दिसा' ।
दसकठ, (कंद कध, कधर)–पु०[स० दशकंठ, स्कध] रावण ।
दसक–पु० [सं० दशक] दश का समूह । –वि० दश गुना, दश युक्त ।
दसकत, दसकत्त–पु० [फा० दस्तखत] हस्ताक्षर ।
दसकरम–पु० [स० दशकर्म] स्त्री के विवाह से गर्भाधान तक के दश सस्कार ।
दसकातर–पु० मृतक के पीछे दशवें दिन के पिण्डदान आदि ।
दसकोसी–स्त्री० [स० दशकोषी] रुद्रताल के ग्यारह भेदों मे से एक ।
दसखीर–पु० [स० दशक्षीर] गाय, भैंस, बकरी, स्त्री आदि दश मादा प्राणियो का दूध ।
दसग्रीव–पु० [स० दशग्रीव] रावण ।
दसचरण–पु० [स० दशचरण] रथ ।
दसजोगभग–पु० [स० दशयोगभंग] ज्योतिष मे एक नक्षत्रवेध ।
दसण–पु० [स० दशन] १ दात, दत । २ पर्वत, शिखर ।
दसणाण–पु० [स० दशानन] रावण ।
दसत–१ देखो 'दस्त' । २ देखो 'दहसत' ।
दसतगीर–देखो 'दस्तगीर' ।
दसतान (नौ)–देखो 'दस्तानौ' ।
दसतावेज–देखो 'दस्तावेज' ।
दसतावेजी–देखो 'दस्तावेजी' ।
दसतूर–देखो दस्तूर' ।
दसतोवर–पु० [स० दस्तोदर] कुबेर ।
दसतौ–१ देखो 'दस्तौ' । २ देखो 'दस्तानौ' ।
दसत्तूर–देखो दस्तूर' ।
दसदिनेस–पु० [स० दिनेश] सूर्य ।
दसदोस–पु० [स० दशदोष] राजस्थानी काव्य मे माने गये दशदोष ।

दसद्वार–पु० [स० दशद्वार] कान, नाक आदि शरीरस्थ दश छिद्र, द्वार ।
दसधा–वि० [स० दशधा] दश प्रकार का ।
दसधू–पु० [स० दशधू] रावण, दशानन ।
दसन–देखो 'दसण' ।
दसनच्छद–पु० [सं० दशनच्छद] ओठ । अधर ।
दसनबीज–पु० [स० दशनबीज] अनार ।
दसनरोग–पु० [स० दशन रोग] दातो का रोग ।
दसनाम (नामी)–पु० [स० दशनामी] सन्यासियो का एक भेद ।
दसप–पु० [स० दशप] दश गावो का अधिपति ।
दसपधण (धन)–पु० [स० दशापधन] दीपक ।
दसभूतवर–पु० [स० दश भूतवर] सत्य, साच ।
दसम–वि० [स० दशम] दशवा । –स्त्री० दशवी तिथि ।
दसमउ–देखो 'दसमौ' ।
दसमथ, दसमथ्थ–देखो 'दसमाथ' ।
दसमि, दसमी–स्त्री० माह के प्रत्येक पक्ष की दशवी तिथि । –वि० दशवी ।
दसमुख, दसमुखि, दसमुखौ–पु० [स० दशमुख] रावण ।
दसमुदरा–स्त्री० [स० दशमुद्रा] योग की दश मुद्रायें ।
दसमुद्रिका–स्त्री० [स० दशमुद्रिका] एक आभूषण विशेष ।
दसमूळ–पु० [स० दशमूल] एक औषधि विशेष ।
दसमौ–वि० [स० दशम्] (स्त्री० दसमी) १ नौ के बाद वाला, दशवा । २ दश के स्थान वाला । –पु० १ मृतक का दशवा दिन । २ इस दिन के सस्कार । —दुआर, द्वार–पु० ब्रह्म रध्र । —साळगराम–पु० श्रेष्ठ योद्धा की एक उपाधि ।
दसमौळि (ळी)–पु० [स० दशमौलि] रावण ।
दसरग–पु० माल खभ की एक कसरत ।
दसरथ (थि, थी)–पु० [स० दशरथ] अयोध्या के एक सूर्य वशी राजा, श्रीराम के पिता । —तण, रावउत, सुत–पु० श्रीराम ।
दसरात्र–पु० [स० दशरात्र] दश रात्रियो तक चलने वाला यज्ञ ।
दसरावौ, दसराहौ–पु० १ दशहरा । २ विजयादशमी को भेंट दिया जाने वाला द्रव्य । ३ चैत्र शुक्ला दशमी का दिन । ४ ज्येष्ठ शुक्ला दशमी का दिन ।
दसळौ (लौ)–पु० ताश का एक पत्ता ।
दसवन–पु० [स० दुश्चयवन] इन्द्र ।
दसवाजी–पु० [स० दशवाजिन्] चन्द्रमा ।
दसवाहु–पु० [स० दशवाहु] शिव, महादेव ।
दसवीर–पु० [स० दशवीर] एक सत्र या यज्ञ का नाम ।
दसवौं–देखो 'दसमौ' । —द्वार='दसमौद्वार' ।
दससतकमळ–पु० [स० दशशतकमल] सहस्राजुॅन ।

दससिर, दससीस–पु० [स० दशशिर] रावण दशानन।
—**घर**–पु० रावण।

दसस्यदन–पु० [स० दशस्यदन] राजा दशरथ।

दसांग–पु० [स० दशाग] एक प्रकार का धूप।

दसाण–देखो 'दसारण'।

दसा–स्त्री० [स० दशा] १ अवस्था, स्थिति, हालत। २ मानव जीवन की अवस्था। ३ साहित्य की दश अवस्थाऐं। ४ दीपक की बत्ती। ५ ग्रह योग, भोग काल। ६ काल, अवधि। ७ परिस्थिति हालत। ८ मन की प्रकृति। ९ कपडे की झालर। १० उम्र।

दसाअवतार–पु० [स० दशावतार] १ प्रकाश, ज्योति। २ दीपक।

दसाइअां, दसाइयां–स्त्री० लग्न के बाद वर-वधू को दिये जाने वाले दश भोज।

दसाकरख (करस)–पु० [स० दशाकर्ष] दीपक।

दसाणण (णि, णी)–पु० [स० दशानन] रावण।

दसातीर–पु० फारसी लोगों की एक धार्मिक पुस्तक।

दसावहाडो, दसावा' डो–देखो 'दसारोदाडो'।

दसाधिपति–पु० [स० दशाधिपति] १ ज्योतिष का ग्रह। २ दश सैनिको का प्रभारी।

दसापत–देखो 'दिशापति'।

दसापवित्र–पु० [स० दशापवित्र] दिक्पाल, दिग्पाल।

दसापोत–पु० [स० दशापोत] १ प्रकाश। २ दीपक।

दसभव–पु० [स० दशाभव] १ दीपक। २ प्रकाश।

दसार–पु० [स०दशार्ह] १ धष्ट राजा का पुत्र। २ राजा वृष्णि का पौत्र। ३ वृष्णि वशीय राजाओ का अधिकृत देश।

दसारण–पु० [स० दशार्ण] १ विंध्य पर्वत के पूर्व का एक प्रदेश। २ इस प्रदेश का निवासी या राजा। ३ तत्र का एक दशाक्षरी मत्र।

दसारोडोरो–पु० दश तारों का एक सूत्र विशेष।

दसा-रो-दा'डो–पु० होली के दशवें दिन किया जाने वाला एक व्रत विशेष।

दसावळ–क्रि० वि० दशो दिशाओ मे, चारो ओर।

दसावहारी–स्त्री० एक प्रकार की तलवार।

दसावीसी–पु० एक प्रकार का खेल।

दसासुत–पु० [सं० दशा-सुत] दीपक।

दसासूळ–देखो 'दिसासूळ'।

दसास्वमेध–पु १ काशी का एक तीर्थ। २ प्रयाग मे त्रिवेणी का एक घाट।

दसियो–वि० १ नो के बाद वाला, दश के स्थान वाला। २ दश नबरी। बदमाश, लोफर, अवारा। ३ उपद्रवी। ४ धोखेबाज। ५ गुडा। –पु० १ दशवां भाग। २ देखो 'दसो'।

दसी–१ देखो 'दमा'। २ देखो 'दिमा'।

दसुटण–देखो दसोटण'।

दसू द, दसू दी, दसू ध–स्त्री० [स० दशमाधस्] १ ब्रह्म भटो को प्रदत्त की जाने वाली एक उपाधि। २ इस उपाधि के उपलक्ष मे दिया जाने वाला द्रव्य। ३ ऐसी उपाधि धारी ब्रह्मभट। ४ कृषि उपज का दशवा भाग। –वि० 'दसू द' लेने वाला।

दसू–पु० [स० दस्यु] १ चोर, डाकू। २ शत्रु।

दसूट्ठण, दसूठ्ठण–देखो 'दसोटण'।

दसेंधण–पु० [स० दशा-इधनम्] दीपक।

दसे'क–वि० [स० दश+एक] दश के लगभग।

दसैयां–देखो 'दसाइया'।

दसोटण–पु० [स० दशोत्थाने] पुत्र जन्म के दश दिन या दश मास बाद किया जाने वाला उत्सव।

दसोतरी–स्त्री० [स० दशोत्तर शतम्] सौ के बाद वाले दश।

दसोंठण–देखो 'दसोटण'।

दसो–पु० [स० दशम्] १ दसवा वर्ष। २ दश का अक, १०। ३ वर्ण संकर। ४ अपनी जात या गोत्र मे नीचा।

दस्ट, दस्टी–देखो 'द्रस्टि'।

दस्तदाजी–स्त्री० [फा०] हस्तक्षेप, दखल।

दस्त–स्त्री० [फा० दस्त] १ हाथ। २ पतला विरेचन। —**गीर** –वि० हाथ पकड कर सहारा देने वाला, सहायक। —**ताळ** –स्त्री० भुजाओ पर करतल मारने की क्रिया। —**पनाह** –पु० चिमटा हाथो के दस्ताने व कवच —**पोसी**–स्त्री० हाथ चूमने के क्रिया। —**फोती**–पु० मारने के लिये किया जाने वाला हस्त-प्रहार। —**बद, बंध**–पु० कलई का एक आभूषण विशेष। नृत्य का एक भेद। हाथ जोडने की क्रिया। कोष्ठ बद्धता।—**बुगचो**–पु०हाथ मे रखने का थैला।

दस्तरि, दस्तरी–स्त्री० १ कागज का मोटा गत्ता। २ मारवाड शासन का एक विभाग।

दस्तान–१ देखो 'दास्तान'। २ देखो 'दस्तानो'।

दस्तांनी, दस्तांनो–स्त्री० [फा० दस्तांन] १ हाथ का कवच, हस्तत्राण। २ हाथ का मोजा।

दस्तार–स्त्री० [फा०] पगडी।

दस्तावर–वि० [फा०] विरेचक, दस्तकारक।

दस्तावेज–पु० [फा०] लिखित पत्र, व्यवस्था पत्र, ऐसा लिखित पत्र जो भविष्य मे साक्षी के रूप मे माना जा सके।

दस्तावेजी–वि० [फा०] दस्तावेज सबधी।

दस्ती–वि० [फा०] हाथ सबधी, हाथ का।

दस्तूर–पु० [फा०] १ नियम, कायदा। २ रश्म, रिवाज। ३ कानून, विधि। ४ व्यवहार, परपरा। ५ रियायत, कटौती। ६ भेंट लेने का हक। ७ फारसियो का पुरोहित।

वस्तूरी–स्त्री० [फा०] कटौती, ढूंक, कमीशन। –वि० वैधानिक, कानूनी।

दस्तो–पु० [फा० दस्त] १ किसी औजार आदि का हत्था, मूठ, बेंट। २ किसी पात्र का हेंडिल। ३ फूलो का गुच्छा, गुलदस्ता। ४ सिपाहियो का छोटा दल। ५ चौबीस खाली कागजो का समूह। ६ झगडा, टटा, फिसाद। –वि० हाथ मे रहने या आने लायक।

वस्यावड–स्त्री० बुने हुए कपडे के छोर का आधा बुना भाग।

वस्सरण–देखो 'दरसरण'।

वस्सा–देखो 'दसा'।

दस्सी–देखो 'दसी'।

वह–पु० [स० ह्रद] १ नदी का गहराई वाला स्थान। २ पोखर, गड्ढा। ३ बडा खड्डा। ४ कुण्ड, हौज। [स० दह] ५ ज्वाला, लपट। ६ अग्नि, आग। ७ दावाग्नि। –वि० [स० दश] दश।

वहकध, दहकधर–देखो 'दसकठ'।

वहक वहकरण–स्त्री० [स० दहन] १ अग्नि का प्रज्वलन। २ ज्वाला, लपट। ३ लज्जा, शर्म। ४ ताप।

दहकणो(बो)–क्रि० [स० दहन्] १ अग्नि का जलना, धधकना। २ प्रदीप्त होना, सुलगना। ३ तप्त होना। ४ डरना, भयभीत होना। ५ कापना।

वहकमळ–पु० रावण, दशानन।

वहकाणो (बो), वहकावणो (बो)–क्रि० [स० दहन्] १ अग्नि को जलाना, धधकाना। २ प्रदीप्त करना, सुलगाना। ३ तप्त करना, तपाना। ४ डराना, भयभीत करना। ५ कपाना।

वहक्कणो (बो), वहक्कवणो (बो)–देखो 'दहकणो' (बो)।

वहण–स्त्री० [स० दहन] १ जलन, दाह। २ प्रज्वलन, धधकन। ३ अग्नि, आग। ४ कुढन, जलन। ५ एक रुद्र का नाम। ६ ज्योतिष में एक योग। ७ ज्योतिष मे एक वीथी। ८ तीन की सख्या।※। –वि० १ जलने योग्य। २ जलाने वाला, भस्म करन वाला। ३ नाश करने वाला।

वहणो–देखो 'दाहिणो'।

वहणो(बो)–क्रि० [स० दहन] १ जलना, भस्म होना। २ धधकना, प्रज्वलित होना। ३ सतप्त होना, दुखी होना, कुढना। ४ नष्ट होना, मारा जाना। ५ भस्म करना, जलाना। ६ नाश करना, विनाश करना। ७ दूर करना, मिटाना। ८ दाह सस्कार करना। ९ सतप्त करना।

वहदहणो (बो)–क्रि० कापना, थर्राना, डरना।

दहन, वहन–देखो 'दहण'।

दहबट्ट, वहबाट–देखो 'दहवट'।

दहमग, दहमग–पु० [स० दश-मार्ग] १ ध्वस, तहस-नहस। २ विनाश, सहार।

वहमथ (माथ)–देखो 'दसमाथ'।

वहमुख, वहमुखी–देखो 'दसमुख'।

वहल–स्त्री० [स० दर] १ डर, भय, आतक, त्रास। २ सताप, दुख। ३ भय से कपन। ४ धाक, रौब, प्रभाव।

दहलणो (बो)–क्रि० [स० दर] १ डरना, भय खाना। २ सतप्त होना, दुखी होना। ३ भय से कापना। ४ धाक या रौब पडना।

दहलाणो (बो), वहलावणो(बो)–क्रि० १ डराना, भय दिखाना। २ सतप्त करना, दुखी करना। ३ भय से कपाना। ४ धाक जमाना, रौब लगाना।

वहली–देखो 'दिल्ली'।

दहलोत–वि० भयभीत करने वाला, आतकित करने वाला।

दहल्ळ–देखो 'दहल'।

वहल्लणो (बो)–देखो 'दहलणो' (बो)।

वहवट, (वटि, वट्ट, वाट, वाटो)–पु० [स० दश-वाट] १ सहार, विनाश। २ ध्वस, नाश। ३ आतक, डर, भय। ४ दशो दिशाओ के मार्ग।

दहव्रन–स्त्री० [स० दधिवर्णा] गाय।

दहसत वहसति, वहसत्त–स्त्री० [फा० दहशत] १ आतक, डर, भय, खौफ। २ धाक, रौब।

दहसोत–देखो 'देसोत'।

वहाई–स्त्री० [स० दह] दश के मान की सख्या, इकाई के पीछे का अक।

वहाड–स्त्री० १ जोर की आवाज, भारी या घोर शब्द। २ शेर आदि की गर्जना। ३ घन-घोर गर्जन।

वहाडणो (बो)–क्रि० १ जोर का शब्द करना। २ गर्जना। ३ क्रोध मे जोर से बोलना। ४ देखो दहाणो' (बो)।

वहाडो–वि० १ आतक व रौब वाला, आतकित करने वाला। २ जबरदस्त। ३ गर्जने वाला। ४ वयोवृद्ध, अनुभवी। ५ पुराना, प्राचीन।

दहाडो–देखो 'दिवस'।

वहाणो(बो), वहावणो (बो)–क्रि० [स० दहन] १ भस्म करना, जलाना। २ सतप्त करना, कुढाना। ३ प्रज्वलित करना। ४ नष्ट करना, मारना। ५ दूर करना, मिटाना। ६ दाह-सस्कार कराना।

दहावन–स्त्री० [स० दीर्घ+अवत] गाय।

दहि, वही–देखो 'दस'। २ देखो 'दई'।

वही-कोरडो–पु० एक देशी खेल।

वहीयो–देखो 'दई'।

वहूँ–देखो 'दहू'।

दहुंए, दहुऐ, दहुधा, दहुंवां–क्रि० वि० दोनो ओर, दोनो तरफ। –वि० दोनो।

दहूं, दहू–वि० दोनो।

दहेज–पु० [अ० दहेज] कन्या का विवाह कर विदाई के समय दिया जाने वाला सामान, द्रव्य आदि।

दहेलो–वि० दुर्लभ, कठिन।

दहोड़णो (बो)–क्रि० सहार करना, मारना।

दहोतरसौ–वि० [स० दशोत्तरशत] एक सौ दश।

दा–स्त्री० [फा०] दफा, बार। –वि० जानने वाला, ज्ञाता, सर्वज्ञ।

दाइवो–वि० (स्त्री० दाइ दी) समवयस्क, हम उम्र।

दाइ, दाई–स्त्री० १ आयु, उम्र। २ बार, दफा, मर्तबा। ३ तरफ, प्रकार, भ्राति।

दागड़ी–स्त्री० कपाट के पिछले भाग मे लगा काष्ठ का छोटा डण्डा या पट्टी।

दागी–स्त्री० १ बाल, मुट्टा। २ जुलाहो की कघी मे लगी रहने वाली लकडी। ३ एक वाद्य विशेष।

दागो–वि० हृष्ट-पुष्ट, मजबूत।

दांडाजिनिक–पु० पाखण्डी या ढोंगी साधु। –वि० छलिया, कपटी।

दाडी–देखो 'डाडी'।

दाडू–देखो 'दाडम'।

दांण–पु० [स० दान] १ शतरज, चौपड आदि मे चाल, दाव। २ चाल के लिए पाशा या कौडी फेंकने की क्रिया। ३ दाव पर रखा जाने वाला द्रव्य या सामान। ४ समय, वक्त। ५ बार, दफा। ६ ऊट के अगले पैरो का बधन। ७ देखो 'डाण'। ८ देखो 'दान'।

दाणउ–१ देखो 'दाणो'। २ देखो 'दान'।

दांण-दपांण, दाण-दापो–पु० १ सरकारी कर। २ जगात।

दाणदार–देखो 'दाणेदार'।

दांणपुरधांण–पु० मत्री।

दाणमडही–स्त्री० दान देने का स्थान।

दाण-लीला–देखो 'दानलीला'।

दांणव–पु० [स० दानव] १ असुर, राक्षस। २ दुष्ट। ३ यवन —गुर, गुरु–पु० शुक्राचार्य। —राई, राय, राह–पु० हरिण्य कश्यप, राजा बलि, रावण, बादशाह।

दाणवत–पु० [स० दानव-पुत्र] अफीम।

दाणवि, दाणवी–वि० [स० दानवीय] दानव सम्बन्धी, आसुरी। –स्त्री० राक्षसी।

दांणव्व–देखो 'दाणव'।

दांणादार–देखो 'दाणेदार'।

दांणापांणी–पु० १ अन्न-जल। २ जीविका। ३ रहने का सयोग।

दाणी–पु० १ कर लेने वाला कर्मचारी। २ दाख।

दांणू–१ देखो 'दानव'। २ देखो 'दाणो'।

दाणेदार–वि० जिसमे दाने या रवे हो, रवादार। –पु० १ बढिया लोहे की तलवार। २ एक प्रकार का बढिया फौलाद।

दाणो–पु० [फा० दान] १ अनाज, अन्न। २ अनाज या किसी पदार्थ का कण। ३ रवा। ४ घोडे, सूअर आदि को खिलाने का अनाज। ५ बीज। ६ नग, खण्ड, टुकडा। ७ किसी वस्तु की सतह का रवादार उभार। ८ शरीर पर किसी रोग के कारण होने वाले दाने। ९ एक प्रकार की शक्कर। १० देखो 'दाणव'।

दात, दातडलो–पु० [स० दन्त] १ प्राणियों के मुह मे बना, खाना चबाने का ठोस व तीक्ष्ण अवयव, दत, दशन, रदन। २ दात की तरह बना किसी उपकरण का भाग। [सं० दात] ३ पालतू या सीधा बैल। ४ दाता। ५ दमनक वृक्ष। –वि० १ पालतू। २ वशवर्ती। ३ उदार। ४ त्यक्त। ५ इन्द्रियजित। —कथ, कथा='दंतकथा'।

दातड़ल–पु० सूअर, शूकर।

दातण, (णि, णी,) दातणियो–पु० [स० दत-मज्जन] १ दांत साफ करने की क्रिया, दत मजन। २ दात साफ करने मे काम आने वाला पदार्थ, मजन। ३ नीम, बबूल आदि की हरि टहनी। ४ एक लोक गीत।

दांतवसन–पु० [स० दत-वसनम्] ओष्ठ, अधर।

दातळी–वि० १ बडे दातों वाली। २ बिना बात हंसने वाली। –स्त्री० छोटी हसिया।

दातळैल–देखो 'दातडैल'।

दातळो–वि० [स० दतुर] (स्त्री० दातळी) १ बडे दातो वाला। २ बिना बात हसने वाला। –पु० हसिया।

दांताळी–देखो 'दताळी'।

दाताळो–पु० [स० दतावल] १ हाथी, गज। २ देखो 'दातळो'।

दांति–देखो 'दाती'।

दातियो–पु० [स० दातिक] १ खरगोश। २ सियार। ३ ढोली। –वि०-दात का बना।

दांतिळउ–देखो 'दातळो'।

दाती–स्त्री० [स० दत] १ हाथी दात आदि के चूडे बनाने का व्यवसाय करने वाली जाति व इस जाति का व्यक्ति। २ कघी। ३ कघी से बाल साफ करने के लिये डोरा लपेटने की क्रिया या ढग। ४ कघीनुमी कुदाली। ५ दातो की पक्ति, बत्तीसी। ६ एक वृक्ष विशेष। ७ आत्म सयम। ८ वशीकरण। ९ देखो 'दातो',

दातीळ–पु० [स० दतुर] चार दात वाला ऊट।

दातूसळ–देखो 'दतूसळ'।

दांतेरू–देखो 'दंतेरू'।

दांतौ–पु० [स० दत] १ दातनुमा कगूरा। २ नुकीला भाग, बीच मे निकली कोई नोक। ३ 'कुळी' नामक कृषि उपकरण का एक अवयव। –वि० दात का।

दात्पुणी–स्त्री० जमाल घोटे की जड।

दात्यौ–१ देखो 'दातियौ'। २ देखो 'दातौ'।

दांदड–देखो 'दानड'।

दान–पु० [स० दान] १ धर्म या पुण्य अर्जन करने के लिये याचको को कुछ देने की क्रिया। २ याचको को उदारता पूर्वक बाटा जाने वाला द्रव्य या पदार्थ। ३ भेंट, पुरस्कार। ४ देना क्रिया, सुपुर्दगी। ५ बटाई, वितरण। ६ घूस, रिश्वत। ७ हाथी का मद। ८ बैठक, आसन। ९ देखो 'दाण'। –**अयन**–पु० दाता, दानी। –**गुर, गुरु**–पु० महादानी, दानवीर। –**पति**–पु० सदा दान करने वाला दानी। अक्रूर। —**पत्र**–पु० दान की हुई सम्पत्ति के सबध मे लेख्य पत्र। —**पात्र**–पु० दान के लिये उपयुक्त याचक। —**लीला**–पु० श्रीकृष्ण की एक बाल लीला। —**वारि**–पु० हाथी का मद। —**वीर**–पु० साहस पूर्वक दान करने वाला, महादानी। —**साळा**–स्त्री० याचको को दान देने का स्थान। —**सील**–वि० दान करने की भावना वाला।

दानक, दांनख–पु० [स० दानक] बुरा व कुत्सित दान।

दानड़–पु० कूडा करकट।

दानव–देखो 'दाणव'। —**गुर, गुरु**='दाणवगुरु'।

दानवज्र–पु० [स० दानवज्र] देवताओ की सवारी के अत्यन्त वेगवान अश्व।

दानवी–स्त्री० [स० दानवी] दानव स्त्री, राक्षसी। –वि० [स० दानवीय] आसुरी, दानव सवधी।

दानवू–देखो 'दाणव'।

दानवेंद्र–पु० [स० दानवेंद्र] १ राजा वलि। २ रावण। ३ हरिण्य कशिपु।

दानसागर–पु० [स० दानसागर] एक प्रकार का महादान।

दांनाई–स्त्री० [फा० दानाई] १ बुद्धिमता, अक्लमदी। २ वृद्धावस्था।

दांनावकी–स्त्री० [स० दान] दान लेने का अधिकार।

दांनाध्यक्ष–पु० [स० दानाध्यक्ष] वह जिसके द्वारा दान किया हुआ द्रव्य बाटा जाय।

दांनापण–पु० १ अक्लमदी, बुद्धिमता। २ बुढापा।

दांनि–१ देखो 'दानी'। २ देखो 'दान'।

दानिसमद–वि० [फा० दानिशमद] बुद्धिमान।

दानी–वि० [स० दानिन्] १ दान करने, पुण्य करने, धर्मादा करने वाला। २ भेंट करने वाला। ३ दाता, उदार। –पु० १ राजा कर्ण। २ दानी व्यक्ति।

दानीक–वि० [फा०] १ बुद्धिमान, अक्लमद। २ दान करने वाला, उदार। ३ वृद्ध।

दानीरिप–पु० [सं० दानिन्-रिपु] अर्जुन, पार्थ।

दानेसरी, दानेसबर, दानेसुर–वि० [स० दानीश्वर] दान देने मे श्रेष्ठ।

दांनौ–पु० [फा० दाना] (स्त्री० दानी) १ अक्लमंद, बुद्धिमान। २ वयोवृद्ध, अनुभवी। ३ सज्जन। ४ हितैषी, शुभचिन्तक। ५ देखो 'दाणौ'। ६ देखो 'दाणव'।

दापत्य–वि० [स०] दम्पती संवधी, पति-पत्नी सवधी। –पु० पति-पत्नी का प्रेम सवध व व्यवहार।

दामिक–वि० [सं०] १ पाखण्डी, आडम्बरी। २ घमण्डी, अहकारी। ३ धोखेवाज, ठग।

दाम, दामडियौ, दामडौ–पु० [स०द्रम्म] १ एक रुपये का ४०वा भाग, एक सिक्का। २ पैसे का पच्चीसवा भाग। ३ पैसे के बराबर एक प्राचीन सिक्का। ४ द्रव्य, धन। ५ वस्तु की कीमत, मूल्य। [स० दाम] ६ एक प्रकार की नीति। ७ माला, हार, लडी। ८ रज्जु, रस्सी। ९ डोरा, धागा। १० कमर वद। ११ रेखा, धारी। १३ वधन। –वि० किंचित, जरा, कम।

दामट्ठी–पु० [स० दामिट्ठी] इन्द्र की रथ सेना का सेनापति।

दांमण–पु० [फा० दामन] १ वस्त्र का छोर। २ ओढ़णी। ३ ओढणी का पल्ला। ४ पहाड के नीचे की भूमि। ५ बधन। ६ घन घटा। ७ देखो 'दामणी'। ८ देखो 'दामणौ'। ९ देखो 'दावण'। १० देखो 'दामौ'। –वि० १ वधन मे डालने वाला। २ चचल।

दामणणौ (बौ)–क्रि० ऊंट, वैल, घोडे आदि के पैर वाधना।

दामणगीर–वि० [फा० दामन-गीर] दामन पकडने वाला।

दामणि–देखो 'दामणी'।

दामणियौ–वि० [स० दमन] १ दमन करने वाला। २ देखो 'दामणौ'।

दामणी–स्त्री० [स०दामिनी] १ बिजली, विद्युत। [स० दामनी] २ रस्सी, रज्जु। [स० दाम] ३ विधवा स्त्रियो के शिर की एक ओढनी विशेष। ४ शिर का एक आभूषण विशेष।

दांमणेस–देखो 'दामणी'।

देहुरौ–देखो 'देवरौ' ।
दैंण–देखो 'दैंण' ।
दैंत, दैत्य–देखो 'दैत्य' ।
दैण–स्त्री० [सं० दा] १ देने की क्रिया या भाव । २ प्रदत्त वस्तु दी हुई वस्तु । ३ दान । –वि० देने वाला ।
दैंण–स्त्री० [स० दहन] १ दुख, कष्ट, पीडा । २ जलन । ३ परेशानी, झझट ।
दैणदार–वि० [स० दा] १ देने वाला । २ ऋणी, कर्जदार ।
दैणदारी–स्त्री० १ ऋणी होने की अवस्था । २ चुकाने योग्य राशि । ३ ऋण ।
दैण-लैण–पु० लेने-देने की क्रिया या भाव । व्यवसाय ।
दैणवर–पु० स्वामि कार्त्तिकेय ।
दैणायत, दैणायत–वि० १ देने वाला । २ ऋण चुकाने वाला । ३ कर्जदार, ऋणी ।
दैणी–अव्य० से ।
दैणौ–वि० [स० दा] (स्त्री० दैणी) देने वाला । –पु० ऋण, कर्ज ।
दैणौ (बौ)–क्रि० [स० दा] १ कोई वस्तु या धन किसी को देना, दे देना । २ दूसरो को सौंपना, सभलाना । ३ देखने या अवलोकनार्थ हाथ मे थमाना । ४ देखने या

अवलोकनार्थ हाथ मे पकडना। ५ पास मे रखना। ६ लगाना, प्रयोग मे लाना। ७ निर्धारित करना। ८ मारना, प्रहार करना। ९ भुगताना,भोगाना। १० उत्पन्न करके देना। ११ प्रजनन करना। १२ लगाना, वद करना, जडना १३ आज्ञा करना, कहना, करना।

दैत–देखो 'दैत्य'। —**अरि**='दैत्यारि'। —**पत, पति, पती**–'दैत्यपति'।

दैतार–पु० [स० दैत्यारि] १ अर्जुन। २ दैत्यारि।

दैत्य–पु० [स०] १ कश्यप व दिति के पुत्र, असुर, राक्षस। २ *विशाल डील-डौल व डरावनी शक्ल का व्यक्ति।* ३ दुराचारी, पापी। —**अरि**–पु० विष्णु। देवता। इन्द्र। दैत्यो का शत्रु। —**गुरु**–पु० शुक्राचार्य। —**जुग**–पु० मानवीय चार युगो के वरावर दैत्यो का युग। —**दैव**–पु० विष्णु, पवन। वरुण। —**निकंदण**–पु०विष्णु। —**पति**–पु० रावण। वलि। हिरण्य कश्यप। —**सेना**–स्त्री० दैत्यो की सेना। प्रजापति की एक कन्या।

दैत्यधूमिणी (नी)–स्त्री० [स० दैत्यधूमिनी] एक तान्त्रिक मुद्रा विशेष।

दैत्यारि–पु० [स०] १ विष्णु। २ देवता। ३ इन्द्र। ४ विष्णु।

दैत्येंद्र, दैत्येस–पु० [स०] १ राजा वलि। २ रावण। ३ हिरण्य कश्यप।

दैधाण–पु० समुद्र, सागर।

दैनकी–देखो 'दैनगी'।

दैनगण, (णी)–स्त्री० [स० दैनिकी] मजदूर स्त्री, मजदूरनी।

दैनगियो–पु० [स० दैनिकी] (स्त्री० दैनगण, दैनगणी) दैनिक मजदूरी पर कार्य करने वाला व्यक्ति, श्रमिक।

दैनगी–स्त्री० [स० दैनिकी] १ मजदूरी। २ एक दिन के श्रम का निर्धारित द्रव्य।

दैन्य–पु० [स०] १ दरिद्रता, गरीवी। २ दीनता व तुच्छता का भाव। ३ कातरता। ४ काव्य मे एक सचारी भाव।

दैबाड़णौ (बौ), दैवाडणौ (वौ), दैवाणौ (बौ), दैवावणौ (वौ)–देखो 'दिराणौ' (वौ)।

दैव–पु० [स०] १ भाग्य, प्रारब्ध। २ विधाता। ३ विष्णु। ४ एक प्रकार का विवाह। –वि० १ देवता सवधी। २ नैसर्गिक, स्वर्गीय। ३ राजकीय।

दैवगत, (गति)–देखो 'देवगति'।

दैवग्य–पु० [स० देवज्ञ] ज्योतिषी।

दैवचिंता–स्त्री० भाग्य के विषय मे चिंतन या चिंता।

दैवजोग–देखो 'देवजोग'।

दैवत–पु० [स० दैवत] ईश्वर।

दैवतपति–पु० [स०] इन्द्र।

दैवतीरथ–पु० [स० दैवतीर्थ] अगुलियो की नोक।

दैववस–क्रि० वि० [स० दैववश] सयोग से, अकस्मात्। कुद्रतन।

दैववादी–वि० [स०] भाग्य वादी। निरुद्यमी। आलसी।

दैवविवाह–पु० [स०] स्मृति के अनुसार एक विवाह।

दैवसजोग–देखो 'देव सजोग'।

दैवाण–देखो 'दीवाण'।

दैवाकारी–स्त्री० [स०] यमुना नदी।

दैवात–देखो 'दैववस'।

दैविच्छा–स्त्री० [स० दैवेच्छा] १ ईश्वरेच्छा। २ भवितव्यता, होनी।

दैवी–वि० [स०] १ देवकृत। २ देव सवधी। ३ सयोग से होने वाला। ४ सात्विक। –स्त्री० दैव विवाह से वनी पत्नी।

दैवु–देखो 'दैव'।

दैसत्त–स्त्री० [फा० दहशत] भय, डर, आतक।

दैसाळिक–देखो 'देसाळिक'।

दैसिक–पु० [स० देशिक] १ गुरु। २ उपदेशक। ३ राहगीर।

दैसोटौ–देखो 'देसोटौ'।

दैसोत, दैसौत, दैसौतडौ–देखो 'देसोत'।

दो, दोकार, दोकारि–स्त्री० नगाड़े, तवले आदि वाद्य की ध्वनि।

दोगडा–पु० कभी-कभी होने वाली वर्षा (मेवात)।

दो–वि० [सं० द्वि] १ एक का दुगुना, एक तथा एक। २ अतिरिक्त। ३ दोनो। –पु० [स० द्यौ] १ स्वर्ग। २ आकाश। ३ वृषभ। ४ दैत्य। ५ स्त्रियो के वालो की अलक। ६ सिंह। ७ दान। ८ लिंग। ९ हाथ १० पाव। –स्त्री० ११ रात्रि। १२ ७२ कलाओ मे से एक। १३ दो की सख्या।

दो'–पु० [स० दोष] दैवी कोप, अभिशाप।

दोआनी–स्त्री० [स० द्वि+आणक] १ रुपये का आठवा भाग। २ इस मान का सिक्का।

दोइण–देखो 'दुरजन'।

दोइतरी, दोइती–देखो 'दोहिती'।

दोइतरो, दोइतो–देखो 'दोहितो'।

दोई–वि० [स० द्वि] १ दोनो। २ दो।

दोईतरी, दोईती, दोईत्री–देखो 'दोहिती'।

दोईतरौ, दोईतौ, दोईत्रौ–देखो 'दोहितौ'।

दोईरद–पु० [स० द्विरद] हाथी।

दोउ, दोऊ–वि० [स० द्वि] दोनो।

दोकडो–पु० रुपये का सौवा अश, एक प्राचीन सिक्का।

दोकद–पु० *एक प्रकार का वस्त्र विशेष।*

दोकी–स्त्री० [सं० द्वि] १ दो की सख्या। २ दो का जोडा। ३ दो अगुलियो का सकेत। –वि० १ दो। २ देखो 'दोखी'।

दोखंभा–पु० [स० द्वि-स्तभ] एक प्रकार का नैचा ।
दोख–पु० [स० दोष] १ कोप, गुस्सा, क्रोध । २ देखो 'दोस' ।
दोखण–१ देखो 'दूसरा' । २ देखो 'दोस' ।
दोखादोगदक, दोगंधक–पु० [स० दौगुन्दुक] अतिशय रति क्रीडा करने वाली एक देव जाति ।
दोखियो दोखी, दोखीलो–वि० [स० दोषिन्] १ शत्रु, दुश्मन । २ बुरा चाहने वाला । ३ ईर्ष्या करने वाला ।
दोगड–स्त्री० [स० द्वि+घट] १ दो मत, दो विचार । २ असमजस । ३ देखो 'दोघड' ।
दोगणो–वि० दुगुना ।
दोगलो–पु०[फा०दो-गुल्ला] १ वर्णसकर सतान । २ जारज पुत्र । –वि० (स्त्री० दोगली) १ वर्ण सकर । २ चुगलखोर ।
दोगी–स्त्री० १ नार-कंकरी नामक खेल । २ पीडा, दर्द, कष्ट । ३ सकट, आपत्ति । ४ दुविधा । ५ रोग । ६ शत्रु, दुश्मन ।
दोघड–पु० [स० द्विघट] १ शिर पर रखे दो जल पात्र, दो घट । २ देखो 'दोगड' ।
दोघडो–वि० [स० द्वि–घट] उदास, चिन्तित, खिन्न ।
दोघणो–पु० अहित, बुराई । हानि ।
दोड–पु० [स० द्वि-पट] १ दो सूत का बना वस्त्र, दो सूती वस्त्र । २ देखो 'दौड' ।
दोचोखट, दोचौखट–स्त्री० आभूषणो पर खुदाई करने का औजार विशेष ।
दोज–देखो 'दूज' ।
दोजक–देखो 'दोजख' ।
दोजकी–देखो 'दोजखी' ।
दोजख (ग)–पु० [फा०] १ इस्लाम धर्म के अनुसार 'नरक' । २ दुख, कष्ट ।
दोजखी (गी)–वि० [फा०] १ नरकगामी, पापी, दुरात्मा । २ दुखी ।
दोजाणो–देखो 'दोजो' ।
दोजिक (ख, ग)–देखो 'दोजख' ।
दोजियायती, दोजीयायती, दोजीवाती, दोजीवायती–स्त्री० [स० द्विजीवा] गर्भवती स्त्री या मादा पशु ।
दोजो, दोझाणो–पु० [० सदोग्ध] १ दूध देने वाले मादा पशु का स्तन । २ दूध व दूध से मिलने वाले पदार्थ । ३ दूध देने वाले पशु ।
दोझाळ–वि० १ वीर योद्धा, बहादुर । २ क्रुद्ध, कुपित । –पु० दूध देने वाला मादा पशु ।
दोट–पु० [स० धाव] १ आधी, तूफान । २ हवा का तेज झोंका, बवडर । ३ टक्कर, आघात, धक्का । ४ प्रहार, वार । ५ ठोकर, ठेस । ६ मार, घाव । ७ मवेशी । ८ मूर्ख, नासमझ । ९ बाल, केश । १० आक्रमण, हमला । ११ व्यथा, शोक, सताप । १२ समूह, गुब्बार । १३ दौडने की क्रिया या भाव । १४ देखो 'दोटो' ।
दोटणो (बो)–क्रि० [स० धाव्] १ पैरो से रौंदना, कुचलना । २ सहार करना, मारना । ३ ठुकराना, ठोकर मारना । ४ गेंद आदि के चोट लगाना । ५ दबाना । ६ दौडना, भागना । ७ वेग से उठ कर गिरना । ८ तेजी से प्रवाहित होना । ९ झोंके लगाना, झटके मारना । १० लपेट मे लेते हुए चलना ।
दोटियो–१ देखो 'दोटी' । २ देखो 'दोट' ।
दोटी–स्त्री० [स० द्विपटी] १ बच्चो के खेलने का कपडे, रब्बर या चमडे का गोला, गेंद । २ एक प्रकार का वस्त्र ।
दोटो–पु० १ देहलीज पर लगी लकडी । २ वायु का बवडर । ३ गेंद पर लकडी का प्रहार । ४ झोंका, झटका । ५ तेज, प्रवाह । –वि० १ नष्ट करने वाला । २ देखो 'दोट' ।
दोठो–पु० खाद्य पदार्थ विशेष, व्यजन ।
दोडगो–पु० एक प्रकार का फल विशेष ।
दोणकियो, दोणको–१ देखो 'दोवणियो' । २ देखो 'दोणियो' ।
दोणातार–पु० आभूषणो की खुदाई करने का एक औजार ।
दोणियो–वि० दुहने वाला, दुहारा । –पु० १ दूध दूहने का पात्र । २ देखो 'दोवणियो' ।
दोणो (बो)–देखो 'दूवणो' (बो) ।
दोत–१ देखो 'दवात' । २ देखो 'दुतिया' ।
दोतड–पु० [स० द्वि + तट] दुविधा ।
दोतडि (डी)–स्त्री० [स० दुस्तरी] दुष्ट नदी ।
दोति–देखो 'दवात' ।
दोधक–पु० [स०] १ एक वर्ण वृत्त विशेष । २ एक मात्रिक छद विशेष ।
दोधार–देखो 'दुधार' ।
दोधारी–स्त्री० १ आभूषणो पर खुदाई का एक औजार विशेष । २ देखो 'दुधारी' ।
दोधारो–देखो 'दुधार' ।
दोधो–पु० १ दुधिया रस वाला एक पौधा विशेष । २ देखो 'दूध' ।
दोन–१ देखो 'दोनो' । २ देखो 'दूण' ।
दोनब–देखो 'दानव' ।
दोनाळी–देखो 'दुनाळी' ।
दोनु, दोनू, दोनू, दोनों–वि० [स० द्वि] उभय, दोनो ।
दोनो–पु० १ कलक, दोष । २ ताना, व्यग । ३ देखो 'दूनो' । ४ देखो 'दोनों' ।
दोन्या–१ देखो 'दुनिया' । २ देखो 'दोनों' ।
दोन्यु, दोन्यूं–देखो 'दोनों' ।
दोपइ–स्त्री० [स०] एक मात्रिक छन्द विशेप ।
दोपहर–पु० [स० द्वि-प्रहर] दिन का मध्य समय, मध्याह्न ।

दोपहरियो–देखो 'दोपारियो'।

दोपहरी–१ देखो 'दोपारी'। २ देखो 'दोपहर'।

दोपार–देखो 'दोपहर'।

दोपारियो–पु० १ एक वृक्ष जिसके फूल दुपहर मे खिलते हैं। २ देखो 'दोपारी'।

दोपारी, दोपारो–स्त्री० १ मध्याह्न का स्वल्पाहार। २ देखो 'दोपहर'।

दोपाहर, दोपैर–देखो 'दोपहर'।

दोपेरो–देखो 'दोपारो'।

दोफसळी–देखो 'दुफसली'।

दोफारी (रो)–देखो 'दोपारी'।

दोब, दोबड़, दोबडी–स्त्री० [स० दूर्वा] दूर्वा घास, दूब।

दोबारो–पु० [स० द्वि-द्वार] १ दो द्वार का कक्ष। २ देखो 'दूवारो'।

दोबै–पु० छुपकर या मोर्चा लगाकर बैठने की क्रिया।

दोबैत–देखो 'दवावैत'।

दोभ, दोभडो–देखो 'दोब'।

दोभाग–पु० [स० दुर्भाग्य] १ मद भाग्य, दुर्भाग्य। २ दुहाग।

दोभो–वि० सुस्त, आलसी। ढीला-ढाला।

दोमजलो, दोमजिलो–वि० [स० द्वि+फा० मजिल] दो मजिल का, दो मजिल वाला।

दोमज, दोमजि, दोमझि–पु० [स० द्वि+मध्य] युद्ध, सग्राम।

दोमल–पु० एक वर्णिक छन्द विशेष।

दोमिण–पु० [स० द्यो+मणि] सूर्य, भानु।

दोमी–पु० डूम, ढोली।

दोय–देखो 'दो'।

दोयक–देखो 'दोयेक'।

दोयककुत–पु० [स० द्वि-कुकुद] ऊट।

दोयजीह–देखो 'दुजीह'।

दोयण–पु० [स० दुर्जन] १ राक्षस, दानव। २ देखो 'दुरजण'।

दोयतरी, दोयती (त्री)–देखो 'दोहिती'।

दोयतरो, दोयतो (त्रो)–देखो 'दोहितो'।

दोयथणी–देखो 'दुथणी'।

दोयम–वि० [फा०] दूसरे नंबर का, दूसरा।

दोयरण–देखो 'दुरजण'।

दोयलो–देखो 'दोहिलो'। (स्त्री० दोयली)।

दोयसपो (पो)–पु० [फा० दो-अस्प] १ दो घोडो का मालिक सैनिक। २ दो घोडो की डाक।

दोयसे'क–वि० दो सौ के लगभग।

दोयेक–वि० [स० द्वि-एक] दो के लगभग।

दोरगी(गो)–देखो 'दुरगो'।

दोर–पु० १ एक प्रकार का आभूषण विशेष। [दोस्] २ हाथ, कर। ३ शक्ति, बल। ४ देखो 'दौर'।

दोरउ–१ देखो 'डोरो'। २ देखो 'दो'रो'।

दोरडी–स्त्री० डोरी।

दोरडो–पु० डोरो।

दोरवंडण (न)–पु० दृढ व मजबूत भुजा।

दोरप, दोरम–स्त्री० १ तकलीफ, कष्ट, पीडा। २ वियोग। ३ अभाव जन्य दुःख।

दोराणी–देखो 'देराणी'।

दोराई–स्त्री० तकलीफ, कष्ट, पीडा। असुविधा।

दो'राणो (बो)–क्रि० १ किसी कार्य या बात की पुनरावृत्ति करना। २ कोई बात समझा कर पुन कहना। ३ दो तह करना।

दोरायतो–पु० एक प्रकार का घोडा।

दोरावणो (बो)–देखो 'दो'राणो' (बो)।

दोरी–१ देखो 'डोरो'। २ देखो 'दो'रो'।

दोरीओ–पु० एक प्रकार का वस्त्र।

दोरुखो–वि० [फा०] (स्त्री० दोरुखी) १ दोनो पक्षो की ओर रुख रखने वाला। २ दोनो ओर समान स्थिति वाला। ३ दो तरह की विचार-धारा वाला। ४ दोनो ओर भिन्न रगो वाला। –पु० स्वर्णकारो का एक औजार।

दो'रो–वि० [स० दु खधर] (स्त्री० दो'री) १ पीड़ित, दु खी, कष्ट मे। २ व्याकुल, विकल, बेचैन। ३ असुविधा या परेशानी की स्थिति मे। ४ असह्य, दुष्कर। ५ कठिन, मुश्किल। ६ उदास, खिन्न, दु'खी, अप्रसन्न। ७ अप्रिय, कटु कर्कस। ८ नाराज। ९ अधिक मेहनत या श्रम वाला। १० जिसे साधना या काबू करना कठिन हो। ११ सकट पूर्ण। –क्रि० वि० निरुत्साही-होकर।

दोलक–देखो 'ढोलक'।

दोलड़ो (डो)–वि० [स० द्वि+लटिक] १ दो लडो वाला। २ दोहरा। ३ मोटा।

दोळलो–वि० (स्त्री० दोळली) पास का, इर्द-गिर्द का।

दोळा–क्रि० वि० चारो ओर, इर्द-गिर्द।

दोळाजत्र–पु० अर्क निकालने का एक यत्र विशेष। (वैद्यक)

दोळाजुध–पु० [स० दोलायुद्ध] हार-जीत का निर्णय शीघ्र न हो सके, ऐसा युद्ध।

दोळी–क्रि० वि० चारो ओर, इर्द-गिर्द। –वि० समीप, निकट, पास।

दोळीकियो–पु० १ आभूषणो मे खुदाई करने का एक औजार। २ पैर की अगुली का एक आभूषण विशेष।

दोळू, दोळू–पु० १ दात, दत। २ देखो 'दोळो'।

दोळै–क्रि० वि० इर्द-गिर्द, चारो ओर।
दोलोत्सव–पु० [स०] फाल्गुण मास की पूर्णिमा का, वैष्णवो का एक त्यौहार।
दोळौ–वि० (स्त्री० दोळी) समीप, पास, निकट। –क्रि० वि० इर्द-गिर्द, चारो ओर।
दोवड, दोवडियौ–स्त्री० [स० द्वि-पट] १ दो पट की चादर दोहरी चादर। २ देखो 'दोवडौ'। —**चौवड**–पु० दो या चार तह वाला। दुगुना-चौगुना।
दोवडी–वि० १ दो तह की। २ दुहरी। ३ दो लडोवाली। ४ दो प्रकार की। ५ दुगुनी। –स्त्री० दो तह किया हुआ वस्त्र। —**ताजीम**–स्त्री० सरदारो या सामन्तो को दिया जाने वाला सम्मान (जोधपुर)।
दोवडौ–वि० [स० द्वि+पट] (स्त्री० दोवडी) १ दो तह का, दोहरा। २ जिसमे दो लडे हो। ३ दो प्रकार का। ४ द्वि, दो। ५ दोनो ओर का। ६ दुगुना। –पु० दो तह को सी कर तैयार किया वस्त्र।
दोवडो-कुरब, (कुरव)–देखो 'दोवडी-ताजीम'।
दोवटी–स्त्री० [स० द्वि-पट] १ दो पट का वस्त्र। २ दुपट्टा। ३ धोती। ४ एक प्रकार का बिछौना, आसन (मेवाड)। ५ एक प्रकार की मिठाई।
दोवणिया–पु० व व मृतक के बारहवें दिन अशौच निवारणार्थ पानी से भरे जाने वाले बारह घटक।
दोवणियौ–पु० १ दूध दूहने का पात्र। २ मृतक के बारहवें दिन अशौच निवारणार्थ जल भर कर कुटुम्बी को दिया जाने वाला मिट्टी का छोटा घडा। –वि० दूहने वाला।
दोवणौ (बौ)–देखो 'दुहणौ' (बौ)।
दोवळी–त्रि० वि० १ इर्द-गिर्द, चारों ओर। २ दो ओर। ३ दो बार।
दोवा, दोवाई–वि० [स० द्वि] दोनो।
दोवाई–देखो 'दूवारी'।
दोवाणौ (बौ), दोवावणौ (बौ)–देखो 'दुवाणौ' (बौ)।
दोवारी–देखो 'दूवारी'।
दोवै–वि० [स० द्वि] दोनो।
दोस–पु० [स० दोष] १ अवगुण, ऐब। २ बुराई, खराबी। ३ कलक, लाञ्छन। ४ आरोप, अभियोग। ५ अपराध, कसूर। ६ कमी। ७ अशुद्धि। ८ पाप। ९ दुष्परिणाम। १० रोग। ११ त्रिदोष। १२ खण्डन। १३ साहित्यिक अवगुण। १४ नव्य न्याय की त्रुटि। १५ आठ वसुओ मे से एक। १६ तीन की सख्या*। १७ दश की सख्या*। १८ देखो 'दो'। —**ग्राही**–पु० दुष्ट, दुर्जन। —**जांण**–पु० वैद्य, हकीम, चिकित्सक। दोषो का ज्ञाता।
दोसण–वि० [स० दोपण] १ दोष उत्पन्न करने वाला। दोष-जनक। २ देखो 'दूसण'। ३ देखो 'दोस'।
दोसत–पु० [फा० दोस्त] १ मित्र, सखा। २ प्रेमी, स्नेही। —**दार**–पु० मित्र, स्नेही। —**दारी**–स्त्री० दोस्ती, मित्रता।
दोसतानौ–वि० [फा० दोस्ताना] मित्रता का, दोस्ती का। मित्रता जैसा। –पु० १ मित्रता, दोस्ती। २ मित्रता जैसा व्यवहार।
दोसती–स्त्री० [फा० दोस्ती] १ मित्रता, दोस्ती। २ प्रेम सबध।
दोसपौ–देखो 'दोयसपी'।
दोसहटी–स्त्री० [स० दौष्यिक+हट्ट] कपडा बाजार।
दोसा–स्त्री० [स० दोषा] १ रात्रि, रात। २ सध्या। ३ भुजा, बाहु। —**कर**–पु० चन्द्रमा, शशि।
दोसी–पु० [स० दौष्यिक] कपडे का व्यापारी। –स्त्री० सखी, सहेली (मेवात)। –वि० [स० दोषिन्] १ जिसमे ऐब या बुराई हो, ऐबी। २ कसूरवार, अपराधी। ३ पापी। ४ मुजरिम, अभियुक्त। ५ दुष्ट। ६ भ्रष्ट। ७ अपवित्र।
दोसूती–स्त्री० [स० द्वि+सूत्र] दुहरे ताने का बना वस्त्र।
दोसौ–देखो 'दोस'।
दोस्त–देखो 'दोसत'।
दोस्तदार–देखो 'दोसतदार'।
दोस्तदारी–देखो 'दोसतदारी'।
दोस्ती–देखो 'दोसती'।
दोह–१ देखो 'दो'। २ देखो 'दोस'। ३ देखो 'दोख'।
दोहखी–देखो 'दोखी'।
दोहग (ग्ग, ग्गु, ग्गू)–पु० [स० दौर्भाग्य] १ वियोग जनित दुःख। २ दुर्भाग्य। ३ वैधव्य। ४ सकट, विपत्ति।
दोहडउ–वि० [स० द्रोहाट] द्रोह रखने वाला, ईर्ष्यालु द्रोही, शत्रु।
दोहण–पु० [स० दोहनम्] १ दूहने की क्रिया या भाव। २ दोहन। ३ दुश्मन।
दोहणी–स्त्री० [स० दोहनी] १ दूहने की क्रिया या भाव। २ दूध दूहने का पात्र। ३ हडिया। ४ मृतक के बारहवें दिन भरा जाने वाला छोटा घटक। ५ देखो 'दूवणी'।
दोहणौ (बौ)–देखो 'दूवणौ' (बौ)।
दोहती–देखो 'दोहिती'।
दोहतौ–१ देखो 'दोहयौ'। २ देखो 'दोहितौ'। (स्त्री० दोहती)
दोहथीकरौती–स्त्री० दो व्यक्तियो द्वारा चलाई जाने वाली बडी आरी।
दोहथौ–वि० [स० द्वि-हस्त] १ दो हाथो वाला। २ दो हत्थो वाला।
दोहर-कूटौ–पु० सासियो का एक जातीय दण्ड विधान।

दोहरीपट–स्त्री० कुश्ती का एक पेच।

दोहरीसखी–स्त्री० कुश्ती का एक पेच।

दोहरौ–वि० [स० द्वि-हर] (स्त्री० दोहरी) १ दो परत का, दो पटका। २ दुगुना। ३ दोनो पक्ष का, दोनो ओर का। ४ दोनो ओर झुकने वाला। ५ देखो 'दो'रौ'।

दोहलउ–पु० [स० दोहल] इच्छा, अभिलाषा, चाह।

दोहलौ–देखो 'दूहौ'।

दोहा–वि० [स० द्वि] दोनो, उभय।

दोहाई–१ देखो 'दुहाई'। २ देखो 'दूवारी'।

दोहाग–देखो 'दुहाग'।

दोहागण, दोहागिण, दोहागिणि–देखो 'दुहागण'।

दोहाणौ (बो), दोहावणौ (बो)–देखो 'दुवाणौ' (बो)।

दोहारी–देखो 'दूवारी'।

दोहाळ-कुडळियौ–पु० कुंडलिया छंद का एक भेद।

दोहाळौ–१ देखो 'दुआळौ'। २ देखो 'दोहिलौ'। ३ देखो 'दुहेलौ'। ४ देखो 'द्वालौ'।

दोहि–वि० दोनो।

दोहिता–देखो 'दुहिता'।

दोहिती (त्री)–स्त्री० [स० दोहित्री] पुत्री की पुत्री, नातिन।

दोहितौ (त्रौ)–पु० [स० दोहित्र] पुत्री का पुत्र, पुत्री का वेटा।

दोहिलउ दोहिलु, दोहिलु, वोहिलू, दोहिलू दोहिलौ–वि० [स० दुःख] (स्त्री० दोहिली) १ दुःखी, पीडित। २ कठिन, मुश्किल। ३ खिन्न, उदास। ४ दुष्कर। ५ विकट, भयकर। ६ नाराज।

दोही–वि० [स० द्वि] दोनो।

दोहीत, दोहीतरौ, दोहीतौ, दोहीअउ, दोहीत्रौ–देखो 'दोहितौ'।

दोहुवै,– दोहू–वि० [स० द्वि] दोनो।

दोहौ–देखो 'दूहौ'।

दौं–स्त्री० [स० दावाग्नि] दावाग्नि।

दौंनौं–पु० १ कूए की खुदाई। २ देखो 'दोनौं'।

दौ–पु० १ योद्धा, सुभट। २ युद्ध। ३ प्राण। ४ काम, कार्य। –वि० १ दरिद्र। २ देखो 'दो'।

दौड–स्त्री० [स० धोरू] १ भागना क्रिया। २ भग-दड। ३ द्रुतगति, वेग। ४ पहुच। ५ प्रयत्न, कोशिश। ६ परिश्रम, मेहनत। ७ आक्रमण, धावा। ८ देखो 'दौर'। —**धपाड, धूप, भाग**–स्त्री० दौडने भागने की क्रिया। कोशिश प्रयत्न।

दौडकौ–वि० (स्त्री० दौडकी) दौडने वाला, धावक।

दौडणौ (बौ)–क्रि० [स० धोरणम्] १ द्रुतगति से चलना, भागना। २ झपट कर जाना, आना। ३ कोशिश व प्रयत्न करना। ४ परिश्रम करना। ५ व्याप्त होना, छा जाना, फैलना। ६ चढ़ाई करना, आक्रमण करना। ७ लूटमार करना। ८ अपनी ओर से खूब काम करना। ९ जल्दी मचाना।

दौडा-दौड, दौडा-दौडी–स्त्री० १ दौडने भागने की क्रिया। २ भग-दड। ३ दौड-धूप। ४ हड वडी, आतुराई।

दौड़ाणौ (बौ) दौड़ावणौ(बौ)–क्रि० १ द्रुतगति से चलाना, भगाना। २ झपट कर जाने-आने के लिये प्रेरित करना। ३ प्रयत्न या कोशिश कराना। ४ परिश्रम कराना। ५ व्याप्त करना, फैलाना। ६ चढाई कराना, आक्रमण कराना। ७ लूटमार कराना। ८ जल्दी मचवाना। ९ खदेडना, निकाल वाहर करना।

दौडी–स्त्री० घोडे की टापो की ध्वनि।

दौड़ौ–पु० [अ० दौर] १ आक्रमण, धावा। २ समय-समय पर आना-जाना। ३ यात्रा, प्रवास। ४ निरीक्षण हेतु की जाने वाली यात्रा। ५ दिल पर पडने वाला वायु का दवाव, दिल का दौरा। ६ गश्त, फेरी। ७ रोग का आवर्तन, प्रभाव।

दौढ़–देखो 'डौढ'।

दौढ़ी–देखो 'डौढी'। —**दार**='डौढीदार'।

दौढौ–पु० [स० द्वि-अर्द्ध] १ एक डिंगल गीत विशेष। २ राजस्थानी का एक अन्य गीत। ३ देखो 'डौढौ'। —**कुडळियौ** –पु० कुडलिया छद का एक भेद।

दौनौं,दौनौ–१ देखो 'दूनौ'। २ देखो 'दोनौ'।

दौफार–देखो 'दोपहर'।

दौफारौ–देखो 'दोपारौ'।

दौयरद–देखो 'द्विरद'।

दौर–पु० [अ०] १ फेरा, चक्कर, भ्रमण। २ कालचक्र, दिनो का फेर। ३ प्रताप, प्रभाव, हुकूमत। ४ शान-शौकत। ५ आकार, ढग। ६ वढती का समय, अभ्युदय काल। ७ पहुंच। ८ पुरुषो की वेशभूषा। ९ वारी, पारी। १० देखो 'दोर'। ११ देखो 'दौड'। १२ देखो 'दौडौ'।

दौर-दौरौ–पु० [अ० दौर] अत्यधिक प्रभाव।

दौराणी–देखो देराणी'।

दौरान–पु० [अ०दौरान] १ चक्कर, फेरा। २ सिलसिला, क्रम। ३ फेरा, वारी। ४ कालचक्र। ५ दौरा। ६ वीच, मध्य। –क्रि० वि० वीच मे, दरम्यान।

दौरौ–देखो दौडौ'।

दौळ–क्रि० वि० चारो ओर, पार्श्व या वगल मे।

दौलत दौलति–स्त्री० [अ०] १ धन, सपत्ति। २ शासन, हुकूमत ३ जायदाद। ४ परिभ्रमण। ५ भाग्य, नसीव। —**खानौ**–पु० खजाना, कोप। निवासस्थान, घर। —**मद**–वि० धनवान। —**मदी**–स्त्री० सम्पन्नता। —**वंत, वान**–वि० धनवान, रईस, धनी, भाग्यशाली।

दौलती–वि० १ धनी, दौलतवाला। २ भाग्यशाली। ३ देखो 'दौलत'।
दौलेय–पु० [स०] १ कुमुद नामक एक दिग्गज। २ कछुआ।
दौवारिक–पु० [स०] द्वारपाल।
दौस्यिकापण–पु० [स० दौष्यिकापण] कपडे की दुकान, बजाज हाट, कपडा बाजार।
दौहित्र (त्रौ)–देखो 'दोहितौ'।
दौहित्री–देखो 'दोहिती'।
द्यउ–वि० [स० द्वि] एक और एक। दो, दोनो।
द्यणौ, (बौ)–देखो 'दैणौ' (बौ)।
द्याणू, द्याणौ–देखो 'दाहिणौ'। (स्त्री० द्याणी)
द्यामणौ–देखो 'दयावणौ'।
द्याडौ, द्याढ़ि–देखो 'दिवस'।
द्याळ, द्याळु–देखो 'दयालु'।
द्यावड–स्त्री० रहट के बीच बाधी जाने वाली डोरी, जतनी।
द्यु–पु० [स०] १ दिन। २ आकाश। ३ स्वर्गलोक। ४ सूर्य लोक। ५ अग्नि। ६ चमक।
द्युगण–पु० [स०] ग्रहो की मध्यगति के साधक अग, दिन।
द्युचर–पु० [स०] १ ग्रह। २ पक्षी।
द्युजा (ज्या)–स्त्री० [स०] अहोरात्र वृत्त की व्यास रूप ज्या।
द्युत–स्त्री० [स०] किरण।
द्युति–देखो 'दुति'।
द्युतिधर–देखो 'दुतिधर'।
द्युतिमत (मान)–देखो 'दुतिमान'।
द्युतिमा–स्त्री० प्रकाश, तेज, प्रभा।
द्युन–पु० [स०] लग्न से सातवा स्थान।
द्युनिस–पु० [स० द्युनिश] अहर्निश, रातदिन।
द्युपति–पु० [स०] सूर्य, इन्द्र।
द्युम–पु० [स०] आकाशचारी पक्षी।
द्युमण–पु० [स० द्युम्न] धन, द्रव्य।
द्युमणि–पु० [स०] १ सूर्य, रवि। २ मदार। ३ शुद्ध ताबा।
द्युलोक–पु० [स०] स्वर्ग लोक।
द्यूत–पु० [स०] जुआ।
द्यूतभेद–पु० [स०] ७२ कलाओ मे से एक।
द्यूतविसेस–पु० ६४ कलाओ मे से एक।
द्यून–पु० [स०] लग्न स्थान से सातवी राशि।
द्योढ़–पु० [स०] १ स्वर्ग। २ आकाश, व्योम। ३ शत पथ ब्राह्मण।
द्योरांणी–देखो 'देराणी'।
द्योस–देखो 'दिवस'।
द्यौ–वि० [स० द्वि] दो, दोनो।

द्रग द्रगड़ौ–पु० [स० द्रग] १ नगर, शहर। २ देखो 'दुरग'। ३ देखो 'द्रग'।
द्रंगी–पु० एक प्रकार का घोडा।
द्रउडणौ, (बौ)–देखो 'दौडणौ' (बौ)।
द्रकक्षेप (खेप)–पु० [स० दृक् क्षेप] १ दृष्टिपात, अवलोकन २ दशम लग्न के नताश की भुजज्या।
द्रकनति–स्त्री० [स० दृङ् नति] एक याम्योत्तर सस्कार विशेष।
द्रकपथ–पु० [स० दृक पथ] दृष्टि का मार्ग। दृष्टि की पहुच।
द्रकपात–पु० [स० दृक्पात] दृष्टि पात, अवलोकन।
द्रकस्रति–पु० [स० दृक् श्रुति] साप, सर्प।
द्रखद–पु० [स० दृषद] पत्थर, पाषाण।
द्रग–पु० [स० दृश्] १ आख, नेत्र, लोचन। २ दृष्टि, नजर। ३ बोध, ज्ञान। ४ दो की सख्या※।
द्रगपाळ–देखो 'दिग्पाळ'।
द्रगगोचर–वि० [स० दृग्गोचर] आख से दिखने वाला, दृष्टि मे आने वाला।
द्रग्गोळ-पु० [स० दृग्गोल] ग्रह सबधी एक वृत्त विशेष।
द्रग्ज्या–स्त्री० [स० दृग्ज्या] ज्योतिष मे एक 'ज्या' विशेष।
द्रगलवण (न)–पु० [स० दृग्लम्बन] ग्रहण सबधी एक सस्कार।
द्रजीत–देखो 'इद्रजीत'।
द्रजोण–देखो 'दुर्योधन'।
द्रठा–स्त्री० [स० दृश्य] आख, नयन।
द्रठि–देखो 'द्रस्टि'।
द्रढ़–वि० [स० दृढ] १ कसकर बधा हुआ, कसा हुआ, प्रगाढ। २ पक्का, मजबूत। ३ कडा, ठोस, कठोर। ४ बलवान, बलिष्ठ, पुष्ट। ५ अविचलित, अटल। ६ स्थाई, चिर-स्थायी। ७ निडर, साहसी। ८ ध्रुव, निश्चित। ९ ढीठ। १० स्थापित। ११ अचचल। १२ घना। १३ टिकाऊ। १४ विश्वस्त। १५ आन पर अडने वाला। –पु० १ विष्णु। २ धृतराष्ट्र का एक पुत्र। ३ लोहा। ४ तेरहवा मनु। —**करमौ**–वि० धैर्यवान। साहसी। —**मूठी**–वि० कजूस, कृपण।
द्रढ़णौ (बौ)–क्रि० [स० द्रढ्] १ मजबूत करना, पक्का करना। २ गाढा करना। ३ पुष्ट होना, मोटा होना। ४ कड़ा होना।
द्रढ़तरु–पु० स० [स० दृढतरु] धव का पेड।
द्रढ़ता–स्त्री० [स० दृढता] १ दृढ होने की अवस्था या भाव। २ पक्कापन। ३ मजबूती। ४ स्थिरता, अटलता। ५ धैर्य।
द्रढ़नाम–पु० [स० दृढ नाम] अस्त्रो की एक रोक।
द्रढ़नेत्र–पु० [स०] विश्वामित्र का एक पुत्र।
द्रढ़नेमि–वि० [स०] जिसकी धुरी मजबूत हो।
द्रढ़न्वौ–वि० [सं० दृढ धन्वन्] धनुष चलाने मे निपुण।

द्रढ़ब्रत्ती–पु० [स० दृढव्रती] भीष्म पितामह ।
द्रढ़भूमि–स्त्री० [स० दृढ भूमि] एक योगाभ्यास विशेष ।
द्रढ़मन्न–वि० [स० दृढ मन] स्थिर चित्त का, दृढ ।
द्रढ़लोम–वि० [स० दृढ लोमन्] कड़े लोम वाला –पु० सूअर ।
द्रढ़वत–वि० [स० द्रढवत] १ दृढ, स्थिर । २ वीर, सुभट ।
द्रढ़वरमा–पु० [स० दृढ वर्म्मन] धृतराष्ट्र का एक पुत्र ।
द्रढ़वाळी–स्त्री० दृढता स्थिरता ।
द्रढ़व्य–पु० [स० दृढ़व्य] १ एक ऋषि । २ दृढता ।
द्रढ़व्रत–पु० [स० दृढव्रत] स्थिर सकल्प ।
द्रढस्यु–पु० [स० दृढ़स्यु] अगस्त्य ऋषि का एक पुत्र ।
द्रढ़ाग–वि० [स० दृढाग] हृष्ट-पुष्ट, पुष्ट अगी । मोटा-ताजा ।
द्रढ़ा–वि० [स० दृढा] शक्तिशाली, बलवान, मोटी-ताजी ।
द्रढ़ाणो–क्रि० [स०द्रढ] १ दृढ़ करना, मजबूत करना । २ पक्का, करना, निश्चित करना ।
द्रढ़ाव–पु० [स०दृढ] १ दृढता, स्थिरता,मजबूती । २ अडिगता ।
द्रढ़ावणो (बो)–देखो 'द्रढाणो' (बो) ।
द्रढ़ासण (न)–पु० [स० दृढासन] एक योगासन विशेष ।
द्रढासु–पु० [स०] एक सूर्यवशी राजा ।
द्रढ़ै–क्रि० वि० [स० दृढ] दृढ़ता से ।
द्रतहर–पु० [स० द्रतिहरि] १ बैल । २ पानी ढोने वाला पशु ।
द्रप–वि० [स० दर्प] घमडी ।
द्रपक–पु० [स० दर्पक] कामदेव ।
द्रपतयौ–पु० काव्य छद का एक भेद ।
द्रब–१ देखो 'द्रव्य' । २ देखो 'द्रव' ।
द्रबउझेळ–वि० दातार ।
द्रबकणो (बो)–क्रि० कापना ।
द्रबडणो (बो)–देखो 'दौडणो' (बो) ।
द्रबडाणो (बो), द्रबडावणो (बो)–देखो 'दौडाणो' (बो) ।
द्रबत्रिया–स्त्री० [स० द्रव्य स्त्री] वेश्या, गणिका ।
द्रब्ब–देखो 'द्रव्य' ।
द्रब्बघर–पु० [स० द्रव्य-गृह] खजाना, भण्डार, कोष ।
द्रमकणो (बो)–देखो 'दमकणो (बो) ।
द्रमको–पु० धमाका, गर्जना ।
द्रम–पु० १ प्रचण्ड वायु । २ वायु का झोका । ३ मरु प्रदेश । ४ मरु प्रदेश की बालू रेत । [स० द्रम्भ] ५ एक तौल या नाप विशेष । ६ देखो 'द्रुम' ।
द्रमकणो (बो)–देखो 'दमकणो' (बो) ।
द्रमणारजुन–पु० [स० द्रुम-अर्जुन] अर्जुन नामक वृक्ष ।
द्रमद्रमणो (बो)–देखो 'दमकणो' (बो) ।
द्रमद्रमाटि–स्त्री० नगाडे आदि वाद्यो की ध्वनि ।
द्ररोळ–देखो 'दरोल' ।
द्रव–पु० [स० द्रव] १ पानी आदि की तरह पतला तरल पदार्थ । २ भ्रमण । ३ गति । गमन । ४ द्रवत्व । –वि० १ दौडने वाला । २ टपकने या चूने वाला । ३ बहने वाला । ४ तरल । ५ पिघला हुआ ।
द्रवड–देखो 'द्रविड' ।
द्रवण–पु० १ बहाव गति, द्रवत्व । [स० द्रुम] २ कल्पवृक्ष । –वि० १ देने वाला । २ दया करने वाला । ३ देखो 'द्रविण' ।
द्रवणो (बो)–क्रि० १ द्रवीभूत होना, पसीजना, दया करना । २ विनम्र होना । ३ पिघलना ।
द्रविड–पु० [स०] १ दक्षिण भारत का एक प्रान्त । २ उक्त प्रान्त का निवासी । ३ आर्यों की तरह भारत की एक प्राचीन मानव जाति । ४ अनार्य ।
द्रविण–पु० [स०] १ धन, सपत्ति । २ सोना, हेम । ३ शक्ति, बल, पराक्रम । ४ काम के पाच बाणो मे से एक । ५ वस्तु, पदार्थ ।
द्रविणो (बो)–देखो 'द्रवणो' (बो) ।
द्रवेण–देखो 'द्रविण' ।
द्रव्य–पु० [सं०] १ गुण एवं क्रिया वाला पदार्थ, वस्तु । २ धन, दौलत, सम्पत्ति । ३ सामान, सामग्री । ४ औषधि, दवा । ५ पीतल । ६ गोद । ७ शराब, मदिरा । ८ गुणो का समूह । ९ शील । १० कासा, फूल । ११ दाव, होड । १२ नौ की सख्या* । —उनोदरी–स्त्री० वर्तन, उपकरण —निक्षेप–पु० किसी पदाथ का व्यवहार विशेष । —पति –पु० धनवान व्यक्ति । पदार्थ का अधिपति । —वत, वान –वि० धनी, धनाढ्य ।
द्रव्याधीश–पु० [स०] १ कुबेर । २ कोषाधिकारी ।
द्रव्व–देखो 'द्रव्य' ।
द्रसट–पु० [स० दृष्ट] १ नेत्र, नयन, आख । २ दृष्टि, नजर । –वि० १ देखा हुआ । २ जाना हुआ । ३ प्रकट, ज्ञात ।
द्रसद–देखो 'द्रखद' ।
द्रस्टकूट–पु० [स० दृष्ट कूट] पहेली ।
द्रस्टात, द्रस्टाति–पु० [स० दृष्टात] १ उदाहरण, नमूना । २ उदाहरण, मिसाल । ३ स्वप्न, सपना । ४ ऋतुस्नाता स्त्री का पुरुष दर्शन । ५ शास्त्र । ६ मरण । ७ एक अर्थालकार विशेष । ८ विज्ञान ।
द्रस्टा–वि० [स० दृष्टा] १ देखने वाला । २ साक्षात्कार करने वाला । ३ दर्शक । ४ प्रकाशक ।
द्रस्टि–स्त्री० [स० दृष्टि] १ आख की ज्योति, देखने की शक्ति, नजर । २ देखने की क्रिया या वृत्ति, अवलोकन । ३ ध्यान देखने की तत्परता । ४ देखने मे प्रवृत्त आख । ५ दृष्टि प्रसार, दृक् पथ । ६ पहचान, परख । ७ अदाज अनुमान । ८ कृपादृष्टि । ९ उम्मीद, आशा । १० टकटकी ।

११ नीयत, उद्देश्य । १२ दृष्टि दोष, कुदृष्टि । —गोचर–पु० देखने लायक । जो देखा जा सके, दिखने वाला । —फळ–पु० ग्रहो का प्रभाव । —मान–वि० ग्राख वाला । दृष्टि वाला । —वत–वि० दृष्टा । ज्ञानी । सूझवाला । नजर वाला । —वाद–पु०प्रत्यक्ष प्रमाण की प्राधनता वाला सिद्धान्त । जैनियो के बारह ग्रगो में से एक । —स्थान–पु० ज्योतिप मे कु डली का एक स्थान ।

द्रह–पु० [स० ह्रद] १ गहरे जल वाला स्थान, दह । २ नदी या जलाशय का मध्य भाग । ३ नदी के बीच गहरा गड्ढा । ४ ताल, झील, ह्रद ।

द्रहद्रहणौ (बौ)–क्रि० वाद्य का वजना, ध्वनि होना ।

द्रहद्रहवार–स्त्री० [स० जयद्रथ वेला] सध्या काल ।

द्रहद्रहणौ (बौ)–क्रि० वाद्य ध्वनि होना, वजना ।

द्रदद्रहाट (टि)–स्त्री० वाद्य ध्वनि ।

द्रदवट्ट (बट्टा), द्रहवाट, द्रहवट, (वाट)–वि० १ पराजित । २ तितर-वितर । ३ देखो 'दहवाट' ।

द्राक–ग्रव्य० [स० द्राक्] १ शीघ्र, तुरत । २ देखो 'दाख' ।

द्राक्ष, द्राक्षा, द्राख–देखो 'दाख' ।

द्राखणौ (बौ)–देखो 'दाखणौ' (बौ) ।

द्रागडौ–पु० चोरी या डाका डालने वाला, मीणाग्रो का दल ।

द्राव–पु० [स० द्राव] १ पलायन, प्रस्थान । २ दौड-भाग । ३ देखो 'ध्राव' ।

द्रावक–वि० [स०] (स्त्री० द्रावकी) १ द्रव रूप मे करने वाला । २ पिघलाने या गलाने वाला । ३ बहाने वाला । ४ लपट, लवार । –पु० १ चन्द्रकान्त मणि । २ तरल रूप करने वाला पदार्थ । ३ चोर । ४ चतुर व्यक्ति । ५ सुहागा । ६ चुम्बक पत्थर । ७ मोम ।

द्रावड, (ड)–देखो 'द्राविड' ।

द्रावण–पु० [स०] १ भगाने का कार्य । २ द्रवीभूत करने का काम । ३ कामदेव के पांच बाणो मे से एक । ४ पिघलाने का कार्य ।

द्राविड–पु० [स०] १ द्रविड देश का वासी । २ द्रविड देश ।

द्राविडगौड–पु० [स०] एक राग विशेष ।

द्राविडी–स्त्री० [स०] १ छोटी इलायची । २ द्रविड स्त्री । –वि० द्रविड सवधी ।

द्रासक–देखो 'दहसत' ।

द्रिग,द्रिगन–स्त्री० १ वहत्तर कलाग्रो मे से एक । २ देखो 'द्रग' ।

द्रिगपाळ–देखो 'दिग्पाल' ।

द्रिठ, द्रिठी–देखो 'द्रस्टि' ।

द्रिढ़–देखो 'द्रढ' ।

द्रिढता–देखो 'द्रढता' ।

द्रियाव–देखो 'दरियाव' ।

द्रिव–१ देखो 'द्रव्य' । २ देखो 'द्रव' ।

द्रिस्टद्यु मन, द्रिस्टद्यु मनि–देखो 'ध्रस्टद्यु म्न' ।

द्रिस्टात-देखो 'द्रस्टात' ।

द्रिस्टि वंध विद्या–स्त्री० [स० दृष्टि वंध-विद्या] नजर वंदी की विद्या ।

द्रिस्टियुद्ध–पु० [स० दृष्टियुद्ध] ७२ कलाग्रो मे से एक ।

द्रिस्टिसूळ–पु० [स० दृष्टिशूल] नेत्रो का एक रोग ।

द्रिस्य–वि० [स० दृश्य] १ देखने लायक, देखने योग्य । २ दिखने वाला, जो सहज ही दिखाई दे । ३ जानने योग्य, ज्ञेय । ४ सुन्दर, मनोहर । –पु० १ देखी जाने वाली वस्तु । २ दिखने वाला वातावरण । ३ प्राकृतिक सौन्दर्य का स्थल ४ मनोरजक व्यापार, तमाशा । ५ नाटक ग्रादि का कोई दृश्य । ६ ज्ञात या दी गई सख्या ।

द्रिहंग द्रिहगसि–स्त्री० ढोल की ग्रावाज ।

द्रीयौ–पु० ऊट को पुकारने सवधी शब्द ।

द्रीवछड–स्त्री० ढोल ग्रादि की ग्रावाज ।

द्रीह–स्त्री० वाद्यो की भयकर ध्वनि ।

द्रु ग–देखो 'दुरग' ।

द्रु–पु० [स०] १ वृक्ष, पेड । २ वृक्ष की शाखा । ३ लकडी । ४ लकडी का उपकरण ।

द्रु घण–पु० [स०] १ लोहे का मुग्दर । २ परशु या फरशे के ग्राकार का एक शस्त्र । ३ कुठार, कुल्हाडी । ४ देखो 'दुहिण' ।

द्रु ण, द्रु णा, द्रु णि (णी)–पु० [स० द्रुण] १ धनुप, कमान । २ खड्ग । ३ विच्छु । ४ भृ गी कीट । ५ धनुप की डोरी । ६ कछुवी । ७ वाल्टी । ८ डोल । ९ कनखजुरा । १० कातर ।

द्रु त द्रु ति(ती)–वि० [स०]१ वेगवान, तेज, फुर्तीला । २ शीघ्र-गामी । ३ भागा हुग्रा । ४ द्रवीभूत । ५ तरल । ६ वहा हुग्रा । –क्रि० वि० जल्दी, तुरन्त, शीघ्र । तेजी से । –पु० १ कुछ तेज गति, लय । २ ताल की एक मात्रा का ग्राधा । ३ हल्की शराव । ४ विच्छु । ५ वृक्ष, पेड । ६ विल्ली । —गति–स्त्री० तेजचाल । –वि० शीघ्रगामी । —गामी–वि० शीघ्रगामी । —रासी–स्त्री० घटिया शराब । —विलबित–पु० एक वर्ण वृत्त । एक ताल विशेष ।

द्रु पद–पु० [सं०] १ उत्तर पाचाल का राजा । २ एक राग । ३ देखो 'ध्रु पद' ।

द्रु पदी–स्त्री०१ एक मात्रिक छद विशेष । २ पाडवों की धर्मपत्नी द्रौपदी ।

द्रु मडळ (ळि)–देखो 'ध्रु वमडल' ।

द्रु मग, द्रु म–पु० [स०द्रुम] १ वृक्ष,पेड । २ स्वर्ग का एक वृक्ष । —पत, पति–पु० कल्पवृक्ष । —पाळ–पु० पर्वत, पहाड ।

द्रुमग्रह–पु० देवल ।
द्रुमची–देखो 'दुमची' ।
द्रुमधूप–पु० [स०] वसत ।
द्रुमसार–पु० [स०] फूल ।
द्रुमामय–स्त्री० लाख, लाक्षा ।
द्रुमारि–पु० [स०] हाथी, गज ।
द्रुमालय–पु० [स०] जगल, वन ।
द्रुमिल–पु० [स०] १ नौ योगेश्वरो मे से एक। २ एक छन्द विशेष ।
द्रुमिला–पु० [स०] एक मात्रिक छन्द विशेष ।
द्रुम्म–देखो 'द्रुम' ।
द्रुयमणि–स्त्री० रुक्मिणी ।
द्रुहिण–देखो 'दुहिण' ।
द्रेठ, (ठि,ठी)–देखो 'द्रस्टि' ।
द्रेहड–देखो 'द्रह' ।
द्रोगी–वि० हतभागिनी, अभागिन ।
द्रोण–पु० [स० द्रोण] १ चार सौ वास लबी झील । २ जल से भरा वादल । ३ वनकाक । ४ विच्छु । ५ वृक्ष । ६ सफेद फूलो का पेड । ७ गुरु द्रोणाचार्य । ८ एक तौल विशेष । ९ कटौता । १० टव । ११ देखो 'द्रोण' ।
द्रोण (णु)–पु० [स०] १ पत्तो का दोना । २ लकडी का पात्र । ३ डोम कौआ । ४ एक प्रकार का रथ । ५ मेघो के नायक का नाम । ६ द्रोणाचल पर्वत । ७ द्रोणाचार्य । –वि० भयकर, भयावह । —**कळ**–पु० लकडी का एक पात्र । —**काक**–पु० वडा कौआ । —**गिर, गिरि**–पु० एक पर्वत का नाम । —**गुरु**='द्रोणाचारज' । -**धार**–पु० हनुमान । —**पुर**–पु० द्रोणाचार्य का शहर ।
द्रोणमी–स्त्री० धनुष की प्रत्यचा ।
द्रोणमुख–पु० [स०] ४०० ग्रामो की राजधानी ।
द्रोणागरद, (गिर, गिरि, गिरी)–देखो 'द्रोणगिरि' ।
द्रोणारिख, द्रोणाचारज, द्रोणाचारय–पु० [स० द्रोण ऋषि] द्रोणाचार्य ।
द्रोणि–पु० [स०द्रौणि] अश्वत्थामा का एक नाम ।
द्रोणी–स्त्री०[स०]१ द्रोणाचार्य की स्त्री, कृपी । २ नाव,नौका ।
द्रोणु–देखो 'दोणाचारय' ।
द्रोपत–१ देखो 'द्रुपद' । २ देखो 'द्रौपद' । ३ देखो 'द्रौपदी' ।
द्रोपता– देखो 'द्रौपदी' ।
द्रोपद–१ देखो 'द्रुपद' । २ देखो 'द्रौपद' । ३ देखो 'द्रौपदी' ।
द्रोपदजा, द्रोपदी–देखो 'द्रौपदी' ।
द्रोपदि–देखो 'द्रौपदी' ।
द्रोपां–देखो 'द्रौपदी' ।
द्रोव, द्रोवड, द्रोवडी–देखो 'दोव' ।

द्रोह–पु० [स०] १ प्रतिहिसा, वैर । २ ईर्ष्या, जलन, द्वेष । ३ अहित चिंतन । ४ उत्पात, उपद्रव, विप्लव । ५ विद्रोह । ६ अपराध । ७ विरोध ।
द्रोही–वि० [स० द्रोहिन] विद्रोह करने वाला, उत्पात मचाने वाला । ईर्ष्या करने वाला । –पु० शत्रु, वैरी ।
द्रौणि–देखो 'द्रोणि' ।
द्रौपत, द्रौपद–पु० [स० द्रौपद] १ राजा द्रुपद का पुत्र । २ देखो 'द्रौपदी' ।
द्रौपदी (अ)–स्त्री० [स०] राजा द्रुपद की पुत्री व पाडवो की स्त्री, कृष्णा । –वि० कृष्ण, काली, श्याम ।
द्रौपदेय–पु० [स०] द्रौपदी का पुत्र ।
द्रौह–देखो 'द्रोह' ।
द्वद, द्वद्व–देखो 'दुद' ।
द्वद्वचारी–पु० [स०] चकवापक्षी ।
द्वद्वज–पु० [स०] १ राग द्वेष से उत्पन्न मनोवृत्ति । २ त्रिदोष से उत्पन्न रोग ।
द्वद्वर, द्वंध–देखो 'दुद' ।
द्वद्वजुध–पु० दो योद्धाओ का युद्ध, कुश्ती ।
द्वजराज–देखो 'दुजराज' ।
द्वाई–देखो 'दुहाई' ।
द्वाज–पु० [स०] जारज पुत्र ।
द्वात–देखो 'दवात' ।
द्वादस–वि० [स०] १ दश व दो, वारह । २ ग्यारह के वाद वाला । —**आतम, आत्मा**–स्त्री० सूर्य, आदित्य । —**कर**– –पु० स्वामि कार्त्तिकेय । गुरु वृहस्पति । —**चख, लोचन** । –पु० स्वामि कार्त्तिकेय ।
द्वादसक–वि० [स० द्वादशक] वारह का ।
द्वादसतूरय निनाद–पु० वारह वाद्यो की ध्वनि ।
द्वादसभाव–पु० [स० द्वादशभाव] जन्म कुडली मे एक स्थान ।
द्वादसवारसिक–पु० [स० द्वादशवार्षिक] ब्रह्म हत्या के प्रायश्चित मे वारह वर्ष तक किया जाने वाला व्रत ।
द्वादससुद्धि–स्त्री० [स० द्वादश शुद्धि] तत्रोक्त वारह प्रकार की शुद्धिया ।
द्वादसाग–पु० [स० द्वादशाग] जैनियो का एक ग्रथ सग्रह । २ वारह द्रव्यो का एक धूप विशेष ।
द्वादसि (सी)–स्त्री० [स० द्वादशी] मास के प्रत्येक पक्ष की वारहवी तिथि ।
द्वादसो–पु० १ मृतक का वारहवा दिन । २ इस दिन का सस्कार व भोज ।
द्वापर, द्वापुर (रि)–पु० [स० द्वापर] सतयुग आदि चार युगो मे से एक ।

द्वार–पु० [स०] १ दरवाजा, द्वार। २ दरवाजे के कपाट। ३ मुख, छिद्र, मुहाना। ४ इन्द्रियो के मार्ग। ५ उपाय, साधन, जरिया। ६ रास्ता, निकास।

द्वारका–स्त्री० [स०] गुजरात की एक प्राचीन नगरी। —**धीस**–पु० श्रीकृष्ण।

द्वारकेस–पु० [स०] श्रीकृष्ण।

द्वारपाळ (पाळक)–पु० [स० द्वारपाल] १ द्वाररक्षक, ड्योढीदार, दरबान। २ द्वार पर स्थित देवता। ३ सरस्वती के तट का एक तीर्थ।

द्वाररोकाई–स्त्री० एक वैवाहिक रस्म।

द्वारवती, द्वारामत, (मती,मत्त,मत्ति,वत्ति,वत्ती)–देखो 'द्वारका'।

द्वा॑र–देखो 'द्वार'।

द्वारिक–पु० [स०] द्वारपाल।

द्वारिका–देखो 'द्वारका'।

द्वारी–स्त्री० छोटा द्वार, बारी, खिडकी।

द्वारौ–पु० १ छोटा द्वार, दरवाजा। २ साधुग्रो का स्थान।

द्वाळौ–पु० गीत के चार चरण का समूह।

द्वि–वि० [स०] दो। दोनो। –स्त्री० दो की सख्या।

द्विक–पु० [स०] कौग्रा, काक।

द्विकरमक–वि० [स० द्विकर्मक] जिसके दो कर्म हो।

द्विकळ–स्त्री० [स० द्विकला] दो मात्रा का समूह।

द्विगु–पु० [स०] एक प्रकार का समास भेद।

द्विगुण–वि० [स०] १ दुगुना, दूना। २ दो गुणो वाला।

द्विज–पु० [स०] १ ब्राह्मण। २ नारद। ३ वशिष्ठ। ४ पक्षी। ५ सर्प। ६ दात। ७ दो बार उत्पन्न हुग्रा जीव। ८ डगण के पाचवें भेद का नाम। ९ दो की सख्या॰। १० देखो 'दुज'। –वि० दो बार जन्मा हुग्रा। —**पति**='दुजपति'। —**राज, राय**='दुजराज'।

द्विजन्म–पु० [स०] १ दूसरा जन्म, पुनर्जन्म। २ ब्राह्मण। ३ यज्ञोपवीत धारण करने वाला। –वि० दो बार जन्मा हुग्रा।

द्विजवाहन–पु० [स०] विष्णु।

द्विजा–स्त्री० [स०] ब्राह्मणी।

द्विजाग्रज–पु० [स०] ब्राह्मण।

द्विजाति–देखो 'दुजाति'।

द्विजेद्र–देखो 'दुजेम'।

द्वितीय, (यौ)–वि० [स०] दूसरा। –पु० दूसरा पुत्र। भागीदार साझीदार।

द्विदळ–वि० [स० द्विदल] १ दो दल वाला। २ दो पत्तो वाला ३ दो खण्डो का जुडा हुग्रा। –पु० दो दल का ग्रन्न, दाल।

द्विदेह–पु० [स०] गणेश, गजानन।

द्विद्वादस–पु० राशियो का मेल।

द्विधा–क्रि० वि० [स०] दो प्रकार से, दो तरह से, दो भागो मे।

द्विधातु–वि० [स०] दो धातु का बना। –पु० गणेश।

द्विप–पु० [स०] हाथी, गज।

द्विपदी–वि० [सं०] दो पावो वाला। –पु० १ एक प्रकार का चित्र काव्य। २ दो पदो का छन्द या गीत।

द्विपादपारस्वासन–पु० [स० द्विपाद पार्श्वासन] योग के चौरासी ग्रासनो मे से एक।

द्विपायी–पु० [स०] हाथी।

द्विपास्य–पु० [स०] गणेश।

द्विपुस्कर–पु० [स० द्विपुष्कर] ज्योतिष का एक योग।

द्विप्प–देखो 'द्विप'।

द्विभासी–देखो 'दुभासी'।

द्विभुज–वि० [स०] दो भुजा वाला। –स्त्री० दो भुजाएँ।

द्विभूमिक–पु० [स०] दो मजिला। दो तल्ला।

द्विमात्र–पु० [स०] दो मात्राग्रो का वर्ण। दीर्घ वर्ण।

द्विमात्रज, द्विमात्रिज–पु० [स०] १ गणेश। २ जरासध।

द्विरद–पु० [स०] १ हाथी, गज। २ दुर्योधन का एक भाई। ३ पुरुषो की ७२ कलाग्रो मे से एक। –वि० दो दातो वाला।

द्विरदासन–पु० [स० द्विरदाशन] सिंह।

द्विरसन–पु० [स०] सर्प, साप।

द्विरागमन–पु० [स०] १ पुनरागमन। २ वधू का दुबारा ग्रागमन।

द्विरेफ–पु० [स०] १ भौरा, भ्रमर। २ वर्र।

द्विविद–पु० [स०] राम की सेना का एक सेनापति।

द्विसरीर–पु० [स० द्विशरीर] १ ज्योतिष मे कन्या, मिथुन, धनु, ग्रौर मीन राशिया। २ गणेश।

द्वीप–पु० [स०] १ चारो ग्रोर जल से गिरा भू भाग, टापू। २ समुद्र के बीच बसा देश, प्रदेश। ३ पृथ्वी के सात बडे विभाग। ४ देश, प्रदेश। ५ सात की सख्या॰। ६ देखो 'दीप'।

द्वेख–पु० [स० द्वेष] १ ईर्ष्या, डाह। २ विरोध, वैर,। ३ क्रोध गुस्सा। —**क**–पु० शत्रु।

द्वेमातर–देखो 'द्विमात्रिज'।

द्वेस–पु० [स० द्वेष] १ ईर्ष्या, डाह, जलन। २ मन की ग्ररुचिकर बात, ग्रप्रिय घटना। ३ विरोध, वैर। ४ क्रोध, गुस्सा।

द्वेसी–वि० [स० द्वेषी] १ ईर्ष्यालु। २ विरोधी। ३ क्रोधी।

द्वै–वि० [स० द्वे] दो, दोनो। —**ग्रक्खरी, ग्रखरी**='वेग्रखरी'

द्वैत–पु० [स०] १ भेद-भाव । अन्तर । २ परायेपन का भाव । ३ दो का भाव, जोडा युग्म । ४ दुविधा, भ्रम । ५ अज्ञान, जडता । ६ द्वैतवाद । **—भाव, वाद**–पु० ईश्वर व जीव को अलग-अलग समझने का भाव, भेदभाव ।

द्वैतवण (णि, न)–पु० [स० द्वैतवन] पाडवकालीन एक तपोवन ।

द्वैतवाद–पु०[स०]१ ब्रह्म से जीव को भिन्न मानने का सिद्धान्त । २ शरीर व आत्मा को भिन्न-भिन्न मानने का सिद्धान्त ।

द्वैतवादी, द्वैती–वि० [स०] उक्त सिद्धान्त को मानने वाला ।

द्वैपायण,(न)–पु० [स०] वेदव्यास ।

द्वैमातुर–पु० [स०] १ गणेश । २ जरासध ।

द्वैरद–देखो 'द्विरद' ।

— ध —

ध–देवनागरी वर्ण माला का उन्नीसवा व्यंजन ।

ध–पु० १ दान । २ मान । ३ द्रव्य । ४ सुखासन । –स्त्री० ५ धाय ।

धक, धका–स्त्री० [स० धाक, धीक्षा] १ इच्छा, अभिलाषा, लालसा । २ दृढ निश्चय, सकल्प । ३ धक्का, टक्कर । ४ आघात, चोट । ५ भय, डर, आशका ।

धंकी–वि० १ इच्छा, अभिलाषा करने वाला । २ सकल्प करने वाला ।

धख, धखा–पु० १ क्रोध, रोप । २ जोश, आवेश । ३ देखो 'धफ' ।

धखी–वि० [स०द्वेषिन्] १ वैरी, शत्रु । २ क्रोधी । ३ जोशीला, ४ देखो 'धकी' ।

धगौ–देखो 'दगौ' ।

धण–१ देखो 'धण' । २ देखो 'धन' । ३ देखो 'धनु' ।

धणी–१ देखो 'धणी' । २ देखो 'धनी' । ३ देखो 'धनु' ।

धतर–पु०१ धनेर पक्षी । २ देखो 'धनतर' । ३ देखो 'धतरजी' ।

धतरजी–वि० १ जबरदस्त, जोरदार, बलवान शक्तिशाली । २ देखो 'धनतर' ।

धतरु, (रो)–देखो 'धतूरौ' ।

धद–१ देखो 'धध' । २ देखो 'धधौ' ।

धदउ, धदव, धदौ–देखो 'धधौ' ।

धध–पु० [स० द्वन्द्व] १ उपद्रव, उत्पात । २ कष्ट, दुख । ३ अधकार । ४ धुधलापन । –वि० १ व्यर्थ, फालतू । २ आकाशगामी, नभचर । ३ देखो 'ध धौ' ।

धधइ, धधउ–देखो 'धंधौ' ।

धधक–पु० १ एक प्रकार का ढोल । २ काम धधे का ढोग, आडम्बर ।

धधव–देखो 'धधौ' ।

धधागर, (गिर)–वि० काम करने वाला, परिश्रमी, क्रियाशील ।

धधारथी (थू)–वि० कार्य मे सलग्न, कार्यरत । परिश्रमी ।

धधाळी (ळू)–वि० १ कार्य मे व्यस्त अधिक काम वाला । २ क्रियाशील ।

धधीगर, धधीयर–१ देखो 'धंधीगर' । २ देखो 'धधागर' ।

धधूणणौ (बौ)–देखो 'धधूणणौ' (बौ) ।

धधूणी–देखो 'धधुणी' ।

धधोळणी–स्त्री० १ वृक्ष विशेष । २ देखो 'धधुणी, ।

धधोळणौ (बौ)–क्रि० [स० द्रुतम्] १ हराना, पराजित करना। २ झकझोरना, जोर से हिलाना । ३ बाधा डालना, विघ्न डालना ।

धधोळी–स्त्री० १ परास्त करने की क्रिया या भाव । २ देखो 'धधुणी' ।

धधौ–पु० [स० द्वन्द्व] १ काम कार्य । २ उपार्जन सम्बन्धी कार्य । ३ उद्योग, परिश्रम । ४ व्यवसाय, व्यापार । ५ सासारिक प्रपच । ६ पेशा, वृत्ति ।

धन(नु)–१ देखो 'धन' । २ देखो 'धन्य' ।

धमजगर–देखो 'धमजगर' ।

धमण (णौ)–१ देखो 'धमण' । २ देखो 'धमणी' ।

धमळ–देखो 'धवळ' ।

धव–स्त्री० तेज हवा की ध्वनि ।

धवण–देखो 'धमण' ।

धवणौ (बौ)–देखो 'धमणौ' (बौ) ।

धवळ–देखो धवळ' ।

ध–पु० [स०] १ गणेश, गजानन । २ विष्णु । ३ स्वामी, नाथ । ४ वचन । ५ कुबेर । ६ स्वामि कार्तिकेय । ७ व्याख्यान । ८ कुम्हार । ९ शिर कटी धड । १० धर्म । ११ सदाचार, सद्गुण । १२ धन, द्रव्य । १३ सगीत मे सरगम का छठा स्वर । धैवत ।

धईडणौ (बौ)–क्रि० धमाधम पीटना, मारना ।

धईवत (**वत**)–देखो 'धैवत'।
धउळ **धउळउ, धउळउ** (**ऊ**)–देखो 'धवळ'।
धउळणौ, (**बौ**)–देखो 'धौळणौ' (बौ)।
धउळहर–देखो 'धवळहर'।
धउळौ–देखो 'धवळ'।
धउसणौ (**बौ**)–क्रि० [स० ध्वस] १ सहार करना। २ ध्वस करना। ३ नष्ट करना, बर्बाद करना।
धऊकार–देखो 'धाऊकार'।
धऊस–वि० [स० ध्वस] १ मूर्ख, जड। २ असभ्य, जगली। ३ ध्वस्त। ४ बर्बाद।
धक–स्त्री० १ अग्नि, आग। २ ताप जलन। ३ क्रोध, गुस्सा। ४ उमग, उत्साह। ५ साहस, हिम्मत। ६ वेग। ७ जोश, आवेश। ८ दिल की धडकन। ९ तग रास्ते से द्रव पदार्थ के निकलने से उत्पन्न ध्वनि। १० आश्चर्य, विस्मय, स्तब्धता। ११ भाला। १२ देखो 'धक'।
धकडी–स्त्री० लडखडाने की क्रिया या भाव।
धकचाळ, (**चाळण, चाळौ**)–पु० १ युद्ध, लडाई, समर। २ उपद्रव, उत्पात।
धकण–देखो 'धुकड'।
धकणौ (**बौ**)–क्रि० १ किसी तरह काम चलना, निभना। २ काम निकलना, बनना। ३ धक्का खाकर चलना, धकना। ४ क्रुद्ध होना,कुपित होना। ५ देखो 'धुकणौ'(बौ)।
धकधकणौ (**बौ**)–क्रि० १ उबक कर निकलना। २ वेग मे बहना। उमडना। ३ कापना,थर्राना,धडकना। ४ प्रज्वलित होना, धधकना। ५ दु खी होना पीडित होना।
धकधकाणौ (**बौ**), **धकधकावणौ** (**बौ**)–क्रि० १ उबका कर निकालना। २ वेग से बहाना, उमडाना। ३ प्रज्वलित करना, धधकाना। ४ दु खी या पीडित करना।
धकधकाहट, धकधकी–स्त्री० १ धडकने की क्रिया या भाव, धडकन। २ कपन, थर्राहट। ३ प्रज्वलन।
धकधार–स्त्री० १ आवेग, वेग। २ धारा प्रवाह।
धकधू ण, धकधूण–स्त्री० [स० धक्क] १ जोर से हिलाने या झकझोरने की क्रिया या भाव। २ नाम जपने की ध्वनि, जाप। ३ धुनकी की आवाज। ४ कपन।
धकधू णणौ (**बौ**), **धकधूणणौ** (**बौ**)–क्रि० [स० धक्क] १ जोर से हिलाना झकझोरना। २ नाम जपना, ध्वनि लगाना। ३ धुनकी चलाना। ४ कम्पायमान करना। ५ गिराना। ६ ध्वस करना।
धकपख (**पखो**)–देखो 'धखपख'। **—धज, धज्ज, ध्वज**= 'धखपखध्वज'।
धकपेल–स्त्री० धक्कमधक्का, रेलापेल।
धकमधका, धकमधया–देखो 'धक्कमधक्का'।
धकरूल, धकरोळ–स्त्री० १ तेज आधी से उडी हुई धूल, गर्द। २ धूआ धोर। ३ धूए या गर्द का जोर से उठने वाला प्रवाह। ४ धारा, प्रवाह।
धकाणौ (**बौ**)–क्रि० १ किसी तरह काम चलाना, निभाना। २ काम निकलवाना बनवाना। ३ धक्का मारकर चलाना, धकाना। ढकेलना। ४ क्रुद्ध करना, कुपित करना। ५ पीछे हटाना खदेडना। ६ भगाना। ७ पराजित करना, हराना। ८ चलाना, हाकना। ९ देखो 'धुकाणौ' (बौ)।
धकाधम–स्त्री० १ धक्का पेल, लडाई। २ धक्कामुक्की।
धकार–पु० 'ध' अक्षर।
धकावणौ (**बौ**)–देखो 'धकाणौ (बौ)।
धके–देखो 'धकै'।
धकेलणौ (**बौ**)–क्रि० [स० धक्क] १ धक्का देना ठेलना पेलना। २ धक्का देकर आगे बढाना। ३ प्रवृत्त करना। ४ देखो 'धकाणौ' (बौ)।
धकै–क्रि० वि० १ आगे, अगाडी। २ पूर्व मे पहले। ३ भविष्य मे ४ मुकाबले या अपेक्षा मे, तुलना मे। ५ सामने, सम्मुख। ६ ओर, तरफ। ७ सीधे। ८ अनन्तर, तदनन्तर।
धकौ–पु० [स० धक्क] १ टक्कर, धक्का, आघात। २ झोका झटका। ३ चोट, आघात। ४ ढकेलने की क्रिया या भाव। ५ मुठभेड, भिडत, लडाई, युद्ध। ६ हमला, आक्रमण। ७ मानसिक आघात। ८ दु ख सकट। ९ घाटा। १० हानि, नुक्सान। ११ मुकाबला।
धक्क–देखो 'धक'।
धक्कमधक्की, धक्कमधक्का–पु० १ अत्यन्त भीड मे होने वाली परस्पर टक्कर। २ रेलापेल।
धक्कामुक्की–स्त्री० मारपीट, घू सो की चोट, धक्का।
धक्के–देखो 'धके'।
धक्कौ–देखो 'धकौ'।
धख–१ देखो 'धक'। २ देखो 'धक'।
धखडौ–पु० एक प्रकार की घास।
धखचाळ, (**चाळौ**)–देखो 'धकचाळ'।
धखणी–स्त्री० [स० धिषणा] बुद्धि।
धखणौ (**बौ**)–देखो 'धकणौ' (बौ)।
धखपख–पु० [स० धकपक्ष] गरुड। **—धज, धज्ज, ध्वज**–पु० विष्णु। श्रीकृष्ण।
धखाणौ (**बौ**), **धखावणौ** (**बौ**)–देखो 'धकाणौ' (बौ)।
धखूण–वि० [स० धिषण] १ पण्डित। २ कवि। ३ बृहस्पति।
धखे (**ख**)–देखो 'धकै'।
धखौ–देखो 'धकौ'।
धख्यपख–देखो 'धखपख'।
धग–१ देखो 'धागौ'। २ देखो 'दग'।

धगग–देखो 'दग'।

धगड़–१ देखो दगड। २ देखो 'धगड़'।

धगड–पु० १ खड्ग तलवार। २ देखो 'दगड'।

धगणौ (बौ)–क्रि० जलना, प्रज्वलित होना। धधकना।

धगधगणौ (बौ)–क्रि० १ कंपित होना, कांपना। थर्राना। २ प्रज्वलित होना, जलना। ३ तपना, गर्म होना। ४ चमकना, दमकना।

धगधगी–स्त्री० १ कपकपी, कंपन थर्राहट। २ धडकन।

धगारौ–पु० १ आसमान, आकाश। २ जोश।

धगौ–देखो 'दगौ'।

धड़ंग–वि० वस्त्रहीन, नंगा।

धडंदौ, धंडिदौ–पु० १ नगाडे की ध्वनि। २ वस्तु के गिरने की ध्वनि। ३ डके की चोट।

धड–स्त्री० [स०धर] १ गर्दन व पावों के बीच का भाग। शरीर का मध्य भाग। २ कबंध। ३ खण्ड, टुकडा, भाग। ४ दल, पार्टी। ५ गेहूं के भूसे का ढेर। ६ पेड का तना। ७ वस्तु के गिरने का धमाका। ८ बन्दूक, तोप आदि की आवाज ९ धडकन। १० देखो 'धडौ'।

धडक––स्त्री० १ भय, डर, आशका। २ हृदय का स्पदन, धडकन ३ भय आदि से होने वाली कम्पन, थर्राहट। ४ धडकन की आवाज।

धडकण–स्त्री० हृदय का स्पदन, धडकन।

धडकणौ (बौ)–क्रि० १ हृदय मे स्पदन होना, दिल धडकना। २ भयभीत होना, कांपना, थर्राना। ३ हिलना-डुलना। ४ धड-धड की ध्वनि होना। ५ बन्दूक, तोप आदि का छूटना।

धडकन (न) देखो 'धडकण'।

धडकाणौ (बौ), धडकावणौ (बौ)–क्रि०१ हृदय मे स्पदन कराना दिल मे गति देना। २ भयभीत करना, डराना। ३ हिलाना, डुलाना। ४ धड-धड ध्वनि करना। ५ बन्दूक, तोप आदि छोडना।

धडकै–क्रि० वि० जल्दी से, अकस्मात् यकायक।

धडकौ–पु० १ गाडी चलने से लगने वाला धक्का, हिलोरा। २ हृदय का स्पदन, धडकन। ३ डर, भय, अदेशा। ४ धडकन का शब्द। ५ वस्तु के गिरने से उत्पन्न शब्द।

धडक्क–देखो 'धडक'।

धडक्कणौ (बौ)–देखो 'धडकणौ' (बौ)।

धड़क्काणौ (बौ), धडक्कावणौ (बौ)–देखो 'धडकाणौ' (बौ)।

धडक्कौ–देखो 'धडकौ'।

धड़ड–स्त्री० बन्दूक आदि छूटने या दीवार आदि ढहने से उत्पन्न ध्वनि।

धड़डणौ (बौ)–क्रि० १ बन्दूक आदि का छूटना। २ दीवार आदि ढहना। ३ ध्वनि होना। ४ कांपना, थर्राना। ५ धडकना। ६ गर्जना। ७ गुर्राना।

धड़ड़ाणौ (बौ), धड़डावणौ (बौ)–क्रि० [अनु] १ बन्दूक आदि छोडना। २ दीवार आदि ढहाना। ३ ध्वनि करना। ४ कपाना। ५ धडकाना।

धडच–स्त्री० [स० दृ] १ तलवार। २ चीरने-फाडने की क्रिया या भाव। ३ देखो 'धडचौ'।

धड़चणौ (बौ)–क्रि० [स० दृ] १ सहार करना, मारना। २ चीरना, फाडना। ३ काटना। ४ टुकडे-टुकडे करना।

धड़चाळी–वि० फटी हुई।

धड़चियौ, धडचौ–पु० १ फटा हुआ वस्त्र। २ वस्त्र का खण्ड, टुकडा। ३ धोती।

धडच्छणौ (बौ)–देखो 'धडचणौ' (बौ)।

धडच्छौ–देखो 'धडचौ'।

धडछ–देखो 'धडच'।

धडछणौ (बौ)–देखो 'धडचणौ' (बौ)।

धड़छियौ, धडछौ–देखो 'धडचौ'।

धडधडणौ (बौ)–देखो 'धडडणौ' (बौ)।

धडधडा'ट–स्त्री० १ बन्दूक आदि छूटने, दीवार ढहने या गाडी आदि के चलने से उत्पन्न ध्वनि। २ धडकन। ३ धक्का। ४ कंपन।

धडधडाणौ (बौ), धडधडावणौ (बौ)–देखो 'धडडाणौ' (बौ)।

धडधडी–स्त्री० १ भय या सर्दी के कारण शरीर मे होने वाली कंपन। २ पशु-पक्षियो द्वारा शरीर को जोर से हिलाने की क्रिया या भाव। ३ अरुचि, उबकाई।

धडवाई-देखो 'धाडवी'।

धडहड–देखो 'धडड'।

धडहडणौ (बौ)–देखो 'धडडणौ' (बौ)।

धडहडाट–देखो 'धडधडाट'।

धडाम–स्त्री० १ सहसा गिरने, कूदने आदि की क्रिया या भाव। २ उक्त क्रिया से उत्पन्न ध्वनि।

धडाकौ–पु० धमाका। गडगडाहट।

धडाधड–क्रि० वि० १ फटाफट, शीघ्रता से। २ धड-धड करते हुए। ३ निरन्तर, लगातार।

धड़ाबदी–स्त्री० १ युद्ध से पूर्व किया जाने वाला सेना का सतुलन। २ गुट बदी। ३ धडा बाधने का कार्य।

धडायत, (ती)–देखो 'धाडायत'।

धडाळ–पु० शरीर। –वि० देहधारी।

धडी–स्त्री० १ स्त्रियो के कान का एक आभूषण विशेष। २ पाच सेर का एक तौल। ३ रेखा, लकीर।

धड़ूकणौ (बौ)—क्रि० १ मेघ का गर्जना। २ सिंह का दहाड़ना ३ बैल, साड आदि का जोश मे बोलना, ताड़ूकना। ४ वाद्य बजना। ५ गर्व या जोश मे बोलना।

धड़ूकौ—पु० जोश पूर्ण आवाज, जोर का शब्द।

धड़ूड—वि० अधिक, ज्यादा विशेष।

धडॆ—क्रि० वि० तरफ, ओर।

धडौ—पु० [स० घट] १ तराजू या तराजू का पलडा। २ किसी पात्र का सतुलन करने के लिये रखा जाने वाला पदार्थ। ३ समूह। ४ एक ही गोत्र या जाति का समूह या पक्ष। ५ वश, कुटुब। ६ पक्ष, समूह, दल। ७ विचार। ८ टीबा भीडा। ९ ढेर, राशि। १० हिस्सा, भाग। ११ योग, जोड।

धच—स्त्री० १ किसी गीली वस्तु के गिरने का शब्द। २ किसी गीले पदार्थ मे कुछ धसने की क्रिया व उससे उत्पन्न शब्द। ३ धक्का झटका।

धचकचाणौ (बौ)—क्रि० डराना, धमकाना, दहलाना।

धचकणौ, (बौ)—क्रि० १ झटका खाना। २ दलदल मे धसना। ३ चोट खाना।

धचकाणौ (बौ), धचकावणौ (बौ)—क्रि० १ झटका देना। २ दलदल मे धंसाना। ३ चोट लगाना।

धचकौ—पु० १ धक्का, झटका। २ टक्कर। ३ चोट, आघात।

धचाक— क्रि० वि० धच की ध्वनि करते हुए। अकस्मात।

धचीड (डौ)—पु० १ प्रहार। २ प्रहार की ध्वनि। ३ टक्कर।

धच्च—देखो 'धच'।

धज—पु० [स० ध्वज.] १ घोडा, अश्व। २ योद्धा, वीर। ३ भाला। –वि० १ अग्रणी, अग्रगामी। २ श्रेष्ठ, उत्तम। ३ सत्य। ४ देखो 'ध्वज'। —कूत—स्त्री० भाले की नोक। —डड, दड—पु० ध्वज दण्ड। —धर—पु० देवालय, मन्दिर, रथ। —बद, बदी, बध, बधी—वि० वीर, योद्धा। पूर्ण विश्वसनीय। सीधा। ध्वजधारी। —पु० राजा, नृप। अश्व, घोडा। मन्दिर। ध्वज दण्ड रखने वाला व्यक्ति। —स्त्री० दुर्गा, देवी। —राज, राळ—पु० घोडा, अश्व। —रूप—पु० बरछी। —रेळ, रेंळ—पु० घोडा, अश्व। –वि० ध्वजा धारण करने वाला। ध्वजाधारी।

धजकजळ—पु० [स० कजलध्वज] दीपक, चिराग।

धजनी—स्त्री० [स० ध्वजिनी] सेना।

धजबड, धजब्बड—देखो 'धजवड'।

धजभग—देखो 'ध्वजभग'।

धजमोर—देखो 'मोरधज'।

धजरग—वि० [स० ध्वजरग] १ ध्वज के समान। २ नोकदार।

धजर—स्त्री० १ शक्ति, बल। २ शेखी, शान। ३ कीर्ति, यश। ४ मान, प्रतिष्ठा। ५ ध्वजा, पताका। ६ कटारी, बरछी। ७ भाला। ८ देवालय, मन्दिर। ९ आसमान, आकाश। –वि० सुन्दर, मनोहर।

धजराज—देखो 'धजाराज'।

धजवड (बडा, बड़ि, बडी, बड, बढ़, ब्बड)—स्त्री० १ खड्ग, तलवार। २ मान, प्रतिष्ठा। —हत, हतौ, हत्थ, हत्थौ, हथ, हथौ—पु० खड्गधारी योद्धा।

धजसड—पु० [स० ध्वज-षण्ड] महादेव, शिव।

धजाराज—पु० घोडा।

धजा—१ देखो 'धज'। २ देखो 'ध्वज'।

धजाखगेस—पु० [स० ध्वज-खगेश] १ श्रीकृष्ण। २ विष्णु।

धजाबद (बध)—स्त्री० [स० ध्वजाबन्ध] १ देवी, दुर्गा। २ देवता। ३ देखो 'धजबध'।

धजारौ—पु० आकाश, आसमान।

धजाळी—स्त्री० ध्वज धारण करने वाली देवी, शक्ति।

धजाळौ, धजीळौ—वि० १ ध्वज धारी। २ सुन्दर ढंग का, तडक-भडक वाला।

धज्ज—१ देखो 'धज'। २ देखो 'ध्वज'।

धज्जी—स्त्री० १ कपडे, कागज आदि की पट्टी, लबा खण्ड। २ लम्बी पट्टी या पत्ती। ३ जगह-जगह से फटे वस्त्र के खण्ड।

धट—पु० १ बक पक्षी, बगुला। २ देखो 'धाट'। —पख= 'धखपख'।

धटी—स्त्री० [स०] १ वस्त्र, चीर। २ वर-वधू के गठबन्धन का वस्त्र। ३ गर्भाधान के बाद स्त्रियो के पहनने का एक वस्त्र। ४ देखो 'धाटी'।

धट्ट—देखो 'धट'।

धड—देखो 'धड'।

धडकणौ—(बौ)—देखो 'धडकणौ' (बौ)।

धडहड—देखो 'धडड'।

धडहडणौ (बौ)—देखो 'धडडणौ' (बौ)।

धडूकणौ (बौ)—देखो 'धड़ूकणौ' (बौ)।

धण—स्त्री० [स० धनिका] १ पत्नी, स्त्री। २ चमडे की धोकनी के आगे लगी लोहे की नली। ३ देखो 'धन'।

धणक—१ देखो 'धण'। २ देखो 'धनक'। ३ देखो 'धनुस'।

धणख—पु० १ एक प्रकार का पौधा। २ देखो 'धनक'। ३ देखो 'धनुस'।

धणदाण— वि० दान देने वाला, दाता। –पु० द्रव्य का दान।

धणि—१ देखो 'धण'। २ देखो 'धणी'।

धणिआप—देखो 'धणियाप'।

धणिउ—१ देखो 'धन्य'। २ देखो 'धनु'।

धणिय—वि० [स० धनित] १ अस्थिर। २ देखो 'धणी'।

धणियप—देखो 'धणियाप'।

धणियाणी–स्त्री० [सं० धनिका] १ स्वामिनी। २ अधिष्ठातृ, देवी। ३ माता। ४ स्त्री, गृहिणी।
धणिया–देखो 'धाणा'।
धणियाप (पण,पौ)– स्त्री० [सं० धनिक] १ स्वामित्व, मालिकाना हक। २ अधिकार, वश। ३ कृपा, दया, महरवानी।
धणियाळी–वि० सौभाग्यवती।
धणी–पु० [सं० धनिक] (स्त्री० धणियाणी) १ ईश्वर, परमात्मा। २ स्वामी,मालिक। ३ पति, खाविंद। ४ राजा नृप। ५ शासक। ६ देखो 'धनु'। ७ देखो 'धनी'। —चोधार–पु० राजा, नृप। —धोरी–पु० स्वामी, मालिक कर्ता-धर्ता।
धणीप–देखो 'धणियाप'।
धणीमाळ–पु० [सं० धनिक-माल] राजा, नृप।
धणीमो–वि० [सं० धन्यवया] बढिया, उत्तम।
धणीयाणी–देखो 'धणियाणी'।
धणीयाप–देखो 'धणियाप'।
धणीवउ–वि० [सं० धन्यवया] १ दीर्घजीवी। २ जिसका जीवन सफल एव धन्य हो।
धणीव्रत–पु० [सं० धनिक-व्रत] स्वामित्व, मालिकपन।
धणु, धणु, धणुह–१ देखो 'धनु'। २ देखो 'धाणा'।
धणुहर–पु० [सं० धनुर्धर] धनुर्धर।
धणुहि(ही)–देखो 'धनु'।
धणूं–पु० १ देखो 'धाणा'। २ देखो 'धनु'।
धणौ–पु० [सं० धान्या] धनिया का पौधा व उसका बीज।
धत–स्त्री० १ हठ, जिद्द। २ बुरी बान, आदत। ३ कोई बात जो दिमाग मे जम जाय। ४ देखो 'दुत'। –अव्य० १ दुत्कारने का शब्द। २ हाथी का एक सबोधन। –वि० मस्त, उन्मत्त। नशे मे चूर।
धतकार–देखो 'दुतकार'।
धतकारणौ (बौ)–देखो 'दुत्कारणौ' (बौ)।
धतराठ, धतरासट, धतरास्ट–पु० [सं० धृतराष्ट्र] कौरवो का पिता, धृतराष्ट्र।
धता–स्त्री० १ हाथी को उत्साहित करने का शब्द। २ एक मात्रिक छन्द विशेष।
धतानद–पु० एक मात्रिक छन्द विशेष।
धती–वि० दुराग्रही, जिद्दी।
धतूरो–देखो 'धतूरौ'।
धतूर–पु० १ एक लोक गीत विशेष। २ देखो 'धतूरौ'।
धतूरउ–देखो 'धतूरौ'।
धतूरौ–पु० जहरीले एव नशीले बीजो वाला एक पौधा विशेष।
धतौ–पु० १ धोखा, छल। २ झासा, झूठा आश्वासन। ३ अविश्वास।
धत्त–देखो 'धत'।
धत्ता–देखो 'धता'। —नद='धतानद'।
धत्तूर, धत्तूरउ, धत्तुरियउ, धत्तूरौ–देखो 'धतूरौ'।
धत्तौ–देखो 'धत्तौ'।
धधक–स्त्री० १ अग्नि का प्रज्वलन, आग की लौ, लपट। २ क्रोध। ३ आवेश, जोश। ४ दुर्गन्ध, बदबू।
धधकणौ (बौ)–क्रि० १ अग्नि का प्रज्वलित होना, लपट या लौ उठना। २ क्रुद्ध होना। ३ आवेश या जोश आना। ४ सडना, दुर्गंध या बदबू देना।
धधकाणौ (बौ)–क्रि० १ आग को प्रज्वलित करना, जलाना। २ क्रोध दिलाना। ३ जोश दिलाना। ४ सडाना, बदबू फैलाना।
धधकारणौ (बौ)–क्रि० १ उत्तेजित करना। २ प्रेरित करना। ३ हाकना। ४ देखो 'दुत्कारणौ' (बौ)।
धधकावणौ (बौ)–देखो 'धधकाणौ' (बौ)।
धधक्कणौ (बौ)–देखो 'धधकणौ' (बौ)।
धधमा–वि० १ बेडौल, बिडरूप। २ मोटी-ताजी।
धधियौ–पु० 'ध' वर्ण।
धधूकणौ, (बौ)–क्रि० कापना, थर्राना।
धधूकाणौ (बौ), धधूकावणौ (बौ)–क्रि० कपाना, थरथराना।
धधूणणौ (बौ)–क्रि० १ जोर से हिलाना, झकझोरना, झटका देना। २ हराना, पराजित करना।
धधूणी–स्त्री० १ पकड कर जोर से हिलाने की क्रिया या भाव। २ हार, पराजय। ३ झटका।
धधौ–पु० [सं० ध] 'ध' अक्षर, धकार।
धनक–देखो 'धनुस'।
धनककध–पु० [सं० धनुप+स्कध] धनुपाकार कधे वाला घोडा।
धनकी–देखो 'धानकी'।
धनख–देखो 'धनुस'।
धनजय, (धनजै)–पु० [सं०] १ अर्जुन का एक नामान्तर। २ अर्जुन नामक वृक्ष। ३ अग्नि की एक उपाधि। ४ अग्नि, आग। ५ विष्णु। ६ जलाशयो का अधीश्वर एक नाग। ७ शरीरस्थ दश वायुओं मे से एक। ८ पवन। –वि० धन को जीतने वाला। धन प्राप्त करने वाला।
धनतर–पु० [सं० धन्वतरि] १ देवताओ का वैद्य। २ चौवीस अवतारो मे से एक। ३ चिकित्सा का अधिष्ठाता देव। ४ देखो 'धनेर'।
धनतरजी–१ देखो 'धतरजी'। २ देखो 'धनतर'।

धनद–पु० [स० धनद] धनपति कुबेर।

धनधर–देखो 'धनुधारी'।

धन, धनउ–पु० [स० धनम्] १ धन-दौलत, द्रव्य। २ लक्ष्मी। ३ सम्पत्ति, जमीन, जायदाद। ४ पशु धन, गौ-धन। ५ गणित मे जोड का चिह्न। ६ जोड की सख्या। ७ मूल धन, पू जी। ८ जन्म कु डली मे जन्म लग्न से दूसरा स्थान ९ बहुमूल्य वस्तु। १० प्रिय वस्तु। ११ लूट का माल। १२ शिकार। १३ खेल मे जीता हुआ खिलाडी। १४ पुरस्कार। १५ प्रतियोगिता। १६ देखो 'धनु'। १७ देखो 'धन्य'। १८ देखो 'धरण'। १९ देखो 'ध्वनि'। —**ईस**–पु० कुबेर। धनपति। —**कर**–पु० धन पैदा करने वाला। —**कुबेर**–वि० कुबेर के समान धनवान। —**केळि**–पु० कुवेर। —**गेलौ**–वि० आवश्यकता से अधिक पूंजी होने से बना उन्मादी। गर्विला, घमडी। —**देव**–पु० कुबेर। —**धारी**–पु० सेठ, साहूकार। धनवान। —**नाथ**–पु० कुवेर, धनेश। —**पत, पति, पती, पत्त, पत्ति, पत्तौ**–पु० कुवेर। —**पाळ**–पु० धन का रक्षक। —**राज**–पु० कुवेर, धनेश। —**वत, वती, वतौ**, वान–वि० धनी, धनवान।

धनक–पु० [स०] १ स्त्रियो के ओढने का वस्त्र विशेष। २ लालच, लोभ। ३ एक प्रकार का पतला गोटा। ४ हृथेली मे होने वाला सामुद्रिक चिह्न। ५ देखो 'धनुस'।

धनकरणौ–वि० इन्द्र धनुष के समान।

धनकधर–देखो 'धनुरधर'।

धनकार–स्त्री० [स० धनुष्टङ्कार] धनुष की प्रत्यचा से की जाने वाली ध्वनि।

धनख–१ देखो 'धनक'। २ देखो 'धनुस'।

धनखधारण–१ देखो 'धनुरधर'। २ देखो 'धनुस-धारण'।

धनतेरस–स्त्री० [स० धन-त्रयोदशी] कार्त्तिक कृष्णा त्रयोदशी।

